Industry leading growth, prudent management of assets and liabilities and tight control over expenses contributed to a broad improvement in the Bank's earning parameters. The net interest income (NII) expanded at 26.8% driven by higher growth in interest income while increase in operating expenses was contained at 12.9%. As a result of rising revenue and contained costs, the operating profit grew by 20.0% to touch INR 26,864 crore during the year. With improving asset quality, the provisions declined by 45.1%. As a result, the net profit increased to a record high level of INR 14,110 crore, registering a growth of 94.0% over the previous year.

Healthy Capital adequacy

The Banks capital position strengthened further in FY23 due to Improved profitability, despite buoyant advances growth as well as higher dividend distribution. The standalone CRAR as of March 2023 stood at 16.24% with CET-1 capital at 12.24% on the back of higher retained earnings. Capital position on consolidated basis touched a high of 16.73% with CET-1 at 12.83%.

Key initiatives taken by the bank during the year

Digitisation of Banking Operations

The Bank has been leveraging the power of technology to progressively digitise operations and enhance customer engagement. This has been the key enabler for the Bank's improved performance, as digitalisation has not only allowed us to deliver rapid growth without a corresponding increase in physical presence and concomitant costs but also offered better cross selling and revenue generating opportunities. The Bank's super App 'bobWorld' has over 30 million activated users representing a 41% penetration of the Bank's non-FI customer base. Over the last 2 years, the Bank has incrementally added 1 crore new customers to bobWorld each year, amongst the highest additions in the Indian Banking space.

The leadership position of your Bank in driving digitalisation was reflected in the Bank being ranked first in e-stamping usage as well as in e-sign Infra usage. Recognition has also come by way of several awards and accolades such as ET Trendies Award in the category "Innovative use of Technology" by Economic Times; the Banking Frontiers' Finnoviti 2022; the "Best AI & ML Bank" among Large Banks at the Indian Banks' Association (IBA) 18th Annual Banking Technology Award and the "Best Mobile Website" at the 8th Exchange4media Mobile Awards at The Maddies 2022.

Sustainable Development

The Bank acknowledges the urgency of climate change and recognizes global warming as one of the most significant threats to businesses and livelihoods globally. Climate change risk has become a crucial challenge to the financial industry, of late. The Bank is committed to reducing the impact of climate change risk and is consciously working towards sustainable development of its banking operations. As a matter of policy, the Bank does not finance borrowers who are setting up new units producing / consuming Ozone Depleting Substances (ODS) and small / medium scale units which are engaged in the manufacturing of aerosol units using Chlorofluorocarbons (CFC), so that these steps collectively enable reduction in the greenhouse effect.

The Bank has also constituted a Board level committee - the CSR and Sustainability Committee - which will play a crucial role in implementing sustainable strategies and integrating responsible Environment, Social, and Governance (ESG) practices across the organization through a robust ESG governance framework. Additionally, a core Executive committee on ESG has also been formed to provide operational support to the Board level committee.

The Bank has taken several steps to reduce its emissions and minimise energy and water consumption. A key focus area has been the reduction of carbon emissions. Around 175 branches in rural/semi-urban areas of the Bank are now powered by solar energy, resulting in reduced power consumption and carbon dioxide emissions. Through the use of renewable energy sources, approximately 2400 tons of carbon dioxide emissions have been eliminated. Furthermore,

LED lights have been installed in all 8200 branches of the Bank, contributing to energy efficiency. The Bank is committed to generating awareness about sustainability and has organised initiatives such as "Swachhata Pakhwada" to promote a commitment to sustainable living, environmental preservation, and cleanliness. These efforts have involved active participation from our employees and fellow citizens in cleanliness drives at public parks, railway stations, and beaches, along with organising health check-up camps.

The Bank has prioritised technology-enabled banking through "bobWorld," which allows for seamless and convenient banking operations for customers on the one hand and on the other hand, reduces costs in the form of reduced paper usage for transactions and the need for commuting to the branch. The Bank has paperless approval process internally as well as a record digitisation for document management.

The Bank has also initiated a "Plant a Tree Program" wherein the Bank plants a fruit bearing tree on behalf of its customers for every auto/home loans disbursed. Customers are provided a Green Tree Plantation certificate containing details of the tree planted on their behalf. Each tree is geotagged and secured using blockchain technology to ensure its authenticity. Customers can track their planted tree online, view its exact geolocation, and even visit the tree personally using the provided coordinates. As of March 31, the Bank has planted over 1.5 lakh trees. The Bank aims to make a positive impact while encouraging a greener and healthier future for all by embracing sustainability and environmental stewardship.

Thrust On Diversity, Equity & Inclusion as well as laying an Ethical culture in the Bank

Creating a diverse, equitable, and inclusive workplace is of utmost importance to the Bank. The Bank follows a non-discriminatory and equal opportunity policy for all its employees and is transparent in all issues relating to promotion, career path, transfer policy and employee benefit / welfare schemes. These initiatives aim to strengthen and develop our human resources by increasing employee satisfaction, addressing training needs, prioritising health and wellness, and promoting capacity building. Additionally, the Bank regularly engages with its employees through the "Voice of Barodians" Employee Engagement Surveys, with the latest edition witnessing an unprecedented participation rate of 96.91% and recording the highest-ever Employee Engagement Score of 75%.

The Bank has also put in place a path-breaking "Diversity, Equity and Inclusion" (DEI) Policy for promoting Diversity, Equity and Inclusion in the Bank. It is designed to foster greater gender diversity, provide equal opportunities and support to people while promoting inclusivity at all levels. The Bank has instituted special facilities to support women employees such as Sabbatical Leave and establishment of Crèche facility as well as adopting a sensitive approach in postings and transfers and in supporting career growth of women employees.

The Bank has a "Human Rights policy" aligned with international principles such as the UN Guiding Principles on Business and Human Rights. Furthermore, the Bank strongly upholds human rights by strictly prohibiting child labour or any form of involuntary labour within its premises. The Bank is committed to creating an environment where all individuals feel valued, respected, and empowered by prioritising diversity, equity, and inclusion, as well as respecting human rights.

The Bank also has done a pioneering work for establishing an Ethical culture in the organisation which will be the bedrock for all its actions and also its future success. A comprehensive "Code of Ethics" has been formulated which applies to all employees and people connected with Bank's business. Various training & awareness building measures are conducted on a regular basis to cover all employees and Counsellors have been appointed to help employees resolve ethical dilemmas at work. We believe that these initiatives will strengthen the Bank as an Ethical & a value-based organisation.

Awards and Recognition

EASE - best Bank Award for the second time

The Government of India's EASE reforms agenda has contributed immensely towards the Bank's journey in promoting efficiency, excellence and enhancing access to its services.

We are proud that Bank of Baroda secured the coveted 'First' position in the Government of India's EASE 4.0 reforms index among all Public Sector Banks.

In conclusion

Your bank is entering FY23-24 well positioned to support the growth aspirations of the Indian economy and fulfil the expectations of all our stakeholders, setting standards that match the best in the industry.

In conclusion, I must first gratefully acknowledge and thank all our employees for their hard work, dedication and commitment for making Bank of Baroda an institution that all of us can be proud of. I would like to acknowledge the valuable support, guidance and inputs to management given by the Chairman of our Board, Dr. Hasmukh Adhia and all members of the Board. I also thank the Department of Financial Services, Ministry of Finance and the Reserve Bank of India for their continuous support and guidance from time to time.

I would like to thank all our customers for their continued patronage and trust in our Bank. And to all our esteemed shareholders, we look forward to your continued support and goodwill as we march ahead in our quest for excellence.

Sanjiv Chadha
Managing Director and CEO

निदेशकों की रिपोर्ट

''आपके निदेशकगण बैंक की एक सौ पंद्रहवीं वार्षिक रिपोर्ट के साथ 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष (वित्त वर्ष 2023) के लिए लेखा-परीक्षित तुलनपत्र, लाभ एवं हानि लेखा तथा व्यवसाय और परिचालन संबंधी रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत कर रहे हैं''.

वित्तीय कार्यनिष्पादन एवं प्रमुख वित्तीय आंकड़े

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त वर्ष 2022	वित्त वर्ष 2023
वैश्विक जमाराशियां	10,45,938.56	1203687.79
जिसमें से - अंतर्राष्ट्रीय जमाराशियां	1,18,927.99	156312.58
घरेलू जमा राशियां	9,27,010.57	1047375.21
जिसमें से-चालू खाता जमा राशियां	68,779.64	75110.67
बचत बैंक जमाराशियां	3,41,343.27	367399.83
घरेलू कासा जमाराशियां	**4,10,122.92**	**442510.50**
घरेलू जमाराशियों में घरेलू कासा (%)	**44.24**	**42.25**
निवल अग्रिम	**777155.18**	**940998.27**
जिसमें से - घरेलू अग्रिम	653381.55	776589.63
अंतर्राष्ट्रीय अग्रिम	123773.63	164408.64
वैश्विक सकल अग्रिम	**818120.39**	**969548.31**
कुल कारोबार (वैश्विक जमाराशि + वैश्विक सकल अग्रिम)	**1864058.95**	**2173236.10**
कुल आस्तियां	**12,77,999.83**	**1458561.54**
निवल ब्याज आय (एनआईआई)	**32621.34**	41356.01
अन्य आय	11483.95	10025.84
जिसमें से - ट्रेडिंग अभिलाभ	2728.76	1062.50
परिचालनगत आय (एनआईआई + अन्य आय)	**44105.29**	**51381.58**
परिचालनगत व्यय	21716.44	24518.31
परिचालनगत लाभ	**22388.85**	26863.54
प्रावधान (कर को छोड़कर)	13002.41	7136.90
जिसमें से - एनपीए व बट्टाकृत अशोध्य ऋण हेतु प्रावधान	14640.12	4,350.52
कर पूर्व लाभ	**9,386.44**	**19726.64**
कर हेतु प्रावधान	2,114.16	5617.02
निवल लाभ	**7,272.28**	**14109.62**
विनियोजन / अंतरण		
सांविधिक प्रारक्षित निधि	1,814.34	3,527.40
पूंजी प्रारक्षित निधि	523.35	92.57
राजस्व और अन्य प्रारक्षित निधि		
I) सामान्य प्रारक्षित निधि	827.40	7274.12
II) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36 (I) (viii) के तहत विशेष प्रारक्षित निधि	250.00	300.00
III) निवेश प्रारक्षित खाता	0.00	0.00
IV) निवेश उतार-चढ़ाव प्रारक्षित निधि	2,368.42	30.00
V) सांविधिक प्रारक्षित निधि (विदेशी)	14.93	41.28
प्रस्तावित लाभांश	1473.84	2,844.25

वित्त वर्ष 2023 के दौरान बैंक की कुल जमा राशि बढ़कर ₹12,03,688 करोड़ हो गई जो वित्त वर्ष 2022 के दौरान ₹10,45,939 करोड़ थी इसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 15.1% की वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2023 के दौरान बैंक का घरेलू कासा वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 7.9% की वृद्धि के साथ ₹4,42,511 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया। घरेलू जमा राशियों में भी वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 13% की वृद्धि हुई जो वित्त वर्ष 2023 के दौरान बढ़कर ₹10,47,375 करोड़ हो गई। वित्त वर्ष 2023 के दौरान बैंक का निवल अग्रिम बढ़कर ₹9,40,998 करोड़ हो गया जो वित्त वर्ष 2022 के दौरान ₹7,77,155 करोड़ था, इस प्रकार इस अवधि के दौरान 21.1% की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक का वैश्विक सकल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 18.5% की बढ़ोत्तरी के साथ वित्त वर्ष 2022 में ₹8,18,120 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2023 में ₹9,69,548 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया। बैंक का कुल कारोबार वित्त वर्ष 2022 के ₹18,64,059 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2023 में बढ़कर ₹21,73,236 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 16.6% की वृद्धि दर्ज की गई।

बैंक की शुद्ध ब्याज आय वित्त वर्ष 2022 के ₹32,621 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2023 में बढ़कर ₹41,356 करोड़ हो गई, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 26.8% की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक की अन्य आय वित्त वर्ष 2023 में ₹10,026 करोड़ रही, जो वित्त वर्ष 2022 में ₹11,484 करोड़ थी। बैंक का परिचालन खर्च वित्त वर्ष 2023 में ₹24,518 करोड़ रहा, जबकि वित्त वर्ष 2022 में यह ₹21,716 करोड़ था। बैंक की परिचालन आय वित्त वर्ष 2022 के ₹44,106 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में ₹51,382 करोड़ हो गई, जिसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 16.5% की वृद्धि दर्ज की गई।

बैंक ने वित्त वर्ष 2023 में ₹14,110 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया, जो पिछले वर्ष के ₹7,272 करोड़ के शुद्ध लाभ से लगभग दोगुना था। बैंक का परिचालन लाभ वित्त वर्ष 2022 के ₹22,389 करोड़ की तुलना में 20% बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में ₹26,864 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया।

महत्वपूर्ण कार्यनिष्पादन सूचक

(₹ करोड़ में)

महत्वपूर्ण कार्यनिष्पादन सूचक	वित्त वर्ष 2022	वित्त वर्ष 2023
निवल ब्याज मार्जिन - वैश्विक (%)	3.03	3.31
लागत-आय अनुपात (%)	49.24	47.72
औसत आस्तियों पर प्रतिफल (आरओएए) (%)	0.60	1.03
इक्विटी पर प्रतिफल (%)	11.86	18.34
प्रति शेयर बही मूल्य (₹)	118.97	148.80
मूल ईपीएस (₹)	14.06	27.28

निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) वैश्विक वित्त वर्ष 2022 में 3.03% की तुलना में वित्त वर्ष 2023 में 3.31% हो गया। आय-लागत अनुपात वित्त वर्ष 2022 में 49.24% से घटकर वित्त वर्ष 2023 में 47.72% हो गया। वित्त वर्ष 2023 के लिए आस्तियों पर प्रतिफल वित्त वर्ष 2022 के 0.60% से 43 बीपीएस बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 1.03% हो गया, जो लाभप्रदता में असाधारण कार्यनिष्पादन को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2023 में इक्विटी पर प्रतिफल 648 बीपीएस बढ़कर 18.34% हो गया। प्रति शेयर बुक वैल्यू वित्त वर्ष 2022 के ₹118.97 से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में ₹148.80 हो गया। प्रति शेयर अर्जन वित्त वर्ष 2022 के ₹14.06 से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में ₹27.28 हो गया।

निधियों की औसत लागत और आय तथा औसत ब्याज अर्जक आस्तियां

महत्वपूर्ण कार्यनिष्पादन सूचक	वित्त वर्ष 2022	वित्त वर्ष 2023
निधियों की औसत लागत (%)	3.64	4.08
निधियों पर औसत आय (%)	6.49	7.17
औसत ब्याज अर्जक आस्तियां (₹करोड़ में)	10,77,177	12,49,846
औसत ब्याज वहन करने वाली देयताएं (₹करोड़ में)	10,24,804	11,81,750

वित्त वर्ष 2023 में निधि की औसत लागत और निधि पर लाभ क्रमशः 4.08% और 7.17% रहा। औसत ब्याज वाली आस्तियां वित्त वर्ष 2022 के ₹10,77,177 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में ₹12,49,846 करोड़ हो गई। औसत ब्याज वहन करने वाली देयताएं भी वित्त वर्ष 2022 के ₹10,24,804 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में ₹11,81,750 करोड़ हो गईं।

पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर)

(अनुपात % में)

विवरण	वित्त वर्ष 2022	वित्त वर्ष 2023
पूंजी पर्याप्तता अनुपात-बासेल III	15.68	16.24
सीईटी I	11.42	12.24
टीयर I	13.18	13.99
टीयर II	2.50	2.25

बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) दिनांक 31 मार्च, 2022 के 15.68% से बढ़कर 31 मार्च, 2023 को 16.24% हो गया। वित्त वर्ष 2023 के दौरान सीईटी-1 अनुपात भी वित्त वर्ष 2022 के 11.42% से बढ़कर 12.24% हो गया। समेकित समूह पूंजी पर्याप्तता अनुपात दिनांक 31 मार्च, 2022 के 16.19% की तुलना में बढ़कर दिनांक 31 मार्च, 2023 को 16.73% हो गया।

बैंक ने वित्त वर्ष 2023 के दौरान ₹2474 करोड़ के अतिरिक्त टियर I (एटी-I) पूंजी बांड जारी किए।

निवल मालियत

दिनांक 31 मार्च, 2023 को बैंक की निवल मालियत ₹76,591.07 करोड़ रही जिसमें प्रदत्त शेयर पूंजी ₹1,035.53 करोड़ रही और प्रारक्षित निधि ₹97,187.36 करोड़ रही (पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षित निधियों, विदेशी मुद्रा अंतरण प्रारक्षित निधियों और अन्य अमूर्त आस्तियों को छोड़कर)। शेयर (अंकित मूल्य ₹2) का बही मूल्य 31 मार्च, 2023 को ₹148.80 रहा।

सेवानिवृत्ति और अन्य लाभों के लिए प्रावधान

वित्त वर्ष 2023 के दौरान, बैंक ने ग्रेच्युटी (₹125.75 करोड़), पेंशन फंड (₹2911.62 करोड़), छुट्टी नकदीकरण, अतिरिक्त सेवानिवृत्ति लाभ और अन्य लाभों (₹78.51 करोड़) में अंशदान हेतु प्रावधान किया है। वित्त वर्ष 2023 के दौरान इन श्रेणियों के तहत कुल प्रावधान ₹3115.88 करोड़ रहा।

लाभांश संवितरण नीति

बैंक के निदेशक मंडल ने दिनांक 31 मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए प्रति शेयर ₹5.50 के लाभांश का प्रस्ताव किया है। लाभांश के रूप में ₹2,844.25 करोड़ का कुल भार आएगा। लाभांश का भुगतान अपेक्षित मंजूरी के अधीन है।

प्रबंधन के विचार-विमर्श एवं विश्लेषण

वैश्विक अर्थव्यवस्था

रूस द्वारा के यूक्रेन पर आक्रमण के साथ कैलेंडर वर्ष की पहली तिमाही में विश्व अर्थव्यवस्था बड़े स्तर पर प्रभावित हुई है। इसकी तत्काल प्रतिक्रिया पश्चिमी शक्तियों द्वारा रूस के साथ सौदों पर लगाए गए प्रतिबंध के रूप में हुई, जिससे आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई। इसने विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में विकास की समग्र गति को प्रभावित किया। आईएमएफ के अनुसार, युद्ध, व्यापार में व्यवधान, चीन की शून्य कोविड नीति, मुद्रास्फीति को कम करने के लिए केंद्रीय बैंकों द्वारा बड़ी कार्रवाई जैसे कई कारकों के कारण वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर 2021 के 6.3% से घटकर 2022 में 3.4% हो गई।

उच्च मुद्रास्फीति, उच्च दरों और रूस-यूक्रेन युद्ध और कोविड-19 महामारी के लंबे प्रभाव के बीच कई देशों में आजीविका लागत संकट के कारण स्थिति और खराब हो गई। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं (एई) में वृद्धि वर्ष 2021 के 5.4% से घटकर वर्ष 2022 में 2.7% रह गई। इस समूह के अंतर्गत यूरो क्षेत्र में वृद्धि वर्ष 2021 के 5.4% की तुलना में वर्ष 2022 में 3.5% तक सीमित रही। इसका अधिकतम असर फ्रांस और इटली पर पड़ा। अमेरिका में भी वृद्धि दर 2021 के 5.9% से घटकर 2.1% रह गई।

उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ईएमडीई) में वृद्धि बेहतर रही, जिसमें वर्ष 2021 में 6.9% की वृद्धि के बाद वर्ष 2022 में 4% की वृद्धि हुई। 2021 में चीन की विकास दर वर्ष 8.5% से घटकर वर्ष 2022 में 3% रह गई जो कि इस क्षेत्र में विकास की धीमी गति का प्रमुख कारण रहा। चीन ने साल

के अंत तक जीरो-कोविड पर अपने सख्त रुख को धीरे-धीरे वापस ले लिया और चरणबद्ध तरीके से आर्थिक गतिविधियों को सामान्य किया।

मंहगाई के मोर्चे पर, वैश्विक मुद्रास्फीति वर्ष 2021 के 4.7% की तुलना में वर्ष 2022 में 8.7% पर बनी रही। रूस-यूक्रेन युद्ध और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में गिरावट के कारण वैश्विक कमोडिटी कीमतों में तेजी आई है। कई एई के साथ-साथ ईएमडीई में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक के लक्ष्यों से अधिक रही। वास्तव में, ब्रिटेन जैसे कई एई में मुद्रास्फीति इस वर्ष के दौरान दोहरे अंक तक बढ़ गई।

मुद्रास्फीति को नियंत्रण में लाने के लिए वैश्विक केंद्रीय बैंकों ने नीतिगत दरों में आक्रामक तरीके से वृद्धि की है। प्रमुख एई केंद्रीय बैंकों में से, यूएस फेड ने इसी अवधि में नीतिगत दरों में 500 बीपीएस की वृद्धि की है, इसके बाद बैंक ऑफ इंग्लैंड (बीओई) और यूरोपीय सेंट्रल बैंक (ईसीबी) ने क्रमशः 440 बीपीएस और 375 बीपीएस की वृद्धि की है। उभरते बाजारों (ईएम) में ब्राजील और इंडोनेशिया के केंद्रीय बैंकों ने भी नीतिगत दरों में वृद्धि की है।

फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख से वैश्विक बाजार में डॉलर मजबूत हुआ और यूरो का स्तर कुछ समय के लिए कमजोर हुआ। इससे लगभग सभी मुद्राओं में डॉलर के मुकाबले गिरावट आई। प्रमुख मुद्राओं में रुपये में गिरावट का औसत स्तर अपेक्षाकृत नियंत्रित रहा है।

वैश्विक वृद्धि और मांग में गिरावट के बीच वर्ष 2022 में वैश्विक व्यापार की मात्रा में गिरावट आई। वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार की मात्रा 2021 के 10.6% से घटकर 5.1% हो गई। ऐसा माल के निर्यात की मात्रा में 2021 के 10.7% की तुलना में 2.6% की तेज गिरावट के कारण हुआ। वस्तुओं के आयात की मात्रा भी वर्ष 2021 के 11.5% की तुलना में वर्ष 2022 में 4% कम रही।

वैश्विक वृद्धि परिदृश्य को लेकर एक बार फिर अनिश्चितता बढ़ी है। वैश्विक केंद्रीय बैंकों ने उच्च मुद्रास्फीति के बीच तेजी से मौद्रिक नीति को सख्त बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए वित्तीय स्थितियों में दबाव को काफी बढ़ाया है। हाल ही में कुछ अमेरिकी क्षेत्रीय बैंकों की विफलता के कारण बैंकिंग प्रणाली में देखे गये दबाव के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण बैंक क्रेडिट सुइस संबंधी संकट ने, विकास की राह को प्रभावित किया है। इसी के साथ घटती मुद्रास्फीति, मुख्य रूप से उच्च स्तर पर बनी हुई है, और श्रम बाजार में निरंतर मजबूती के साथ और भी अधिक लंबे समय तक बनी रह सकती है। इससे वैश्विक केंद्रीय बैंकों द्वारा और अधिक सख्त रुख अपनाया जा सकता है, जो संभावित विकास को प्रभावित करेगा।

इसके आधार पर आईएमएफ ने और अधिक गिरावट की संभावना के बीच 2023 में वैश्विक जीडीपी वृद्धि दर 2.8% रहने का अनुमान लगाया है। वास्तव में, रिपोर्ट कहती है कि 'हार्ड लैंडिंग' की संभावना बढ़ गई है। एई में वृद्धि केवल 1.3% रहने का अनुमान है। ऐसा यूरो क्षेत्र में वृद्धि दर में 0.8% की तीव्र गिरावट के कारण होगा। इस क्षेत्र की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी में विकास दर 0.1% रहने की उम्मीद है। ब्रिटेन में उत्पादन वृद्धि में 0.3% की गिरावट की उम्मीद है। अमेरिका में विकास दर 1.6% रहने का अनुमान है।

दूसरी ओर कम गिरावट के साथ ईएमडीई में विकास दर 3.9% रहने का अनुमान है। ऐसा चीन में विकास दर में मजबूत सुधार के समर्थन से होगा, जहां 5.2% की वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसे अन्य देशों में गतिविधि में होने वाले नुकसान की भरपाई होगी। भारत की विकास दर भारतीय रिज़र्व बैंक के 6.5% के अनुमान की तुलना में 5.9% रहने का अनुमान है।

यद्यपि मुद्रास्फीति के कम होने की उम्मीद है, लेकिन इसकी गति उम्मीद से बहुत धीमी है। 2022 में वैश्विक मुद्रास्फीति के 7% तक गिरने की उम्मीद है। यद्यपि खाद्य और ईंधन की कीमतों में कमी के कारण वैश्विक कमोडिटी कीमतों में सुधार हुआ है, कई अर्थव्यवस्थाओं में कोर मुद्रास्फीति उच्च बनी हुई है और दुनिया के कई देशों में इसमें अभी भी वृद्धि की संभावना है। इसलिए, वैश्विक केंद्रीय बैंकों द्वारा दरों में और वृद्धि की आवश्यकता हो सकती है, जो विकास को और प्रभावित करेगी।

भारतीय अर्थव्यवस्था

भारत की अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 23 में 7.2% की मजबूत वृद्धि दर्ज की है, जो अर्थव्यवस्था में प्रत्याशित प्रतिकूल संकेतों के बावजूद बहुत अधिक है। कृषि और संबद्ध गतिविधियों में वित्त वर्ष 22 में 3.5% की तुलना में 4% की वृद्धि दर्ज की गई। यहां तक कि वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं ने पिछले वर्ष में 4.7% की तुलना में वित्त वर्ष 22 में 7.1% की मजबूत वृद्धि दर्ज की। वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद, मजबूत घरेलू बुनियादी सिद्धांतों के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक समकक्षों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।

औद्योगिक गतिविधि अप्रैल-मार्च 2022 में 11.4% के उच्च आधार से घटकर अप्रैल-मार्च 2023 में 5.1% हो गई। इसका कारण विनिर्माण और खनन गतिविधियों में मंदी रही, जबकि बिजली उत्पादन में वृद्धि जारी रही। विनिर्माण गतिविधियों में अप्रैल-मार्च 2023 की अवधि में 4.5% की वृद्धि हुई, जबकि अप्रैल-मार्च 2022 के दौरान 11.8% की वृद्धि दर्ज की गई थी। खनन की वृद्धि दर अप्रैल-मार्च 2023 के दौरान गिरकर 5.8% रह गई, जबकि अप्रैल-मार्च 2022 में यह 12.2% थी। दूसरी ओर बिजली उत्पादन में वृद्धि अच्छी रही और अप्रैल-मार्च 2023 में अप्रैल-मार्च 2022 के 7.9% की तुलना में 8.9% की वृद्धि हुई। इसके अलावा, सेवा क्षेत्र ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, जैसा कि सेवा पीएमआई (वित्त वर्ष 2022 में 52.3% की तुलना में वित्त वर्ष 2023 में औसतन 57.3%) से भी संकेत मिलता है। वित्त वर्ष 2023 में जीएसटी संग्रहण, बंदरगाह कार्गो की मात्रा, रेल माल ढुलाई, संपत्ति की बिक्री और घरेलू यात्रियों की वृद्धि सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया।

वित्त वर्ष 2023 में स्थिर वृद्धि भी सरकार के लिए सकारात्मक रही क्योंकि अनंतिम अनुमानों के अनुसार राजकोषीय घाटे का लक्ष्य (6.4%) हासिल किया गया है। वित्त वर्ष 2024 के लिए इसे 5.9% पर लक्षित किया गया है। सकल राजस्व प्राप्तियों में उछाल के कारण वित्त वर्ष 2023 में लक्ष्य प्राप्त किया गया था जो कि ₹23.5 लाख करोड़ के संशोधित अनुमान (आरई) के सापेक्ष वित्त वर्ष 2023 में अनंतिम अनुमान के तहत ₹23.8 लाख करोड़ अधिक था। शुद्ध कर राजस्व के तहत संग्रहण ने भी आरई को पीछे छोड़ दिया और ₹20.9 लाख करोड़ से बढ़कर ₹21 लाख करोड़ हो गया। इस प्रकार, सरकारी वित्त पर किसी भी प्रतिकूल दबाव के बिना उर्वरक सब्सिडी (वित्त वर्ष 2023 पीई के अनुसार ₹2.51 लाख करोड़ के सापेक्ष वित्त वर्ष 2023 आरई के अनुसार ₹2.25 लाख करोड़), कैपेक्स जैसी कुछ आवश्यक चीजों पर उच्च लागत हासिल की जा सकी।

वित्त वर्ष 2023 में आर्थिक गति में नरमी के बावजूद कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति की दर वित्त वर्ष 2023 में औसतन 6.7% रही, जो वित्त वर्ष 2022 में 5.5% थी। इस प्रकार यह भारतीय रिज़र्व बैंक की सहनशीलता सीमा 6% से उपर रही। फरवरी 2022 में रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के आरंभ होने के बाद, वित्त वर्ष 2023 की पहली तिमाही में मुद्रास्फीति अपने चरम (7.3%) पर थी। तब से, वैश्विक आर्थिक परिदृश्य

धीमा हो गया था (वैश्विक जीडीपी सीवाई 22 में 3.2% जबकि सीवाई 21 में 6% था), घरेलू मुद्रास्फीति में गिरावट आने लगी (दूसरी तिमाही: 7%; तीसरी तिमाही में 6.1%; चौथी तिमाही में 6.2% रही)। कोर मुद्रास्फीति भी स्थिर बनी हुई है (वित्त वर्ष 2022 में 6% की तुलना में वित्त वर्ष 2023 में 6.1% है।) वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में कोर मुद्रास्फीति में गिरावट (पहली तिमाही में 6.3% के मुकाबले 5.9%) के बाद यह फिर से तीसरी और चौथी तिमाही में 6% पर स्थिर हो गई है। चालू वित्त वर्ष (FY24) में भारतीय रिज़र्व बैंक ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के घटकर 5.2% रह जाने का अनुमान लगाया है। हालांकि, अनुमान में वृद्धि के महत्वपूर्ण जोखिम बने हुए हैं, जैसे कि प्रतिकूल जलवायु स्थितियां (गर्मी की लहर, मानसून का वास्तविक प्रदर्शन), चारा लागत में वृद्धि और आयातित मुद्रास्फीति दबाव।

वित्त वर्ष 2023 में बाहरी स्थिति दबावपूर्ण थी क्योंकि वित्त वर्ष 2022 के व्यापार घाटा 191 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 267 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया था। एक उच्च स्तर पर पहुंच कर वहां से लौटने के बाद, वित्त वर्ष 2022 में 54% की वृद्धि के बाद पिछले वित्त वर्ष में हमारी निर्यात वृद्धि दर घटकर 7.2% रह गई। दूसरी ओर, घरेलू मांग में सापेक्ष स्थिरता और अस्थिर कॉमोडिटी मूल्यों के कारण आयात में कमी आई (वित्त वर्ष 2022 में 64% की तुलना में वित्त वर्ष 2023 में 19%)। विदेशी मुद्रा भंडार, जो इस मोर्चे पर सभी घटनाक्रमों का सारांश संकेतक है, में 39.2 बिलियन अमरीकी डॉलर की गिरावट आई और यह 31 मार्च, 2023 तक 578.4 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया। 31 मार्च, 2023 को रुपया 82.18 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जबकि एक साल पहले यह 75.79 रुपये प्रति डॉलर था। यह अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने के कारण अधिकांश मुद्राओं में गिरावट के अनुरूप था।

मौद्रिक नीति के मोर्चे पर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने वैश्विक केंद्रीय बैंकों की तर्ज पर वित्त वर्ष 2023 में रेपो दर में 250 बीपीएस की वृद्धि की है। वित्त वर्ष 24 के लिए अपनी पहली नीति में भारतीय रिज़र्व बैंक ने इसे स्थिर रखने का फैसला किया, लेकिन संकेत दिया है कि अगर मुद्रास्फीति लक्षित दायरे में नहीं आती है तो वह आगे कार्रवाई करने के लिए तैयार है।

आगे, भारतीय रिज़र्व बैंक का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024 में विकास दर 6.5% रह सकती है। चूंकि सीवाई 23 में अधिकांश विकसित अर्थव्यवस्थाओं के मंदी में प्रवेश करने का अनुमान है/ आर्थिक गतिविधि में बड़ी मंदी का सामना करना पड़ सकता है और वैश्विक वित्तीय प्रणालियों में अनिश्चितता बनी हुई है, इसलिए हमारे घरेलू विकास के लिए जोखिम बना हुआ है। सकारात्मक दृष्टिकोण पर गौर करें तो, सामान्य मानसून के पूर्वानुमान, पूंजीगत व्यय के लिए बढ़े हुए सरकारी बजट और मुद्रास्फीति में कमी से वित्त वर्ष 2024 में विकास को समर्थन मिलेगा। हमारी उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024 के लिए जीडीपी वृद्धि 6-6.5% के बीच होगी।

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में विकास

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) की ऋण वृद्धि मार्च 2022 के 8.6% से बढ़कर मार्च 2023 तक 15% के दोहरे अंक पर पहुंच गई। ऋण वृद्धि की गति तेज होने का कारण मांग में वृद्धि को माना जा सकता है क्योंकि आर्थिक गतिविधियों के सामान्यीकरण में तेजी आई है। क्षेत्रवार ऋण में वृद्धि सेवाओं द्वारा संचालित थी जहां औसत ऋण वित्त वर्ष 2023 में 19.8% तक बढ़ गया, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 8.7% था। सेवाओं के भीतर, एनबीएफसी को ऋण देने में वित्त वर्ष 2023 में पिछले वर्ष की इसी अवधि के 7.8% की तुलना में काफी सुधार हुआ और यह 30.2% हो गया। वैयक्तिक ऋण सेगमेंट में भी ऋण 12.6% से बढ़कर 20.6% हो गया है। इस खंड में शिक्षा, वाहन और आवास ऋण में तेजी से वृद्धि हुई है। दूसरी ओर उद्योगों को ऋण के मामले में वित्त वर्ष 2023 में 5.7% की वृद्धि हुई जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 7.5% थी। बड़े उद्योगों (2% से 3%) के अलावा, मध्यम (54.4% से 19.6%) और सूक्ष्म और लघु उद्यम (23% से 12.3%) दोनों क्षेत्रों को ऋण में गिरावट देखी गई।

एक तर्कसंगत स्पष्टीकरण यह हो सकता है कि ईसीएलजीएस योजना के मामले में सरकार के समर्थन और ऋणस्थगन के विस्तार के मामले में भारतीय रिज़र्व बैंक के समर्थन के बावजूद यह क्षेत्र अभी भी नकदी संबंधी दबाव में है। विशेष रूप से, नए रुपया ऋणों पर एससीबी की भारित औसत उधार दरें मार्च 2022 के 7.63% की तुलना में मार्च 2023 तक 9.32% तक बढ़ गई हैं। उच्च उधार लागत ने स्पष्ट रूप से अर्थव्यवस्था के बढ़ते ऋण चक्र में कोई दबाव नहीं डाला।

जमाओं में मार्च, 2023 तक 9.6% की वृद्धि हुई, जबकि मार्च, 2022 तक 8.9% की वृद्धि हुई थी। उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 2023 में जमा वृद्धि की गति ऋण वृद्धि की गति की तुलना में बहुत धीमी रही है। जमाओं के भीतर, सावधि जमाओं में मार्च 2022 के 8.6% की तुलना में मार्च 2023 तक 10.2% की स्थिर गति से वृद्धि हुई। एक उभरती हुई ब्याज दर चक्र में, जहां एससीबी की भारित औसत घरेलू सावधि जमा दरों में 113 बीपीएस (मार्च 2022 तक 5.03% से मार्च 2023 तक 6.16%) की वृद्धि हुई है, जोखिम निवारण कारक की वजह से बेहतर रिटर्न के लिए आम जनता की पसंद बैंक जमा रही है।

वर्ष के दौरान, रेपो दर में 250 बीपीएस की वृद्धि हुई, जो अप्रैल 2022 के 4% से बढ़कर मार्च 2023 में 6.5% हो गई। रेपो दर में 250 बीपीएस की वृद्धि के अलावा, भारतीय रिज़र्व बैंक ने स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) भी फिक्स्ड रेट रिवर्स रेपो से 40 बीपीएस अधिक दर पर शुरू की है। इस प्रकार अप्रैल से प्रभावी दर वृद्धि 290 बीपीएस रही है। ओवरनाइट एमसीएलआर 31 मार्च, 2023 को तेजी से बढ़कर 7.5-8.5% हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 6.45-7.00% था। एक वर्ष से अधिक अवधि की जमा पर सावधि जमा ब्याज दर 5.00-5.60% की तुलना में 6.00-7.25% तक बढ़ गई।

इस अवधि के दौरान 10 वर्षीय सरकारी प्रतिभूति दर लगभग 49 बीपीएस बढ़कर 7.32% हो गई, जो इस अवधि के दौरान 6.83% थी। उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 2023 में अर्जन कर्व में काफी स्थिर स्थिति देखी गई। दीर्घावधि प्रपत्रों (29 वर्ष की परिपक्वता) और अल्पावधि प्रपत्रों (6 महीने का पेपर) के बीच का अंतर 31 मार्च, 2023 को तेजी से घटकर 31 बीपीएस रह गया, जबकि 31 मार्च, 2022 को यह अंतर 306 बीपीएस था। ऐसा नीतिगत दरों में वृद्धि के साथ अल्पावधि प्रपत्रों में तेजी से वृद्धि के कारण हुआ है, जबकि दीर्घावधि प्रतिफल मोटे तौर पर स्थिर रहा है। आगे बढ़ते हुए, भारत के अर्जन कर्व में कुछ हद तक तेजी देखी जा सकती है क्योंकि वित्त वर्ष 24 की पहली छमाही में उधार का उच्च अनुपात लंबी अवधि के प्रपत्रों की ओर केंद्रित है।

वित्त वर्ष 2023 में नकदी के मोर्चे पर काफी उतार-चढ़ाव देखा गया। टीएलटीआरओ मोचन के दबाव और महामारी की अवधि के दौरान किए गए नकदी उपायों के धीरे-धीरे वापस होने के कारण नकदी में कमी आई। हालांकि, परिवर्तनीय दर रेपो और रिवर्स रेपो के माध्यम से भारतीय रिज़र्व बैंक के फाइन ट्यूनिंग ऑपरेशनों ने कुछ हद तक नकदी उपलब्धता में सहायता प्रदान की, जिससे सेक्टरों को उत्पादक उधार देने पर कोई असर नहीं पड़ा। वित्त वर्ष 2022 में ₹6.5 लाख करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2023 में नकदी अधिशेष घटकर औसतन ₹1.6 लाख करोड़ रह गया।

बैंकिंग मोर्चे पर भारतीय रिज़र्व बैंक की दिसंबर 2022 की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय बैंक अच्छी तरह से पूंजीकृत हैं और किसी भी वृहद आर्थिक दबाव का सामना करने की स्थिति में हैं। आधारभूत परिदृश्य के तहत अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का जीएनपीए अनुपात सितंबर 2022 के 5% से बढ़कर सितंबर 2023 में 4.9% होने की संभावना है। यहां तक कि स्लिपेज अनुपात जो दिसंबर 2021 से लगातार बढ़ रहा था, उसमें भी वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में कमी आई है । पीएसबी ने इस अवधि के दौरान सबसे अधिक सुधार दर्ज किया है।

ईज़

ईज़ सुधार एजेंडा ने परिचालन के लगभग सभी क्षेत्रों में दक्षता और परिचालन में सहजता प्राप्त करने में बैंक की यात्रा में अत्यधिक योगदान दिया है, जिससे बैंक के ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने में मदद मिली है।

ईज़ कार्यक्रम के प्रत्येक चरण के तहत कार्रवाई बिंदुओं के तहत दृष्टिकोण में एक बड़े रुपांतरण और नई क्षमताओं के निर्माण की परिकल्पना की गई है।

ईज़ 4.0

एआई, ऑटोमेशन, डेटा एनालिटिक्स जैसी नई तकनीकों एवं उपकरणों तथा तकनीकी सहायता सेवाओं, दस्तावेज़ सत्यापन, पृष्ठभूमि की जांच और बाधारहित ऋण संवितरण सहित महत्त्वपूर्ण बैक-एंड कार्यों के साथ यह न केवल प्रक्रिया को सुदृढ़, कागज रहित और सुगम बनाती है, बल्कि ग्राहकों को यह भी महसूस कराता है कि पूरी प्रक्रिया उनके हाथों में है।

भारत सरकार के ईज 4.0 सूचकांक में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों की श्रेणी में बैंक ने वित्त वर्ष 22 की सभी तिमाहियों में लगातार प्रथम स्थान अर्जित किया है।

बैंक ने 'स्मार्ट लेंडिंग फॉर एसपायरिंग इंडिया' और 'न्यू एज 24x7 बैंकिंग' विषयों में शीर्ष स्थान हासिल किया है वहीं 'गवर्नेंस और परिणाम-केंद्रित एचआर', 'संस्थागत विवेकपूर्ण बैंकिंग' और 'तकनीक-समर्थित ईज ऑफ बैंकिंग' संबंधी कार्यनिष्पादन में लगातार सुधार किया है।

ईज़ 5.0

ईज़ 5.0 एजेंडा मुख्य रूप से छोटे व्यवसायों और कृषि के सहयोग पर जोर देने के साथ डिजिटल ग्राहक अनुभव, डेटा-आधारित एकीकृत और समावेशी बैंकिंग को बेहतर करने पर केंद्रित है।

इसके अलावा, ईज़ 5.0 सह-उधार साझेदारी, मोबाइल बैंकिंग संवर्द्धन, अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भुगतान, क्लाउड प्रक्रिया को अपनाने, सर्च इंजन अनुकूलन के माध्यम से डिजिटल मार्केटिंग की बेहतरी और वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करने जैसे एजेंडे पर कार्रवाई को गति दे रहा है।

ईज 5.0 के अंतर्गत बैंक ने निम्नलिखित पहलें की हैं-

- पेंशन ऋण, एमएसएमई मीयादी ऋण नवीकरण के लिए डिजिटल लेंडिंग जर्नी की शुरुआत
- मोबाइल बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग में एमएसएमई और कृषि ऋण प्रक्रियाओं को संवर्धित करना
- ग्राहक जुड़ाव को सुदृढ़ बनाने, उत्पाद की पैठ को बढ़ाने के लिए एनालिटिक्स का बेहतर तरीके से उपयोग
- कॉल सेंटरों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं को संवर्धित करना
- लैंगिक वैविध्य को बढ़ावा देने पर अधिक जोर
- रिटेल और एमएसएमई के लिए उन्नत दबाव परीक्षण मॉडल की शुरुआत
- डिजिटल और एनालिटिक्स संचालित संग्रहण की शुरुआत, संग्रहण कार्य को संचालित करने के लिए परिचालन केंद्रों की स्थापना।
- बॉब वर्ल्ड में लेनदेन संबंधी विवरण और ग्राहक डेटा के विश्लेषण के आधार पर विशिष्ट सेवा, प्रोत्साहन, अनुस्मारक की सुविधा प्रदान करना।
- यूज केसिज और दस्तावेजीकरण के लिए रिपॉजिटरी की शुरुआत के साथ ओपन एपीआई उपलब्ध कराना, सैंडबॉक्स टेस्टिंग प्लेटफॉर्म- यह आपको एपीआई के साथ संपर्क करने की सुविधा उपलब्ध कराता है, मॉक्ड एपीआई रिस्पॉन्स बैंक के अपने डेवलपर पोर्टल में है।
- अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल प्रक्रिया को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करना।

पिछले पांच वर्षों में ईज़ सुधार एजेंडा ने परिचालन के लगभग सभी क्षेत्रों में दक्षता और परिचालन में सहजता प्राप्त करने में बैंक की यात्रा में अत्यधिक योगदान दिया है, जिससे बैंक को अपने ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने में मदद मिली है।

ईज़नेक्स्ट (पिलर- II)

बैंक-सापेक्ष 3-वर्षीय रोडमैप कार्यक्रम: बैंक-सापेक्ष तीन-वर्षीय कार्यनीति रोडमैप का निर्माण, जो बैंक की शुरूआती स्थिति और व्यावसायिक प्राथमिकताओं की परिकल्पना के अनुकूल हो और इससे सुधार के एजेंडे से कहीं अधिक सुधार संबंधी पहलों को सक्षम बनाया जा सके।

नीतिपरक 3-वर्षीय रोडमैप: ईज़नेक्स्ट के दूसरे पिलर के भाग के रूप में, 3-वर्षीय नीतिपरक रोडमैप की परिकल्पना की गई है। यह कार्यक्रम बैंकों को रूपांतरण संबंधी पहलों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की दृष्टि से तैयार किया गया है जो सामान्य सुधार एजेंडे से परे है।

इस प्रयोजन के लिए, 45 व्यापक वित्तीय और गैर-वित्तीय मेट्रिक्स की पहचान की गई है। प्रत्येक बैंक प्रत्येक मेट्रिक्स के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों की पहचान करेगा और इन मेट्रिक्स में सुधार लाने के लिए पहल की पहचान करेगा।

प्रोजेक्ट बॉब-नाऊ

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के भावी निमार्ण की यात्रा जारी है

वर्ष 2020 में, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने कार्य के नए तरीकों और रिटेल नेटवर्क के माध्यम से एक अनूठा ऑपरेटिंग मॉडल तैयार करने के लिए एक रूपांतरण यात्रा- बॉब-नाऊ की शुरूआत की। तब से लेकर अब तक इस प्रोजेक्ट ने विभिन्न प्रकार की पहलों को सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया है, जिसमें हमारे ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना, सभी व्यवसायों में विकास की संभावनाओं के द्वार खोलना और हमारे सभी हितधारकों के लिए मूल्यवर्धन करना शामिल है।

इन पहलों के प्रभाव को नीचे दर्शाया गया है:

पुनर्गठित रिटेल वितरण नेटवर्क: बैंक ने 'बीओबी एवरीवेयर' के अपने विजन को पूरा करते हुए टच प्वाइंट्स की कुल संख्या बढ़ाने के प्रयासों में तेजी लाकर इस साल अपने बीसी नेटवर्क में उल्लेखनीय वृद्धि की है। मार्च 2023 तक, कुल टच प्वाइंट्स की संख्या बढ़कर 51,000 से अधिक हो गई, जो वर्ष दर वर्ष आधार पर 24% के करीब पहुंच गई।

एक समर्पित बीसी 2.0 कार्यक्रम शुरू किया गया है जो न केवल संभावित क्षेत्रों में बीसी नेटवर्क को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करता है, बल्कि उनके सेवा पोर्टफोलियो में आस्ति उत्पादों जैसे गृह, वैयक्तिक, ऑटो, कृषि ऋण लीड को शामिल कर बीसी आय को बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित करता है। यह कार्यक्रम लीडरबोर्डों और डैशबोर्डों के प्रकाशन के माध्यम से उनके कार्यनिष्पादन की निरंतर निगरानी करता है।

संग्रहण: संग्रहण के क्षेत्र में उत्पाद आधारित वर्टिकल की संरचना पर अधिक जोर देते हुए एक पुनर्निर्मित संगठन संरचना स्थापित की गई। शाखा से लेकर केन्द्रीय स्तर तक सभी स्तरों पर रिसिवेबल्स प्रबंधकों के साथ संग्रहण कार्यों को व्यवस्थित किया गया है। यह कृषि संग्रह को बढ़ावा देने के लिए बीसी नेटवर्क का भी लाभ उठाता है। आबंटन, संग्रह, ट्रैकिंग और प्रदर्शन प्रबंधन के लिए एक एकीकृत डिजिटल संग्रहण प्लेटफॉर्म शुरू किया गया है। डिजिटल पहल के तहत दो फिनटेक विक्रेताओं के साथ प्रायोगिक पहल भी शुरू की गई है। सफल निष्पादन के लिए का दृष्टिकोण अपनाया गया है। डैशबोर्ड के माध्यम से कार्यान्वयन की ट्रैकिंग की जा रही है और पहल करने वालों की पहचान की गई है।

कृषि ट्रैक्टर ऋण के लिए डीएसटी चैनल: बॉबनाऊ के तहत ट्रैक्टर ऋण उत्पाद को आवश्यक बढ़ावा देने के लिए डीएसटी मॉडल पेश किया गया। 10 चयनित अंचलों में डीएसटी मॉडल के लाभों का विस्तार करने के लिए ट्रैक्टर ऋण अभियान शुरू किए गए हैं। इन अभियानों ने 10 अंचलों में एक सुसंरचित मौजूदा डीएसटी मॉडल की स्थापना के साथ-साथ उत्साहजनक परिणाम दिए हैं।

गृह ऋण के लिए डीएसटी चैनल: बैंक ने रिटेल परिसंपत्तियों से संबंधित व्यावसायिक लीड उत्पन्न करने और उसे पूरा करने के लिए प्रत्यक्ष बिक्री टीम (डीएसटी) चैनल की स्थापना हेतु बड़ौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेज लिमिटेड (बीजीएसएस) को नियुक्त किया है। डीएसटी चैनल की स्थापना त्वरित तरीके से नए व्यवसाय के अधिग्रहण में बैंक की मदद करने के उद्देश्य से की जा रही है।

एनआरआई हेल्पडेस्क: बॉबनाऊ के तहत बैंक में एनआरआई ग्राहकों को बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए खाता खोलने, ई-मेल प्रबंधन और टोल फ्री संपर्क केंद्र के लिए गिफ्ट सिटी में केंद्रीकृत एनआरआई हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है।

डिजिटल अनुभव: बैंक ने महत्वपूर्ण बैंकिंग सेवाओं और प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण के अपने लक्ष्य के करीब अपना कदम आगे बढ़ाया है, जिसकी शुरुआत 49 स्वयं-सहायता वाले ग्राहक जर्नी के शुभारंभ के साथ हुई है, जिससे लेनदेन की प्रक्रिया तेज और बाधारहित हुई है। अधिदेश के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए ग्राहकों की सुविधा के लिए ई-अधिदेश सेवा भी शुरू की गई है। पेपरलेस ऑफ़िस की पहल के माध्यम से अनुमोदन प्रक्रिया का डिजिटलीकरण किया गया है, जिससे परिचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही और बढ़ी है।

शाखा की कार्यप्रणाली में और सुधार करने के तहत, हमने डिजिटल मोड के माध्यम से ग्राहकों को सेवा प्रदान करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के साथ शाखाओं को सक्षम बनाया है और बेहतर ग्राहक अनुभव और सेवा के लिए अन्य सक्षम माध्यम भी प्रदान किए हैं।

डिजिटल चैनलों को अपनाने से बैंक कर्मचारियों के बीच बेहतर उत्पादकता और दक्षता सुनिश्चित होती है और ग्राहकों की समस्याओं को तेजी से दूर करने में मदद मिलती है। अत्यंत शीघ्रता के साथ सेवा प्रदान करने के लिए, हमने-2 वर्षों की अवधि में, यानी वित्त वर्ष 2022 और 2023 में अपने बॉब वर्ल्ड प्लेटफॉर्म पर 2 करोड़ ग्राहकों को जोड़ा है, जो सामूहिक टीम वर्क के माध्यम से हासिल किया गया एक उपलब्धि है। संचयी रूप से, अब हमारे पास 3 करोड़ ऐसे ग्राहक हैं, जो बॉब वर्ल्ड प्लेटफॉर्म पर हैं, जहां उनका निरंतर जुड़ाव हमारे भविष्य के विकास का आधार है।

परिचालनगत कार्यनिष्पादन एवं प्रमुख अनुपात:

बैंक के परिचालनगत कार्यनिष्पादन की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त वर्ष 2022	वित्त वर्ष 2023
अर्जित ब्याज	69880.78	89588.54
दिया गया ब्याज	37259.44	48232.53
निवल ब्याज आय (एनआईआई)	**32621.34**	**41356.01**
अन्य आय	11483.95	10025.57
उसमें से ट्रेडिंग लाभ	2728.76	1062.50
परिचालनगत आय (एनआईआई + अन्य आय)	44105.29	51381.58
परिचालनगत व्यय	**21716.44**	**24518.31**
कर्मचारी व्यय	11978.84	13352.66
अन्य परिचालनगत व्यय	9737.60	11165.65
परिचालनगत लाभ	**22388.85**	**26863.54**
प्रावधान (कर को छोड़कर)	13002.41	7136.90
जिसमें से - एनपीए और बट्टे खाते में डाले गये अशोध्य ऋण हेतु प्रावधान	14640.12	4,350.52
मानक अग्रिमों हेतु प्रावधान	(2672.26)	527.50
निवेश पर मूल्यह्रास हेतु प्रावधान	558.97	1704.03
अन्य प्रावधान	475.58	554.85
कर पूर्व लाभ	**9386.44**	**19726.64**
कर हेतु प्रावधान	**2114.16**	**5617.02**
निवल लाभ	**7272.28**	**14109.62**

बैंक की शुद्ध ब्याज आय वित्त वर्ष 2022 के ₹32,622 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में ₹41,355 करोड़ हो गई, जिसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 26.8% की वृद्धि दर्ज की गई। ऐसा मुख्य रूप से वित्त वर्ष 2023 में ब्याज आय में 28.2% की वृद्धि दर्ज करके ₹89,589 करोड़ तक पहुंचने के कारण हुआ। ब्याज व्यय वित्त वर्ष 2023 में ₹48,233 करोड़ रहा, जो वित्त वर्ष 2022 में ₹37,259 करोड़ था।

बैंक की अन्य आय वित्त वर्ष 2023 में ₹10,026 करोड़ रही, जो वित्त वर्ष 2022 में ₹11,484 करोड़ थी। बैंक का परिचालन खर्च वित्त वर्ष 2023 में ₹24,518 करोड़ रहा, जबकि वित्त वर्ष 2022 में यह ₹21,716 करोड़ था। बैंक की परिचालन आय वित्त वर्ष 2022 के ₹44,106 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में ₹51,382 करोड़ हो गई, जिसमें वर्ष दर वर्ष 16.5% की वृद्धि दर्ज की गई।

कुल प्रावधान (कर को छोड़कर) और आकस्मिक व्यय वित्त वर्ष 2022 के दौरान ₹13,002 करोड़ से घटकर वित्त वर्ष 2023 के दौरान ₹7137 करोड़ रह गए। गैर-निष्पादक आस्तियों (एनपीए) के लिए प्रावधान वित्त वर्ष 2022 के ₹14,640 करोड़ से घटकर वित्त वर्ष 2023 में ₹4351 करोड़ रह गए।

बैंक ने वित्त वर्ष 2023 में ₹14,110 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया, जो पिछले वर्ष के ₹7,272 करोड़ के शुद्ध लाभ से लगभग दोगुना है। बैंक का परिचालन लाभ वित्त वर्ष 2022 के ₹22,389 करोड़ की तुलना में 20% बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में ₹26,864 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया।

महत्वपूर्ण अनुपात

महत्वपूर्ण अनुपात	**वित्त वर्ष 2022**	**वित्त वर्ष 2023**
जमाराशियों की लागत - वैश्विक (%)	3.52	3.89
जमाराशियों की लागत - घरेलू (%)	3.85	4.09
जमाराशियों की लागत - अंतर्राष्ट्रीय (%)	0.48	2.37
अग्रिम पर प्रतिफल - वैश्विक (%)	6.79	7.54
अग्रिम पर प्रतिफल - घरेलू (%)	7.61	8.25
अग्रिम पर प्रतिफल - अंतर्राष्ट्रीय (%)	2.18	4.21
निवल ब्याज मार्जिन - वैश्विक (%)	3.03	3.31
निवल ब्याज मार्जिन - घरेलू (%)	3.09	3.42
निवल ब्याज मार्जिन - अंतर्राष्ट्रीय (%)	1.47	1.94
लागत-आय अनुपात (%)	49.24	47.72
औसत आस्तियों पर प्रतिफल (आरओएए) (%)	0.60	1.03
इक्विटी पर प्रतिफल (%)	11.86	18.34

जमा (वैश्विक) की लागत 3.89% रही और अग्रिम (वैश्विक) पर प्रतिलाभ वित्त वर्ष 2023 में बढ़कर 7.54% हो गई। शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) वैश्विक और एनआईएम घरेलू वित्त वर्ष 2023 में 3.31% और 3.42% हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2022 में यह क्रमशः 3.03% और 3.09% था। आय-लागत अनुपात वित्त वर्ष 2022 के 49.24% से घटकर वित्त वर्ष 2023 में 47.72% हो गया। वित्त वर्ष 2023 के लिए आस्तियों पर रिटर्न वित्त वर्ष 2022 के 0.60% से 43 बीपीएस बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 1.03% हो गया, जो लाभप्रदता में असाधारण कार्यनिष्पादन को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2023 में इक्विटी पर रिटर्न 648 बीपीएस बढ़कर 18.34% हो गया।

संसाधन संग्रहण

क्र. सं.	**विवरण**	**वित्त वर्ष 2022**	**वित्त वर्ष 2023**
I	**कुल जमा राशियां**	**10,45,938.56**	**12,03,687.79**
II	अंतर्राष्ट्रीय जमा राशियां	1,18,927.99	1,56,312.58
III	**कुल कासा**	**4,33,605.23**	**4,75,096.83**
IV	कुल चालू खाता जमा राशियां	88,861.21	1,04,000.51
V	कुल बचत बैंक जमा राशियां	3,44,744.02	3,71,096.32
VI	**वैश्विक कासा %**	**41.46**	**39.47**
VII	**घरेलू जमा राशियां**	**9,27,010.57**	**10,47,375.21**
VIII	**घरेलू कासा जमा राशियां**	**4,10,122.92**	**4,42,510.50**
IX	घरेलू चालू खाता जमा राशियां	68,779.64	75,110.67
X	घरेलू बचत खाता जमा राशियां	3,41,343.27	3,67,399.83
XI	**घरेलू जमाराशियां में घरेलू कासा (%)**	**44.24**	**42.25**

वित्त वर्ष 2023 के दौरान बैंक की कुल जमा राशि बढ़कर ₹12,03,688 करोड़ हो गई, जो वित्त वर्ष 2022 के दौरान ₹10,45,939 करोड़ थी और इस प्रकार इस अवधि के दौरान 15.1% की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक का अंतर्राष्ट्रीय जमा भी 31.03.2023 को वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 31.4% की दर से एक बड़ी वृद्धि के साथ ₹1,56,313 करोड़ हो गया, जो 31.03.2022 को ₹1,18,928 करोड़ था।

31 मार्च 2022 को ₹ 4,33,605 करोड़ के स्तर की तुलना में बैंक का वैश्विक कासा 31 मार्च 2023 को बढ़कर ₹4,75,097 करोड़ हो गया और इस तरह इस अवधि के दौरान 9.8% की वृद्धि दर्ज की गई. बैंक की वैश्विक चालू जमा राशि 31 मार्च 2023 को बढ़कर ₹1,04,001 करोड़ हो गई, जो 31 मार्च 2022 को ₹88,861 करोड़ थी और इस प्रकार इस अवधि के दौरान 17% की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक की वैश्विक बचत जमा 31 मार्च, 2023 को बढ़कर ₹3,71,096 करोड़ हो गई, जो 31 मार्च, 2022 को ₹3,44,744 करोड़ थी और इस प्रकार इस अवधि के दौरान 7.6% की वृद्धि दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान वैश्विक जमा के सापेक्ष वैश्विक कासा 39.47% रहा।

घरेलू जमा और घरेलू कासा

बैंक की घरेलू जमाराशि 31.03.2022 के ₹9,27,011 करोड़ से बढ़कर 31.03.2023 को ₹10,47,375 करोड़ हो गई, इस अवधि के दौरान 13% की वृद्धि दर्ज की गई।

31 मार्च, 2023 को बैंक की घरेलू कासा जमा में 7.90% की वृद्धि हुई और यह बढ़कर ₹4,42,511 करोड़ हो गई। वित्त वर्ष 2023 के दौरान बैंक ने घरेलू जमाराशियों के सापेक्ष 42.25% के घरेलू कासा अनुपात को हासिल किया। 31.03.2023 को चालू खाता जमा में 9.20% की वृद्धि दर्ज की गई और यह ₹75,111 करोड़ हो गया, जबकि बचत बैंक जमा 7.63% की वृद्धि के साथ ₹3,67,400 करोड़ रहा।

कम लागत वाली जमा जुटाने की पहल

वित्त वर्ष 2023 के दौरान बैंक ने 1.09 करोड़ नए कासा खाते खोले। इसके अंतर्गत, टैबलेट (टीएबी) का उपयोग करके कागज रहित माध्यम से खाते खोलने और खाता खोलने की वीडियो आधारित ग्राहक निर्धारण प्रक्रिया (वीसीआईपी) माध्यम की पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैंक ने ग्राहकों के विशिष्ट वर्गों के लिए उपयुक्त नए उत्पादों का भी शुभारंभ किया जैसे- बड़ौदा पेशेवर बचत खाता, रेरा चालू खाता, सरकारी निकायों के लिए खाते। सरकारी कारोबार संपर्कों और नए खातों को प्राप्त करने हेतु विशेष रूप से राज्यों में केंद्र प्रायोजित योजनाओं के एसएनए खातों पर व्यापक ध्यान केंद्रित किया गया । पीओएस, आईपीजी और बीसीएमएस जैसे प्रमुख कासा साधकों तक पहुंच बढ़ाने और निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने पर विशेष जोर दिया गया।

डिजिटल क्षेत्र में बैंक ने वीसीआईपी, टैब और डिजिटल ओनली खातों जैसे डिजिटल चैनलों के माध्यम से ग्राहक अधिग्रहण की पहुंच बढ़ाई है और वित्त वर्ष 2023 के दौरान 1,22,020 वीसीआईपी बचत खाते 87,290 बी3-डिजिटल ओनली खाते खोले गए। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2023 के दौरान खोले गए 2,71,800 चालू खातों में से 2,30,046 चालू खाते (खोले गए पात्र चालू खातों का 89.88%) और वर्ष के दौरान खोले गए 72,27,954 गैर-वित्तीय बचत खातों में से 62,50,104 गैर-वित्तीय बचत खाते (खोले गए पात्र गैर-वित्तीय बचत खातों में से 97.90%) टैब के माध्यम से खोले गए।

नवगठित कंपनियों के चालू खाते खोलने के लिए कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के पोर्टल के साथ बैंक के एकीकरण के परिणामस्वरूप वर्ष के दौरान 4,641 चालू खाते खोले गए हैं।

बैंक ने एक पृथक रक्षा बैंकिंग वर्टिकल की स्थापना की है जिसके सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल संवर्ग के मुख्य रक्षा बैंकिंग सलाहकार हैं जिन्हें रक्षा सेगमेंट में पहुँच बढ़ाने हेतु प्रमुख स्थानों पर तैनात उपरक्षा बैंकिंग सलाहकारों द्वारा सहयोग प्राप्त है।

पीएसबी एलायंस डोर स्टेप बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से डोर स्टेप बैंकिंग सेवाओं का विस्तार करने में बैंक अग्रणी है। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2023 के दौरान 1,42,955 डोर स्टेप बैंकिंग सेवा अनुरोधों पर सफलतापूर्वक सफलतापूर्वक कार्रवाई की है।

बड़ौदा नकदी प्रबंधन सेवाएं

बैंक का नकदी प्रबंधन व्यवसाय, बड़ौदा डिजीनेक्स्ट कॉर्पोरेट और सरकारी ग्राहकों को नकदी प्रवाह और लिक्विडिटी के प्रबंधन हेतु ओमनी-चैनल डिजिटल सोल्यूशनों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराता है। पिछले तीन वर्षों में इसमें काफी तेजी देखी गयी है। इस सॉल्यूशन का उपयोग कंपनियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले सॉल्यूशन के अलावा प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण और कृषि उत्पाद बाजार समिति (एपीएमसी) संग्रह जैसी प्रमुख सरकारी पहलों में किया जाता है। यह अपनी सभी शाखाओं में सभी प्राप्तियों-इलेक्ट्रॉनिक, चेक और नकद जमाओं के वास्तविक समय के आधार पर मूल्यवान जानकारी प्रदान करता है।

बड़ौदा डिजीनेक्स्ट नकदी प्रबंधन वित्त वर्ष 2023 में रिकॉर्ड 1,700+ नए बड़े कॉर्पोरेट और सरकारी संपर्कों को प्राप्त करने के साथ तेजी से विकास कर रहा है। बैंक के 6,600 से अधिक ग्राहकों ने वर्ष के दौरान 6 करोड़ से अधिक लेन-देन के लिए बैंक की नकदी प्रबंधन सेवाओं का उपयोग किया।

ऋण विस्तार

बैंक का वैश्विक सकल अग्रिम वित्त वर्ष 2022 के दौरान ₹8,18,120 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 के दौरान ₹9,69,548 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया, जिसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 18.5% की वृद्धि दर्ज हुई। 31 मार्च, 2023 को सकल घरेलू अग्रिम राशि बढ़कर ₹7,95,560 करोड़ हो गई, जबकि 31 मार्च, 2022 को यह ₹6,84,153 करोड़ थी, इस प्रकार इस अवधि में 16.3% की वृद्धि हुई। बैंक का अंतर्राष्ट्रीय सकल अग्रिम वित्त वर्ष 2023 के दौरान बढ़कर ₹1,73,988 करोड़ हो गया, जो वित्त वर्ष 2022 के दौरान ₹1,33,968 करोड़ था, इस प्रकार इसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 29.9% की वृद्धि दर्ज की गई।

(राशि रु करोड़ में)

बैंक का ऋण पोर्टफोलियो			
सेगमेंट	वित्त वर्ष 2022	वित्त वर्ष 2023	वर्ष दर वर्ष (%)
रिटेल *	**1,40,399**	**1,78,037**	**26.8**
कृषि	**1,09,796**	**1,24,247**	**13.2**
एमएसएमई*	**96,863**	**1,08,196**	**11.7**
कॉर्पोरेट	**3,00,693**	**3,40,408**	**13.2**
अन्य	36,402	44,672	22.7
सकल घरेलू अग्रिम	**6,84,153**	**7,95,560**	**16.3**
अंतर्राष्ट्रीय सकल अग्रिम	1,33,968	1,73,988	29.9
वैश्विक सकल अग्रिम	**8,18,120**	**9,69,548**	**18.5**

*पूल खरीद (ऑर्गेनिक) को छोड़कर

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान बैंक के अग्रिम पोर्टफोलियो में वृद्धि, रिटेल ऋण खंड (ऑर्गेनिक) द्वारा समर्थित है जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 26.8% बढ़कर ₹1,78,037 करोड़ रहा, कृषि खंड बढ़कर ₹1,24,247 करोड़ रहा और इसमें वर्ष-दर-वर्ष 13.2% की वृद्धि दर्ज की गई, एमएसएमई खंड (ऑर्गेनिक) बढ़कर ₹108,196 करोड़ रहा, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 11.7% की वृद्धि हुई। 31.03.2023 तक पूल खरीद सहित रिटेल अग्रिम ₹187,688 करोड़ और पूल खरीद सहित एमएसएमई ₹1,14,918 करोड़ रहा।

बैंक के रिटेल अग्रिम (ऑर्गेनिक) पोर्टफोलियो में वृद्धि का मुख्य आधार वैयक्तिक ऑटो ऋण (ऑर्गेनिक) जो 24.4% की वृद्धि के साथ ₹31,261 करोड़ रहा, गृह ऋण (ऑर्गेनिक) जो 19.5% की वृद्धि के साथ ₹98,014 करोड़ रहा, वैयक्तिक ऋण जो 101.5% की वृद्धि के साथ ₹19,645 करोड़ रहा, बंधक ऋण (ऑर्गेनिक) जो 18% की वृद्धि के साथ ₹16,801 करोड़ रहा और शिक्षा ऋण जो 21.8% की वृद्धि के साथ ₹8,196 करोड़ रहा, जैसे प्रमुख पोर्टफोलियो में उछाल रहा।

बैंक का कॉरपोरेट ऋण वित्त वर्ष 2023 में बढ़कर ₹3,40,408 करोड़ हो गया, जो वित्त वर्ष 2022 में ₹3,00,693 करोड़ था, इसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 13.2% की वृद्धि हुई।

नवीनतम प्रौद्योगिकी द्वारा समर्थित डिजिटल बैंकिंग पर निरंतर जोर देने से बैंक को अत्यधिक लाभ हुआ। बैंक ने प्री-अप्रूव्ड ऑटो लोन, डिजिटल एजुकेशन लोन, प्री-अप्रूव्ड होम लोन टॉप-अप, डिजिटल पेंशनर लोन जैसी कई नई पहलें शुरू की हैं। डिजिटल ऋण उत्पादों का विस्तार एमएसएमई और कृषि क्षेत्रों के लिए किया गया था, जहां बैंक को बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। बैंक ने अपनी पारंपरिक बैंकिंग गतिविधियों के माध्यम से अधिकतम गुणवत्ता वाले ऋण व्यवसाय को बढ़ाने के लिए शाखा, क्षेत्रीय और अंचल स्तर पर विभिन्न अभियान शुरू करके प्रमुख सेगमेंट पर भी अधिक जोर दिया है। अपनी शाखा बैंकिंग और डिजिटल बैंकिंग पर निरंतर और समान रूप से जोर देने से बैंक को वित्त # & ाक अं# □

कॉर्पोरेट क्रेडिट

बैंक में कॉर्पोरेट ऋण 30 विशेष कॉर्पोरेट वित्तीय सेवाओं (सीएफएस) और मध्यम कॉर्पोरेट शाखाओं (एमसीबी) के माध्यम से सेवा प्रदान की जाती है जो बैंक के कुल मानक कॉर्पोरेट ऋण पोर्टफोलियो के लगभग 90% का प्रबंधन करते हैं। बैंक का कॉरपोरेट क्रेडिट पोर्टफोलियो 31 मार्च, 2023 को बढ़कर ₹3,40,408 करोड़ हो गया।

कॉर्पोरेट क्रेडिट डिलीवरी संबंधी दृष्टिकोण में सुधार हुआ हैं और उसके कारण वित्त वर्ष 2023 के दौरान पोर्टफोलियो के जोखिम प्रोफाइल में और सुधार हुआ है, जैसा कि निम्नानुसार घरेलू क्रेडिट पोर्टफोलियो के रेटिंग निर्धारण में देखा गया है:

क्रेडिट रेटिंग निर्धारण*	वित्त वर्ष 2022	वित्त वर्ष 2023
ए और इससे अधिक	78%	86%
बीबीबी	10%	7%
बीबीबी से कम	6%	3%
अनरेटेड	5%	4%

₹50 करोड़ से अधिक के घरेलू अग्रिम का बाह्य रेटिंग निर्धारण

वित्त वर्ष 2023 में ए और उससे अधिक का कुल पोर्टफोलियो 86% था, जबकि पिछले वर्ष यह 78% था।

कॉर्पोरेट बैंकिंग-नवीनीकृत ढांचा

वर्ष के दौरान बैंक ने मिड कॉर्पोरेट अग्रिम पर अधिक जोर देने की कार्यनीति के साथ अपनी कॉर्पोरेट बैंकिंग संरचना का पुनर्गठन किया है। बैंक ने नीतिपरक स्थानों अर्थात नई दिल्ली (उत्तर), चेन्नई (दक्षिण), मुंबई (पश्चिम) और कोलकाता (पूर्व) में स्थित-4-मिड कॉर्पोरेट क्लस्टर खोले हैं। वर्ष के दौरान बैंक ने देश भर में 15 नई मिड कॉर्पोरेट शाखाएं खोली हैं ताकि कॉर्पोरेट प्रोपोजल पर तेजी से कार्रवाई की जा सके और मिड कॉर्पोरेट क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाया जा सके।

लक्षित बाजार दृष्टिकोण

बैंक लक्ष्य आधारित बाजार दृष्टिकोण का अनुसरण करता है जिसकी निम्नलिखित विशेषताएं हैं:

- उद्योग दृष्टिकोण अर्थात् बाजार के आकार, विकास, मांग-आपूर्ति दृष्टिकोण, लागत संरचना, प्रतिस्पर्धा, वित्तीय प्रदर्शन, सरकारी नीतियों और निवेश परिव्यय सहित विभिन्न उद्योग मानदंडों का संयुक्त उत्पादन के आधार पर विकास के लिए उद्योगों/ क्षेत्रों का निर्धारण
- एक्सपोजर सीमा, मौजूदा एक्सपोजर और नए अधिग्रहण हेतु भविष्य की आवश्यकता के आधार पर लक्षित बाजार ऋण प्रदान करने हेतु क्षेत्र-वार कारोबार योजना।
- बैठकों के लिए संरचित कॉलिंग योजनाओं के साथ विस्तृत खाता योजना, व्यावसायिक अवसरों की पहचान, अनुमोदन और निपटान।
- पूरे बैंक में समर्पित रिलेशनशिप मैनेजरों के माध्यम से लक्षित बाजार दृष्टिकोण के तहत कारोबार योजना का निष्पादन।
- बैंक सप्लाइ चेन फाइनेंस, वैल्यू चेन फाइनेंस, सीएमएस सुविधा और अन्य रिटेल उत्पादों जैसी सहायक सेवाओं की पेशकश करके ब्याज आय के बजाय ग्राहक से प्राप्त समग्र प्रतिफल पर ध्यान केंद्रित करता है।
- वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान बैंक देश भर में 6 अतिरिक्त मिड कार्पोरेट शाखाएं खोलने की योजना बना रहा है।

एमएसएमई ऋण

बैंक का एमएसएमई पोर्टफोलिओ वित्त वर्ष 2022 के ₹1,00,131 से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में ₹1,14,918 करोड़ (टीडब्ल्यूओ को छोड़कर हो गया, इसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 14.8% की वृद्धि दर्ज की गई। एमएसएमई (ऑर्गेनिक) व्यवसाय वित्त वर्ष 2022 के ₹96,863 करोड़ से वित्त वर्ष 2023 में ₹1,08,196 करोड़ तक पहुंच गया, इसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 11.7% की वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष के दौरान बैंक ने अधिकतम एमएसएमई व्यवसाय को बढ़ाने के लिए कई व्यावसायिक पहलें की हैं, जिससे बैंक को एमएसएमई सेगमेंट में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल करने में मदद मिली है।

बैंक ने वित्त वर्ष 2023 के लिए पीएमएमवाई योजना के अंतर्गत लक्ष्य (106%) को हासिल कर लिया है।

मार्च, 23 तक बैंक ने 4,81,771 आवेदकों को प्रधानमंत्री स्वनिधि ऋण मंजूर किया है और 4,45,511 ग्राहकों को ऋण संवितरण किया।

उपर्युक्त लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभाग द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए:

- एनटीबी ग्राहकों के लिए फास्ट-ट्रैक लेन और ईटीबी और एनटीबी ग्राहकों के लिए सरलीकृत एआईपी/ संशोधन - टीएटी में कमी लाने पर ध्यान केंद्रित करना।
- गुणवत्तापूर्ण एमएसएमई एनटीबी व्यवसाय कैनवास करने के लिए प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण के साथ 15.06.2022 को 'एमएसएमई महोत्सव' अभियान शुरू किया गया। यह अभियान मार्च, 23 तक चला जिसके अंतर्गत हमने 17,677 ग्राहकों को ₹10,162 करोड़ की राशि संवितरित की।
- वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में 'द लास्ट माइल' अभियान चलाया गया जिसका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण एमएसएमई खातों को प्राथमिकता के आधार पर मीयादी ऋण सुविधाओं लिए कैनवास करना था।

अभियान के अंतर्गत कार्यनिष्पादन:

(₹ करोड़ में)

लक्ष्य	स्वीकृत की गई राशि	संवितरित राशि
9,935	13,921	11,848

- सीवी और सीएमई के लिए योजना विशिष्ट अभियान 'रफ्तार' शुरू किया गया और वित्त वर्ष 23 में 225% की वृद्धि दर्ज की गई।
- नया उत्पाद:- 'निर्यात के क्षेत्र में कार्यरत सूक्ष्म इकाइयों के वित्तपोषण हेतु योजना' प्रारंभ की गई है।
- बड़ौदा प्रॉपर्टी प्राइड (ओवरड्राफ्ट) में संशोधन और नई योजना एलएपी प्रीमियम (मीयादी ऋण) की शुरुआत।
- नकदी प्रवाह मूल्यांकन के आधार पर टिअर 1, 2 और 3 शहरों में स्थित 'सूक्ष्म से मध्यम-स्तरीय' स्वास्थ्य पेशेवरों/ डॉक्टरों/ डायग्नोस्टिक सेंटरों/ हॉस्पिटल/ क्लिनिक को चिकित्सा उपकरणों के लिए संपार्श्विक

प्रतिभूति रहित वित्त सुविधा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए नई योजना बड़ौदा स्वास्थ्य सेवा योजना शुरू की गई।

- बैंक ने विनिर्माण और खनन उपकरणों में कारोबारी बढ़त हासिल करने के लिए हुंडई कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ 2 वर्षों के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- एरेम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन: हमारा बैंक एमएसएमई द्वारा कैप्टिव उपयोग के लिए सोलर रूफटॉप परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए संपार्श्विक प्रतिभूति रहित योजना लेकर आया है।
- ल्यूगोंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इक्यूपमेंट के साथ समझौता ज्ञापन: हमारा बैंक सीवी-सीएमई योजना के तहत विनिर्माण उपकरण हेतु वित्तपोषण उपलब्ध करवा रहा है।
- को-लेंडिंग:- पैसा लो डिजिटल लिमिटेड के साथ को-लेंडिंग मॉडल के तहत वित्तपोषण, जिसमें व्यक्तियों (मुख्य रूप से महिलाओं) को छोटे टिकट साइज के ऋण पर ध्यान केंद्रित करने के साथ एसएमई को सक्रियता से ऋण देना शामिल है।

को-लेंडिंग व्यवस्था के तहत एमएसएमई को प्रतिभूति रहित ऋण सुविधा की शुरुआत: हमने को-लेंडिंग व्यवस्था के तहत दिनांक 31.03.2023 को डिजिटल को-लेंडिंग प्लेटफॉर्म पर यूजीआरओ कैपिटल लिमिटेड के साथ इस उत्पाद की शुरुआत की है।

रिटेल ऋण

बैंक की रिटेल आस्तियां 31 मार्च, 2022 के ₹1,50,253 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2023 को 25% की समग्र वृद्धि (टीडब्ल्यूओ को छोड़कर) के साथ बढ़कर ₹1,87,688 करोड़ रही। ऑर्गेनिक रिटेल ऋण (स्टाफ ऋण) पिछले वर्ष की तुलना में 26.8% की वृद्धि के साथ ₹1,78,037 करोड़ रहा। 31 मार्च, 2023 को रिटेल आस्तियों (लाबोड़ और स्टाफ ऋण को छोड़कर) में घरेलू अग्रिमों का हिस्सा 23.5% रहा।

बैंक का रिटेल पोर्टफोलियो

(₹ करोड़ में)

रिटेल पोर्टफोलियो			
पोर्टफोलियो	**वित्त वर्ष 2022**	**वित्त वर्ष 2023**	**वर्ष-दर-वर्ष (%)**
रिटेल ऋण*	**1,40,399**	**1,78,037**	**26.8**
गृह ऋण*	82,009	98,014	19.5
ऑटो ऋण*	25,130	31,261	24.4
मॉर्गेज ऋण*	14,242	16,801	18
शिक्षा ऋण	6,731	8,196	21.8
वैयक्तिक ऋण	9,748	19,645	101.5
स्वर्ण ऋण	1,371	2,420	76.5
अन्य	1,168	1,700	45.5

*पूल खरीद (ऑर्गेनिक) को छोड़कर

वित्त वर्ष 2023 में रिटेल कारोबार की प्रमुख विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

- हमारे बैंक को नवभारत ग्रुप से 'बेस्ट बैंक इन होम लोन एंड कार लोन' का पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- हमारे बैंक को फाइनेंशियल एक्सप्रेस से 'बेस्ट बैंक इन होम लोन' का पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- हमारे बैंक को हुडको से पीएमएवाई (यू) सीएलएसएस के अंतर्गत 'बेस्ट परफॉर्मिंग प्राइम लेंडिंग इंस्टीट्यूट' का पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- 31 मार्च, 2023 को बैंक की मॉर्गेज आधारित ऋण बही (गृह, मॉर्गेज और किराया प्राप्तियां) ₹ 1,25,737 करोड़ (टीडब्ल्यूओ को छोड़कर) रही।
- रिटेल सेगमेंट (टीडब्ल्यूओ को छोड़कर) में ऑर्गेनिक ऑटो, शिक्षा और गृह ऋणों में क्रमशः 24.96%, 24.55% और 19.52% की वृद्धि हुई।
- बैंक की वैयक्तिक ऋण बही में 102% की वृद्धि हुई।
- बैंक ने 2 और नए विशेषीकृत मॉर्गेज स्टोर (एसएमएस) खोले हैं, जिसके साथ 31 मार्च, 2023 को एसएमएस की संख्या बढ़कर 137 हो गई है। ये स्टोर विशेषीकृत और त्वरित - मॉर्गेज आधारित रिटेल क्रेडिट सुविधा उपलब्ध करने के लिए पूरे देश में स्थित हैं।
- कार्पोरेट के लिए आवास ऋण तथा सरकारी कर्मचारियों के लिए विशेष पेशकशों की शुरुआत की गई।
- 1357 नई परियोजना को मंजूरी दी गई।
- डीएसटी चैनल को मजबूत करते हुए डीएसटी की संख्या 31.03.2022 के 660 से बढ़कर 31.03.2023 को 2101 हो गई।
- ईटीबी/ एनटीबी हेतु पूर्व-अनुमोदित और गैर-पूर्व-अनुमोदित जर्नी के लिए डिजिटल एंड-टू-एंड ऑटो ऋण जर्नी सुविधा शुरू की गई। डिजिटल रूप से एंड-टू-एंड ऑटो ऋण द्वारा 1562 खातों में ₹131.53 करोड़ की राशि स्वीकृत और संवितरित की गई।
- मारूति और हुंडई के ऑनलाइन पोर्टल पर मौजूदगी।
- गूगल 10 शीर्ष सर्च रैंकिंग हासिल की गई- एफ़एक्यू योजना स्निपेट के साथ शिक्षा ऋण में पहला स्थान अर्जित किया।
- प्रमुख संस्थानों में अध्ययन के लिए डिजिटल एंड-टू-एंड शिक्षा ऋण का शुभारंभ किया गया।
- शिक्षा ऋण के संबंध में बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 में वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा आबंटित ₹2030 करोड़ के ऋण संवितरण के लक्ष्य के सापेक्ष ₹2799.38 करोड़ की राशि संवितरित की।
- ईटीबी/ एनटीबी के लिए डिजिटल एंड-टू-एंड गैर-अनुमोदित वैयक्तिक ऋण की शुरुआत की गई।
- नया एपीआई-2.0 फिनेकल में खाता खोलने के लिए एलएलपीएस में एकीकृत किया गया है जो खाता खोलने में लगने वाले श्रम को कम करेगा और डेटा की गुणवत्ता में सुधार करेगा और साथ ही धोखाधड़ी/ गलत रिपोर्टिंग को रोकेगा।
- रिटेल ऋण में स्वीकृति पश्चात निरीक्षण के लिए मोबाइल एप्लिकेशन का शुभारंभ किया गया।
- भविष्य में प्राप्त होने वाले किराए के पेटे बड़ौदा ऋण (एफआरआर), गृह ऋण, मॉर्गेज ऋण, शिक्षा ऋण योजनाओं को संशोधित किया गया।

- गृह ऋण, ऑटो ऋण तथा अन्य रिटेल ऋणों के लिए बीसी की सेवाएं ली जा रही है।
- प्रतिधारण और क्रॉस सेल प्रक्रिया को लागू किया गया।
- भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुरूप एनपीए वर्गीकरण और प्रावधान के लिए स्वचालित पूल पोर्टफोलियो।
- पेंशनरों के लिए डिजिटल एंड-टू-एंड ऋण, गृह ऋण के ग्राहकों हेतु टॉप-अप ऋण की शुरुआत
- भागीदारों द्वारा फाइल लॉगिन के लिए मोबाइल एप्लिकेशन की शुरुआत।

ग्रामीण और कृषि ऋण

निसंदेह ही कृषि क्षेत्र, अपने संबद्ध क्षेत्रों के साथ भारत में, विशेष रूप से व्यापक ग्रामीण क्षेत्रों में, सबसे बड़ा आजीविका प्रदाता क्षेत्र है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भी यह उल्लेखनीय योगदान देता है।

बैंक में 8,200 घरेलू शाखाओं का नेटवर्क है जिसमें से 4,942 ग्रामीण एवं अर्ध शहरी शाखाओं का उपयोग प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र और कृषि क्षेत्र से संबद्ध ऋण के लिए किया जा रहा है। 31 मार्च, 2023 को बैंक का कृषि अग्रिम बढ़कर ₹1,24,247 करोड़ हो गया जो कि सकल घरेलू ऋण का 16% है।

बैंक 3 राज्यों अर्थात् उत्तर प्रदेश, गुजरात और राजस्थान में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) और 1 केंद्र शासित प्रदेश अर्थात दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय बैंकर्स समिति (यूटीएलबीसी) का संयोजक है। बैंक पूरे देश के 69 जिलों में अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी का निर्वाह भी कर रहा है।

बैंक कृषि क्षेत्र को ऋण देने में लगातार अग्रणी बना हुआ है, जिसे सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन के साथ प्रोत्साहन प्राप्त हुआ है। किसानों को पूंजी जनरेशन और कृषि और पशुपालन में एक मजबूत सुदृढ़ ढांचे का निर्माण करने के लिए बैंक सामान्य कृषि ऋण से अधिक विविधिकृत ग्रामीण नीति की तरफ आगे बढ़ रहा है। हम कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ), पशुपालन अवसंरचना विकास कोष स्कीम (एएचआईडीएफ), पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज़ (पीएमएफएमई), प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा और उत्थान महाभियान योजना (पीएम कुसुम), प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) और कंप्रेस्ड बायो गैस जैसी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास योजनाओं पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है।

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा हाल ही में शुरू किए गए एआईएफ के तहत 'बेस्ट' अभियान में हमारे बैंक ने सभी वाणिज्यिक बैंकों के बीच 113.50% का लक्ष्य हासिल करके 'अभियान के दौरान स्वीकृति हेतु निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति' के तहत प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बैंक ने अन्य दो श्रेणियों अर्थात् 'एआईएफ के तहत स्वीकृत राशि' और बैंकिंग उद्योग से शीर्ष 5 बैंकों के बीच स्वीकृत परियोजना की संख्या में भी क्वालिफाइ किया है।

बैंक ने अपने प्रमुख उत्पादों जैसे केसीसी, स्वर्ण ऋण, कृषि मशीनीकरण (ट्रैक्टर ऋण), बागवानी ऋण, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को वित्तपोषण, किसान उत्पादक संगठन(एफपीओ)/ किसान उत्पादक कंपनी (एफपीसी) को वित्तपोषण, उच्च तकनीक कृषि और खाद्य एवं कृषि- प्रोसेसिंग हेतु ऋण पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखा है। केसीसी तंत्र के दायरे में वर्ष के दौरान, बैंक ने 3.17 लाख नए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) जारी किए हैं जिनमें से 1.18 लाख पशुपालन और डेयरी (एएचडी केसीसी), पशुपालन और मत्स्य पालन गतिविधियों में लगे किसानों को जारी किए गए। बैंक ने अपनी माइक्रोफाइनेंस पहल के भाग के रूप में वित्त वर्ष 2023 के दौरान ₹2,899 करोड़ की राशि के ऋण प्रदान कर 84,573 स्वयं सहायता समूह को ऋण से जोड़ा है।

एसएचजी के ऋण लिंकेज को बढ़ाने हेतु बैंक विभिन्न निजी भागीदारों के साथ टाई-अप को प्रोत्साहित कर रहा है। टर्नअराउंड समय में सुधार करने और एसएचजी के लिए बाधा रहित तत्काल बचत बैंक खाता खोलने में सक्षम बनाने के लिए पिछले वर्ष टैब बैंकिंग की शुरुआत की गई थी। ट्रैक्टर ऋणों में किसानों की सुविधा के लिए ब्याज दर को ट्रैक्टर के एलटीवी से जोड़ा गया है। भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए जन समर्थ पोर्टल पर डिजिटल केसीसी प्रक्रिया के विकास में हमारा बैंक भागीदार है। इसके कुछ महीनों में लाइव होने की संभावना है, हमने पहले ही स्वर्ण ऋण के लिए एक डिजिटल जर्नी की शुरुआत कर दी है।

बैंक ने कृषि विपणन और प्रसंस्करण केंद्र (सीएएमपी) की शुरुआत की है, जो गैर-पारंपरिक और उच्च मूल्य वाले कृषि अग्रिमों पर विशेष ध्यान देने के साथ कृषि ऋणों के प्रसंस्करण के लिए समर्पित केंद्र है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान सीएएमपी ने 30,473 किसानों को ₹2,898 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए हैं।

बैंक ने 15.11.2022 से 30.11.2022 तक अपने विशिष्ट वार्षिक ग्राहक आउटरीच कार्यक्रम 'बड़ौदा किसान पखवाड़ा' का आयोजन किया। 15 दिनों (पखवाड़ा) तक चलाए गए बड़ौदा किसान पखवाड़ा के दौरान शाखाओं/ क्षेत्रों एवं अंचलों द्वारा कुल -20152- आउटरीच कार्यक्रम यथा- किसानों के साथ बैठकें/ चौपाल/ किसान मेला/ स्वास्थ्य शिविर (मृदा/ पशु/ किसान) इत्यादि आयोजित किए गए जिनमें 3,87,179 किसानों ने भाग लिया।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण

बैंक का प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण वित्त वर्ष 2022 के रु 2,60,818 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 के दौरान रु 2,87,589 करोड़ हो गया इसमें 10.26% की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक ने दिनांक 31 मार्च, 2023 को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण सेगमेंट की सभी श्रेणियों के अंतर्गत अनिवार्य लक्ष्यों को प्राप्त किया है।

अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति समुदायों को ऋण

31 मार्च, 2023 को अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति (एससी/ एसटी) समुदायों को बकाया ऋण 17,519 करोड़ हो गया। बैंक द्वारा कमजोर वर्गों को मंजूर किए गए अग्रिम का 17.73% हिस्सा अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजातियों को प्रदान किया गया।

इसके अलावा, अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), मुद्रा ऋण, स्टार्ट-अप इंडिया एवं स्टैंड-अप इंडिया जैसी विभिन्न सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति समुदायों को वित्त पोषण के लिए बैंक द्वारा विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

स्वर्ण ऋण

बैंक का स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो 31 मार्च, 2022 के ₹29,316 से बढ़कर वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 31.38% की वृद्धि दर्ज करते हुए 31 मार्च, 2023 को ₹38,518 करोड़ हो गया। स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो के अंतर्गत, कृषि स्वर्ण ऋण 30.47% बढ़कर वित्त वर्ष 2022 के ₹27,459 करोड़ से वित्त वर्ष 2023 में ₹35,829 करोड़ हो गया। वित्त वर्ष 2023 में रिटेल स्वर्ण ऋण बढ़कर ₹2,419

करोड़ हो गया, जो वित्त वर्ष 2022 में ₹1,371 करोड़ था, इस खंड में 76.44% की वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष के दौरान बैंक ने 303 नई स्वर्ण ऋण संवितरण शाखाएं जोड़ी जिसके साथ स्वर्ण ऋण हेतु चयनित शाखाओं की कुल संख्या वित्त वर्ष 2022 में 5601 शाखाओं से बड़कर वित्त वर्ष 2023 में 5900 शाखाएं हो गई। दक्षिणी भागों के अलावा अन्य भौगोलिक क्षेत्रों की हिस्सेदारी के साथ देश भर में चयनित स्वर्ण ऋण शाखाओं के विस्तार में वित्त वर्ष 2022 के 25.18% की तुलना में वित्त वर्ष 2023 में 27.11% की बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023 में स्वर्ण ऋण खातों में महिला लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 10,09,856 हो गई, जो वित्त वर्ष 22 में 8,13,502 थी, वर्ष के दौरान इस प्रकार 1,96,354 नए खाते जोड़े गए। वित्त वर्ष 2023 में कुल कृषि अग्रिमों में कृषि स्वर्ण ऋण का योगदान बढ़कर 28.49% रहा, जो कि वित्त वर्ष 2022 में 25.14% एवं वित्त वर्ष 2021 में 22.30% था। वित्त वर्ष 2023 में स्वर्ण ऋण का औसत टिकट आकार बढ़कर ₹1.58 लाख हो गया जो वित्त वर्ष 2022 में ₹1.46 लाख था। वित्त वर्ष 2023 में प्रति शाखा स्वर्ण ऋण की औसत राशि बढ़कर ₹6.52 करोड़ हो गई, जो वित्त वर्ष 2022 में ₹5.23 करोड़ थी। 31 मार्च, 2023 को जीएनपीए अनुपात 0.22% के साथ स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो की ऋण गुणवत्ता अच्छी रही।

वित्त वर्ष के दौरान, उत्पाद में कई परिवर्तन करने के साथ-साथ बैंक ने अपने कर्मचारियों को सोने के गहनों/ सिक्कों के मूल्यांकन और प्रमाणन संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया ताकि एसेयर द्वारा स्वर्ण आभूषणों के मूल्यांकन के समय कर्मचारियों के विश्वास को बढ़ाया जा सके।

वित्तीय समावेशन (एफआई)

किफायती लागत पर समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से ग्रामीण, अर्द्धशहरी और शहरी गरीबों को यूनिवर्सल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंक ने वित्तीय समावेशन को सामाजिक प्रतिबद्धता और व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) मॉडल के माध्यम से कारोबार प्राप्त करने के लिए एक अवसर के रूप में माना है। बैंक अपनी शाखा और बीसी नेटवर्क के माध्यम से पूरे देश में वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। तकनीक के आगमन के साथ बैंकिंग रहित क्षेत्रों में सुविधाएं प्रदान करने के लिए अभिनव प्रयास किए जा रहे हैं। देश भर में ग्रामीण, अर्द्धशहरी और शहरी क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने के लिए बैंक ने 12,442 अतिरिक्त बीसी (यूपीएसआरएलएम परियोजना के 8861 बीसी सहित) जोड़कर 31 मार्च, 2023 को 51,780 से अधिक बीसी नियुक्त कर लिए हैं और अपने बीसी नेटवर्क में विस्तार किया है। बैंक ने वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करने के लिए निम्नलिखित पहलें शुरू की है:

- बीसी के लिए ऑनलाइन एनपीए वसूली पोर्टल का शुभारंभ किया गया।
- बीसी के लिए ऑनलाइन लोन लीड पोर्टल का शुभारंभ किया गया।
- बीसी केंद्र पर लेनदेन करने वाले ग्राहकों का सर्वेक्षण किया गया और 94% ग्राहकों ने बीसी केंद्र पर सेवाओं को संतोषजनक और उससे अधिकी रेटिंग दी।
- बीसी पॉइंट पर गैर-बीएसबीडी खाता खोलने का शुभारंभ किया गया ।
- बैंक के अधिकारियों और बीसी पर्यवेक्षकों द्वारा बीसी केंद्रों के मासिक निरीक्षण के लिए एंड्रॉइड आधारित बीसी निरीक्षण ऐप का शुभारंभ किया गया।
- जोखिम कम करने के उपाय के रूप में बीसी केन्द्रों पर प्रत्येक लेनदेन के लिए द्विभाषिक में वॉयस ओवर की शुरुआत की गई।

वित्तीय समावेशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 के महत्वपूर्ण कार्य निष्पादन

- प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) खातों में 31.21 लाख (5.63%) की वृद्धि हुई और पीएमजेडीवाई जमाराशियों में ₹4,920 करोड़ (21.76%) की वृद्धि हुई।
- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की तुलना में पीएमजेडीवाई खातों की संख्या के संदर्भ में बैंक की हिस्सेदारी 15.30% और पीएमजेडीवाई खातों में जमाराशियों के संदर्भ में 17.50% रही ।
- बैंक में शून्य शेष राशि वाले पीएमजेडीवाई खाते 31 मार्च, 2022 के 5.75% की तुलना में घटकर 31 मार्च, 2023 को 5.22% रह गए।
- वित्त वर्ष के दौरान सूक्ष्म बीमा के तहत संचयी नामांकन 77 लाख से बढ़कर 31 मार्च, 2023 को 3.90 करोड़ हो गया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कार्यनिष्पादन

बैंक ने बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक नामक तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) को प्रायोजित किया है। इन तीनों आरआरबी का समग्र व्यवसाय 31 मार्च, 2022 के रु 1,33,080 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2023 को ₹ 1,48,737 करोड़ हो गया। तीनों आरआरबी ने समेकित रूप से वित्त वर्ष 2022 के दौरान ₹594 करोड़ के शुद्ध लाभ की तुलना में 15.49% की वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2023 में ₹ 719 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया। इन आरआरबी की निवल मालियत 31 मार्च 2022 के ₹4,986 करोड़ के स्तर से बेहतर होकर 31 मार्च 2023 को कुल संपत्ति ₹5704 करोड़ दर्ज की गई।

पुरस्कार

- पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा आयोजित अटल पेंशन योजना के नामांकन के लिए विभिन्न अभियानों के तहत हमारे बैंक द्वारा प्रायोजित आरआरबी ने 21 शीर्ष कार्यनिष्पादनकर्ता पुरस्कार (बीजीजीबी-9, बीयूपीबी-6 और बीआरकेजीबी 6) अर्जित किए।
- बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक को 18वें आईबीए प्रौद्योगिकी सम्मेलन, एक्सपो और अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी प्रतिभा के लिए उप विजेता घोषित किया गया।
- बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक को 18वें आईबीए प्रौद्योगिकी सम्मेलन, एक्सपो और अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ वित्तीय समावेशन आरआरबी और आईटी जोखिम प्रबंधन के लिए विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- आईबीए वार्षिक प्रौद्योगिकी पुरस्कार में बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को निम्नलिखित पांच पुरस्कारों से सम्मानित किया गया:

1. बेस्ट टेक्नोलॉजी बैंक ऑफ दी इयर (लगातार 8वां वर्ष)।
2. बेस्ट डिजिटल फाइनेंशियल इंकल्यूशन अवार्ड (लगातार चौथे वर्ष)।
3. बेस्ट आईटी रिस्क मेनेजमेंट
4. बेस्ट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग।
5. बेस्ट डिजिटल इंगेजमेंट।

इसके अलावा, निम्नलिखित दो श्रेणियों में उप विजेता रहा:

1. टेक्नोलॉजी टेलेंट

2. फिनटेक कोलाब्रेशन

- कृषि और एनआरएलएम मंत्रालय द्वारा एआईएफ (कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर निधि) योजना और एनआरएलएम में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ने भी पुरस्कार अर्जित किया।

दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन

बैंक यह मानता है कि निरंतर दैनिक निगरानी अनर्जक ऋणों में कमी और अच्छी वसूली सुनिश्चित करने के प्रति पहला कदम है। इसके लिए बैंक ने विभिन्न कार्रवाई की है तथा वसूली बढ़ाने और स्लिपेज को कम करने के लिए रणनीति बनाई है।

बैंक के पास प्रत्येक एनपीए खाते को विधिवत रूप से परखने हेतु कार्यनीति है। इसलिए बैंक ने कॉर्पोरेट कार्यालय में एक शीर्ष वर्टिकल 'दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन वर्टिकल' के तहत विशेष सक्षम व्यवस्था स्थापित की है। इस वर्टिकल के तहत नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) के अंतर्गत सभी खातों के लिए आवश्यक विशेष दक्षता व्यवस्था के साथ -5 दबावग्रस्त आस्ति शाखाओं को स्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त एनसीएलटी से इतर ₹5 करोड़ से अधिक बकाया राशि वाले अन्य एनपीए खातों को हैंडल करने के लिए अंचल स्तर पर 12 दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखाओं (एसएआरबी शाखा) की स्थापना की गई है। टीएटी को कम करने के लिए ये शाखाएं कॉर्पोरेट कार्यालय की सीधी निगरानी में हैं। इसके अलावा ₹50 लाख से अधिक और ₹5 करोड़ तक बकाया राशि वाले एनपीए खातों को हैंडल करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर -65- दबाबग्रस्त आस्ति वसूली शाखाएं (एसएआरबी शाखा) स्थापित की गई है।

भारत सरकार की डिजिटल पहल के अंतर्गत बैंक ने बिना कागज संचलन और वास्तविक समय के आधार पर वसूली और निगरानी की पूरी प्रक्रिया के संपूर्ण डिजिटलीकरण हेतु कई कदम उठाए हैं। इस संबंध में,

1. 'क्यूलिक', यह मानवीय हस्तक्षेप के बिना वास्तविक समय के आधार पर फिनेकल से कई डेटा बिंदुओं को प्राप्त करता है और दैनिक डीग्रेडेशन के पूर्वानुमान के लिए डे पास्ट ड्यू (डीपीडी) रिपोर्ट, एनपीए मूवमेंट चार्ट और मॉक रन की गणना करता है।

2. 'आईएलएमएस' मोबाइल ऐप और डेस्कटॉप आधारित पोर्टल जो राशि पर विचार किए बिना संपूर्ण एनपीए खातों की ऑनलाइन रेपोजिटरी है। यह बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के खातों की ऑनलाइन संपूर्ण लाइव निगरानी जैसे सरफेसी स्थिति, डीआरटी/ एनसीएलटी स्थिति, प्रावधान, दैनिक वसूली, वकीलों के निष्पादन का विश्लेषण और ओटीएस की ऑनलाइन प्रस्तुति/ स्वीकृति की सुविधा उपलब्ध कराता है जिससे टीईटी में सुधार होता है।

3. बैंक वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी) के तहत संपत्तियों की नीलामी के लिए उपयोग किए जा रहे ई-बिक्रय पोर्टल का सदस्य है और सरफेसी के तहत बैंक की सफलता दर 52% है।

बैंक ने वसूली को प्रभावी बनाने और स्लिपेज को कम करने के लिए निम्नलिखित कार्यनीतियां भी अपनायी हैं।

1. कृषि, एमएसएमई और रिटेल ऋणों के पोर्टफोलियो की उचित निगरानी के लिए हमने समर्पित वसूली अधिकारियों के साथ क्लस्टर/ एरिया संबंधी कार्यपद्धति को अपनाया है।

2. अंचल कार्यालय/ क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर विभाग प्रबंधकों द्वारा वसूली एजेन्टों/ व्यवसाय प्रतिनिधियों को कम ऋण राशि वाले एनपीए खातों का उचित आबंटन तथा उनकी समुचित निगरानी।

3. लोक अदालत के दौरान अधिकतम उधारकर्ताओं की सहभागिता के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत की व्यवस्था करना और लोक अदालत से पूर्व बैठकें आयोजित करना।

4. बैंक ने सभी पात्र एनपीए खातों में सरफेसी कार्रवाई शुरू कर दी है और खाते में आस्ति और वसूली की प्रक्रिया पूर्ण होने/ निपटान होने तक कार्रवाई जारी रहेगी। हम नीलाम की जाने वाली संपत्ति के विवरणों को बैंक की वेबसाइट, समाचार पत्र, रेडियो, सोशल मीडिया वेब पोर्टलों और अग्रणी संपत्ति वेब साइटों पर सूचीबद्ध/ प्रकाशित कर रहे हैं।

पिछले दो वर्षों के दौरान एनपीए की स्थिति निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त वर्ष 2022	वित्त वर्ष 2023
सकल एनपीए	54059	36764
सकल एनपीए (%)	6.61%	3.79%
निवल एनपीए	13365	8384
निवल एनपीए (%)	1.72%	0.89%
एनपीए में बढ़ोत्तरी	14255	11150
वसूली/ अपग्रेडेशन	8448	10100
टीडबल्यूओ सहित बट्टे खाते	17967	17998
बट्टे खाते डाले गए खातों में वसूली	3578	4781
प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडबल्यूओ सहित) (%)	88.71%	92.43%
प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडबल्यूओ को छोड़कर) (%)	75.28%	77.19%

आस्ति वर्गीकरण के अनुसार, ऋण बही का विभाजन निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

आस्ति वर्गीकरण	वित्त वर्ष 2022	वित्त वर्ष 2023
मानक अग्रिम	764061	932784
सकल एनपीए	54059	36764
कुल सकल अग्रिम	818120	969548
सकल एनपीए जिसमें		
अवमानक	5280	5439
संदिग्ध	31512	19182
हानि	17267	12143
कुल सकल एनपीए	54059	36764

बैंक भारतीय रिज़र्व बैक के दिशानिर्देशों के अनुसार पुनर्संरचना के माध्यम से दबावग्रस्त उद्यमियों का सहयोग कर राष्ट्र निर्माण करने में विश्वास रखता है।

बड़ी संख्या में छोटे एनपीए खातों से निपटने के लिए, बैंक ने वित्त वर्ष 22-23 में कम मूल्य के राशि वाले डीबी-II, डीबी-III, हानि, पीडब्ल्यूओ और टीडब्ल्यूओ श्रेणी के एनपीए खातों में अधिकतम संख्या में निपटान के लिए अपनी विशेष एकबारगी निपटान (ओटीएस) योजना "ऋण मुक्ति योजना" की शुरुआत की और एनपीए/ टीडब्ल्यूओ/ पीडब्ल्यूओ खातों जिनमें ₹1.00 करोड़ तक की बकाया शेष थी, के निपटान के लिए "वसूली संकल्प" की शुरुआत की। बैंक ने एनपीए खातों में ऋण मुक्ति योजना के अंतर्गत ₹596 करोड़ (एनपीए खाते में ₹1326 करोड़ की कमी) की राशि वसूली की और वसूली संकल्प योजना के अंतर्गत ₹1665 करोड़ की वसूली की।

समाधान सुनिश्चित करने और वसूली की सभी संभावनाएं तलाशने के लिए ऋण निगरानी वर्टिकल के साथ समन्वय करते हुए दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन वर्टिकल द्वारा बड़े कॉर्पोरेट के एसएमए-I और एसएमए-II खातों की बेहतर और लक्षित निगरानी प्रणाली और खातों की संख्या में आई कमी की निगरानी की जा रही है।

अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग

हमारे बैंक की 17 देशों में 93 विदेशी शाखाएं/ कार्यालय हैं, जिनमें 40 विदेशी शाखा/ कार्यालय (यूएई में 9 इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग सेवा यूनिट, मॉरीशस में 1 मोबाइल यूनिट और गिफ्ट सिटी, गांधीनगर, गुजरात, भारत में 1 अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग यूनिट सहित) और बैंक की 7 विदेशी अनुषंगियों की 53 शाखाएं कार्यरत हैं। इसके अलावा, बैंक का एक संयुक्त उद्यम मलेशिया में इंडिया इंटरनेशनल बैंक (मलेशिया) बीएचडी है और एक सहयोगी बैंक जांबिया में इंडो जांबिया बैंक लि. है जिसकी 30 शाखाएं हैं।

बैंक की विश्व के प्रमुख वित्तीय केंद्रों न्यूयॉर्क, लंदन, दुबई, सिंगापुर और अस्ट्रेलिया में उपस्थिति है। इसके अलावा, गिफ्ट सिटी (एसईजेड), गुजरात, भारत में बैंक की एक होलसेल शाखा है, जिसे एक ऑफशोर बैंकिंग इकाई के रूप में माना जाता है और अपार व्यावसायिक संभावनाओं, कर लाभ, सरकारी पहलों आदि को ध्यान में रखते हुए शाखा को व्यवसाय विकास केंद्र के रूप में चुना गया है। बैंक ने आईएफएससी में शाखा के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने हेतु विभिन्न सक्रिय कदम उठाए हैं, जिसमें गिफ्ट सिटी में अंतरराष्ट्रीय ट्रेजरी हेतु वैश्विक मानक के अत्याधुनिक डीलिंग रूम भी शामिल है।

हमारा बैंक भारतीय कार्पोरेट्स की अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करके, भारतीय और स्थानीय रूप से निगमित कंपनियों/ फर्मों के लिए इंडिया लिंक्ड क्रॉस बार्डर व्यापार प्रवाह संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करके तथा अनिवासी भारतीयों (एनआरआई)/ भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ) के लिए पसंदीदा बैंक बनकर विकास को गति देने और मूल्यवर्धन की नीति अपना रहा है।

उपलब्ध व्यावसायिक अवसरों को देखते हुए, बैंक द्वारा प्राथमिक और गौण बाजार में भारत के अलावा अन्य संबंधित सिंडिकेशन ऋणों पर एक्सपोजर लेते हुए अग्रिम पोर्टफोलियो में भी विविधता लाई गई है। साथ ही, उत्पाद समूह को व्यापक बनाने के लिए विभिन्न नए उत्पादों का शुभारंभ किया गया है।

इसके अलावा, विदेशी केंद्रों में उत्पादकता और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिजिटलीकरण और केंद्रीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए, संपूर्ण बिजनेस सोल्यूशन के लिए आईटी उन्नयन में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। सहक्रिया जनरेट करने के लिए बैंक प्रौद्योगिकी के कई प्लेटफार्मों को लगातार एकीकृत कर रहा है।

भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप, बैंक ने व्यापक मूल्यांकन फ्रेमवर्क के आधार पर अपनी विदेशी उपस्थिति को युक्तिसंगत बनाने का कार्य नीतिपरक रूप से किया है। इस प्रक्रिया के भाग के रूप में, वित्त वर्ष 2022 के दौरान बैंक ने हांगकांग और दक्षिण अफ्रीका में अपना परिचालन बंद कर दिया है। साथ ही वित्त वर्ष 2023 में बैंक ने यूएई में अपनी एक शाखा का भी परिचालन बंद कर दिया है। बैंक नए वैश्विक परिवेश के अनुरूप अपने अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों को लगातार समेकित और पुनर्गठित कर रहा है और इसने जोखिमों का प्रबंधन करने, कम-प्रतिफल वाली आस्तियों को कम करने और लाभप्रदता को बढ़ाने के लिए पोर्टफोलियो को पुनर्संतुलित करने पर ध्यान केंद्रित किया है।

31 मार्च 2023 तक, अंतर्राष्ट्रीय शाखाओं से बैंक का कुल कारोबार (शुद्ध) ₹3,20,722 करोड़ रहा जो वैश्विक कारोबार का 14.95% है। कुल जमाराशियां ₹1,56,313 करोड़ रही जबकि 31.3.2023 तक निवल अग्रिम ₹1,64,409 करोड़ रहा।

घरेलू ट्रेजरी परिचालन

हमारा बैंक मुंबई में स्थित अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में स्थापित अत्याधुनिक डीलिंग रूम से ट्रेजरी परिचालनों का संचालन करता है। ट्रेजरी विभिन्न बाजारों जैसे विदेशी विनिमय, ब्याज दर, स्थायी आय, मुद्रा बाजार, डेरिवेटिव्स, इक्विटी, मुद्रा एवं ब्याज दर फ्यूचर्स एवं अन्य वैकल्पिक आस्ति श्रेणियों में प्रमुख भूमिका निभा रही है। बैंक आधुनिक डीलिंग पद्धतियों और पूरे देश में विदेशी मुद्रा में डीलिंग करने के लिए प्राधिकृत शाखाओं के माध्यम से ब्याज दर स्वैप, मुद्रा स्वैप, मुद्रा विकल्प और वायदा संविदा जैसी विभिन्न सेवाएं प्रदान कर रहा है।

ट्रेजरी बैंक की सीआरआर और सांविधिक तरलता अनुपात (एसएलआर) संबंधी सांविधिक आवश्यकताओं की देखरेख करती है और निधि की आधिकता/ कमी का प्रबंधन करती है। ट्रेजरी निधि प्रबंधन कार्यों के एक भाग के रूप में मनी मार्केट और कॉर्पोरेट मार्केट लिखतों में ऋण लेती/ निवेश करती है।

31 मार्च, 2023 को बैंक की कुल घरेलू निवेश बही ₹3,52,875 करोड़ रही। कुल निवेश में एसएलआर प्रतिभूतियों की हिस्सेदारी 83.22% रही। 31 मार्च, 2023 को शुद्ध मांग एवं मीयादी देयताओं (एनडीटीएल) के सापेक्ष एसएलआर प्रतिभूतियां (भारमुक्त) 23.89% रही। बैंक यील्ड मूवमेंट द्वारा उपलब्ध कराए गए अवसरों को भुनाने में सक्षम रहा है। बैंक ने अपने पोर्टफोलियो को कुशलता से प्रबंधित किया है और वित्त वर्ष 2022-23 के लिए ब्याज-युक्त निवेश पर 6.84% (बिक्री पर लाभ सहित) औसत लाभ बनाए रखा है। वित्त वर्ष 2023 के दौरान बैंक द्वारा निवेश की बिक्री पर लाभ और विदेशी मुद्रा आय क्रमशः ₹1,115 करोड़ और ₹124 करोड़ रही।

सरकारी कारोबार

सरकारी कारोबार वर्टिकल बैंक की कार्यनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह सम्पूर्ण भारत में केंद्र/ राज्य सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करता है।

हम केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की पेंशन, डाक विभाग की लेन-देन, ट्रेजरी/ उप-ट्रेजरी लेन-देन, लोक भविष्य निधि योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली, अटल पेंशन योजना, ई-किसान विकास पत्र, भारतीय रिज़र्व बैंक बॉन्ड, प्रत्यक्ष कर संग्रहण (सीबीडीटी), सीबीईसी, ईएसआईसी, एमएचएफडब्ल्यू, जीएसटी, ई-स्टैम्पिंग एवं सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड संबंधी भुगतान का प्रबंधन करते हैं। इन उत्पादों ने

₹120.48 करोड़ की शुल्क आय के संग्रहण में योगदान दिया है और बैंक की साख को भी बढ़ाया है।

हम विभिन्न राज्य/ केंद्र सरकार के संगठनों के खाते खोलने की सुविधा भी प्रदान करते हैं एवं बैंक के लिए कासा जमा राशि जुटाने में मदद करते हैं। हम विभिन्न सेवाओं की पेशकश जैसे कि हमारे ग्राहकों को जीईएम पोर्टल, पीएफएमएस आदि में ऑनबोर्ड करना आदि पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं, जो हमें ग्राहकों के साथ नए संबंध स्थापित करने एवं कासा कैनवास करने में मदद करता है। नए शुरू किए गए ई-फाइलिंग पोर्टल (सीबीडीटी टीआईएन 2.0) के साथ बैंक ने दिनांक 01.02.2023 को इंटीग्रेशन किया है। बैंक की सभी शाखाओं को अब ओटीसी सीबीडीटी चालान प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत किया गया है।

हमारा बैंक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा कानूनी मामलों के मंत्रालय के लिए एक अधिकृत बैंकर है।

हमारा विशेष ध्यान संबद्ध सेवाएं अर्थात् पीएफएमएस पोर्टल पर सरकारी विभागों की ऑनबोर्डिंग सरकारी कासा खातों को कैनवास करने, सरकारी व्यवसाय करने वाली सभी शाखाओं की निगरानी करने तथा उनके प्रश्नों के संबंध में सहायता एवं उनकी शंकाओं का समाधान प्रदान करने पर है। हम विभिन्न अभियानों के माध्यम से लगातार सभी शाखाओं को ज्यादा से ज्यादा व्यवसाय संगृहीत करने के लिए अभिप्रेरित कर रहे हैं।

वित्त वर्ष 2023 के दौरान सरकारी संगठनों से सराहना;

- अटल पेंशन योजना के लक्ष्यों को प्राप्त करने और इसमें अपेक्षित योगदान देने के लिए विनिंग वेडनेसडे हेतु उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।
- अवार्ड मेकर्स ऑफ एक्सिलेन्स 5.0, बेस्ट परफॉर्मिंग एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, लीडरशिप कैम्पेन 4.0, पीएफआरडीए से अवार्ड ऑफ एक्सिलेन्स एवं एपीवाई वार्षिक अवार्ड प्राप्त हुए।
- पीएफआरडीए द्वारा अटल पेंशन योजना हेतु शुरू किए गए बीट द बेस्ट एंड बी द बेस्ट अभियान के तहत क्वालिफाई हुआ और उत्कृष्टता के मानक को हासिल करने हेतु अनुकरणीय पुरस्कार दिया गया।

धन संपदा प्रबंधन

धन संपदा प्रबंधन व्यवसाय की वृद्धि अर्थव्यवस्था में वृद्धि और भारतीय अर्थव्यवस्था की बढ़ती हुई वृद्धि का सूचक है जो 160 मिलियन के कैप्टिव ग्राहक आधार के साथ बैंक ऑफ़ बड़ौदा की प्रगति के संकेत देती है। अतः हमारे बैंक के लिए धन संपदा एक प्रमुख संकेंद्रित क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। हमारे बैंक के प्रयासों को उद्योग जगत में सराहा जा रहा है और हमारे बैंक को अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिल रही है तथा समृद्ध ग्राहकों को उत्कृष्ट धन संपदा प्रबंधन उत्पाद उपलब्ध कराने हेतु 'ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग इनोवेशन अवार्ड 2022' का हमारा बैंक विजेता रहा है।

बैंक समृद्ध ग्राहक वर्ग (रेडिएंस) की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बाजार से लगातार दक्षतापूर्ण मानव संसाधनों की भर्ती कर रहा है, जबकि ग्राहकों तक पहुंच बनाने के लिए संभावित शाखाओं में विनियामक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रमाणन पाठ्यक्रम पूरा करने वाले और धन संपदा उत्पादों की जानकारी रखने वाले कर्मचारियों को तैनात किया जाता है।

बैंक ने अत्यधिक संभ्रांत श्रेणी के ग्राहकों के लिए "रेडियंस प्राइवेट" सेगमेंट की भी शुरुआत की है और सुदृढ़ टीम बनाने तथा मूल्यवर्धित उत्पादों की पेशकश हेतु आवश्यक प्रभावी कदम उठा रहा है।

बैंक उत्पाद, प्रक्रिया और कर्मचारियों पर ध्यान केंद्रित करके ग्राहकों को उत्कृष्ट और निर्बाध सेवाएं प्रदान करने के लिए तत्पर है। निवेश और बीमा उत्पादों के वितरण की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए हमारा बैंक डिजिटल मोड के माध्यम से ग्राहकों तक पहुंचने के लिए मजबूत प्रौद्योगिकी में निवेश कर रहा है जिससे उन्हें सुखद ग्राहक अनुभव प्राप्त होगा। इस उद्देश्य से हमारे बैंक ने वित्त वर्ष 2023 में डिजिटल और ग्राहकोन्मुख प्रक्रिया विकसित करने, बीमा और निवेश संबंधी समाधान उपलब्ध कराने के लिए नई प्रौद्योगिकी कंपनियों को अपने साथ जोड़ा है। उपर्युक्त समाधान बैंक को ग्राहकों की आवश्यकता के अनुरूप विशिष्ट उत्पादों की पेशकश करने के लिए एआई एवं एनालिटीक के समुचित उपयोग करने में सक्षम बनाएंगे।

बैंक का मानना है कि केवल दक्षतापूर्ण मानव संसाधन ही ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा कर सकता है और इसलिए बैंक ने विभिन्न प्रतिष्ठित प्रशिक्षण प्रदाता संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित किया है।

तथापि शाखाओं के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाते हुए बैंक ने जीवन बीमा के तहत ₹1288 करोड़ का प्रीमियम संग्रहीत किया और बैंकएश्योरेंस चैनल के माध्यम से ₹1000 करोड़ के प्रीमियम के मानक स्तर को हासिल करने वाले चुनिंदा बैंकों के समूह में शामिल हो गया है। इस कार्यनिष्पादन ने आपके बैंक को जीवन बीमा प्रीमियम सेगमेंट में 31% वृद्धि दर्ज करने में सक्षम बनाया है। इस प्रकार गैर-जीवन बीमा से सामूहिक प्रीमियम 23% बढ़कर ₹490 करोड़ से ₹605 करोड़ हो गया है। बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद एमएफ एयूएम ₹9740 करोड़ रहा। आंतरिक और बाहरी हितधारकों के साथ जुड़ाव की बात करें तो बैंक 'वेल्थ इनसाइट' मासिक पत्रिका और प्रमुख शहरों में ग्राहक जुड़ाव कार्यक्रमों से समृद्ध ग्राहकों तक पहुंच बना रहा है ताकि ग्राहकों को बाजार की गतिविधियों और धन संपदा के क्षेत्र में बैंक की पहलों से अवगत कराया जा सके। जबकि आंतरिक कर्मचारियों के लिए आपका बैंक वेबिनार आयोजित करके, नियमित अंतराल पर बाजार विशेषज्ञों को आमंत्रित करके धन संपदा व्यवसाय से जुड़े कर्मचारियों के कौशल और ज्ञान में वृद्धि कर रहा है।

डिजिटल बैंकिंग उत्पाद

बैंक डिजिटलीकरण के लिए प्रतिबद्ध है और नियमित रूप से लेनदेन को डिजिटल चैनलों में माइग्रेट करने का प्रयास कर रहा है जिससे बेहतर ग्राहक अनुभव प्राप्त होता है। डिजिटल बैंकिंग का प्रमुख ध्यान डिजिटल और वैकल्पिक वितरण चैनलों के माध्यम से ग्राहकों को बैंक के उत्पाद उपलब्ध कराना है। डिजिटल बैंकिंग में प्रमुख सुविधाएं बॉब वर्ल्ड, भीम बड़ौदा पे, बड़ौदा कनेक्ट, डेबिट कार्ड, प्रीपेड कार्ड, भीम आधार, एटीएम और कैश रिसाइकलर मशीन, सेल्फ सर्विस पासबुक प्रिंटर (एसएसपीबीपी), टैब बैंकिंग, इंटरनेट पेमेंट गेटवे (आईपीजी), भारत बिल भुगतान सेवाएं (बीबीपीएस), बड़ौदा फास्टैग, भारत क्यूआर, प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस), आदि शामिल हैं।

बॉब वर्ल्ड

बॉब वर्ल्ड एक्टिवेशन वित्त वर्ष 2022 के 101.45 लाख की तुलना में बढ़कर वित्त वर्ष 2023 के दौरान 102.72 लाख हो गया और इस अवधि के दौरान 1.2% की वृद्धि दर्ज की गई। बॉब वर्ल्ड पर वित्तीय लेनदेन भी वित्त वर्ष 2022 के 1,483.94 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 1,864.7 लाख रहे। इस अवधि के दौरान 25.66% की वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष-2023 में गैर-वित्तीय लेनदेन 26.51% बढ़कर 27,745 लाख रहे, जो वित्त वर्ष-2022 में 21,931.55 लाख थे।

डेबिट कार्ड

31 मार्च, 2023 तक बैंक का सक्रिय कार्ड आधार वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 11% की वृद्धि के साथ 8.25 करोड़ है। ई-कॉमर्स/ पीओएस लेन-देन को बढ़ाने एवं बैंक के डेबिट कार्ड को ग्राहक का पसंदीदा कार्ड बनाने हेतु बैंक ने डेबिट कार्ड ग्राहकों को आकर्षक ऑफर प्रदान करने के लिए विभिन्न मर्चेंटों के साथ टाई अप किया है और अक्तूबर, 2022 से मार्च, 2023 तक की अवधि में शियोमी, स्वीगी, मिशो, मिंतरा, ईज माइ ट्रिप, यात्रा, जियोमार्ट, टाटा आदि जैसे विभिन्न लोकप्रिय मर्चेन्ट के साथ मिलकर कुल 26 अभियान शुरू किए गए।

वित्त वर्ष 2022-23 में बैंक ने 'बॉब वर्ल्ड सफायर' (पुरुष और महिला सब-वेरियंट) और 'बॉब वर्ल्ड ओपुलेंस' (मेटल कार्ड) डेबिट कार्ड शुरू किए जो हमारे प्रीमियम और सुपर प्रीमियम ग्राहकों के लिए मूल्यवर्धित विशेषताओं के साथ तैयार किए गए हैं। वर्ष के दौरान बैंक ने रक्षा कार्मिकों के लिए 'बॉब वर्ल्ड योद्धा' और 'बॉब वर्ल्ड अग्निवीर' डेबिट कार्ड और तमिलनाडु राज्य में महिला विद्यार्थियों के लिए 'बॉब वर्ल्ड पुदुमई पेन' डेबिट कार्ड भी शुरू किया। बैंक का प्लैटिनम डेबिट कार्ड आधार 31 मार्च, 2023 को बढ़कर 1.24 करोड़ हो गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 83% अधिक है।

बड़ौदा फास्टैग (राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रहण - एनईटीसी)

बैंक ने वित्त वर्ष 2023 में 1.71 लाख फास्टैग जारी किए हैं। बॉब ग्राहकों के लिए बैंक का फास्टैग अब बॉब वर्ल्ड मोबाइल ऐप के माध्यम से उपलब्ध है और ग्राहक और गैर-ग्राहक दोनों फास्टैग ग्राहक पोर्टल के माध्यम से फास्टैग के लिए आवेदन कर सकते हैं।

भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस)

भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) पुनरावृत्ति बिल भुगतान हेतु एक अन्तः प्रचलनीय प्लेटफॉर्म है जो ग्राहकों को वास्तविक समय आधारित बिल भुगतान और रिचार्ज संबंधी सेवाएं प्रदान करता है। बीबीपीएस भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा शुरू किए गए उत्पादों में से एक है एवं इसका प्रबंधन एनपीसीआई द्वारा किया जाता है। हमारा बैंक बीबीपीएस सेवाओं की सुविधा के लिए ग्राहक परिचालन इकाई एवं बिलर परिचालन इकाई के रूप में अधिकृत है। वित्त वर्ष 2023 में बैंक ने लगभग ₹4,800 करोड़ के 3.29 करोड़ बिल भुगतान लेनदेन संसाधित किए। बैंक ने बैंक के बिलर ऑपरेटिंग यूनिट (बीओयू) के माध्यम से अपने बिल संग्रहण की सुविधा के लिए म्यूनिसिपल टैक्स श्रेणी के तहत पिम्परी चिंचवाड़ म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (पीसीएमसी) बिलर्स को भी ऑन-बोर्ड किया है।

एटीएम

31 मार्च, 2023 तक हमारे बैंक में 9,764 एटीएम एवं 1,637 कैश री-साइक्लर का व्यापक नेटवर्क है, जिसमें 8 भाषाओं हिंदी, अंग्रेजी एवं स्थानीय भाषा के तहत नेविगेट करने हेतु यूजर फ्रेंडली स्क्रीन है, जो हमारे ग्राहकों को दैनिक बैंकिंग परिचालन संबंधी सहज अनुभव प्रदान करती है। हमारे एटीएम ग्रीन पिन जनरेशन, नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर, कैश ऑन मोबाइल सेवाओं जहां ग्राहक डेबिट कार्ड आदि का उपयोग किए बिना एटीएम से पैसे निकाल सकते हैं जैसी सुविधाओं से युक्त हैं। हमारे बैंक ने 4725 स्थानों पर इंटरऑपरेबल कार्डलेस कैश आहरण (यूपीआई एटीएम) की सुविधा शुरू की है जहां ग्राहक बैंक की यूपीआई क्यूआर सेवाओं (आईसीसीडबलू) का उपयोग करके राशि निकाल सकते हैं।

बैंक ओपेक्स मॉडल के तहत मौजूदा 6592 एटीएम साइटों और मशीनों को रिवेंपिंग/ बदलने की प्रक्रिया में भी है। 31 मार्च, 2023 तक 4646 एटीएम ओपेक्स मॉडल के तहत लाइव हैं ताकि ग्राहकों को निर्बाध एटीएम सेवाएं और बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान किए जा सकें।

इंटरनेट पेमेंट गेटवे (आईपीजी)

बैंक का आईपीजी इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉब वर्ल्ड मर्चेन्ट गेटवे एक ऑनलाइन सेवा है जो ग्राहकों को भुगतान को सुरक्षित रूप से तत्काल स्वीकार करते हुए ऑनलाइन व्यवसाय करने के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। इंटरनेट पेमेंट गेटवे ऑनलाइन मोड का उपयोग करके सुरक्षित भुगतान प्रोसेसिंग के लिए मर्चेन्ट और उनके ग्राहकों के बीच इंटरफेस उपलब्ध कराता है।

बॉब वर्ल्ड मर्चेन्ट गेटवे डेबिट/ क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग, यूपीआई, वॉलेट, एईपीएस, आधार पे, क्यूआर कोड आदि द्वारा ऑनलाइन भुगतान प्राप्त करने और ऑफ़लाइन मोड अर्थात् एनईएफटी/ आरटीजीएस के माध्यम से आसान और सुरक्षित तरीके से ई-कॉमर्स/ ऑनलाइन व्यवसाय के लिए आवश्यक सुविधा प्रदान करता है।

निर्बाध और ग्राहकोन्मुख सेवा प्रदान करने के लिए बैंक ने 13 एग्रीगेटर्स और 3 मास्टर मर्चेन्ट के साथ टाई-अप किया है। बैंक ने वित्त वर्ष 2023 में आईपीजी मर्चेन्ट ऑन-बोर्डिंग में 16% की वृद्धि दर्ज की है।

भीम बड़ौदा पे:

यूपीआई एक ऐसा सिस्टम है जो विभिन्न बैंक खातों को एक मोबाइल एप्लिकेशन (किसी भी भागीदार बैंक का) पर संग्रहीत करता है, विभिन्न बैंकिंग विशेषताओं, बाधारहित निधि राउटिंग एवं मर्चेंट भुगतान को एक प्लैटफार्म पर समेकित करता है। यह 'पीयर टू पीयर' संग्रहण अनुरोध को भी पूरा करता है जिसे आवश्यकता और सुविधा अनुसार शेड्यूल कर भुगतान किया जा सकता है। वित्तीय वर्ष 2022 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023 के दौरान यूपीआई क्यूआर के लिए मर्चेन्ट ऑन-बोर्डिंग में 46% की वृद्धि हुई। यूपीआई क्यूआर लेनदेन में अच्छी खासी वृद्धि देखी गई जो 2.34 करोड़ से बढ़कर 6.63 करोड़ रहे।

बॉब वर्ल्ड (इंटरनेट बैंकिंग)

वित्त वर्ष 2023 के दौरान बैंक ने अपने इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म पर अनेक नए ग्राहकों को सफलतापूर्वक जोड़ा है। बैंक के इंटरनेट बैंकिंग उपयोगकर्ताओं की कुल संख्या वित्त वर्ष 2022 के 88.09 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 के दौरान 99.71 लाख हो गई।

बड़ौदा टैबिट:

बैंक अपने ग्राहकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ओनबोर्ड करने की पहल के तहत टैब बैंकिंग प्लेटफॉर्म-बॉब वर्ल्ड टैब के माध्यम से टैबलेट द्वारा तत्काल कासा खाता खोलने के साथ-साथ विभिन्न सेवाओं (व्यक्तिगत चेक बुक, व्यक्तिगत डेबिट कार्ड, एमपिन के साथ मोबाइल बैंकिंग, एसएमएस अलर्ट, इंटरनेट बैंकिंग) और पीओएस, यूपीआई क्यूआर, आईपीजी लीड जनरेशन की शुरुआत की है। बैंक ने वित्त वर्ष 2023 के दौरान इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से 63 लाख से अधिक बचत खाते और 2.3 लाख चालू खाते खोले।

बॉब वर्ल्ड टैब के माध्यम से क्रेडिट कार्ड जारी करने और स्वयं सहायता समूह के खाते खोलने की सुविधा शुरू की गई है। ग्राहकों के अनुभवों को समझने एवं तदनुसार सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए बॉब वर्ल्ड टैब प्लेटफार्म पर फीडबैक सुविधा की शुरुआत की गई है।

बॉब वर्ल्ड टैब के माध्यम से कंपनी खाता (सार्वजनिक/ निजी) खोलने की शुरुआत की गई है और अब तक बॉब वर्ल्ड टैब (22 नवंबर 2022 को शुरू की गई) के माध्यम से कुल 1413 खाते खोले गए हैं।

डिजिटल बैंकिंग इकाइयों के लिए 17 नई सेवाओं के साथ बॉब वर्ल्ड टैब ऑन-बोर्डिंग प्लेटफॉर्म को अब मौजूदा ग्राहकों के लिए विस्तारित किया गया है। ये सेवाएं हैं;

ग्राहक शिकायत पंजीकरण - शिकायत की ट्रैकिंग और सुझाव/ पंजीकरण (रीडायरेक्शन)

ईटीबी ग्राहकों के लिए ऑनलाइन एफडी खाता खोलना

ईटीबी ग्राहकों के लिए ऑनलाइन आरडी खाता खोलना

डेबिट कार्ड सेवा को ब्लॉक करना

ई-मेल आईडी अपडेशन

ऑनलाइन पैन नंबर अपडेशन

खाता विवरणी सेवा

चेक बुक हेतु अनुरोध - ईटीबी

नामिती अपडेशन - ईटीबी

लीड जनरेशन (एचएल/ पीएल/ एएल/ईएल) - रीडायरेक्शन - (सेल्फ सर्विसेज)

टैब के माध्यम से ईटीबी ग्राहकों के लिए मोबाइल बैंकिंग पंजीकरण की सेवा

टैब के माध्यम से ईटीबी रिटेल ग्राहकों के लिए इंटरनेट बैंकिंग पंजीकरण की सेवा

टैब के माध्यम से एपीवाई खाते खोलना

पीएमजेजेवाई - पीएमएसबीवाई सूक्ष्म बीमा

सेल्फ सर्विसेस- जनसमर्थ पोर्टल, इंटरनेट बैंकिंग, बॉब वर्ल्ड किसान, बी-3 खाते

आस्ति उत्पादों के लिए लीड जनरेशन (रीडायरेक्शन)

वैयक्तिक ऋण और ऑटो ऋण (एसिस्टेड मोड- रीडायरेक्शन)

सुविधाएं	वित्त वर्ष 2022	वित्त वर्ष 2023	वर्ष- दर-वर्ष आधार पर वृद्धि %
बचत बैंक खाता	5046885	6301204	24.85
चालू खाता	147908	230046	55.53
एसएचजी खाता	11221	50077	11.50
खा			

यह प्लेटफॉर्म भौतिक रूप से बैंक शाखा में जाने की आवश्यकता को कम करते हुए उधारकर्ता को अपने घरों / कार्यालयों से सुविधानुसार संपर्क रहित एवं कागज रहित प्रक्रिया का उपयोग कर न्यूनतम अनिवार्य दस्तावेज़ीकरण सहित कुछ ही क्लिक में लीड से लेकर मंजूरी एवं संवितरण की प्रक्रिया को पूरा करने में सशक्त बना रहा है।

इस डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म के केंद्र में फिनटेक वैकल्पिक ऋण चैनल निर्मित करते हुए क्रेडिट इकोसिस्टम में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं, जो बैंक एवं उधारकर्ता दोनों को महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करते हैं ।

बैंक के व्यावसायिक पोर्टफोलियो में सुधार के लिए डिजिटल ऋण की पहल;

रिटेल संबंधी पहलें :

- बैंक ने ग्राहक स्वयं-सेवा प्रक्रिया, बैंक अधिकारी द्वारा सहायता प्राप्त प्रक्रिया और डीलर द्वारा सहायता प्राप्त प्रक्रिया के साथ **डिजिटल वाहन ऋण** प्रक्रिया की शुरूआत की है ।
- बैंक ने ईटीबी ग्राहकों के लिए **पूर्व-स्वीकृत वाहन ऋण** की शुरुआत की है जिससे कोई मौजूदा ग्राहक अलग से बिना किसी आय मूल्यांकन प्रक्रिया के वाहन खरीदने हेतु डिजिटल रूप से वाहन ऋण प्राप्त कर सकता है । इससे निर्धारित समय-सीमा (TAT) में काफी कमी आएगी ।
- बैंक ने पूर्व-अनुमोदित संस्थानों और गैर-पूर्व अनुमोदित संस्थानों के लिए **डिजिटल शिक्षा ऋण** प्रक्रिया शुरू की है । यह प्रक्रिया शैक्षिक विकास कार्यक्रम के लिए तैयार की गई है।
- प्रक्रिया के विभिन्न स्तरों पर ग्राहकों के लिए डिजिटल वैयक्तिक ऋण प्रक्रिया को पूरा करने/ सहयोग के लिए शाखाओं की सुविधा हेतु वैयक्तिक ऋण के लिए **शाखा अधिकारी द्वारा सहायता प्राप्त** प्रक्रिया उपलब्ध कराई गई है ।
- बैंक के मौजूदा गृह ऋण ग्राहकों के लिए **पूर्व-स्वीकृत गृह ऋण टॉप-अप** की शुरुआत के साथ-साथ पूर्व-स्वीकृत गृह ऋण की सुविधा प्रदान करना ।
- बैंक ने बैंक के मौजूदा पेंशन ग्राहकों के लिए **डिजिटल पेंशनर ऋण** की शुरुआत की है।

एमएसएमई पहलें:

- बैंक ने **एमएसएमई ऋणों के डिजिटल नवीकरण** की सीमा को ₹25 लाख से बढ़ाकर ₹1 करोड़ कर दिया है । सीमा में बढ़ोत्तरी के साथ, 80,000 अतिरिक्त खातों को डिजिटल रूप से नवीकृत किया जा सकता है।

कृषि संबंधी पहलें:

- बैंक ने ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए **स्वर्ण ऋण हेतु डिजिटल प्रक्रिया** की शुरुआत की है।
- बॉब वर्ल्ड **किसान प्लेटफॉर्म** को बॉब वर्ल्ड ब्रांडिंग के साथ अनुकूल करने के लिए इसे बेहतर बनाया गया है। ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने और ऋण, बीमा, एकीकृत मार्केटप्लेस और नई एडवाइजरी सेवाओं जैसी नई सुविधाओं की पेशकश करके इस प्लेटफॉर्म को अधिक से अधिक लोगों के लिए उपयोगी बनाने हेतु इस प्लेटफॉर्म को अधिक बेहतर बनाया गया है ।
- बैंक ने **बीकेसीसी ऋणों के नवीकरण** के लिए डिजिटल प्रक्रिया की शुरूआत की है।
- बैंक ने बीकेसीसी के लिए सैद्धांतिक रूप से मंजूरी तक की प्रक्रिया हेतु डिजिटल प्रक्रिया की शुरूआत की है।

एनालिटिक्स सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस (ACoE)

बैंक ने डेटा संचालित बैंकिंग की गति को बनाए रखा है । स्वयं-सेवा विश्लेषणात्मक क्षमताएं सभी व्यावसायिक इकाइयों और शाखाओं में शुरू की गई हैं । डिजिटल बैंकिंग पहलों को उन्नत विश्लेषण और रियल टाइम यूज केसेज के साथ विकसित किया जा रहा है । बैंक क्रॉस सेल, अप-सेल, प्रारंभिक चेतावनी संकेत आदि से आगे बढ़कर उन्नत मशीन शिक्षण तकनीक के साथ उन्नत एएलएम, जोखिम और एएमएल/ धोखाधड़ी प्रबंधन के लिए यूज केसेज पर कार्य कर रहा है । डेटा और विश्लेषण के आधार पर एक सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन ढांचा स्थापित करते हुए बैंक का ध्यान व्यक्तिगत संबंध को बढ़ावा देना है ।

सूचना प्रौद्योगिकी

- बैंक ने ग्राहकों की सहमति से इकोसिस्टम के माध्यम से बैंक की विवरणी और संबंधित विवरण उपलब्ध कराने के लिए एक वैकल्पिक तंत्र के रूप में अकाउंट एग्रीगेटर (एए) इकोसिस्टम को सफलतापूर्वक लागू किया है ।
- बैंक ने लेन-देन की मात्रा में हो रही कई गुना वृद्धि के अनुसार बेहतर लेन-देन प्रोसेसिंग क्षमता को संभालने हेतु यूपीआई प्लेटफॉर्म को बेहतर बनाया है।
- बैंक ने रुपे और मास्टरकार्ड वेरिएंट के लिए फाइल टोकनाइजेशन (सीओएफटी) और टोकन लाइफ साइकिल मैनेजमेंट से संबंधित कार्ड शुरू किया है ।
- बैंक ने डिजिटल बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं की डिलिवरी के साथ-साथ मौजूदा वित्तीय उत्पादों और सेवाओं के लिए डिजिटल रूप से सेवा प्रदान करने हेतु डिजिटल बैंकिंग इकाइयों की स्थापना की है ।
- बैंक ने वीसीआईपी (वीडियो आधारित ग्राहक पहचान प्रक्रिया/वीडियो केवाईसी) प्रक्रिया में नए केंद्रों के साथ-साथ जीवन प्रमाण पत्र, भाषा आधारित कॉल असाइन करना, डिजिटल शिक्षा ऋण आदि जैसी विभिन्न सुविधाओं की शुरूआत की है ।
- बैंक ने भारत सरकार की केंद्रीकृत रूप से प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) के तहत निधि जारी करने की सुविधा के लिए नया पोर्टल लागू किया है।
- किसान पोर्टल को बेहतर बनाया गया है ताकि इस पोर्टल को और अधिक ग्राहक अनुकूल बनाया जा सके तथा गैर-बैंक ग्राहकों को भी यह सेवा प्रदान की जा सके ।
- बैंक ने प्रायोगिक तौर पर सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) जिसे ई-₹ (डिजिटल रुपया) के रूप में जाना जाता है, की शुरूआत की है । यह भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी करेंसी नोटों का एक डिजिटल रूप है । यह डिजिटल रुपया नकदी रुपए का एक विकल्प प्रदान

करता है जो व्यक्तियों और व्यवसायों दोनों के लिए सुरक्षित, त्वरित (त्वरित निपटान) और किफायती भुगतान प्रणाली है ।

- बैंक ने ग्राहकों के लिए मोबाइल बैंकिंग ऐप्लिकेशन 'बॉब वर्ल्ड' में नई सेवाओं को शामिल किया है जिसमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए व्यक्तित्व आधारित थीम, बॉब वर्ल्ड के माध्यम से एनपीएस सदस्यता, इंस्टा-डीमैट खाता खोलना, यूपीआई और भारत क्यूआर के लिए सामान्य क्यूआर स्कैनर, वेयरेबल (बॉब वर्ल्ड वेव) जारी और प्रबंधित करना, चैटबॉट, पीसी/एफबी खातों के एक्सेस की अनुमति देना, हिंदी में खाता विवरणी/ब्याज और टीडीएस प्रमाणपत्र, स्मार्ट सर्च, क्रेडिट कार्ड एकीकरण, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड जारी करना, ईकेवीपी खाता खोलना आदि बॉब वर्ल्ड में ग्राहकों की संपूर्ण बैंकिंग आवश्यकताओं के लिए 200 से अधिक सेवाएं शामिल हैं ।
- बैंक ने ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म में ईपीए पीएफएमएस ऑनलाइन भुगतान, कर भुगतान के लिए टीआईएन 2.0 के साथ एकीकरण, कर भुगतान के लिए राज्य के कोषागारों के साथ बहु-एकीकरण, कॉर्पोरेट उपयोगकर्ताओं के लिए थोक एनईएफटी/ आरटीजीएस अपलोड की सुविधा को इनेबल करना, एनपीएस पंजीकरण और अंशदान आदि जैसी नई सेवाओं को शामिल किया गया है ।
- बैंक ने वर्तमान वॉल्यूम और भविष्य की संभावनाओं के आधार पर सभी ऐप्लिकेशनों के भार को वहन करने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित किया है ।
- बैंक ने कार्यक्षमता को बेहतर बनाने के लिए कई आंतरिक बैंकिंग प्रक्रियाओं को स्वचालित किया है।
- बैंक ने खुदरा आस्ति उत्पादों, खुदरा, एमएसएमई, कृषि, क्रेडिट कार्ड और धन-संपदा उत्पादों के लिए लीड प्रबंधन मॉड्यूल को एकीकृत करके सीआरएम क्षमताओं में वृद्धि की है।
- बैंक ने अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्रों में (आईएफएससी बीयू, युगांडा, बोत्सवाना, ओमान, ऑस्ट्रेलिया, सेशेल्स, फिजी और यूके होलसेल) एएमएल को अपग्रेड किया है।

साइबर सुरक्षा

बैंक के पास सुनिर्धारित साइबर सुरक्षा गवर्नेंस फ्रेमवर्क है जो प्रबंधन संरचना, नीतिगत ढांचे और परिचालनगत नियंत्रणों के संयोजन से संचालित होता है और जिसे व्यापक आईटी जोखिम प्रबंधन के लिए बैंक की व्यावसायिक रणनीतियों के साथ अलाइन किया गया है । साइबर सहन-क्षमता प्रदान करने और उद्यम जोखिम को प्रबंधित करने के लिए बैंक जोखिमों को कम करने हेतु अनुकूल सुरक्षा नियंत्रणों को लगातार लागू करता रहता है, जिससे साइबर हमले का जोखिम कम हो जाता है । बैंक एनआईएसटी (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, यूएसए) साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क और भारतीय रिज़र्व बैंक साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क दोनों का पालन करता है।

बैंक के परिवेश में सक्रिय खतरों की निगरानी के लिए साइबर सुरक्षा परिचालन केंद्र (सीएसओसी) द्वारा 24X7X365 आधार पर साइबर सुरक्षा की निगरानी और प्रबंधन किया जा रहा है। ग्लोबल सीएसओसी घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्रों में बैंक के सभी वर्टिकल के साथ मजबूती से जुड़ा हुआ है। यह साइबर खतरों की मॉडलिंग, पता लगाने, विश्लेषण और इसे कम करने के लिए अत्याधुनिक साइबर सुरक्षा समाधानों से युक्त है । बैंक के डेटा सेंटर और डेटा रिकव्हरी केंद्र आईएसओ 27001:2013 द्वारा प्रमाणित हैं।

मौजूदा जांच बिन्दु और नियंत्रण के अलावा बैंक ने साइबर सुरक्षा को बढ़ाने के लिए निम्नलिखित उपाय किए हैं:

- पहले से स्थापित सुरक्षा एवं जोखिम को कम करने संबंधी नियंत्रण और प्रभावशीलता के बारे में महत्वपूर्ण और निष्पक्ष इनसाइट प्रदान करने के लिए रेगुलर रैंडम अर्ली डिटेक्शन (RED) टीम एक्सरसाइज की गयी ।
- इंटरनेट आधारित जोखिमों और धोखाधड़ी से व्यवसाय और व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए एक प्रतिष्ठित बीमा प्रदाता से साइबर बीमा पॉलिसी ली गई है।
- ग्राहक जागरूकता में एसएमएस और ई-मेल के माध्यम से साइबर सुरक्षा जागरूकता संदेश, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, वेबसाइट, ग्राहकों को साइबर सुरक्षा के बारे में शिक्षित करने के लिए एटीएम शामिल हैं।
- डेटा लीक रोकथाम (डीएलपी) यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी गोपनीय जानकारी बैंक नेटवर्क से बाहर नहीं जा रही है । डेटा लीक रोकथाम ऐप्लिकेशन की निगरानी, ई-मेल की निगरानी, मालवेयर सुरक्षा और उपयोगकर्ता एक्सेस नियंत्रण में मदद कर रही है।
- नेटवर्क एक्सेस नियंत्रण (एनएसी) संगणक संसाधनों के लिए प्रतिबंधित एक्सेस प्रदान करने में बैंक की सहायता कर रहा है । यह दृश्यता, एक्सेस नियंत्रण और अनुपालन प्रदान करता है जो नेटवर्क सुरक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए आवश्यक हैं।
- एंटी-फिशिंग और ब्रांड निगरानी सेवाएं

विपणन

बैंक इलेक्ट्रॉनिक, रेडियो, ओओएच, डिजिटल और कार्यक्रमों के माध्यम से अपने ग्राहकों तक पहुंचने के लिए सभी मीडिया स्पेक्ट्रम पर अपनी प्रभावी उपस्थिति बनाए हुए है। वर्ष के दौरान, बैंक ने अपने प्रमुख डिजिटल उप ब्रांड "बॉब वर्ल्ड" पर अतिरिक्त नई सुविधाओं और अन्य उत्पाद संबंधी अभियानों जैसे गृह ऋण, कार ऋण, एमएसएमई ऋण, ऑनलाइन एसबी खाता खोलने आदि की सुविधा उपलब्ध करा कर इसे लगातार लोकप्रिय बनाया है। बैंक ने एसएलबीसी राज्यों (गुजरात, यूपी और राजस्थान) पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ अखिल भारतीय स्तर पर एंकर महीनों (जुलाई 2022 और जनवरी 2023) के दौरान "आजादी का अमृत महोत्सव" मनाया।

एक अभिनव दृष्टिकोण रखते हुए बैंक के 115वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बैंक ने 115 घंटे की आरजे मैराथन का शुभारंभ किया, जो वर्षों से समृद्ध इतिहास, विरासत, उत्पादों और उल्लेखनीय उपलब्धियों को रेखांकित करती है। उसी तर्ज पर बैंक राष्ट्र सर्वोपरि सम्मेलन, भारत आर्थिक शिखर सम्मेलन और साहित्य आजतक जैसे प्रतिष्ठित और वाइब्रेन्ट मंचों से जुड़ा है, जो भारत की संस्कृति, अर्थव्यवस्था, राजनीति, साहित्य आदि के बारे में स्वतंत्र बातचीत को बढ़ावा देते हैं।

बैंक सर्वश्रेष्ठ एथलीटों और खिलाड़ियों के साथ हमेशा जुड़ता रहा है और उन्हें ब्रांड एंडोर्सर बनाता है एवं उनके खेल करियर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बैंक अपनी विभिन्न बैंकिंग और गैर-बैंकिंग पहलों के माध्यम से लगातार देश के युवाओं का समर्थन करता है। यह सहयोग विभिन्न खेलों में सहयोगी बनकर बैंक के ग्राहक अनुभव में संवर्धन करने की बैंक की प्रकृति को दर्शाता है। इन मिलेनियल्स और खेल प्रेमी युवाओं तक पहुंचने के लिए बैंक ने ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप, 2023 और ओडिशा में एफआईएच

हॉकी विश्व कप के दौरान टेलीविजन अभियान शुरू किया और राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भी एक विशेष टीवी अभियान चलाया।

बैंक ऑफ बड़ौदा अपने विभिन्न उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से हमेशा महिला सशक्तिकरण का प्रबल समर्थक रहा है। इसके अलावा, बैंक हमेशा खेलों में महिलाओं के लिए एक मजबूत लॉन्चपैड के रूप में रहा है, जैसे सुश्री पी वी सिंधु के मामले में, जो एक जानी-मानी खिलाड़ी हैं और बैंक के ब्रांड एंडोर्सर के रूप में जुड़ी हुई हैं। अपनी नई ब्रांड एंडोर्सर सुश्री शेफाली वर्मा के साथ अपने जुड़ाव को और अधिक गहन करने के लिए बैंक ने टी20 महिला एशिया कप 2022, अंडर19 महिला टी20 विश्व कप और महिला आईपीएल 2023 के दौरान टीवी मीडिया अभियान चलाए।

बैंक ऑफ बड़ौदा की सन रन 2.0 मुंबई के जियो वर्ल्ड गार्डन में 29 जनवरी, 2023 को आयोजित की गई । भारत की बैडमिंटन सुपरस्टार और बैंक ऑफ बड़ौदा की ब्रांड एंडोर्सर सुश्री पीवी सिंधु, बैंक के कार्यपालक निदेशकगण श्री अजय के खुराना, श्री देबदत्त चाँद और श्री ललित त्यागी सहित बैंक ऑफ बड़ौदा के शीर्ष प्रबंधन ने इस रेस को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में 3500 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप वहाँ एक रोमांचक और मजेदार माहौल था। सन रन 2.0, जिसमें दो दौड़ श्रेणियां थीं - निर्धारित समय में 10 किमी की बीओबी प्रो रन और 5 किमी की बिना किसी समय की बॉब फन रन, का उद्देश्य कॉर्पोरेट कर्मचारियों के बीच फिटनेस को बढ़ावा देना था जिससे एक मजबूत और हरित वातावरण का निर्माण हुआ।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा 100 दिनों में 5,933 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली बीओबी गोल्डन क्वाड्रीलैटरल दौड़ के लिए अल्ट्रा-मैराथनर और टीम फैब फाउंडेशन के संस्थापक निदेशक श्री कुमार अजवानी से जुड़ा। सबसे कम समय में भारतीय गोल्डन क्वाड्रीलैटरल की पैदल यात्रा (पुरुष वर्ग में) करने के लिए इस दौड़ को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा मान्यता दी गई और वर्ल्ड बुक्स ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन द्वारा भी मान्यता दी गई । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने श्री कुमार अजवानी की #GoldenQuadrilateralRun का बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार किया और भारतीय सैनिकों के पुनर्वास का समर्थन किया, जो हमारे देश की रक्षा करते हुए और आदिवासी स्कूलों की मदद करते हुए युद्ध में घायल हो गए थे।

बैंक की ग्रीन पहल '# BOBGreenRideWithMilind 2.0, एक पहल स्वच्छ हवा की ओर' को सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रचारित किया गया जिसमें पर्यावरण के संरक्षक और फिटनेस उत्साही मिलिंद सोमन के साथ भागीदारी की गई थी। इस पहल के अंतर्गत मिलिंद ने मुंबई से मैंगलोर तक लगभग 1,400 किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए एक साइकिल और एक इलेक्ट्रिक स्कूटर पर 8 दिनों की स्थायी यात्रा शुरू की। पर्यावरण के अनुकूल परिवहन, एक हरित जीवन शैली और स्वास्थ्य एवं फिटनेस के महत्व को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया पोस्ट और वीडियो प्रकाशित किए गए।

बैंक हमेशा से युवाओं और मिलेनियल्स के बीच ज्ञान अर्जन और शिक्षण को बढ़ावा देने का पक्षधर रहा है और जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल, जो एक प्रतिष्ठित वार्षिक साहित्यिक उत्सव होता है, इस क्षेत्र में विशेष करने के लिए एक सही अवसर था। साहित्य को बढ़ावा देने के लिए बैंक ने भारतीय भाषाओं में लिखे गए उपन्यासों के हिन्दी अनुवाद के लिए 'बैंक ऑफ बड़ौदा राष्ट्रभाषा सम्मान' की शुरुआत की है।

डिजिटल मोर्चे पर, बैंक ने गृह ऋण, कार ऋण, वैयक्तिक ऋण, एमएसएमई, मुद्रा ऋण आदि के लिए शुरू की गई डिजिटल यात्रा का लाभ उठाकर इससे व्यवसाय बढाने के लिए अपने डिजिटल मार्केटिंग प्रयासों को मजबूत किया। गृह, कार, वैयक्तिक और एमएसएमई ऋण जैसे विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं के बारे में जागरूकता फैलाने और व्यवसाय संवर्धन के लिए 100 से भी अधिक अभियान चलाए गए । डिजिटल पेड मार्केटिंग गतिविधियों के माध्यम से लगभग 10 लाख से अधिक लीड जनरेट की गईं जिनमें ₹170002 की राशि स्वीकृत की गई।

बैंक के सोशल मीडिया परिवार ने वित्त वर्ष 2022-23 में निरंतर और आक्रामक सोशल मीडिया रणनीति के साथ विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 2 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हासिल करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। परिणामस्वरूप, बैंक ने कुल 5 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स का कीर्तिमान हासिल किया है। इस वृद्धि में #IAmSocial अभियान ने महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसमें लगभग 80% बड़ौदियन एक साथ आए और बैंक के लिए एक मजबूत प्रशंसक आधार बनाने के लिए इसमें पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

इसके अलावा बैंक ने अपनी आक्रामक सोशल मीडिया कार्यनीति को जारी रखा, पूरे वर्ष अपने उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देते हुए अपनी डिजिटल उपस्थिति को मजबूत किया। बैंक ने जुलाई 2023 तक सभी प्लेटफार्मों पर 5 मिलियन फॉलोअर्स की उपलब्धि हासिल की।

महिलाओं को सशक्त बनाने और समानता को बढ़ावा देने के लिए बैंक कई सोशल मीडिया अभियान चलाता रहा है। अपने प्रयासों को जारी रखते हुए डिजिटल आईपी #SmashItWithSindu का तीसरा संस्करण, जिसमें बैंक ने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को आगे लाने और पीवी सिंधु और शेफाली वर्मा से मिलने के लिए एक मंच प्रदान किया।

पूरे वर्ष भर बैंक की सोशल मीडिया रणनीति ने बॉबवर्ल्ड की विभिन्न सुविधाओं और पेशकशों को प्रभावी ढंग से प्रचारित किया। खासकर त्योहारी मौसम में खूब प्रचार-प्रसार किया गया ।

बैंक की सोशल मीडिया उपस्थिति का विवरण नीचे दिया गया है:

सोशल मीडिया चैनल	31 मार्च 2023 तक के आंकड़े (लाइक्स/फॉलोअर्स की संख्या)
फ़ेसबुक लाइक्स	2.96 मिलियन +
ट्विटर फॉलोअर्स	9.29 मिलियन +
यू ट्यूब सब्सक्राइबर	5.22 मिलियन +
लिंक्डइन फॉलोअर्स	2.57 मिलियन +
इंस्टाग्राम फॉलोअर्स	4.43 मिलियन +
क्वोरा व्यू (1 जनवरी 2022 को शुरूआत हुई)	381,412 +

जहां तक वेबसाइट की बात है तो बैंक ऑफ बड़ौदा यूके लिमिटेड की वेबसाइट के लाइव होने के साथ बैंक ने वेबसाइट के केंद्रीयकरण की दिशा में एक और मील का पत्थर पार कर लिया है। इसके साथ बैंक ने केंद्रीयकरण परियोजना के तहत घरेलू कॉर्पोरेट वेबसाइट, अंतर्राष्ट्रीय टेरिटैरी/सहायक अनुषंगियों की वेबसाइटों और बॉब वर्ल्ड वेबसाइट सहित अपनी सभी 19 वेबसाइटों को सफलतापूर्वक संशोधित और केंद्रीकृत किया है। वित्त वर्ष 2022-23 में वेबसाइट में कुल 71.65 मिलियन सेशन रहे और कुल 34.71 मिलियन उपयोगकर्ताओं ने वेबसाइट को देखा, कुल सेशनों में से 67.44% ट्रैफिक आर्गेनिक स्रोतों से आ रहा है।

वेबसाइट की उन्नत सुविधाओं और कार्यात्मकताओं में अब निम्नलिखित सुविधाएं शामिल हैं:

- बेहतर वाइस सर्च के साथ मजबूत सर्च सुविधा
- आधिकारिक ब्लॉग, लीड मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) और परिष्कृत कैलकुलेटर
- बहुभाषी क्षमताएं उन्नत फ़िल्टर
- डब्लूसीएजी 2.0, जीडीपीआर अनुपालित, कुक्स प्रबंधन क्षमताएं

एक्सलेरेटिंग डिजिटल ग्रोथ

- रेगुलराइज्ड सर्च इंजन
- डेटा एकत्र करने, विश्लेषण और ट्रैकिंग एवं कनवर्जन के साथ कार्रवाई में सहायक डिजिटल मार्केटिंग इकोसिस्टम हेतु सभी वेबसाइट विश्लेषण सेटअप के लिए इष्टतम उपयोग (एसईओ)
- सर्वोत्तम एसईओ प्रक्रियाओं को लागू करके पेज के लोड होने के समय में सुधार करना

बैंक ने ईज 5.0 में दो सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन कार्यनिष्पादन संबंधित पैरामीटर, **डोमेन अथॉरिटी** और **कीवर्ड रैंकिंग** के लिए शीर्ष स्थान हासिल किया। बैंकिंग मंत्र सेक्शन में आर्गेनिक सेशन वर्ष-दर-वर्ष 417% बढ़ा। वित्त वर्ष 2023 के गूगल सर्च कंसोल डेटा के अनुसार बैंक ऑफ बड़ौदा वेबसाइट के पेजों पर कुल 511 मिलियन इंप्रेशन थे, जिनमें से क्लिक की कुल संख्या 53.8 मिलियन थी। उत्पाद संबंधी पृष्ठों के कार्यनिष्पादन में अच्छी खासी वृद्धि देखी गई, जैसा कि नीचे तालिका में दर्शाया गया है:

उत्पाद	वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि
वैयक्तिक ऋण	150%
बचत खाता	58%
गृह ऋण	40%
गोल्ड लोन	342%

वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान बैंक के कॉर्पोरेट वेबसाइट चैनल के माध्यम से विभिन्न उत्पादों के लिए कुल 3,95,899 लीड जुटाई गई। वित्त वर्ष 2023 के दौरान सबसे अधिक लीड जुटाने वाले शीर्ष 5 उत्पादों में मुद्रा ऋण (74,073), नए बहादुर-अग्निवीरों के लिए वेतन पैकेज (58,217), बड़ौदा गृह ऋण टेकओवर योजना (37,245), प्रधानमंत्री जन-धन योजना (36,957) और बंधक ऋण (17,406) शामिल हैं। वित्त वर्ष 2023 के दौरान बैंक को प्राप्त विभिन्न सोशल मीडिया पुरस्कारों का विवरण इस रिपोर्ट के पुरस्कार खंड में दिया गया है।

जनसंपर्क की बात करें तो इसका उद्देश्य बैंक ऑफ़ बड़ौदा ब्रांड को बढ़ावा देना, बैंक के वित्तीय कार्यनिष्पादन को उजागर करना और डिजिटल बैंकिंग, व्यावसायिक पहलों, उत्पाद लॉन्च, ब्याज दर ऑफरों, साझेदारियों, विपणन अभियानों, प्राप्त पुरस्कारों आदि संबंधी अन्य प्रमुख घोषणाओं को संप्रेषित करना था। वित्त वर्ष 2023 में, बैंक की विजिबिलिटी में बढ़ोतरी हुई और बैंक ऑफ बड़ौदा को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के रूप में #2 स्थान और देश के शीर्ष बैंकों में स्थान मिला।

बैंक ने नए युग की डिजिटल मार्केटिंग का लाभ उठाना जारी रखा है एवं भौतिक तथा डिजिटल मार्केटिंग के बीच संतुलन बनाए रखा है, इसका उद्देश्य एक महत्वाकांक्षी ब्रांड बनना है जो उपयोगी सामग्री प्रदान करके डिजिटल दर्शकों को जोड़ता है, सशक्त बनाता है एवं शिक्षित करता है तथा सतत विश्लेषण, आकलन और अनुभव, प्रतिक्रिया और क्षमताओं में सुधार कर बैंकिंग जरूरतों को पूरा करता है।

कॉर्पोरेट नैतिकता

बैंक ने 21 मई, 2022 को 'हमारी नैतिक आचरण संहिता' का शुभारंभ किया जो नैतिकता की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुई है, जिसे बैंक ने वर्ष 2021 में एक विशेष कॉर्पोरेट नैतिकता विभाग और एक शीर्ष स्तरीय नैतिकता समिति स्थापित कर अपनाया है । बैंक के प्रबंध निदेशक और कार्यपालक निदेशकों की उपस्थिति में आयोजित एक कार्यक्रम में इस नैतिक आचरण संहिता का शुभारंभ किया गया जिसमें बैंक के वरिष्ठ कार्यपालकगण उपस्थित रहे । यह विभाग बैंक की नैतिकता संबंधी योजना के आधार पर कार्य करता है जिसमें मुख्य रूप से नैतिक आचरण संहिता तैयार करना और इसे लागू करना, पूरे वर्ष शैक्षिक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना तथा नैतिकता मापन के लिए मेट्रिक्स तैयार करना शामिल है ।

यह आचरण संहिता देश में किसी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के लिए एक ऐतिहासिक पहल है। हमें आचरण संहिता को अपनाने तथा संगठन में नैतिक समस्याओं और मुद्दों को संभालने के लिए एक संस्थागत तंत्र तैयार करने में अग्रणी होने पर गर्व है। आचरण संहिता को दुनिया भर के समकक्ष संगठनों के साथ बेंचमार्क किया गया है और इस संस्कृति के अंतिम वाहक और संचालक के रूप में कर्मचारियों को इसके केंद्र में रखते हुए इसे हितधारक-केंद्रित दृष्टिकोण के आधार पर तैयार किया गया है । आचरण संहिता का हमारे बुनियादी मूल्यों के साथ गहरा संबंध हैं और यह संहिता हमारे सहकर्मियों और हितधारकों के साथ हमारे व्यवहार तथा हमारे साथ काम करने वालों से हमारी अपेक्षाओं के लिए एक मार्गदर्शी फ्रेमवर्क स्थापित करती है । यह संहिता बैंक और इसके कर्मचारियों के सम्मुख समकालीन चुनौतियों को दूर करती है और साइबर सुरक्षा एवं जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में उभरते महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान करते समय उनकी जिम्मेदारियों को रेखांकित करती है।

बदलते समय के साथ बैंकिंग उद्योग ने बहुत सी चुनौतियों का सामना किया है, लेकिन इसके बावजूद भी नैतिकता और विश्वास हमेशा बैंकिंग उद्योग के केंद्र में रहा है । यह संहिता हमें 'सही' करने के लिए सुदृढ़ता प्रदान करती है और यह हमारे बैंक की ब्रांड और प्रतिष्ठा को बढ़ाने में भी सहायक होगी । बैंक के शीर्ष कार्यपालक विभिन्न कर्मचारी जुड़ाव कार्यक्रमों के माध्यम से संहिता को लागू करने में समर्थन कर रहे हैं।

हमारी नैतिकता संबंधी योजनाओं की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए सबसे शक्तिशाली रणनीतियों में से एक संप्रेषण के प्रभावी चैनल विकसित करना है और इस प्रयास की दिशा में आचरण संहिता के अनुरूप 'स्पीक अप' पहल की शुरूआत की गई जो अनैतिक प्रक्रियाओं के विरूद्ध शिकायतों और मामलों को दर्ज करने के लिए बैंक में उपलब्ध चैनलों को उजागर करती है । इसके अलावा, कर्मचारियों के रचनात्मक योगदान को संकलित कर एक त्रैमासिक इन-हाउस पत्रिका-'बड़ौदा संस्कृति' की शुरुआत की गयी । नैतिक आचरण संहिता से नियमित स्निपेट, प्रश्नोत्तरी, प्रतियोगिताओं, सीओई पर द्विभाषी ऑडियो बुक और अन्य डिजिटल संप्रेषणों जैसे नैतिक दुविधाओं पर आधारित वीडियो -नैतिक श्रृंखला- जैसी नैतिकता विभाग की पहल भी नैतिकता के संबंध में बेहतर जागरूकता सुनिश्चित करती हैं । विभाग ने सभी कर्मचारियों के लिए एचआर कनेक्ट में नैतिकता का शपथ ग्रहण करने हेतु एक अभियान भी चलाया और इस अभियान में समग्र रूप से बैंक ने 97% की उपलब्धि हासिल की ।

सभी कर्मचारियों के लिए नैतिकता से संबन्धित वेबिनार, विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम और अनिवार्य ई-लर्निंग पाठ्यक्रम यह सुनिश्चित करते हैं कि सभी कर्मचारियों के लिए नैतिकता संहिता लागू हो और हमारे बैंक में नैतिकता एवं

पारदर्शिता की संस्कृति सुदृढ़ हो ।

एक ऐसी कॉर्पोरेट संस्कृति जो कर्मचारियों को नैतिक रूप से व्यवहार करने और अनैतिक व्यवहारों के विरूद्ध आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित करती है, विकसित कर हम आशा करते हैं कि हमारा संगठन एक ऐसा सशक्त माहौल प्रदान करने, सोशल एंड गवर्नेंस (ईएसजी) अपनाने में सक्षम होगा जिसमें अपने सभी हितधारकों के हितों का ध्यान रखा जा सकेगा ।

ग्राहक सेवा

बैंक लगातार उद्योग बेंचमार्क निर्धारित करने और उत्पाद, प्रक्रिया तथा सेवाएं उपलब्ध कराने संबंधी नवोन्मेषी प्रयासों में अग्रणी रहता है जो अपने ग्राहकों को निर्बाध अनुभव प्रदान करने के लिए अनिवार्य है। सभी चैनलों पर ग्राहकों से संवाद की लगातार निगरानी की जाती है और घर बैठे बैंकिंग सुविधा को आसान बनाने के लिए चैनल की क्षमताओं (सुविधाओं और उपयोगकर्ता अनुभव) को संवर्द्धित किया गया है । बैंक ने यह सुनिश्चित किया है कि ग्राहकों द्वारा अक्सर उपयोग की जाने वाली सुविधाओं को डिजिटल चैनलों और संपर्क केंद्र के माध्यम से उपलब्ध कराया जाए । 24*7 कार्यरत संपर्क केंद्र में ग्राहकों से उनकी पसंदीदा भाषाओं में जुड़ने की सुविधा उपलब्ध है । हिंदी और अंग्रेजी के अलावा, भाषा की उपलब्धता को बढ़ाकर नौ क्षेत्रीय भाषाओं में कर दिया गया है ।

संपर्क केंद्र की विशेषताएं :

1. संपर्क केंद्र में वर्ष के दौरान प्रति दिन 1.5 लाख से अधिक औसत इनबाउंड ग्राहक कॉल प्राप्त हुए और आईवीआर के माध्यम से प्रतिदिन 1.00 लाख से अधिक कॉल का जवाब दिया गया।
2. बिक्री और सर्वेक्षण के लिए प्रति दिन औसतन 1.00 लाख से अधिक आउटबाउंड कॉल ।
3. संपर्क केंद्र ने 6 विदेशी क्षेत्रों अर्थात् बोत्सवाना, मॉरीशस, युगांडा, ओमान, फिजी और सेशेल्स को आपातकालीन सेवाएं प्रदान कीं।
4. संपर्क केंद्र द्वारा 24*7 एफआरएमएस अलर्ट।
5. विशेष रूप से बॉब वर्ल्ड इंटरनेट और बॉब वर्ल्ड मोबाइल बैंकिंग से संबंधित शिकायतों के लिए संपर्क केंद्र पर L2 हेल्पडेस्क उपलब्ध हैं ।
6. संपर्क केंद्र, एजेंटों के माध्यम से 24*7 आधार पर 15 आईवीआर सेवाएं और 16 अन्य सेवाएं प्रदान कर रहा है।
7. बैंकिंग उद्योग में ग्राहकों के लिए लाइव वीडियो कॉल और लाइव वेब चैट की सुविधा शुरू करने वाला पहला संपर्क केंद्र है ।
8. अब संपर्क केंद्र में एआई-आधारित कई तकनीक जैसे स्पीच एनालिटिक्स, सोशल मीडिया टूल्स, स्वचालित ई-मेल टूल, जीनी प्रशिक्षण टूल, ऑरा कॉल क्वालिटी टूल, पॉवर बीआई स्मार्ट डैशबोर्ड और कई अन्य तकनीक उपलब्ध हैं ।

वित्त वर्ष 2023 के दौरान, बैंक ने शिकायतों को [illegible]

विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार, ग्राहकों में उनकी शिकायतों के निस्तारण के संबंध में विश्वास जगाने के लिए बैंक में एक आंतरिक लोकपाल तंत्र भी उपलब्ध है ।

ऑनलाइन लेन-देन संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए बैंक ने एक ऑनलाइन विवाद निवारण (ओडीआर) तंत्र भी लागू किया है । साथ ही, संपर्क केंद्र में इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम (आईवीआर) के माध्यम से बड़ौदा कनेक्ट ब्लॉकिंग की सुविधा प्रदान की गई है।

बैंक ग्राहकों को उपलब्ध कराए जा रहे निस्तारण की गुणवत्ता की निगरानी के लिए 100% गैर-एडीसी शिकायतों और 5-10% एडीसी शिकायतों की गुणवत्ता की जांच करता है । गुणवत्ता जांच के परिणाम संबंधित निस्तारणकर्ता समूह के साथ साझा किए जाते हैं । गुणवत्ता जाँच की प्रक्रिया को और अधिक कुशल तथा कम श्रमसाध्य बनाने के लिए बैंक ने आईआईटी- बॉम्बे के सहयोग से एक AI टूल विकसित किया है जो निवारण की गुणवत्ता का आकलन करेगा, इस प्रकार अपेक्षित समय और मानव बल में भी कमी आएगी ।

शाखा नेटवर्क

31 मार्च, 2023 को बैंक का शाखा नेटवर्क निम्नानुसार है:

	31 मार्च, 2022		31 मार्च, 2023	
घरेलू शाखाएं	शाखाओं की संख्या	कुल में % हिस्सा	शाखाओं की संख्या	कुल में % हिस्सा
मेट्रो	1,766	21.62	1,787	21.79
शहरी	1,475	18.06	1,471	17.94
अर्द्ध-शहरी	2,083	25.50	2,075	25.31
ग्रामीण	2,844	34.82	2,867	34.96
कुल	8,168	100.00	8,200	100.00
विदेशी शाखाएं / कार्यालय (विदेशी अनुषंगियों की शाखाओं सहित)	94		93	

वित्त वर्ष 2023 के दौरान बैंक ने 73 नई घरेलू शाखाएं खोली और 41 शाखाओं को मौजूदा शाखाओं के साथ विलय किया गया ।

करेंसी चेस्ट

दिनांक 31 मार्च, 2023 को करेंसी चेस्ट की संख्या 137 थी । ये चेस्ट बैंक में प्रभावी नकदी प्रबंधन के साथ-साथ भारतीय रिज़र्व बैंक की ओर से नकदी को तिजोरी में रखने में सहयोग प्रदान करते हैं । भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप सभी करेंसी चेस्टों के साथ-साथ शाखाओं को भी नोट सॉर्टिंग मशीन (एनएसएम) उपलब्ध करवाई गई है ।

जोखिम गवर्नेंस एवं आंतरिक नियंत्रण

जोखिम पर अधिक ध्यान केंद्रित और गवर्नेंस फ्रेमवर्क का समर्थन के तहत जोखिम की पहचान करने, इसकी निगरानी करने एवं जोखिम से निपटने और उसका प्रबंध करने हेतु बैंक के स्तर पर विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण करना शामिल है । प्राय: जिसका उल्लेख "सुरक्षा की तीन पंक्तियों" के रूप में किया जाता है, इन तीनों पंक्तियों में से प्रत्येक की महत्वपूर्ण भूमिका है और ये निम्नानुसार हैं :

i. बचाव की प्रथम पंक्ति - इसमें बैंक के व्यवसाय वर्टिकल और परिचालन इकाइयों का समावेश है क्योंकि उन्हें जोखिम का प्रभावी प्रबंधन एवं विनियमों, बैंक की पॉलिसियों और दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना है ।

ii. बचाव की दूसरी पंक्ति - इसमें जोखिम नियंत्रण के स्वामियों, जोखिम प्रबंधन कार्यों एवं अनुपालन कार्यों का समावेश है । यह बचाव की प्रथम पंक्ति से स्वतंत्र रूप से इंटरप्राइज़ आधार पर जोखिम की पहचान, आकलन, निगरानी एवं रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार है ।

iii. बचाव की तीसरी पंक्ति - यह आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग द्वारा आंतरिक जोखिम आधारित और अन्य लेखापरीक्षा के माध्यम से उपलब्ध कराया गया स्वतंत्र आश्वासन है । इसकी समीक्षा निदेशक मंडल को यह आश्वासन देती है कि जोखिम गवर्नेन्स फ्रेमवर्क सहित समग्र गवर्नेंस फ्रेमवर्क प्रभावी है और पॉलिसियां और प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं तथा उन्हें निरंतर लागू किया जाता है । लेखापरीक्षा कार्य की भूमिका सुनिर्धारित है और उनका निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति द्वारा अवलोकन किया जाता है ।

जोखिम प्रबंधन एवं अनुपालन

जोखिम बैंकिंग व्यवसाय का एक अविभाज्य अंग है और बैंक का लक्ष्य जोखिम और रिटर्न के बीच एक उचित संबंध स्थापित करना है । सतत एवं निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए, बैंक ने एक सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन ढांचा विकसित किया है ताकि बैंक द्वारा माने गए जोखिमों का सही मूल्यांकन और निगरानी की जा सके । बैंक परिभाषित जोखिम क्षमता सीमा और बैंक के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुरूप अंदर ही व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करता है । विभिन्न जोखिमों पर ध्यान केंद्रित करने की सुविधा हेतु निदेशक मंडल की विशेष समिति का गठन किया गया है । निदेशक मंडल ने विभिन्न प्रकार के जोखिमों की निगरानी के लिए निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंधन समिति का भी गठन किया है । इसमें निदेशक मंडल की विशेषज्ञ जोखिम सलाहकारों की सहायता ली जाती है । निदेशक मंडल अथवा निदेशक मंडल की समिति द्वारा समय - समय पर अनुमोदित पॉलिसी प्रत्येक प्रकार के जोखिम के गवर्निंग फ्रेमवर्क के अनुरूप होती हैं ।

बासेल III फ्रेमवर्क

बैंक का जोखिम प्रबंधन ढांचा तीन बेसल स्तंभों, यानी स्तंभ I- पूंजी पर्याप्तता, स्तंभ II-पर्यवेक्षी समीक्षा और स्तंभ III-बाजार अनुशासन पर मजबूती से टिका हुआ है । बैंक सुदृढ़ पूंजी स्तर के बने रहने से मजबूत हुआ है । बैंक ने अपेक्षित पूंजी संरक्षण बफर सहित सामान्य इक्विटी टियर I, अतिरिक्त टियर I और टियर II पूंजी के पर्याप्त स्तर को बनाए रखा है । फ्यूचरिस्टिक कैपिटल प्रोजेक्शन यह सुनिश्चित करता है कि बैंक व्यावसायिक आवश्यकता के अनुसार बाजार से अतिरिक्त पूंजी जुटाने के लिए हमेशा तैयार है । ऋण जोखिम और पूंजी पर्याप्तता टीम द्वारा जोखिम भारित आस्तियों की स्थिति पर लगातार कड़ी निगरानी रखी जाती है । पर्याप्त पूंजी और औचित्यपूर्ण जोखिम भारित आस्तियां बैंक के लिए जोखिम भारित आस्ति अनुपात (सीआरएआर) हेतु मजबूत पूंजी सुनिश्चित करती हैं ।

बैंक के पास व्यापक आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया और दबाव परीक्षण नीति है । पूंजी पर्याप्तता का आकलन मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार

पिलर 2 जोखिमों जैसे चलनिधि जोखिम, ब्याज दर जोखिम, संकेंद्रण जोखिम आदि और दबाव वाली स्थितियों (सामान्य और प्रतिकूल दोनों स्थितियों के तहत) को ध्यान में रखते हुए किया जाता है । बैंक के भीतर विभिन्न जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन और प्रबंधन के लिए निर्धारित प्रणाली की एक संक्षिप्त रूपरेखा नीचे दी गई है ।

उद्यम जोखिम प्रबंधन

बैंक के व्यवसाय के विभिन्न पहलुओं के लिए सशक्त जोखिम प्रबंधन संस्कृति को बढ़ावा देने, सभी जोखिमों की जल्द पहचान, मूल्यांकन, मापन, एकत्रीकरण और प्रबंधन में मदद करने और पूंजी आबंटन की सुविधा के लिए एक व्यापक उद्यम जोखिम प्रबंधन दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है । सभी जोखिम अति महत्वपूर्ण जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क द्वारा स्वीकृत हैं और पर्याप्त रूप से सुरक्षित किए गए हैं । बैंक सभी स्तरों पर कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करके और विभिन्न स्थानीय कार्यशालाओं का आयोजन करके एक मजबूत जोखिम जागरूकता संस्कृति विकसित करने का प्रयास कर रहा है ।

जलवायु जोखिम

बैंक यह मानता है कि हमारे व्यवसाय की दीर्घकालिक वृद्धि के लिए पर्यावरण संवहनीयता महत्त्वपूर्ण है और तदनुसार, ऊर्जा दक्षता, अपशिष्ट में कमी, जैव विविधता, जल संरक्षण, हरित अवसंरचना, स्थायी कृषि आदि के विशिष्ट डोमेन में कार्य करना शुरू कर दिया गया है। इन क्षेत्रों में संवहनीयता को प्राथमिकता देकर हम संवहनीय विकास का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं जिससे अर्थव्यवस्था और पर्यावरण दोनों को लाभ होगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि उभरते हुए खतरों के बारे में समझ और जागरूकता को बढ़ावा दिया जाए और हितधारकों-ग्राहकों और विक्रेताओं, दोनों को दीर्घकालिक पर्यावरण संवहनीयता हासिल करने की बेहतर प्रक्रियाओं पर समान रूप से प्रशिक्षित किया जाए।

संवहनीय वित्त पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, निवेश के बदलते स्वरूप ने वित्तीय बाजारों के विन्यास और दायरे को बदलना शुरू कर दिया है जो इस उद्देश्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। हम मानते हैं कि इस चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थिति में एकाधिक-हितधारक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। बैंक संवहनीय वित्त कार्यनीति संबंधी प्रणालियों और वितरण पर जोर देने के साथ-साथ डीकार्बोनाइजेशन, सकारात्मक सामाजिक प्रभाव और बेहतर गवर्नेंस की दिशा में वित्त और निवेश को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत है। बैंक जलवायु जोखिम से संबंधित चुनौतियों को कम करने, उनका सामना करने और अनुकूलन के लिए उत्पादों और प्रणालियों हेतु एक सकारात्मक दृष्टिकोण रखता है।

बैंक ने जलवायु जोखिम और संवहनीयता के कारण उत्पन्न होने वाले जोखिम के प्रबंधन के लिए एक सकारात्मक दृष्टिकोण भी विकसित किया है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ गवर्नेन्स संरचना, जलवायु परिवर्तन संबंधी जोखिमों का सामना करने की कार्यनीति और जोखिम प्रबंधन की संरचना शामिल है ताकि सूक्ष्म-विवेकपूर्ण दृष्टिकोण से उनका प्रभावी प्रबंधन किया जा सके।

ऋण जोखिम

ऋण जोखिम का प्रबंधन निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित फ्रेमवर्क के माध्यम से किया जाता है, जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सर्वोत्तम व्यवहारों के अनुरुप नीतियां, प्रक्रियाओं तथा रिपोर्टिंग पद्धति को निर्धारित करते हैं। बैंक के पास क्रेडिट एक्सपोजर में जोखिम की पहचान, मापन निगरानी और नियंत्रण हेतु मजबूत ऋण मूल्यांकन एवं जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क है।

बैंक उधारकर्ता-वार ऋण जोखिम के मूल्यांकन के लिए विभिन्न आंतरिक ऋण जोखिम मूल्यांकन मॉडलों एवं स्कोरकार्डों का उपयोग करता है। उधारकर्ताओं की आंतरिक क्रेडिट रेटिंग के लिए विभिन्न क्रेडिट जोखिम मॉडल आंतरिक रूप से विकसित किए गए हैं। उनकी समीक्षा बाहरी सत्यापन के साथ व्यापक सत्यापन के माध्यम से की जाती है और उनका परीक्षण किया जाता है। तीन एमएसएमई स्कोर कार्ड मॉडेल को शामिल करते हुए, दक्षतापूर्ण और मजबूत डेटा प्रबंधन प्रणाली के लिए बैंक ने हाल ही में अपनी आंतरिक क्रेडिट रेटिंग प्रणाली को अपग्रेड किया है। आंतरिक रेटिंग को स्वतंत्र रेटिंग मानक प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाता है।

स्थिर पोर्टफोलियो का निर्माण और पोर्टफोलियो संकेन्द्रण से जोखिम को कम करने के उद्देश्य से बैंक ने क्रेडिट संकेन्द्रण जोखिम प्रबंधन करने हेतु उद्योगों, क्षेत्रों और ऋणकर्ताओं के लिए विवेकशील उच्च सीमाएं तय कर रखी हैं। बैंक ने विभिन्न देशों, राज्य सरकारों, समूह उधारकर्ताओं आदि के जोखिम मूल्यांकन के लिए इन-हाउस मॉडल विकसित किए हैं और जोखिम की सीमा तय की है। बेहतर जोखिम निगरानी के एक भाग के रूप में बैंक के प्रमुख एक्सपोजर, सेगमेंट, उद्योगों और सेक्टरों के लिए तिमाही आधार पर समीक्षा की जाती है। एक समर्पित टीम पोर्टफोलियो के प्रदर्शन पर प्रभाव का आकलन करने के लिए आंतरिक और बाहरी कारकों को ट्रैक करती है और सक्रिय उपचारात्मक कार्रवाइयों की सिफारिश करती है। बैंक व्यापक विषयगत समीक्षा भी करता है जिसमें सेक्टर आउटलुक और अन्य घटना-विशिष्ट प्रभाव का अध्ययन शामिल हैं।

मजबुत ऋण संस्कृति और एक सुगठित ऋण अनुमोदन प्रक्रिया की स्थापना के लिए जोखिम मूल्यांकनकर्ताओं और व्यावसायिक कार्यों की स्वतंत्रता पर पर्याप्त ध्यान दिया जाता है।

बाज़ार जोखिम

बाज़ार जोखिम का अर्थ बाजार दरों या ट्रेडिंग पोर्टफोलियो के मूल्यों में प्रतिकूल परिवर्तन के कारण अर्जन या आर्थिक मूल्य के नुकसान का जोखिम है। विभिन्न बाजार उत्पादों के आर्थिक मूल्य में बदलाव के मुख्य कारकों में ब्याज आदि की दरें, विनिमय दरें, आर्थिक विकास तथा कारोबार विश्वास में परिवर्तन शामिल हैं। बैंक ने अपने ट्रेजरी-कार्यो को नियंत्रित करने और उनकी निगरानी करने के लिए व्यवस्थित नीतियां बनाई हैं जो बाज़ार जोखिम स्थितियों को संभालती है।

जोखिम प्रबंधन के एक भाग के रूप में मिड ऑफिस दैनिक आधार पर अवधि, संशोधित अवधि, पीवी 01 और जोखिम पर मूल्य (वीएआर) के माध्यम से अपनी ट्रेडिंग बुक में ब्याज दर के जोखिम का आकलन करता है और निगरानी करता है। विदेशी मुद्रा जोखिम का दैनिक आधार पर नेट ओवरनाईट ओपन पोजिशन लिमिट (एनओओपीएल), वीएआर सीमा, कुल गैप सीमाएं (एजीएल), इंडिविजुअल गैप लिमिट (आईजीएल) के संदर्भ में आकलन किया जाता है और निगरानी की जाती है। इक्विटी मूल्य जोखिम का वीएआर सीमाओं और पोर्टफोलियो आकार सीमाओं के माध्यम से आकलन किया जाता है और उसकी निगरानी की जाती है। लेनदेन स्तर पर, स्टॉप हानि-सीमा और डीलर-वार सीमा निर्धारित और कार्यान्वित की गई है। मिड ऑफिस दैनिक आधार वीएआर नंबरों की बैक टेस्टिंग भी करता है। अपने दबाव परीक्षण फ्रेमवर्क के तहत, बैंक त्रैमासिक आधार पर अपनी व्यापारिक बही-पोर्टफोलियो और ट्रेजरी ट्रेडिंग पोर्टफोलियो के रिस्क रिटर्न का व्यापक दबाव विश्लेषण करता है। बैंक के लिए बाजार जोखिम पूंजी प्रभार की गणना मिड ऑफिस द्वारा विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप मानकीकृत अवधि दृष्टिकोण (एसडीए) के अनुसार की जाती है।

आस्ति देयता प्रबंधन

तरलता जोखिम उचित लागत पर अपेक्षित और अप्रत्याशित नकदी और संपार्श्विक दायित्वों को पूरा करने की अक्षमता है। बैंक में प्रवाह दृष्टिकोण तथा स्टॉक दृष्टिकोण और भारतीय रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार अन्य विवेकपूर्ण माध्यमों से तरलता जोखिम निर्धारण किया जाता है एवं इसकी निगरानी की जाती है। बैंक ने तरलता मानकों पर बेसल III फ्रेमवर्क, तरलता कवरेज अनुपात, तरलता जोखिम मॉनीटरिंग टूल्स और एलसीआर घोषणा मानकों को कार्यान्वित कर दिया है। एलसीआर मानकों का ध्येय यह सुनिश्चित करना है कि बैंक पर्याप्त भार रहित उच्च कोटि की आस्तियां रखे जिन्हें नकदी में बदला जा सके, जो महत्वपूर्ण गंभीर तरलता दबाव की स्थिति में 30 कैलेंडर दिनों की आवश्यकता को पूरा कर सके। बैंक हमेशा एकल के साथ-साथ समेकित आधार पर भी एलसीआर के निर्धारित स्तर से ऊपर रहा है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने 01 अक्टूबर 2021 से एनएसएफआर (निवल स्थिर निधियाँ अनुपात) भी लागू किया है जो लंबी अवधि में फ्लेक्सिबिलिटी को बढ़ावा देता है जिससे बैंकों को निरंतर आधार पर अधिक स्थिर स्रोतों के साथ अपनी गतिविधियों को निधि देने की आवश्यकता होती है। एनएसएफआर यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि बैंक अपनी परिसंपत्तियों की संरचना और तुलन पत्र से इतर गतिविधियों के संबंध में एक स्थिर फंडिंग प्रोफाइल बनाए रखे। बैंक का एनएसएफआर 100% के निर्धारित स्तर से काफी ऊपर रहा है।

बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम (आईआरआरबीबी) संवेदनशील आस्तियों और देनदारियों के बीच अंतर के कारण उत्पन्न होता है, जो बाजार में ब्याज दरों में बदलाव के साथ बैंक की इक्विटी की आय/ आर्थिक मूल्य पर काफी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। बैंकिंग बहियों में ब्याज दर जोखिम के आकलन और निगरानी के लिए बैंक जोखिम प्रबंधन माध्यमों का उपयोग करता है जैसे कि पारंपरिक अंतर विश्लेषण, जोखिम पर आय और इक्विटी की परिवर्तित अवधि। निवल ब्याज आय (एनआईआई) पर ब्याज दर संचलन का अल्पकालिक प्रभाव "जोखिम पर अर्जन" दृष्टिकोण के माध्यम से निर्धारित होता है, जिसमें आय वक्र जोखिम, बेसिस जोखिम और निहित ऑप्शन्स जोखिम में समानांतर रूप से परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए दृष्टिकोण को अपनाया जाता है। ब्याज दर संचलन के दीर्घकालीन प्रभाव को इक्विटी के बाज़ार मूल्य (एमवीई) में परिवर्तन के माध्यम से आकलन किया जाता है एवं उसकी निगरानी की जाती है।

परिचालन जोखिम

संगठन में परिचालन जोखिम के प्रभावी प्रबंधन के लिए बैंक के पास एक सुपरिभाषित परिचालन जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क (ओआरएमएफ) और परिचालन जोखिम प्रबंधन प्रणाली (ओआरएमएस) है। ओआरएमएफ में परिचालन जोखिम, शासकीय संरचना, नीतियां, प्रक्रिया और प्रबंधन के लिए संगठनात्मक संरचना शामिल है। ओआरएमएस में बैंक द्वारा परिचालन जोखिम की पहचान, आकलन, निगरानी, नियंत्रण और इसे कम करने संबंधी प्रणालियां शामिल हैं।

बैंक के पास डाटा कैप्चर करने एवं परिचालनगत जोखिम के एकीकृत प्रबंधन के लिए वेब आधारित परिचालनगत जोखिम प्रबंधन सिस्टम है। बेहतर प्रौद्योगिकी के उपयोग करने के हमारे प्रयासों के तहत परिचालनगत जोखिम अनुपालन एवं गवर्नेंस को लागू करने के लिए हमारे बैंक ने वेब आधारित परिचालनगत जोखिम प्रबंधन प्रणाली को स्थापित किया है।

मुख्य जोखिम संकेतक प्रोग्राम (केआरआई), रिस्क कंट्रोल एंड सेल्फ असेसमेंट प्रोग्राम (आरसीएसए) की निगरानी और मूल कारण विश्लेषण ने नियंत्रण वातावरण को और मजबूत किया है। बैंक ने परिचालन जोखिम प्रबंधन के हिस्से के रूप में आंतरिक क्षति डेटा का भंडार बनाया है। बदलते व्यवसायी माहौल में उत्पादों और प्रक्रियाओं की निरंतर समीक्षा जोखिम संस्कृति को और मजबूत बनाती है।

कर्मचारियों के बीच जोखिम संस्कृति, मूल्यों, विश्वासों, ज्ञान, दृष्टिकोण और जोखिम के बारे में समझ को विकसित करने के प्रयास किए जाते हैं। इसे सुनिश्चित करने के लिए ईमेल, वर्कशॉप, वेबिनार, मीटिंग, फ़्लायर, मैगज़ीन, ई-लर्निंग मॉड्यूल आदि के माध्यम से कर्मचारियों में जागरूकता पैदा करने के लिए अभियान चलाए जाते हैं।

व्यवसाय निरंतरता योजना

व्यवधानों के दौरान शाखाओं और कार्यालयों में परिचालन की निरंतरता और ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए बैंक के पास एक विस्तृत और प्रभावी व्यवसाय निरंतरता की योजना (बीसीपी) है। यह ढांचा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप है। बैंक व्यवसाय निरंतरता तैयारियों को मजबूत करने की दिशा में लगातार काम करता है। बैंक ISO 22301:2019 प्रमाणन प्राप्त करने की प्रक्रिया में भी अग्रसर है।

बैंक के पास आईएसओ 27001:2013 प्रमाणित डाटा सेंटर और डिजास्टर रिकवरी साइट है। डेटा सेंटर में किसी भी प्रकार की बाधा की स्थिति में बैंक की डिजास्टर रिकवरी साइट सीबीएस और बैंक के अन्य कार्यों को संभालने में सक्षम है।

अनुपालन

अनुपालन कार्यकलाप बैंक के कार्पोरेट गवर्नेंस संरचना में एक महत्वपूर्ण घटक है। बैंक में अनुपालन कार्य पर्याप्त रूप से सक्षम एवं स्वतंत्र है। अनुपालन विभाग बैंककारी विनियमन अधिनियम, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम और धन शोधन निवारण अधिनियम आदि के साथ-साथ समय-समय पर जारी किए गए अन्य विनियामक अधिनियमों जैसे विभिन्न कानूनों में निहित सभी वैधानिक प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करता है। यह बैंक की आंतरिक नीतियों और निष्पक्ष व्यवहार संहिता के अनुपालन को भी सुनिश्चित करता है। बैंक के पास सुव्यवस्थित अनुपालन नीति है जो बैंक के अनुपालन के दर्शन, भूमिका और अनुपालन विभाग के गठन, उसके स्टाफ की संरचना और उनकी विशेष जिम्मेदारियों को रेखांकित करती है।

अनुपालन प्रणाली बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन और निदेशक मंडल को लागू कानूनों, नियमों और वैश्विक मानकों पर सलाह देती है और इस क्षेत्र में हो रही प्रगति से उनको अवगत कराती है। यह बैंक के व्यवसाय से जुड़े स्टाफ और नामित अनुपालन अधिकारियों के साथ-साथ कर्मचारियों के लिए आवधिक प्रशिक्षण एवं कार्यशाला के द्वारा अनुपालन के मामलों पर उन्हें शिक्षित करती है। इस उद्देश्य के लिए बैंक की वेबसाइट पर नॉलेज मैनेजमेंट टूल को भी अपलोड किया गया है। बैंक ने अनुपालन प्रणाली को और सुदृढ़ बनाने के लिए बैंक में प्रत्येक स्तर पर प्रमाणीकरण और विभिन्न नियामक, सांविधिक और आंतरिक दिशानिर्देशों की निगरानी के लिए एक वेब आधारित अनुपालन प्रबंधन समाधान को कार्यान्वित किया है। बैंक ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के निष्पक्ष प्रकटीकरण और आचरण कोड में परिभाषित "इनसाइडर" से जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया को स्वचालित किया है।

अन्य गतिविधियों के तहत क्षेत्रीय अनुपालन अधिकारियों (आरसीओ) के माध्यम से केवाईसी-एएमएल से संबंधित 93 से अधिक मानदंडों एवं अनुपालन

के अन्य मानदंडों पर ऑन-साइट अनुपालन जांच संबंधी घरेलू अनुपालन कार्य पूरा किया गया। तिमाही आधार पर लगभग 25% शाखाओं का रैंडम रूप से चयन किया जाता है। बैंक छमाही आधार पर विभिन्न कार्यों की ऑन-साइट अनुपालन लेखा परीक्षा भी करता है। केवाईसी/एएमएल दिशानिर्देशों और अनुपालन के अन्य मानदंडों से संबंधित लगभग 52 मानदंडों पर वेब आधारित टूल-ऑफ़साइट कंप्लायंस रिपोर्टिंग एंड मॉनिटरिंग सिस्टम (ओसीआरएमएस) के माध्यम से मासिक आधार पर ऑफ़साइट अनुपालन जांच कार्य पूरा किया गया।

एक वार्षिक समूह व्यापी अनुपालन योजना तैयार की जाती है और योजना का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए नियमित निगरानी की जाती है। बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के ट्रेंच-III डेटा टेम्प्लेट, ऑनसाइट/ऑफसाइट/वर्टिकल टेस्ट चेक रिपोर्ट आदि से मापदंडों को सोर्स करके सालाना आधार पर बैंक का अनुपालन जोखिम मूल्यांकन (सीआरए) भी करता है और सीआरए स्कोर प्राप्त करता है। गैर-अनुपालित विनियामक मापदंडों के समय पर अनुपालन के लिए जोखिम उन्मुख गतिविधि योजना तैयार करने के लिए बैंक सीआरए मैट्रिक्स का भी उपयोग करता है।

बैंक ने सिस्टम और प्रक्रियाओं में गैप को चिन्हित करने और सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए डेटा डंप विश्लेषण के लिए डेटा एनालिटिक्स सेल (DAC) के निर्माण जैसी कई नई पहल की हैं। उत्पाद विश्लेषण यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि नया/ मौजूदा उत्पाद उम्मीद के मुताबिक कार्य कर रहा है और सभी नियामक दिशानिर्देशों को पूरा कर रहा है। इसी तरह, परिपत्र की वेटिंग यह सुनिश्चित करने के लिए की जाती है कि वर्टिकल द्वारा जारी दिशानिर्देश भारतीय रिज़र्व बैंक/सांविधिक दिशानिर्देशों के अनुरूप हैं। इसके अलावा कुछ महत्वपूर्ण विनियामक और/या वैधानिक दिशा-निर्देशों की पहचान की गई है, जो महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इन दिशा-निर्देशों में कोई भी उल्लंघन नियामक के प्रतिकूल अवलोकन को आमंत्रित कर सकता है। इन दिशानिर्देशों को प्रमुख अनुपालन संकेतक (केसीआई) कहा जाता है और उल्लंघन/ विचलन के मामले में तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए समय-समय पर निगरानी की जाती है। ये गतिविधियां बैंक की अनुपालन स्थिति को और मजबूत करने में बैंक की मदद करेंगी।

बैंक ने वास्तविक समय के आधार पर फील्ड अधिकारियों से दंड, अप्रसन्नता पत्र, चेतावनी पत्र आदि पर डेटा एकत्र करने के लिए एक पोर्टल भी विकसित किया है। यह बैंक को केंद्रीय रूप से डेटा की निगरानी करने और तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई करने में सक्षम बनाता है।

क्षमता निर्माण की प्रक्रिया में, बैंक ने अनुपालन के क्षेत्र में नवीनतम विषयों पर विभिन्न बाहरी संस्थानों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से सभी अनुपालन अधिकारियों और नामित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया है। व्यावसायिक दक्षता को बढ़ावा देने हेतु बैंक स्टाफ सदस्यों को भारतीय बैंकिंग एवं वित्त संस्थान (आईआईबीएफ), एसोसिएशन ऑफ सर्टिफाइड एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग स्पेशिलिस्ट (एसीएएमएस) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से पेशेवर पाठ्यक्रम करने हेतु प्रोत्साहित करता है।

वित्त वर्ष 2023 के दौरान लघु खाते के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के उल्लंघन और ब्याज दरों की शैड्यूल के अनुरूप कुछ सावधि जमा खातों में ब्याज दरों का भुगतान करने में विफलता के अलावा, अनुपालन विफलता से संबंधित कोई महत्त्वपूर्ण घटना दर्ज नहीं की गई।

केवाईसी/ एएमएल अनुपालन

बैंक के पास एक सुव्यवस्थित केवायसी-एएमएल-सीएफटी नीति है। इस नीति के आधार पर, धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के अंतर्गत बैंक के केवायसी मानदंडों, एएमएल मानकों एवं सीएफटी उपायों तथा बैंक के दायित्वों को कार्यान्वित किया जाता है। बैंक इलेक्ट्रानिक रुप से नकदी लेन-देन रिपोर्ट (सीटीआर), जाली मुद्रा रिपोर्ट (सीसीआर), गैर लाभकारी संगठनों की लेन-देन रिपोर्ट (एनटीआर) और क्रॉस बॉर्डर वायर ट्रांसफर (ईएफटी) रिपोर्ट को एफआईयू - आईएनडी, नई दिल्ली के पोर्टल पर प्रत्येक माह निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करता है।

बैंक ने केन्द्रीय लेन-देन निगरानी इकाई (सीटीएमयू) की स्थापना की है और ग्राहकों के खातों में संदिग्ध लेन-देन पैटर्न की निगरानी और पहचान तथा सिस्टम में पूर्व निर्धारित अलर्ट मानदंडों के आधार पर सिस्टम आधारित लेन-देन अलर्ट जनरेट करने के लिए एक एएमएल सॉल्यूशन स्थापित किया है। ग्राहकों के खातों का अर्धवार्षिक आधार पर सिस्टम आधारित जोखिम वर्गीकरण (धन शोधन निवारण जोखिम वर्गीकरण) किया जाता है। भारतीय रिज़र्व बैंक के वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुरूप धन शोधन जोखिम वर्गीकरण करने के पश्चात सभी पात्र ग्राहकों का अर्धवार्षिक आधार पर पुनः केवाईसी किया जाता है। इस उद्देश्य से, बैंक ने ऐसे ग्राहकों की पहचान एवं उनके लिए सूचना जनरेट करने/एसएमएस/ ई-मेल भेजने तथा उन्हें अपेक्षित केवाईसी दस्तावेज जमा करने संबंधी सूचना प्रेषित करने हेतु स्वचालित प्रक्रिया विकसित की है।

बैंक ने सेंट्रल केवाईसी रजिस्ट्री पर नए ऑन-बोर्डेड वैयक्तिक ग्राहकों की केवायसी जानकारी के पंजीकरण के लिए सेंट्रल केवायसी (सीकेवायसी) प्रक्रिया को क्रियान्वित किया है। 31 मार्च, 2023 तक 649.15 लाख ग्राहकों को सीकेवायसी नंबर आवंटित किया गया।

बैंक ने नए कर निवासी भारतीय वैयक्तिक ग्राहकों की ऑनबोर्डिंग हेतु ग्राहक की पहचान स्थापित करने के लिए वीडियो आधारित ग्राहक पहचान प्रक्रिया (वी-सीआईपी) को वैकल्पिक माध्यम के रूप में लागू किया है।

आंतरिक लेखा परीक्षा

महाप्रबंधक / मुख्य महाप्रबंधक के नेतृत्व में बैंक का केंद्रीय आंतरिक लेखापरीक्षा प्रभाग (सीआईएडी) आंतरिक लेखापरीक्षा, आईएस लेखापरीक्षा, क्रेडिट लेखापरीक्षा, समवर्ती लेखापरीक्षा एवं प्रबंधन लेखा परीक्षा कार्यों की देख रेख करता है। बैंक में आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य एक स्वतंत्र गतिविधि है और बैंक के भीतर यह पर्याप्त रूप से सक्षम होने के साथ-साथ इसे वांछित प्राधिकार प्राप्त हैं। आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग, बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में काम करता है। बैंक का आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य अन्य एश्योरेंस फंक्शन अर्थात जोखिम प्रबंधन विभाग और अनुपालन विभाग के साथ निकट समन्वय में काम करता है।

बैंक का केंद्रीय आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा नीति द्वारा लिए गए निर्णय की आवधिकता के अनुसार 18 अंचल आंतरिक लेखापरीक्षा प्रभागों के माध्यम से शाखाओं/ कार्यालयों के आंतरिक लेखापरीक्षण का कार्य करता है। सभी शाखाएं, केंद्रीकृत इकाइयां, प्रशासनिक कार्यालय जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा के अंतर्गत शामिल हैं। वित्त वर्ष 2023 हेतु सभी 8,199 शाखाओं और एसआईटीबी (स्पेशलाइज्ड इंटीग्रेटेड ट्रेजरी शाखा) की जोखिम का स्वरुप निम्नानुसार है -

- कम जोखिम शाखाएं - 7003 शाखाएं (85.41%)
- मध्यम जोखिम शाखाएं - 937 शाखाएं (11.42%)
- उच्च जोखिम शाखाएं - 187 शाखाएं (2.28%)
- -72- शाखाओं की कोई रेटिंग नहीं हुई (नई शाखाएं)
- स्पेशलाइज्ड इंटीग्रेटेड ट्रेजरी शाखा कम जोखिम के अंतर्गत थीं।

समवर्ती लेखापरीक्षा के तहत कुल -1285- बैंक शाखाएं और अन्य इकाइयां शामिल हैं, जिनमें 52.26% जमा, 78.05% अग्रिम और 62.92% समग्र व्यवसाय कवरेज शामिल हैं। सभी श्रेणी बी शाखाएं, करेंसी चेस्ट और केंद्रीकृत प्रसंस्करण प्रकोष्ठ समवर्ती लेखापरीक्षा के अंतर्गत आते हैं।

₹10.00 करोड़ और उससे अधिक (FB + NFB) के कुल जोखिम वाले खुदरा ऋण और पुनर्गठित खातों सहित सभी नई स्वीकृतियों/ मौजूदा खातों का क्रेडिट ऑडिट किया जाता है और 5% उधारकर्ता खातों को नए खातों से यादृच्छिक रूप से चुना जाता है और कुल राशि में वृद्धि के साथ ₹1.00 करोड़ से अधिक लेकिन ₹10.00 करोड़ से कम के संबंध में एक्सपोजर (एफबी + एनएफबी) समीक्षा की जाती है।

शाखाओं के भारतीय रिज़र्व बैंक लेखा परीक्षा के हिस्से के रूप में आईटी से संबंधित जोखिमों का आकलन करने के लिए बैंक की सभी शाखाएं सूचना प्रणाली ऑडिट ("आईएस ऑडिट") के अधीन हैं। डेटा सेंटर और आईटी एप्लिकेशन का आईएस ऑडिट भी समय-समय पर सीआईएसए / डीआईएसए योग्य आईएस ऑडिटर्स और बाहरी सीईआरटी फर्मों की एक टीम द्वारा किया जाता है।

कुछ प्रमुख पहलों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- समवर्ती लेखापरीक्षा का संशोधित ढांचा लागू किया गया है और मौजूदा मासिक रिपोर्टिंग के अलावा दैनिक और साप्ताहिक रिपोर्ट पेश की गई है।
- ऑडिट ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर ऑडिट, अनुपालन और डैशबोर्ड की ट्रैकिंग के लिए लागू किया गया है।
- -66-पैरामीटर के तहत पूर्व-निर्धारित तर्क के आधार पर सिस्टम डेटा के अनुसार अपवादों की निरंतर निगरानी के लिए केंद्रीकृत असाधारण निगरानी इकाई की स्थापना की गई है।
- विभिन्न परिदृश्यों के अनुसार ऑफसाइट निगरानी और डेटा विश्लेषण के लिए डेटा एनालिटिक्स टीम की स्थापना की गई है।
- आंतरिक लेखापरीक्षा को और मजबूत करने, अनुपालन संस्कृति में सुधार करने और लगातार अनियमितताओं और लेखापरीक्षा टिप्पणियों के दोहराव में कमी लाने और अंततः निरंतर अनुपालन प्राप्त करने के उद्देश्य से वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान -21- बिंदु का रोडमैप लागू किया गया है। ऑडिट के दौरान तत्काल सुधार पर विशेष जोर दिया जाता है और वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान कुल -371- शाखाओं ने स्पॉट सीआरसी जमा किया।

वर्ष के दौरान आंतरिक ऑडिट फ्रेमवर्क की बाहरी समीक्षा बाहरी फर्म द्वारा की गई है और उनके आकलन के अनुसार बैंक में आंतरिक ऑडिट फ्रेमवर्क मजबूत है और समकक्ष बैंकों में सर्वश्रेष्ठ में से एक है।

ऋण निगरानी

बैंक की आस्ति गुणवत्ता को बनाए रखने और उसमें सुधार करने तथा ऋण जोखिम को कम करने के लिए ऋण पोर्टफोलियो की निगरानी आवश्यक है। ऋण निगरानी का मुख्य उद्देश्य आस्ति गुणवत्ता को बनाएँ रखना, मंजूरी की शर्तों का अनुपालन और निधियों का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करना है। इसे यह भी सुनिश्चित करना है कि ऋण आस्तियां मानक श्रेणी में बनी रहें, पहचान किए गए दबावग्रस्त खातों / निगरानी सूची खातों को अपग्रेड करने के प्रयास किए जाएं और खातों को मानक से अनर्जक श्रेणी में जाने से रोकने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। विभाग संभावित स्लिपेज को प्रभावी ढंग से रोकने के साथ-साथ अच्छी आस्ति गु।

सक्रिय / निवारक कदम उठाते हैं। स्टॉक लेखापरीक्षा उन मानक ऋण खातों के लिए लागू है जिनमें ₹1 करोड़ और उससे अधिक की कार्यशील पूंजी का एक्सपोजर होता है। यह ₹5 करोड़ से कम एक्सपोजर वाले खातों के लिए वार्षिक आधार पर करनी होती है, जबकि ₹5 करोड़ और उससे अधिक के खातों के लिए, यह अर्धवार्षिक आधार पर की जाती है। अंतर्निहित कमियों जैसे आउट ऑफ ऑर्डर की स्थिति, साख पत्र के तहत अतिदेय बिल, गारंटी लागू करना, अतिदेय की समीक्षा आदि जो बैंक की आस्ति गुणवत्ता के लिए खतरा पैदा करते हैं, का संकेत देनेवाली आस्तियों पर विभिन्न प्लेटफार्मों और स्तरों से अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है।

एनपीए की दैनिक मार्किंग: अनर्जक आस्तियों की पहचान और विनियामक दिशानिर्देशों के अनुपालन में बेहतर पारदर्शिता बरतने के लिए बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अनर्जक आस्तियों की दैनिक रूप से मार्किंग आरंभ की है।

निगरानी हेतु अन्य टूल :

- बैंक ने लेनदेन की निगरानी, निरीक्षण आदि के सत्यापन के लिए ₹250 करोड़ और उससे अधिक के खातों में विशेष निगरानी के लिए एजेंसी फॉर स्पेशल मॉनिटरिंग (एएसएम) की नियुक्ति की है।
- बैंक ने स्टॉक और बही ऋण विवरणी की प्रस्तुति को भी डिजिटल कर दिया है, जो वास्तविक समय आधारित और उपयोगकर्ता के लिए अनुकूल है।
- व्यवसाय की मजबूती का विश्लेषण करने के लिए बैंक ने सशक्त निगरानी के लिए क्रेडिट मॉनिटरिंग में कई टूल जैसे समय-समय पर उधारकर्ता के खातों पर नज़र रखने और निगरानी आदि के लिए जीएसटी, आईटीआर और स्टेटमेंट एनालाइजर आदि की शुरुआत की है।
- पूर्व-निर्धारित अवधि में डिजिटल निगरानी रिपोर्ट का नियमित रूप से मूल्यांकन किया जाता है और ₹1 करोड़ और उससे अधिक के बड़े खातों के संबंध में जहां भी आवश्यक हो सुधारात्मक उपाय किए जाते हैं।

सतर्कता

बैंक में सतर्कता प्रशासन पेशेवर रूप से प्रबंधित किया जाता है और यह प्रबंधन के कार्यों का एक अभिन्न अंग है। यह विभिन्न सतर्कता कार्यों के नियंत्रण, निगरानी और पर्यवेक्षण के अलावा पारदर्शी व्यवसायिक लेन-देनों, व्यावसायिकता, उत्पादकता और नैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देता है। बैंक के पास एक बहुत मजबूत और पारदर्शी सतर्कता प्रशासन है जिसके प्रभारी मुख्य सतर्कता अधिकारी हैं जो केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक के सभी सतर्कता कार्यों की देखरेख करते हैं। सहभागी / सक्रिय और निवारक सतर्कता बैंक के सतर्कता प्रशासन के महत्वपूर्ण कार्य हैं।

बैंक में सतर्कता तंत्र, सतर्कता कार्यों के बारे में सभी स्तरों पर मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराता है, विभिन्न अनुशासनात्मक अधिकारियों और नियुक्तिकर्ता अधिकारियों को धोखाधड़ी, शिकायतों और शाखाओं/ कार्यालयों की विभिन्न निरीक्षण रिपोर्टों में बताई गई गंभीर अनियमितताओं से उत्पन्न होने वाले मामलों की जांच में त्वरित और सही कार्रवाई करने की सुविधा उपलब्ध करवाता है।

अंचल स्तर पर सतर्कता विभाग नियमित अंतराल पर सभी शाखाओं में निवारक लेखा परीक्षा की कार्रवाई करता है और प्राप्त सूचना पर पूरी सक्रियता से कार्य करते हुए क्षति को न्यूनतम स्तर पर नियंत्रित करने के लिए कार्य करता है।

बैंक में सतर्कता कार्यों के अंतर्गत तीन खंड होते हैं:

1. **निवारक सतर्कता:** भ्रष्ट और अन्य कदाचारों का पता लगाने और दंड की तुलना में क्षति को रोकने में निवारक उपायों का अधिक महत्व है। निवारक उपाय जैसे व्यवसाय के संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण, संवेदनशील पदों की पहचान और उन पर पदस्थ कर्मचारियों की जांच, आचरण नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना, शाखा विशिष्ट अतिसंवेदनशील विषयों पर चर्चा करने के लिए शाखा स्तर पर मासिक बैठकें, कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, सतर्कता मामलों की संख्या को कम करने के लिए निरीक्षण और लेखा परीक्षा रिपोर्ट की जांच और विभिन्न व्यावसायिक वर्टिकलों द्वारा नियमित रूप से निवारक सतर्कता परिपत्र जारी और परिचालित करना।
2. **खोजी सतर्कता:** खोजी सतर्कता में संवेदनशील क्षेत्र का नियमित और औचक निरीक्षण करना ताकि यह पता लगाया जा सके कि कर्मचारियों द्वारा कोई भ्रष्ट या अनुचित व्यवहार नहीं किया जा रहा है, वार्षिक संपत्ति रिटर्न की त्वरित जांच करना और यदि आवश्यक हो तो आगे की कार्रवाई करना, अपने स्रोत से गलत आचरण/कदाचार के बारे में खुफिया जानकारी एकत्र करना, उचित प्रक्रिया के बाद समुचित कार्रवाई के माध्यम से तार्किक निष्कर्ष के लिए उसकी जांच करना शामिल हैं।
3. **दंडात्मक सतर्कता**: यह सुनिश्चित करने के अलावा कि सभी स्तरों पर नियमों और प्रावधानों के जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण उल्लंघन में शामिल कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से दंडित किया जाए, बैंक यह भी सुनिश्चित करता है कि व्यवसाय के सामान्य संचालन के दौरान लिए गए वास्तविक निर्णयों का मूल्यांकन निष्पक्ष और आवश्यक विवेक के साथ किया जाता है।

   बैंक में सतर्कता कार्य, निवारक सतर्कता प्रशासन के माध्यम से प्रणालियों और प्रक्रियाओं को मजबूत करने पर जोर देकर सक्रिय निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। यह कमियों की पहचान करने और उन्हें दूर करने तथा धोखाधड़ी के निवारण के लिए नीतियों को तैयार करने में शीर्ष प्रबंधन को सुझाव प्रदान करने में भी एक प्रमुख भूमिका निभाता है। सक्रिय संप्रेषण के कारण अनुशासनात्मक मामलों के टर्नअराउंड समय में सुधार हुआ है जिसने त्वरित निवारण के साथ कर्मचारियों को प्रेरित करने में मदद की है।

विधिक सेवाएं

बैंक में एक सक्रिय विधि विभाग है जिसमें योग्य और अनुभवी विधि अधिकारी हैं। विधि विभाग की मुख्य भूमिका बैंक के कार्यरत विभिन्न विभागों द्वारा संदर्भित या उनसे संबंधित विभिन्न मामलों में राय, दस्तावेज़ीकरण, मुकदमा आदि के लिए समर्थन और सहायता प्रदान करना है। यह विभाग विधिक पहलुओं से संबंधित मामलों पर बैंक के विभिन्न अंचलों, क्षेत्रीय कार्यालयों, घरेलू और विदेशी शाखाओं और अनुषंगी कंपनियों द्वारा प्रस्तुत संदर्भों के लिए भी सहायता प्रदान करता है।

इसके अतिरिक्त, बैंकिंग ऋण प्रक्रिया के डिजिटलीकरण को पूरा करने के लिए, डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म के अनुकूल रिटेल और एसएमई सुविधाओं के लिए दस्तावेजों का एक सेट तैयार किया गया है, जो बैंक के ग्राहकों को इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से दस्तावेजों को निष्पादित करने में सक्षम बनाएगा। ऋण दस्तावेज़ नियमावली पर दोबारा गौर किया गया है और दस्तावेज़ों को सरल बनाया गया है।

इसके अलावा, मौजूदा एडवोकेट पोर्टल के दूसरे चरण में अधिवक्ताओं को सौंपे गए कार्य एवं कार्यनिष्पादन की समीक्षा करने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाया गया है। विधि अधिकारियों द्वारा ऋण और बंधक संबंधी दस्तावेजों की जांच की प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से विभाग द्वारा हाल ही में पायलट आधार पर एक ऑनलाइन वेटिंग पोर्टल शुरू किया है जो वास्तविक समय में ऋण दस्तावेजों के सत्यापन और निधियों के संवितरण से पूर्व विसंगतियों, यदि कोई हो, में सुधार और त्रुटिहीन रिकॉर्ड रखने की सुविधा प्रदान करेगा और संबंधित रिकॉर्ड को आवश्यकता पड़ने पर आसानी से प्राप्त किया जा सकेगा।

इसके अलावा, बैंकिंग क्षेत्र को प्रभावित करने वाले न्यायालयों द्वारा कानूनों के निरंतर बदलते स्वरूप, नवीनतम संशोधन और कानूनों की व्याख्या के बारे में विभाग 'परिपत्र', 'विधिक समाचार फ्लैश' आदि जारी करके ज्ञान साझा करने के वातावरण को बढ़ावा दे रहा है। एपेक्स अकादमी और एक प्रतिष्ठित लॉ फर्म के सहयोग से, विधिक अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया ताकि उन्हें विशिष्ट कानूनी क्षेत्रों के संबंध में प्रशिक्षित किया जा सके और साथ ही उन्हें निरंतर बदलते अधिनियमों, नियमों और विनियमों से परिचित कराया जा सके। हाल ही में, हमने "बैंकिंग-कानूनी और व्यावसायिक चुनौतियों में डिजिटल यात्रा" विषय पर 'संगोष्ठी' का भी आयोजन किया था, जिसका उद्देश्य बदलते कानूनों और उनका वर्तमान बाजार के फ्रेमवर्क में उपयोग के संबंध में बैंकिंग और विधिक विशेषज्ञों के बीच बातचीत के लिए एक मंच प्रदान किया जा सके।

इसके अलावा हम राष्ट्रीय लोक अदालत के अंतर्गत विविध उपभोक्ता मंचों तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) द्वारा आयोजित 'ग्राहक मध्यस्ता समाधान' के अंतर्गत लंबित 211 उपभोक्ता मामलों को निपटाने में सफल रहे । हम क्षेत्रीय / अंचल कार्यालय स्तर पर विधिक टीम को संवेदनशील बनाकर अधिक संख्या में उपभोक्ता मामलों को निपटाने के अपने प्रयास जारी रखे हुए हैं।

मानव संसाधन

बैंक का मानना है कि हमारा मानव संसाधन बैंक के समग्र कार्यनिष्पादन पर प्रत्यक्ष और महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले सबसे बड़ा विभेदक हैं। बैंक के पास 77,000 से अधिक कर्मचारियों का प्रतिभाशाली कार्यबल है। बैंक के एचआर ने विभिन्न गतिविधियों जैसे क्षमता का उपयोग करने और विभिन्न कार्यक्षेत्रों और नए व्यावसायिक मार्गों में उच्च व्यवसाय/ राजस्व अर्जित करने और बड़ी संख्या में सेवानिवृत्ति की भरपाई करने के लिए अत्यधिक विशिष्ट क्षेत्रों में प्रतिभा की भर्ती; प्रोजेक्ट स्पर्शप्लस के माध्यम से कार्यनिष्पादन प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करना, नेतृत्व विकास कार्यक्रमों, कोचिंग कार्यक्रमों और क्षमता निर्माण के माध्यम से पूरे बैंक में प्रशिक्षण आवश्यकताओं/ नेतृत्व विकास आवश्यकताओं को पूरा करना; उत्तराधिकार योजना और कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य और कल्याण इत्यादि पहल के माध्यम से अपने मानव संसाधनों की भर्ती, सुदृढ़ीकरण और विकास के लिए कई पहलें की हैं। इन पहलों के परिणामस्वरूप वर्षों से कर्मचारियों के जुड़ाव और उत्पादकता के स्तर में वृद्धि हुई है।

जब नए विचारों और तरीकों को लागू करने की बात आती है तो बैंक ने हमेशा अपना मानक ऊंचा रखने का इतिहास रखा है। प्राथमिक व्यवसाय सूत्रधार 'कर्मचारी' हैं, जो सभी गतिविधियों के केंद्र में हैं। बैंक ने अपनी संगठनात्मक परिवर्तन परियोजनाओं के हिस्से के रूप में कई रचनात्मक कर्मचारी-केंद्रित पहलें शुरू की हैं, जो कर्मचारियों, प्रक्रियाओं और प्रणालियों पर केंद्रित हैं। बैंक ने महत्वपूर्ण प्रणालियों और प्रक्रियाओं में सुधार के लिए भी पहल की है।

बैंकिंग जगत में अपनी मानव संसाधन संबंधी नीतियों और व्यवहारों के लिए बैंक की विशिष्ट पहचान है। विगत कुछ वर्षों के दौरान बैंक अपनी मानव संसाधन संबंधी पहलों, सुधारों और उत्कृष्टता के कारण कई पुरस्कार प्राप्त कर सुर्खियों में रहा है। चालू वर्ष के दौरान बैंक को ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट द्वारा 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' के रूप में प्रमाणित किया गया है। यह दुनिया भर के संगठनों में कार्यस्थल संस्कृति के मूल्यांकन, समर्थन और उसे सम्मानित करने संबंधी गोल्ड स्टैंडर्ड स्तरीय सम्मान फ्रेमवर्क है। बैंक ने जनवरी 23 में बीटी-केपीएमजी द्वारा टैलेंट वर्क फोर्स के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ बैंक का पुरस्कार भी जीता है। इस प्रमाणीकरण के साथ, बैंक ने देश में समकक्ष बैंकों के बीच सर्वोत्तम और प्रगतिशील मानव संसाधन प्रथाओं वाले संस्थान के रूप में एक विशिष्ट पहचान बनाई है।

वर्ष के दौरान निम्नलिखित पहलें की गईं जिनका हमारे बैंक के कार्यनिष्पादन पर प्रत्यक्ष एवं महत्वपूर्ण प्रभाव रहा:

सेहत एवं स्वास्थ्य संबंधी अभियान

समूह चिकित्सा बीमा पॉलिसी के अलावा, बैंक अपने कर्मचारियों की सेहत एवं स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच शिविर, सेहत संबंधी अभियान, योग सत्र आदि आयोजित करता है। बैंक द्वारा नवंबर 2022 के दौरान 'वेलनेस माह' मनाया गया जिसके तहत निवारक स्वास्थ्य जांच और सेहतमंद रहने संबंधी अभियान आयोजित किए गए। आरोग्य माह के दौरान बैंक स्तर पर सभी कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन योग कक्षाओं का आयोजन किया गया। प्रख्यात स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य जांच, नेत्र/ दंत जांच, रक्तदान शिविर, योग/ जुम्बा शिविर और वेबिनार जैसी 200 से अधिक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनमें 15,000+ स्टाफ सदस्यों और 2800+ परिवार के सदस्यों को प्रत्यक्ष रूप से कवर किया गया है।

बैंक की वार्षिक अनिवार्य स्वास्थ्य जांच योजना सभी स्थायी कर्मचारियों और उनके पत्नी / पति के लिए है, जो स्वास्थ्य समस्या के शुरू होने से पहले उनका पता लगाने की सुविधा प्रदान करती है और सही स्वास्थ्य सेवाओं, जांच और उपचार के साथ समय पर रोकथाम और इलाज करने में सक्षम बनाती है। सेवा प्रदाताओं के माध्यम से अंचल कार्यालयों/ क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा स्थानीय स्तर पर और अखिल भारतीय स्तर पर टाई-अप अस्पतालों/ स्वास्थ्य केंद्रों द्वारा स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान की जाती है। चिकित्सा स्वास्थ्य जांच के संबंध में केंद्रों की संख्या में वृद्धि और कर्मचारियों के बीच जागरूकता के कारण, स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाने वाले कर्मचारियों का% वित्तीय वर्ष 2022 के 25% से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 17% की वृद्धि के साथ 42% हो गया है।

एम्पलॉयी असिस्टेंस प्रोग्राम

बैंक ने 'कार्यस्थल परामर्श' की शुरुआत की है जिसे 'एम्पलॉयी असिस्टेंस कार्यक्रम' (ईएपी) कहा जाता है। इस पहल के अंतर्गत कर्मचारी-चिंता, अवसाद, तनाव, असुरक्षा, भय, अकेलापन, आत्मविश्वास की कमी, पारस्परिक संबंधों एवं संवाद संबंधी मुद्दे, पारिवारिक समस्याएं, शोक, किसी दर्दनाक स्थिति, बीमारी (जैसे कैंसर आदि), व्यसन, प्रेरणा, व्यक्तिगत विकास, कार्य-जीवन संतुलन या कोई अन्य समस्याएं, जो मन को अशांत करती हों सहित किसी भी समस्या के लिए परामर्श सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

वित्तीय वर्ष 2023 के दौरान मानसिक, मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक रूप से सेहतमंद रहने संबंधी विभिन्न पहलुओं के प्रति कर्मचारियों को संवेदनशील

बनाने के उद्देश्य से 184 कार्यशालाएं आयोजित की गईं जिसमें 13,000 से अधिक कर्मचारियों को कवर किया गया। शाखा प्रबंधकों के लिए केंद्रित 'इमोशनल कोशेंट' (EQ) कार्यशालाओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। EQ कार्यशालाओं ने विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया है जिसका उद्देश्य शाखा प्रबंधकों की चुनौतियों को प्रभावी ढंग से हल करने, बदलते व्यावसायिक लक्ष्यों/ परिदृश्यों और निर्णय लेने के लिए अनुकूल बनाने हेतु अंतर्दृष्टि प्रदान करना रहा। इसका उद्देश्य सहयोगी दृष्टिकोण और प्रभावी संप्रेषण विकसित करने में मदद करना भी रहा है। वर्ष 2023-24 के लिए, 'ईएपी इंडिया' (सेवा प्रदाता) के सहयोग से संयुक्त प्रबंधकों के लिए 'फ्रम स्ट्रेस टू स्ट्रेंथ: दबाव में भावनात्मक बुद्धिमत्ता का उपयोग' विषय पर कार्यशालाओं के माध्यम से एक केंद्रित आउटरीच कार्यक्रम की योजना बनाई गई है। 500 से अधिक परामर्श सत्र आयोजित किए गए, जिससे 468 कर्मचारियों को उनके मानसिक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों को दूर करने में मदद मिली। इन परामर्श सेवाओं को कई चैनलों जैसे प्रत्यक्ष परामर्श, फोन-कॉल और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, ईमेल और चैट के माध्यम से सुगम बनाया गया था।

'वॉयस ऑफ़ बड़ौदियन'- कर्मचारी जुड़ाव संबंधी सर्वेक्षण

प्रगतिशील एचआर प्रथाओं वाले एक संस्थान के रूप में हमारा बैंक कर्मचारियों से सुझाव लेने के लिए हमेशा तत्पर रहता है और आवधिक आधार पर सभी कर्मचारियों से रचनात्मक और निष्पक्ष प्रतिक्रियाओं को प्रोत्साहित करता है। इसे सुविधाजनक बनाने के लिए बैंक 'वॉयस ऑफ़ बड़ौदियन' - कर्मचारी जुड़ाव संबंधी सर्वेक्षण आयोजित करता है, ताकि कर्मचारी जुड़ाव के स्तर और जुड़ाव के स्तरों को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों पर कर्मचारियों के विचारों को समझा जा सके। नवीनतम 'वॉयस ऑफ़ बड़ौदियन' - 2023 सर्वेक्षण के परिणामों के अनुसार बैंक का स्कोर 75% रहा।

बड़ौदा अनुभूति कार्यक्रम

यह एक कर्मचारी जुड़ाव कार्यक्रम है, जिसे टीम एकजुटता की भावना और सहयोग तथा कार्यस्थल को खुशनुमा बनाने के लिए तैयार किया गया है। समग्र रूप से कर्मचारी जुड़ाव के स्तरों को सशक्त बनाने हेतु विभिन्न पहलें जैसे सभी शाखाओं / कार्यालयों में माह का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी, स्पॉट रिकॉग्निशन-वॉव मूवमेंट को कैप्चर करना, मनोरंजन का समय, स्थानीय सामुदायिक सेवा/ सामाजिक गतिविधियां आदि प्रारंभ की गईं हैं। सभी शाखाओं/ कार्यालयों के माध्यम से छ: महीनों में एक बार अनिवार्य रूप से सामुदायिक सेवा कार्यक्रम चलाए जाते हैं।

20 जुलाई 2022 को या उसके आसपास हमारे बैंक के 115वें स्थापना दिवस के अवसर पर और गणतंत्र दिवस के अवसर पर बैंक ने निम्नलिखित गतिविधियाँ कीं:

- रक्तदान - 15000 यूनिट से अधिक रक्त
- पौधों का वितरण/ पौधारोपण - लगभग 45000 पौधे रोपे गए
- स्वच्छता अभियान - विभिन्न इलाकों में 2700 से अधिक अभियान
- गरीबों और जरूरतमंदों को सामग्री और विविध वस्तुओं का वितरण - 90000 से अधिक वस्तुएं
- वृद्धाश्रमों, अनाथालयों, दिव्यांग केंद्रों आदि के लिए सामग्री और विविध वस्तुओं का वितरण - 65000 से अधिक सामग्री
- स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन - 5000 से अधिक लोगों को शामिल किया गया

ज्ञानार्जन और विकास

बैंक अपनी मानव पूंजी के पोषण के लिए ज्ञानार्जन और विकास के महत्व में दृढ़ विश्वास रखता है। यह एक संवहनीय और अनुकूलित शिक्षण प्रणाली पर ज़ोर देता है जिसे महामारी के समय अत्यधिक उपयोग में लाया गया है। संकट के प्रति बैंक की त्वरित प्रतिक्रिया ने एक सुदृढ़ डिजिटल प्रशिक्षण अवसंरचना की स्थापना की सुविधा प्रदान की है जो कर्मचारियों की सीखने और विकासात्मक आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से मजबूत करती है।

इस वित्तीय वर्ष में 68,830 से अधिक बैंक कर्मचारियों ने एपेक्स अकादमी, 18 अंचल अकादमियों और 4 बड़ौदा सैटेलाइट लर्निंग यूनिट्स के साथ-साथ बड़ौदा गुरुकुल के जरिए से ई-लर्निंग के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त किया और अपने कार्यनिष्पादन को बेहतर बनाने में मदद की।

वित्त वर्ष 2023 में, बैंक ने अपने लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (बड़ौदा गुरुकुल) के सहयोग से विदेशी कार्यालयों सहित पूरे बैंक में ज्ञानार्जन और विकास को सुनिश्चित किया, जिससे बैंक को व्यावसायिक लक्ष्यों के अनुसार प्रशिक्षण आवश्यकताओं को अनुकूल करने और सभी क्षेत्रों में अनुपालन सुनिश्चित करने में मदद मिली है। डिजिटल प्रक्रिया और एलएमएस प्लेटफॉर्म के महत्वपूर्ण उपयोग ने बैंक को कर्मचारियों को समयबद्ध तरीके से ज्ञानार्जन और शेयरधारकों को लागत अनुकूलन का लाभ प्रदान करने में मदद की।

बैंक अपनी मानव पूंजी को बढ़ाने के लिए नए युग के कौशल और आईडीपी आधारित प्रशिक्षण के अधिग्रहण पर जोर दे रहा है। इसके अनुरूप, इसने सिमुलेशन गेम्स पेश किए हैं जो अपने कर्मचारियों को बेहतर ढंग से प्रशिक्षित करने के लिए वास्तविक जीवन के व्यावसायिक परिदृश्यों को प्रदर्शित करते हैं। ज्ञानार्जन के अनुभव को और बढ़ाने के लिए, बैंक ने एक मिश्रित शिक्षण दृष्टिकोण अपनाया है जो 365*24 उपलब्धता के साथ पारंपरिक और डिजिटल तरीकों को जोड़ता है।

बाहरी संसाधनों के तालमेल और हाइब्रिड लर्निंग मॉडल को बढ़ावा देने के लिए एक सहक्रियात्मक प्रयास में, बैंक ने अपने संपदा प्रबंधन अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए AAFM, CRISIL और NIIT जैसे प्रमुख संगठनों के साथ भागीदारी की है। यह पायलट फेज बैंक को अपने दृष्टिकोण को परिष्कृत करने और अपने कर्मचारियों की सीखने और विकास की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए प्रशिक्षण प्रक्रिया को बेहतर बनाने में सक्षम करेगा।

समग्रत: बैंक अपने कर्मचारियों को उनके कार्यनिष्पादन में सफल होने और उनके कैरियर की आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और विकास के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पूर्व कर्मचारी

अपने पूर्व कर्मचारियों की अमूल्य सेवाओं को सम्मान देते हुए, बैंक अपने सेवानिवृत्त बड़ौदियनों के लिए सेवानिवृत्ति के बाद के जीवन को आरामदायक और परेशानी मुक्त बनाने हेतु निरंतर उपाय करने का प्रयास करता है।

बैंक ने अपने पूर्व कर्मचारियों के कल्याण हेतु अनेक उपाय किए हैं, इसने पूर्व कर्मचारियों को स्वास्थ्य जांच सुविधा के माध्यम से मौजूदा कर्मचारियों के समान स्वास्थ्य जांच सुविधा प्रदान करने की भी व्यवस्था की है, हालांकि, उनके स्वयं के खर्च पर, ताकि वे अपने स्वास्थ्य की निगरानी कर सकें। स्वास्थ्य जांच पैकेजों को कर्मचारियों की विभिन्न श्रेणियों को ध्यान में रखते हुए और उनकी सामर्थ्य और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। बैंक ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की शिकायतों के समाधान के लिए अंचल स्तरीय नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए हैं।

बैंक ने अपने पूर्व कर्मचारी पोर्टल को एचआर-कनेक्ट में माइग्रेट कर लिया है जो अपने पूर्व कर्मचारियों को विभिन्न मॉड्यूल और सुविधाओं तक पहुंचने के लिए वन स्टॉप समाधान प्रदान करेगा जैसे कि पेंशन पे स्लिप, पीपीओ जनरेशन, फैमिली पेंशन कन्वर्जन, कर गणना, हॉलिडे होम बुकिंग आदि। पूर्व कर्मचारी भी एचआर कनेक्ट के माध्यम से टीई/डीए दावों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आरक्षण कक्ष :

अनु.जाति/ अनु.जनजाति/ दिव्यांग(पीडब्ल्यूडी)/ भूतपूर्व सैनिकों और अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) कर्मचारियों के लिए आरक्षण व अन्य प्रावधानों को लागू करने के लिए एक विशेष आरक्षण कक्ष की स्थापना की गई है।

महाप्रबंधक स्तर के कार्यपालक को अनु.जाति/ अनु.जनजाति/ दिव्यांग और भूतपूर्व सैनिकों एवं अ.पि.व कर्मचारियों के लिए मुख्य संपर्क अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है, जो उनसे संबंधित विभिन्न दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हैं।

1 फरवरी, 2019 से बैंक में सभी सीधी भर्तियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10% का आरक्षण लागू किया गया है।

सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक अधिकारी (निर्धारित पद), लिपिक और सब-स्टाफ संवर्ग में वर्ष में होने वाली कुल रिक्तियों के 4% के अनुपात में दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) को आरक्षण प्रदान करता है।

31.03.2023 तक जाति वर्गवार संख्या						
संवर्ग	कुल	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	आ.पि.व.
अधिकारी	41837	19063	7362	3284	12118	10
लिपिक	27328	11636	4501	2835	8274	82
सब स्टाफ	7348	2217	2333	728	2070	0
कुल	76513	32916	14196	6847	22462	92
कुल कर्मचारियों का %		43.02	18.55	8.95	29.36	0.12

संवर्ग	पीडबल्यूडी	भूतपूर्व - सैनिक
अधिकारी	1052	577
लिपिक	1055	3055
सब स्टाफ	164	598
कुल	2271	4230
कुल कर्मचारियों का %	3.00%	5.53

आवधिक बैठकें: बैंक, इनकी समस्याओं को दूर करने के लिए ऑल इंडिया बैंक ऑफ़ बड़ौदा एससी/ एसटी (एआईबीओबीएससीएसटी) एम्पलॉयी वेल्फेअर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें और ऑल इंडिया बैंक ऑफ़ बड़ौदा ओबीसी एम्पलॉयी वेल्फेअर एसोसिएशन (एआईबीओबीओबीसी) के प्रतिनिधियों के साथ छमाही बैठकें आयोजित करता है।

कार्यशालाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम: बैंक एआईबीओबीएससीएसटी एम्पलॉयी वेल्फेअर एसोसिएशन और एआईबीओबीओबीसी एम्पलॉयी वेल्फेअर एसोसिएशन के सदस्यों तथा एससी/ एसटी एवं ओबीसी संपर्क अधिकारियों के लिए हर वर्ष अपनी विभिन्न प्रशिक्षण अकादमियों में निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है।

- एससी/ एसटी उम्मीदवारों के लिए पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण।
- आरक्षण नीति के संबध में कार्यशाला।
- अनुशासनात्मक कार्यवाही संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम।

कॅरियर विकास

बैंक ने कर्मचारियों को उनके कॅरियर विकास के लिए प्रोत्साहित करने, उनके कार्य-निष्पादन को पुरस्कृत करने और उन्हें प्रेरित करने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। कर्मचारियों को व्यापक एक्सपोज़र प्रदान करने के लिए बैंक द्वारा अधिकारियों को अलग-अलग कार्यों के दायित्व सौंपें जाते हैं और उन्हें विदेशों में भी नियुक्ति का अवसर दिया जाता है।

कर्मचारियों के बच्चों के प्रवेश के लिए स्कूल के साथ टाई-अप

स्थानांतरण और स्थान परिवर्तन भी बैंकिंग करियर का एक अनिवार्य हिस्सा है और प्रत्येक वर्ष सभी संवर्गों के कर्मचारियों को बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार स्थानांतरित किया जाता है। स्थानान्तरण में स्थान परिवर्तन शामिल है और स्थानांतरण पर कर्मचारियों के सामने एक बड़ी चुनौती मध्य शैक्षणिक वर्ष के प्रवेश, देर से प्रवेश, स्कूल के परिवर्तन आदि के कारण उनके बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था करना है।

कर्मचारियों को होने वाली असुविधा को कम करने और उनके बच्चों के स्कूल में प्रवेश को सुविधाजनक बनाने के लिए, चालू वर्ष में बैंक ने अखिल भारतीय उपस्थिति वाले स्कूलों की दो प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित श्रृंखला 'रयान इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस' और 'विबग्योर ग्रुप ऑफ स्कूल्स' के साथ टाई-अप व्यवस्था की है। यहां किंडरगार्टन से लेकर 12वीं तक की कक्षाएं चलती हैं। स्कूल की स्थानांतरण नीति के अनुसार बच्चे बिना किसी परेशानी के एक स्कूल से दूसरे स्कूल में शिफ्ट भी हो सकते हैं।

विविधता और समावेशन पर जोर

बैंक अपने सभी कर्मचारियों के लिए भेदभाव रहित और समान अवसर नीति का पालन करता है और पदोन्नति, कॅरियर-पाथ, स्थानांतरण नीति और कर्मचारी लाभ/ कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सभी मुद्दों में पारदर्शिता है। बैंक ने विविधता, एसएएम, समानता और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए एक डीईआई नीति भी बनाई है। इसके अलावा, महिलाओं की दोहरी जिम्मेदारियों को स्वीकार करते हुए, बैंक ने अन्य पहलों के अलावा महिला कर्मचारियों की सहायता के लिए विभिन्न सुविधाएं जैसे सबेटिकल अवकाश, महिला कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम, क्रेच सुविधा की स्थापना आदि की व्यवस्था की है।

बैंक अपनी महिला कर्मचारियों के लिए क्षमता निर्माण और अभिप्रेरणा पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है और पीओएसएच (POSH) दिशानिर्देशों के संबंध में जागरूक भी करता है।

दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली

अपनी शाखाओं को एक ऐसा स्वच्छ परिवेश उपलब्ध करवाने, जो अपने ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान कर सकें, के उद्देश्य से बैंक रिकॉर्ड का प्रबंधन करने के लिए पेशेवर कंपनियों को नियुक्त कर दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली (डीएमएस) (रिकॉर्ड्स डिजिटाइजेशन को लागू करने वाले पीएसबी में पहला) की पहल का क्रियान्वयन करने वाला अग्रणी पीएसबी है। रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली (आरएमएस) के अंतर्गत भौतिक रिकॉर्ड को बारकोड किया जाता है, अनुक्रमित किया जाता है और उन्हें स्टोरेज के लिए वेंडर के वेयरहाउस में ले जाया जाता है, जिसे बैंक की आवश्यकता के अनुसार किसी भी समय पुनर्प्राप्त किया जा सकता है। जिस स्थान को खाली किया गया है,

उसका उपयोग नए एटीएम/ ई-लॉबी स्थापित करने के लिए किया जा रहा है या लागत बचाने के लिए उसे सरेंडर किया जा रहा है।

दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली (डीएमएस), हरित पहल के तहत पेपरलैस बैंकिंग की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसमें पहचाने गए दस्तावेजों (ऋण फाइलें/ मानव संसाधन संबंधी दस्तावेज/ विधिक दस्तावेज और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज) की स्कैनिंग और 'बड़ौदा दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली (बीडीएमएस)' सर्वर, एक डिजिटल रिपाज़िटटॉरी, पर स्कैन किए गए डेटा को अपलोड करना शामिल है। यह हमारे बैंक की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसके तहत -7000- से अधिक शाखाओं को कवर करते हुए लगभग 52.77 करोड़ इमेजेस को स्कैन किया जा चुका है। साथ ही, बैंक ऑफ बड़ौदा के चिन्हित शाखाओं में लगभग -3.01- लाख वर्ग फुट जगह को खाली किया गया है। बैंक की मेट्रो और शहरी शाखाओं और अर्ध-शहरी क्षेत्र की निर्धारित शाखाओं में रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली (आरएमएस)/ दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली (डीएमएस) के सफल कार्यान्वयन के बाद, अब इसे बैंक की अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की शेष चिन्हित शाखाओं में लागू किया जा रहा है।

परिसर पुनर्सरचना

कार्बन उत्सर्जन को कम करने के प्रयास में बैंक की कुछ मुख्य उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

- बैंक ने इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) के माध्यम से ग्रीन बिल्डिंग सर्टिफिकेट बड़ौदा कार्पोरेट सेंटर के लिए गोल्ड रेटिंग और बड़ौदा सन टॉवर बिल्डिंग (कॉर्पोरेट ऑफिस बिल्डिंग) के लिए सिल्वर रेटिंग प्राप्त किया है। भारत में बैंक की अन्य चार भवनों को ग्रीन बिल्डिंग रेटिंग प्राप्त हुई है।
- बीसीसी और बीएसटी के सभी वाशरूम में जल रहित मूत्रालय स्थापित किए गए हैं, जिससे साल में लगभग सात लाख लीटर पानी की बचत हुई है। इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे भारत में अन्य प्रशासनिक कार्यालयों में लागू किया जा रहा है।
- ग्रामीण/अर्धशहरी क्षेत्रों में लगभग 175 शाखाएं सौर ऊर्जा पर चलाई जा रही हैं, जिससे बिजली की खपत और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आई है। हरित ऊर्जा/ नवीकरणीय/ सौर ऊर्जा का उपयोग करने के परिणामस्वरूप लगभग 2400 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम हुआ।
- सभी घरेलू शाखाओं में ऊर्जा की बचत के लिए परिसर में एलईडी लाइटें लगाई गई हैं।
- बैंक के बीकेसी, मुंबई स्थित भवन में एक बड़े आकार का बायो-गैस संयंत्र (500 कि. ग्रा. गीले अपशिष्ट की क्षमता) स्थापित किया गया है, जो कूकिंग गैस का उत्पादन करता है जो की बैंक के कैंटीन और बगीचे/ लॉन में प्रयोग में लाया जाता है।
- कॉर्पोरेट कार्यालय भवन, मुंबई की सभी बाउंड्री लाइटें सौर ऊर्जा द्वारा संचालित होती हैं, इस प्रकार नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाया गया है।

अन्य पहलें

- स्वच्छता पखवाड़ा, विशेष अभियान 2.0 जैसी सरकार द्वारा निर्देशित कई योजनाओं का कुशलतापूर्वक आयोजन किया गया।
- शाखाओं के परिवेश का रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छता अभियान भी निरंतर आधार पर चलाया जा रहा है।
- बैंक के महत्वपूर्ण भवन यानी बीसीसी, बीएसटी और प्रधान कार्यालय में सभी स्टाफ सदस्यों को उच्च गति की निर्बाध वाईफाई सुविधा प्रदान की गई है।

राजभाषा (रा.भा.) नीति का कार्यान्वयन

हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के माध्यम से व्यवसाय वृद्धि के साथ-साथ ग्राहकों को डिजिटल उत्पाद प्रदान करना बैंक की राजभाषा नीति की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। भारत सरकार और नियामक प्राधिकरणों द्वारा समय-समय पर इस दृष्टिकोण की सराहना की गई है। आपके बैंक ने वार्षिक कार्यान्वयन कार्यक्रम 2022-23 के तहत भारत सरकार द्वारा निर्धारित विभिन्न लक्ष्यों और बैंक के विभिन्न कार्यालयों/शाखाओं के निरीक्षण के दौरान राजभाषा के संबंध में संसदीय समिति को दिए गए आश्वासनों के संबंध में एक सुव्यवस्थित वार्षिक कार्य योजना को अपनाया है। समिति को दिए गए सभी आश्वासन निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए गए हैं।

बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी/ कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें नियमित रूप से तिमाही आधार पर आयोजित की गईं और वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान कई नई पहलें प्रारम्भ की गईं। आपके बैंक ने हिंदी और 11 अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में मोबाइल बैंकिंग तथा लेनदेन संबंधी एसएमएस सेवाएं प्रदान करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। हमारे ग्राहकों के लिए व्हाट्सऐप बैंकिंग सेवा और इंटरनेट बैंकिंग सेवा हिंदी में भी उपलब्ध हैं। समीक्षाधीन अवधि के दौरान एक नई पहल के रूप में बैंक की चैटबॉट सुविधा, डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म, बीसीएमएस पोर्टल और बीसी नॉलेज पोर्टल हिंदी भाषा में भी उपलब्ध कराया गया है। बैंक के विभिन्न ऐप और डिजिटल चैनलों/पोर्टलों के माध्यम से ऑटो जनरेट होने वाले सभी ईमेल तथा बैंक के एलएलपीएस पैकेज के माध्यम से जनरेट होने वाले नियम एवं शर्तों से युक्त ऋण मंजूरी पत्र द्विभाषी अर्थात हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध कराए गए हैं।

वर्ष के दौरान उठाए गए विभिन्न पहलों के तहत आपके बैंक ने अमृतसर में 'डिजिटल ऋण' पर एक अखिल भारतीय संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें भारतीय रिज़र्व बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, बीमा कंपनियों और अन्य वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैंक ने अपनी शाखाओं/कार्यालयों आन ब '□ अ उ MमाPM ब

सामर्थ्य' (तकनीकी टूलकिट) विकसित किया गया है और इस अवधि के दौरान कुल 508 कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें लगभग 18643 स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अलावा, युवा पीढ़ी को आपके बैंक से जोड़ने के लिए देश भर के स्कूलों/कॉलेजों में विभिन्न कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिससे व्यवसाय जुटाने/बढ़ाने में मदद मिली। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान ऐसे 819 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 50411 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

आपके बैंक के प्रयासों की भारत सरकार द्वारा समय-समय पर सराहना की जाती रही है। वर्ष के दौरान आपके बैंक को राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु भारत सरकार की "राजभाषा कीर्ति पुरस्कार" योजना के तहत प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, बैंक के तत्वावधान में वडोदरा में कार्यन □ ा कार्यान्वय्ऽ काब M म M क

ाा

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)

बैंक की विरासत में सामाजिक और आर्थिक विकास हेतु अपने विभिन्न विकास कार्यों के जरिए समाज सेवा का एक लंबा इतिहास है। एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में बैंक समाज कल्याण में विशेष रूप से समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए और उनके जीवन में सतत सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए सदैव प्रयासरत रहता है। लाभदायक रोजगार के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण, मानव कल्याण और महिलाओं एवं किसानों के उत्थान के लिए अन्य सामाजिक गतिविधियां बैंक के प्रमुख केन्द्र बिन्दु हैं। बैंक कमजोर वर्ग और ग्रामीण नागरिकों के लाभार्थ विभिन्न सामुदायिक विकास और सामाजिक-आर्थिक कल्याण गतिविधियों में लगे विभिन्न संगठनों की मदद कर रहा है।

बैंक के पास देश के 10 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में 64 ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) केंद्र हैं जो ग्रामीण एवं अर्द्ध शहरी क्षेत्रों के नवयुवकों को कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से स्व-रोजगार सृजित करने हेतु प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। प्रारम्भ से इन केंद्रों ने 22405 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं और 6.22 लाख युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया है जिनमें से 4.24 लाख ने पहले ही रोजगार प्राप्त कर लिया है या अपने स्वयं के उद्यम स्थापित किए हैं। आरसेटी के समग्र कार्यनिष्पादन/ कार्यप्रणाली के आधार पर ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सभी 64 आरसेटी केंद्रों को "एए" (उत्कृष्ट) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

बैंक ने 12 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में 85 वित्तीय साक्षरता और ऋण परामर्श केंद्र (एफएलसीसी) भी स्थापित किए हैं जो औपचारिक वित्तीय क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न वित्तीय उत्पादों और सेवाओं के बारे में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के व्यक्तियों को वित्तीय परामर्श सेवाएं और शिक्षा प्रदान करते हैं। ये केंद्र वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग सेवाओं के बारे में जागरूकता, डिजिटल बैंकिंग, वित्तीय आयोजना और किसी व्यक्ति के ऋण से संबंधित संकट को दूर करने संबंधी कार्य को बढ़ावा देने वाली गतिविधियां करते हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार बैंक ने 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 114 वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) भी स्थापित किए हैं, जिनका उद्देश्य अभिनव पहलों और सहभागिता आधारित दृष्टिकोण के माध्यम से आदिवासी और पिछड़े ब्लॉकों में वित्तीय साक्षरता प्रदान करना है।

पर्यावरण, सामाजिक और गवर्नेस (ईएसजी) सिद्धांतों के तहत पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता के एक भाग के रूप में बैंक ने प्रत्येक ऑटो ऋण/ गृह ऋण संवितरण की एवज में एक पौधा रोपण की प्रायोगिक पहल भी शुरू की है। दिनांक 31.03.2023 तक 1.50 लाख से अधिक पेड़ लगाए जा चुके हैं।

बैंक ने विभिन्न सामाजिक कार्यों के लिए भी दान दिया है, जैसे गरीब छात्रों को उनके पूर्व स्नातक अध्ययन के लिए वित्तीय सहायता, सरकारी स्कूलों में सुविधाओं से वंचित और महरूम बच्चों को मध्याह्न भोजन प्रदान करने के लिए एनजीओ को 2 वितरण वाहनों का दान, सार्वजनिक सुरक्षा और संरक्षण के लिए उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले में संवेदनशील स्थानों पर 11 सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, जंगल में हाईवे पेट्रोलिंग और कॉम्बिंग ऑपरेशन के लिए वाहन का दान, छोटे बच्चों की कैंसर की बीमारी के इलाज के लिए चिकित्सा सहायता परियोजना।

घरेलू अनुषंगियां और संयुक्त उद्यम

बॉब फाइनेंशियल सॉल्यूशंस लिमिटेड

बॉब फाइनेंशियल सॉल्यूशंस लिमिटेड की स्थापना 1994 में बैंक के पूर्ण स्वामित्व वाली एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में की गई थी। इसका प्रमुख व्यवसाय क्रेडिट कार्ड जारी करना है इसकी मुख्य विशेषता जो इसे दूसरों से अलग करती है, सरल, आसानी से समझ में आने वाले उत्पाद हैं, जो उचित मूल्य, सक्षम सेवा और संपूर्ण डिजिटल आवेदन के साथ आते हैं।

वित्त वर्ष 2023 बॉब फाइनेंशियल के लिए उल्लेखनीय वृद्धि का वर्ष रहा। भारतीय रिज़र्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार कंपनी ने क्रेडिट कार्ड की संख्या (76%, वहीं उद्योग के लिए यह 16% थी) और उस पर व्यय (152%, वहीं उद्योग के लिए यह 47% थी) दोनों के मामले में उद्योग की तुलना में बहुत तेजी से वृद्धि की। कंपनी वित्त वर्ष 2023 के लिए भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली 8वीं सबसे बड़ी कंपनी के रूप में उभरी।

- बॉब फाइनेंशियल ने करीब 1.2 मिलियन क्रेडिट कार्ड (वित्त वर्ष 2022 में जारी 0.5 मिलियन क्रेडिट कार्ड की तुलना में) जारी करके वित्त वर्ष 2023 में नए क्रेडिट कार्ड के अधिग्रहण को दोगुना कर दिया है। यह वित्त वर्ष के दौरान लगातार शीर्ष 10 जारीकर्ताओं में से एक रही है।
- वित्त वर्ष 2022 की तुलना में रिटेल खर्च में भी लगभग दोगुने से अधिक वृद्धि हुई और यह ₹17,300 करोड़ हो गया (जो वित्त वर्ष 2022 में ₹7,000 करोड़ था)

कंपनी ने रक्षा बलों (सेना, असम राइफल्स और तटरक्षक), एचपीसीएल और स्नैपडील के साथ विशेष साझेदारी सहित दोनों बड़े और विश्वसनीय संगठनों के साथ सह-ब्रांड साझेदारी कर अपनी दो-तरफा विकास रणनीति (एक तरफ बैंक ऑफ़ बड़ौदा के ग्राहक और दूसरी तरफ प्रमुख साझेदार के ग्राहक) को और मजबूत किया है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा इकोसिस्टम के भीतर कंपनी ने नैनीताल बैंक और बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा प्रायोजित 3 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के साथ सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का शुभारंभ किया। कंपनी ने पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के लिए एक क्रेडिट कार्ड 'विक्रम' और स्व-रोजगार वाले ग्राहकों के लिए एक क्रेडिट कार्ड 'एमपावर' भी लॉन्च किया है।

कंपनी ने कार्ड के उपयोग को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ ग्राहक जुड़ाव को बढ़ाने के लिए कई ग्राहक संचार पहलें शुरू की। यह विशेष रूप से नए कार्डों के सक्रियण और विंटेज कार्डों के उपयोग के संबंध में नियामक मैंडेट के आलोक में महत्वपूर्ण था।

ब्रांड छवि को बेहतर बनाने और नियमित व्यावसायिक कारणों से इतर संबंधों में जुड़ाव हेतु एक विशिष्ट ब्रांड संगीतमय पहचान का शुभारंभ किया गया और अब सभी ब्रांडेड वीडियो सामग्री की पृष्ठभूमि में इसका उपयोग किया जा रहा है।

बॉब फाइनेंशियल ने व्यवसाय वृद्धि और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए प्रौद्योगिकी में निवेश करना जारी रखा। कार्डधारक के स्मार्टफोन पर उनके क्रेडिट कार्ड का पूरा नियंत्रण देने के लिए एक स्टैंडअलोन मोबाइल ऐप शुरू किया गया है और इसे बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बॉबवर्ल्ड ऐप के साथ भी एकीकृत किया गया है, जिससे बैंक के ऐप में ही बैंक ऑफ़ बड़ौदा के ग्राहकों को निर्बाध सुविधाएं मिलती रहें।

विभिन्न प्रक्रियाओं का स्वचालन एक अन्य ध्यान केंद्रण का क्षेत्र था। वित्त वर्ष 2023 के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक के मेंडेट से संबंधित प्रक्रियाएं, ग्राहकों का जोखिम वर्गीकरण, री-केवाईसी जैसी कुछ प्रमुख प्रक्रियाओं को स्वचालित किया गया। ओरेकल फ्यूजन द्वारा संचालित फायनांस एंड प्रोक्योरमेंट मॉड्यूल का क्रियान्वयन भी वित्त वर्ष 2023 के अंत में शुरू हुआ।

अपनी वितरण क्षमताओं के निर्माण के दौरान बैंक की वितरण क्षमताओं का

पूरा लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सभी अंचलों और क्षेत्रों के साथ प्रभावी रूप से समन्वय स्थापित करने के लिए, बॉब फाइनेंशियल ने मानव संसाधन के साथ-साथ उपस्थिति बिंदुओं के विस्तार में निवेश करना जारी रखा।

वित्त वर्ष 2023 के लिए बीएफएसएल की महत्वपूर्ण उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

(राशि करोड़ में)

बॉब फाइनेंशियल सॉल्यूशंस लिमिटेड		
विवरण	**वित्तीय वर्ष 2022**	**वित्तीय वर्ष 2023**
कुल आस्तियां	**1562.45**	**3,520.45**
चालू वित्तीय वर्ष के लिए निवल लाभ/ (हानि)	**10. 07**	**24. 62**
चालू वित्तीय वर्ष के लिए निवल एनपीए स्तर	29.07	68.55
क्रेडिट रेटिंग	क्रिसिल ए1+	क्रिसिल ए1+
	इंडिया रेटिंग ए1+	इंडिया रेटिंग ए1+
आस्तियों पर रिटर्न	**0.66%**	**0.71%**

बॉब कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड

बॉब कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड (बॉबकैप्स), बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है, जो सेबी पंजीकृत श्रेणी- मर्चेंट बैंकर है और साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) की सदस्यता के साथ स्टॉक ब्रोकर भी है।

बॉबकैप्स वित्तीय सेवाओं का विस्तृत स्पेक्ट्रम प्रदान करता है जिसमें प्राइमरी मार्केट/ पीई फंड, ऋण समूहन, दबावग्रस्त आस्तियों का निपटान, इक्विटी मूल्यांकन, विलय एवं अधिग्रहण एडवाइजरी तथा स्टॉक ब्रोकिंग (संस्थागत और रिटेल दोनों) शामिल है. इसमें दो परिचालन सेगमेंट हैं यथा - निवेश बैंकिंग और ब्रोकिंग एवं वितरण।

बॉबकैप्स ने चुनौतीपूर्ण बाजार स्थितियों के बावजूद वित्त वर्ष 2023 के दौरान अपने व्यवसाय में अच्छी वृद्धि करना जारी रखा। निवेश बैंकिंग टीम ने कर्ज प्रस्तावों, कर्ज सिंडिकेशन, डीसीएम, एमएंडए एडवाइजरी और पूंजी बाजारों में कई लेन-देन सफलतापूर्वक पूर्ण किए। रिटेल इक्विटी व्यवसाय ने निर्बाध व्यापार क्षमताओं के साथ एक परिष्कृत और ग्राहक अनुकूल ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म/ एप्लीकेशन की सफलतापूर्वक शुरुआत की है, जो पूरे उद्योग की तुलना में सर्वश्रेष्ठ है। इसके परिणामस्वरूप हाल के महीनों में मासिक ग्राहक अधिग्रहण दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यह पिछले वित्त वर्ष में प्रति माह औसतन 1,000 खातों से बढ़कर हाल के दिनों में 11,000 खातों तक पहुंच गई है। एक्सचेंजों के इक्विटी और एफएंडओ सेगमेंट में ट्रेडिंग वॉल्यूम में गिरावट के बावजूद संस्थागत ब्रोकिंग राजस्व में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई है।

वर्ष के दौरान बॉबकैप्स को सेबी से डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट लाइसेंस प्राप्त हुआ। यह कंपनी को अपने ग्राहकों को निर्बाध अनुभव प्रदान करने के लिए ट्रेडिंग खातों के साथ-साथ डीमैट सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। बॉबकैप्स ने विदेशी संस्थागत ग्राहक व्यवसाय हेतु बैंक सिक्योरिटीज पीटीई लिमिटेड, सिंगापुर के साथ टाई-अप भी किया है। इससे अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बॉबकैप्स की उपस्थिति सुनिश्चित होगी। इन पहलों से आगे चलकर कंपनी के लिए राजस्व के नए स्रोतों में वृद्धि होगी।

वित्त वर्ष 2023 के लिए बीओबी कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड की कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

(**राशि करोड़ में**)

बॉब कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड		
विवरण	**वित्त वर्ष 2022**	**वित्त वर्ष 2023**
कुल आस्तियां	187.97	179.34
निवल लाभ/ हानि	7.72	1.25
ग्राहक आधार (संख्या)	35,191	1,00,929
शाखाओं की कुल संख्या	2	3

बड़ौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेज लि.

बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बड़ौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेज 2017 में बैंक द्वारा लिए गए एक रणनीतिक निर्णय का परिणाम है। इसका उद्देश्य सेवा कार्यों को एक इकाई में एकीकृत करना था, जिससे सेवा दोहराव और व्यापार इकाई के साइलो को कम किया जा सके, तालमेल और पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं का निर्माण किया जा सके। केंद्रीयकरण के कारण बैंक की कार्यकुशलता में सुधार हुआ है और लागत में काफी बचत हुई है। बाद में विभिन्न प्रक्रियाओं के स्वचालन के परिणामस्वरूप शाखाओं में कार्यबल बैंडविड्थ को मुक्त कर दिया गया है और मुख्य गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर प्रदान किया गया है। इस स्थापना ने बैंक को बिक्री और सेवा कार्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने और बैंक के लिए क्रॉस-सेल पहलों को वितरित करके महत्वपूर्ण मूल्य का योगदान करने में सक्षम बनाया है।

बीजीएसएस द्वारा केंद्रीकृत प्रोसेसिंग के सफल स्थापना और विस्तार के आधार पर, बैंक ने ऋण सोर्सिंग और संग्रह क्षमता में सुधार के नए क्षेत्रों में इसकी क्षमताओं का उपयोग कर बीजीएसएस में विश्वास व्यक्त किया है, जिससे बैंक की क्षमता में वृद्धि हुई।

वित्त वर्ष 2023 में, बीजीएसएस ने बैंक के लिए डिजिटल पेनेट्रेशन, ग्रामीण और कृषि बैंकिंग (डीएसटी) और पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम (पीसीएमसी) कर संग्रह (सरकारी व्यवसाय) की शुरुआत की। इसके अलावा, बैंक के वित्तीय समावेशन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए, बीजीएसएस को बीसी एजेंटों को अखिल भारतीय स्तर पर (विशेषकर अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में) नियोजित करने हेतु बैंक के कॉर्पोरेट व्यवसाय प्रतिनिधि के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

शेयर्ड सर्विसेस सामान्य प्लेटफॉर्म के माध्यम से डेटा की उपलब्धता के आधार पर समय-समय पर आंतरिक एवं बाह्य आकलनों के द्वारा सुदृढ़ एवं सख्त नियंत्रण रखना भी सुनिश्चित करता है। बीजीएसएस की कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

1. 17 अंचल कार्यालयों में डिजिटल मोड के माध्यम से 26,800 से अधिक लेन-देन के साथ ₹109 करोड़ के संपत्ति कर संग्रह किया गया, जो पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम (पीसीएमसी) कर संग्रह व्यवसाय (सरकारी व्यवसाय) में 184% की वृद्धि दर्शाता है।
2. 10 माह की अवधि के भीतर, अधिक बीसी सहायता प्रदान करने के लिए निष्पादित किए गए 1440 केओआईडी के साथ 1,258 बीसीए की नियुक्ति की गई, जिससे समग्र वित्तीय समावेशन व्यवसाय का विस्तार हुआ।

3. डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने के क्रम में बॉब वर्ल्ड, कॉर्पोरेट बैंकिंग, बी3 खाता खोलने और इनबाउंड सेवाओं को शुरू किया गया है। शाखा में आने वाले ग्राहकों को डिजिटल चैनलों पर स्थानांतरित करने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ मैनुअल कॉलिंग के लिए रूपांतरण संख्या में माह-दर-माह सुधार हुआ है।

4. छह राज्यों के सीपीपीसी (सेंट्रल पेंशन प्रोसेसिंग सेंटर) का परिचालन गिफ्ट सिटी में स्थानांतरित किया गया है।

5. बीजीएसएस नई एटीएम मशीनें लगाने में बैंक का सहयोग कर रहा है- 4,500 से अधिक मशीनें लगाई गई हैं।

6. टीआरआरएसीएस पोर्टल (नियामक आवश्यकता) में प्रवर्तन निदेशक (डीओई) के रूप में 5,000 शिपिंग बिलों को चिह्नित करने के लिए ईडीपीएमएस टीम को सहायता प्रदान की गई है।

7. उत्कृष्ट ग्राहक सेवा पर ध्यान केंद्रित करते हुए बीजीएसएस ने बैंक की सहायता की है और एनआरआई/एनआरओ ग्राहकों के लिए एंड-टू-एंड क्वेरी रिज़ॉल्यूशन, शिकायत प्रबंधन, फीडबैक और सुझावों की प्राप्ति सूचना जैसी सेवाओं को विस्तारित कराने के लिए जनवरी 2023 में एक एनआर ऑपरेशंस हेल्पडेस्क स्थापित करने में मदद की है।

8. डीएसटी उत्पादों- ऑटो ऋण, गृह ऋण, शिक्षा ऋण और एलएपी के लिए ₹1,200 करोड़ से अधिक के व्यापार के साथ मार्च 23 हेतु 100% लक्ष्य हासिल किया गया।

9. साइबर सिक्योरिटी इंसीडेंट टीम (सीएसआईआर) का मूल्यांकन पूर्ण हो गया है; सीएसआईआरटी की योजना लागू है।

10. बॉब वर्ल्ड ऑर्बिट पोर्टल- व्यावसायिक गतिविधियों को पूरा करने के लिए एक ऑनलाइन सार्वजनिक बी2बी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म। एमवीपी (न्यूनतम व्यवहार्य उत्पाद) विकसित किया गया है।

11. बीजीएसएस ने चालू खाता खोलने (गैर-व्यक्तिगत) प्रक्रिया में एफटीआर% में सुधार लाने के लिए लीन सिक्स सिग्मा परियोजना विकसित की है और एफटीआर% में 24.72% से 50% दक्षता लाभ हासिल किया है।

12. उत्कृष्ट और बहुत अच्छी श्रेणी वाले 87% दर्शकों के लिए दिसंबर 2022 में वार्षिक सीएसएटी सर्वेक्षण आयोजित किया गया।

बड़ौदासन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड

बड़ौदासन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड 5 जुलाई, 2017 को बैंक ऑफ़ बड़ौदा की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी के रूप में रजिस्ट्रार ऑफ़ कंपनीज, मुंबई, महाराष्ट्र में पंजीकृत हुई। कंपनी को बैंक ऑफ़ बड़ौदा के लिए विभिन्न प्रकार के व्यवसाय में बदलते आईटी समर्थित व्यवसाय समाधान/ आईटी सॉफ्टवेयर उत्पाद की प्रयोक्ता और क्रियान्वयन से संबंधित मामलों पर सिस्टम इंटीग्रेट/ परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया है।

कंपनी ने अभी तक पूर्ण परिचालन शुरू नहीं किया है और यह बैंक के विभिन्न व्यावसायिक वर्टिकलों में तकनीकी दक्षता प्रदान करने वाली विभिन्न व्यावसायिक आवश्यकताओं को प्रभावी रूप से पूरा करने के लिए उद्यमवार आईटी परियोजनाओं और वित्तीय उत्पादों के विकास और समाधानों को क्रियान्वित करने के लिए कार्यक्रम / परियोजना प्रबंधन जैसी गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करेगी।

दि नैनीताल बैंक लि.

दि नैनीताल बैंक लिमिटेड (एनबीएल) मूल रूप से 1922 में स्वर्गीय भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत और अन्य द्वारा प्रवर्तित है जो वर्ष 1973 में बैंक ऑफ़ बड़ौदा की अनुषंगी बनी। नैनीताल बैंक लिमिटेड में बैंक की धारिता 98.57% है। एनबीएल का नैनीताल में अपना पंजीकृत कार्यालय है और यह पांच राज्यों अर्थात् उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), हरियाणा और राजस्थान में इसका परिचालन करती है। 31 मार्च, 2023 तक एनबीएल की 167 शाखाएं हैं। एनबीएल का कुल कारोबार 31 मार्च, 2022 के ₹11,698 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2023 को ₹12,305 करोड़ हो गया। बैंक ने पिछले वर्ष के दौरान ₹ 28.93 करोड़ के निवल लाभ के सापेक्ष वित्त वर्ष 2023 में रू. 46.30 करोड़ का निवल लाभ दर्ज किया है।

बड़ौदा बीएनपी परिबास एसेट मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (बीबीएनपीए एएमसी)

बीबीएनपीपी एएमसी बैंक ऑफ़ बड़ौदा (50.10% शेयरधारिता) और बीएनपी परिबास एसेट मैनेजमेंट एशिया लिमिटेड (49.90% शेयरधारिता) की एक संयुक्त उद्यम है। यह कंपनी बड़ौदा बीएनपी परिबास म्यूचुअल फंड के लिए एसेट मैनेजर है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा और बीएनपी एशिया लिमिटेड (बीएनपी एशिया) ने दिनांक 11 अक्टूबर 2019 को भारत में अपनी एसेट मैनेजमेंट और ट्रस्टी कंपनियों का विलय करने के लिए बाध्यकारी करार पर हस्ताक्षर किए हैं। नियामक अनुमोदन प्राप्त होने और सेबी (एमएफ) विनियम के तहत आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने पर, संस्थाओं का 14 मार्च, 2022 से विलय प्रभावी हो गया और बैंक की अनुषंगी कंपनी बन गई।

विलय के पश्चात् पूरे भारत के 140 कस्बों और शहरों में टच पॉइंट के साथ-साथ उत्पाद रेंज, एयूएम और एयूएम में इक्विटी की हिस्सेदारी काफी बढ़ गई है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान एएमसी में उद्योग की तुलना में तेजी से वृद्धि हुई। जनवरी-मार्च 2023 तिमाही के दौरान एएयूएम 6% की उद्योग वृद्धि की तुलना में 15% वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ ₹24,507 करोड़ था।

वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी ने आईएफए पर विशेष ध्यान देने के साथ वर्ष-दर-वर्ष अपने तृतीय-पक्ष वितरण नेटवर्क का 16% विस्तार करना जारी रखा। कंपनी ने 4 नए उत्पाद सफलतापूर्वक लॉन्च किए। इसमें एक इक्विटी फंड- बीबीएनपीपी फ्लेक्सी कैप फंड, एक हाइब्रिड फंड- बीबीएनपीपी मल्टी एसेट फंड और दो पैसिव डेट इंडेक्स फंड- बीबीएनपीपी निफ्टी एसडीएल दिसंबर 2026 इंडेक्स फंड और बीबीएनपीपी निफ्टी एसडीएल दिसंबर 2028 इंडेक्स फंड शामिल हैं।

वित्त वर्ष 2023 के लिए बड़ौदा बीएनपी पारिबास एसेट मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की महत्वपूर्ण उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

(₹ करोड़ में)

बड़ौदा बीएनपी परिबास एसेट मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड		
विवरण	**वित्त वर्ष 2022**	**वित्त वर्ष 2023**
कुल आस्तियां	200.24	187.36
चालू वित्त वर्ष के लिए निवल लाभ	(22.28)	(6.88)
प्रबंधन के तहत औसत आस्तियां (एएयूएम)	23,453*	26,436*
कुल एएयूएम के लिए इक्विटी (%)	53%	56%

* इसमें वित्त वर्ष 2021-22 में ₹2,060 करोड़ और वित्त वर्ष 2022-23 में ₹1,929 करोड़ की एडवाइजरी एयूएम शामिल है।

इंडिया फ़र्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. इंडिया

इंडिया फ़र्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि., जिसका मुख्यालय मुंबई में स्थित है, देश की सबसे नवीनतम बीमा कंपनियों में से एक है जिसकी प्रदत्त शेयर पूंजी ₹ 1,433 करोड़ (शेयर प्रीमियम सहित) है। यह कंपनी बैंक ऑफ़ बड़ौदा की एक घरेलू अनुषंगी है जो कार्मल पॉइंट इन्वेस्टमेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ प्रवर्तित है, जिसका स्वामित्व वारबर्ग पिंकस एलएलसी द्वारा प्रबंधित निजी इक्विटी फंडों के पास है। यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया कंपनी का तीसरा निवेशक है।

वित्तीय वर्ष 2023 में, इंडियाफर्स्ट लाइफ ने व्यक्तिगत नए व्यापार एपीई (एनुअल प्रीमियम इक्वेलेंट) में 27% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज की है। व्यक्तिगत नए व्यापार एपीई के आधार पर, इंडिया फर्स्ट लाइफ की निजी बाजार हिस्सेदारी 2.5% थी और इसने समग्र जीवन बीमा उद्योग (एलआईसी सहित) के सापेक्ष 1.4 गुना की वृद्धि दर्ज की। समग्र उद्योग की तुलना में तीव्र दर से वृद्धि के इस रिकॉर्ड को इंडियाफर्स्ट लाइफ द्वारा लगातार पिछले 9 वर्षों से (वित्त वर्ष 2014-15 से) बनाए रखा गया है। कंपनी ने पिछले वर्ष की तुलना में निजी समकक्षों के बीच व्यक्तिगत नए व्यापार एपीई में अपनी रैंकिंग में 1 स्थान का सुधार करते हुए 10वां स्थान प्राप्त किया है और इसके पास 31 मार्च, 2023 को ₹21,683 करोड़ एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) है। इंडिया फर्स्ट लाइफ ने वित्त वर्ष 2023 के लिए ₹76.25 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया, जिसमें ₹6074 करोड़ की कुल प्रीमियम आय सहित ₹7380 करोड़ की कुल आय शामिल है।

इंडिया फर्स्ट लाइफ को लगातार पांचवीं बार ग्रेट प्लेस टू वर्क (जीपीटीडब्ल्यू) के रूप में प्रमाणीकृत किया गया जिसे जीपीटीडब्ल्यू बीएफ़एसआई सर्वेक्षण द्वारा लगातार पांचवीं बार 'बीएफ़एसआई में सर्वोत्कृष्ट वर्कप्लेस' में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त होने के साथ-साथ व्यावसायिक, शैक्षणिक और सरकारी संगठनों में उत्कृष्ट कार्यस्थलों को परिभाषित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ मानक के रूप में माना जाता है। द इकोनॉमिक टाइम्स द्वारा कंपनी को 2022 के सर्वश्रेष्ठ ब्रांड में भी सम्मानित किया गया है।

इंडिया इंफ्राडेब्ट लिमिटेड

इंडिया इंफ्राडेब्ट लिमिटेड (इंफ्राडेब्ट) भारत में परिचालन शुरू करने वाली पहली इन्फ्रास्ट्रक्चर डेट फंड (आईडीएफ़) एनबीएफसी है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा और आईसीआईसीआई बैंक इस इंफ्राडेब्ट के प्रायोजक हैं और सिटी कॉर्प फाइनेंस (इंडिया) लिमिटेड एवं भारतीय जीवम बीमा निगम इसके अन्य शेयरधारकों में शामिल हैं। यह इंफ्राडेब्ट अपेक्षाकृत ऐसी सुरक्षित, पूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का वित्तपोषण करती है जिन्होंने एक वर्ष का वाणिज्यिक परिचालन पूर्ण कर लिया हो। इसकी स्थापना के बाद से इसे क्रिसिल, आईसीआरए और भारत रेटिंग द्वारा एएए/ स्टेबल आउटलुक के रूप में रेट किया गया है। इंफ्राडेब्ट को इसकी सभी आय पर 100% आयकर रियायत प्राप्त है।

मजबूत, स्थायी इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं- विशेष रूप से अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं और सड़क परियोजनाओं के लिए ऋण देने पर इंफ्राडेब्ट का ध्यान केंद्रित होने के कारण बैंक में सहक्रियता उत्पन्न होती है और इस प्रकार भारत में हरित ऊर्जा को बढ़ावा तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया जाता है। इन्फ्राडेब्ट का व्यवसाय लगातार बढ़ रहा है।

31 मार्च, 2023 को इसकी ऋण बही ₹17,711 करोड़ रही और वित्त वर्ष 2023 के लिए शुद्ध लाभ ₹369 करोड़ और इक्विटी पर रिटर्न 14% रहा। इंफ्राडेट पिछले छह वर्षों से लगातार लाभांश भी दे रही है।

बैंक की सभी घरेलू अनुषंगियों और संयुक्त उद्यमों का संक्षिप्त सारांश निम्नानुसार है:

(₹करोड़ में)

इकाई	स्वामित्व वाली निधि	कुल आस्तियां	निवल लाभ	कार्यालय	कर्मचारी
बॉब फाइनेंशियल सॉल्यूशंस लिमिटेड	1009.52	3520.45	24.62	44	485
बॉब कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड	161.29	179.34	1.25	3	106
बड़ौदा सन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड	4.55	4.69	0.06	1	1
बड़ौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेज लि.	39.55	56.50	9.50	4	5789
दि नैनीताल बैंक लि.	727.79	8656.67	46.30	171	1223
बड़ौदा बीएनपी परिबास एसेट मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	154.15	187.36	(6.88)	13	166
बड़ौदा बीएनपी परिबास ट्रस्टी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	0.25	0.38	0.01	1	1
इंडिया फ़र्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.	1069.00	22090.00	76.00	29	3,595
इंडिया इंफ्राडेब्ट लिमिटेड	2781.30	19301.70	368.60	1	28

पुरस्कार

वित्तीय, डिजिटल फ्रंट और अन्य अनूठी पहलों में बैंक के उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के सम्मान में, बैंक को वित्त वर्ष 2023 के दौरान कई पुरस्कार और सम्मान प्रदान किए गए जो निम्नानुसार हैं;

वित्त वर्ष	प्राप्त पुरस्कारों के विवरण
वित्त वर्ष 2023 की पहली तिमाही	• बैंक ऑफ़ बड़ौदा को प्रतिष्ठित एक्सप्रेस बीएफएसआई टेक्नोलॉजी अवार्ड्स 2022 में दो पुरस्कार प्राप्त हुए। बॉब वर्ल्ड को एंटरप्राइज मोबिलिटी श्रेणी में विजेता घोषित किया गया और बैंक के डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म को मई 2022 में एनालिटिक्स / बिग डेटा श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। • बॉब वर्ल्ड को (मई 2022) में बैंकिंग फ्रंटियर्स फिनोविटी 2022 के लिए विजेता घोषित किया गया। • बैंक ऑफ़ बड़ौदा (केन्या) लिमिटेड को 17वें थिंक बिजनेस बैंकिंग अवार्ड्स 2022 में छह पुरस्कार प्राप्त हुए। • 'बेस्ट बैंक टू बॉरो' - विजेता • सबसे दक्ष बैंक - प्रथम उप विजेता • टीयर II में सर्वश्रेष्ठ बैंक - द्वितीय उप विजेता • केन्या में समग्र रूप से सर्वश्रेष्ठ बैंक - द्वितीय उप विजेता • सर्वाधिक ग्राहक-केंद्रित बैंक - द्वितीय उप विजेता • एसएमई बैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ बैंक - द्वितीय उप विजेता (मई 2022) • फाइनेंशियल एक्सप्रेस ने श्री अखिल हांडा को मॉडर्न बीएफएसआई समिट 2022 (जून 2022) में एफई विजनरी लीडरशिप पुरस्कार से सम्मानित किया। • बैंक ऑफ़ बड़ौदा को मार्च 2022 से मार्च 2023 की अवधि के लिए ग्रेट एम्प्लॉयर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा "ग्रेट प्लेस टू वर्क" के रूप में प्रमाणित किया गया।
वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही	• बैंक ऑफ बड़ौदा को ग्लोबल प्राइवेट बैंकर द्वारा 'संभ्रान्त ग्राहकों हेतु उत्कृष्ट धन संपदा प्रबंधन पेशकश' श्रेणी के तहत ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग इनोवेशन अवार्ड्स 2022 का विजेता घोषित किया गया। (जुलाई 2022) • बैंक ऑफ़ बड़ौदा को पहली बार एशियन प्राइवेट बैंकर्स इंडिया 2021 एयूएम लीग टेबल्स में #22 वां स्थान और आरएम हेडकाउंट में #8वां स्थान प्राप्त हुआ है। (जुलाई 2022) • बैंक ऑफ़ बड़ौदा की यूएई टेरिटरी ने सेंट्रल बैंक ऑफ़ यूएई के तत्वावधान में अमीरात इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंशियल स्टडीज (ईआईबीएफएस) से 'द बेस्ट एंगेजमेंट इन द ट्रेनिंग एंड एमिरेटाइजेशन' का प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया है। (जुलाई 2022) • बैंक ऑफ बड़ौदा को ग्रेट इंडियन बीएफएसआई ऑनलाइन लीड जनरेशन श्रेणी के तहत द ग्रेट इंडियन बीएफएसआई अवार्ड द्वारा स्वर्ण ऋण-वर्नाक्यूलर अभियान हेतु ग्रेट इंडियन बीएफएसआई पुरस्कार प्राप्त हुआ। (जुलाई 2022) • बैंक ऑफ़ बड़ौदा को 2019-2020 हेतु 'फाइनेंशियल एक्सप्रेस इंडिया बेस्ट बैंक अवार्ड' के लिए गृह ऋण श्रेणी में विजेता घोषित किया गया। (अगस्त 2022) • बैंक ऑफ़ बड़ौदा को प्रौद्योगिकी का उपयोग कर महिलाओं के लिए वित्तीय समावेशन हेतु 'टेक प्लस मीडिया के सीएक्सओ टेक इनोवेशन अवार्ड 2022' से सम्मानित किया गया है। (अगस्त 2022) • बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान ईज 4.0 रिफॉर्म्स इंडेक्स में 'ओवरऑल टॉप परफॉर्मिंग बैंक' का सम्मान प्राप्त किया। बैंक को आकांक्षी भारत हेतु स्मार्ट लेंडिंग और अत्याधुनिक 24x7 बैंकिंग में प्रथम स्थान तथा तकनीक आधारित बैंकिंग, विवेकपूर्ण बैंकिंग स्थापित करने, गवर्नेंस एवं परिणाम-केंद्रित मानव संसाधन हेतु तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। (सितंबर 2022) • तमिलनाडु के माननीय मुख्यमंत्री श्री एम के स्टालिन द्वारा बैंक ऑफ़ बड़ौदा के चेन्नई अंचल को एमएसएमई विभाग, तमिलनाडु सरकार द्वारा आयोजित एमएसएमई एवं टीआरईडीएस प्लेटफॉर्म कार्यनिष्पादन 'एक्सटेंडिंग शोल्डर्स टू एमएसएमई' के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए सम्मानित किया गया। (सितंबर 2022) • बैंक ऑफ़ बड़ौदा को डन एंड ब्रैडस्ट्रीट पीएसयू और गवर्नमेंट समिट 2022 में सम्मानित किया गया। यह सम्मान ऐसे पीएसयू को दिया जाता है जो 1947 में या उससे पहले स्थापित हुए हैं और जिन्होंने भारत की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। (सितंबर 2022)

वित्त वर्ष	प्राप्त पुरस्कारों के विवरण
वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही	• बैंक ऑफ़ बड़ौदा को 'मोबाइल ऐप्स' श्रेणी के तहत गवर्नेंस नाऊ बीएफएसआई पुरस्कार 2022 प्राप्त हुआ। (अक्तूबर 2022) • नवभारत बीएफएसआई अवार्ड 2022 में बैंक ऑफ़ बड़ौदा को गृह और कार ऋणों के लिए विजेता घोषित किया गया। (अक्तूबर 2022) • बैंक ऑफ़ बड़ौदा को एसोचैम फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजीज एंड 7वें टेक्नोलॉजी एक्सिलेंस अवार्ड में 'बैंक ऑफ़ द इयर (डिजिटल बैंक)' घोषित किया गया। (नवंबर 2022) • बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज द्वारा बैंक ऑफ़ बड़ौदा को 'टॉप परफॉर्मिंग बैंक इन म्यूचुअल फंड सेगमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। (नवंबर 2022) • बैंक ऑफ़ बड़ौदा को इंडियन बैंक एसोसिएशन के 18वें वार्षिक बैंकिंग प्रौद्योगिकी पुरस्कार में बड़े बैंकों में 'बेस्ट एआई एंड एमएल बैंक' का पुरस्कार प्रदान किया गया। बैंक को 'बेस्ट आईटी रिस्क मैनेजमेंट' और 'बेस्ट टेक्नोलॉजी टैलेंट' श्रेणियों में भी उप विजेता घोषित किया गया। (दिसंबर 2022) • बैंक ऑफ़ बड़ौदा को रूस के सोची में वित्तीय सुरक्षा पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय ओलिंपियाड में ईएजी लॉरेट पुरस्कार प्राप्त हुआ। ईएजी ने सदस्य देशों के अनुपालन अधिकारियों के बीच 'बेस्ट एक्जाम्पल ऑफ़ एएमएल-सीएफटी फाइनेंशियल विश्लेषण' पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया था। (दिसंबर 2022) • बैंक ऑफ़ बड़ौदा को दि मैडीज 2022 के 8वें एक्सचेंज4 मीडिया मोबाइल अवार्ड में 'बेस्ट मोबाइल वेबसाइट' श्रेणी के तहत बॉब वर्ल्ड डिजिटल मार्केटिंग अभियान के लिए पुरस्कार प्राप्त हुआ। (दिसंबर 2022) • बैंक ऑफ़ बड़ौदा को सोशल समोसा के SAMMIE 2022 में बीएफएसआई (बैंक) श्रेणी के तहत बेस्ट सोशल मीडिया ब्रांड अवार्ड में सिल्वर पुरस्कार प्राप्त हुआ। (दिसंबर 2022) • बैंक ऑफ़ बड़ौदा को एक्सचेंज4मीडिया द्वारा इंडियन कंटेंट मार्केटिंग अवाड्र्स 2022 में बीएफएसआई श्रेणी के तहत अपने अभियान 'पहचानकॉन' के लिए कांस्य पुरस्कार प्राप्त हुआ। (दिसंबर 2022)
वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही	• बैंक ऑफ़ बड़ौदा को बिजनेस टूडे-केपीएमजी इंडियाज बेस्ट बैंक एंड फिनटेक सर्वे 2021-22 में 'बेस्ट बैंक इन फिनटेक इनीशिएटिव' और 'बेस्ट बैंक इन टैलेंट एंड वर्कफोर्स' का अवार्ड प्राप्त हुआ। (जनवरी 2023) • श्री इयान डिसूजा, सीएफओ, बैंक ऑफ़ बड़ौदा को सीआईआई-सीएफओ एक्सीलेंस अवार्ड 2022 में सीएफओ ऑफ द ईयर - टर्नअराउंड अवार्ड प्राप्त हुआ। (फरवरी 2023) • बैंक ऑफ़ बड़ौदा को सर्वश्रेष्ठ ब्रांडिंग बैंक का अवार्ड प्राप्त हुआ और सीआईएमएसएमई एमएसएमई बैंकिंग एंड एनबीएफ़सी एक्सीलेंस अवार्ड 2022 में सीएसआर पहल एवं व्यावसायिक उत्तरदायित्व बैंक के लिए उप विजेता घोषित किया गया (फरवरी 2023) • वित्त वर्ष 2021-22 में बैंक के कार्यनिष्पादन के आधार पर स्टेट फोरम ऑफ़ बैंकर्स क्लब केरल (एसएफबीसीके) द्वारा बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की श्रेणी में बैंक ऑफ बड़ौदा को 'सर्वश्रेष्ठ बैंक' नामित किया गया। इसके अतिरिक्त, बैंक की बालारामापुरम शाखा को वित्त वर्ष 2021-22 के लिए केरल में सर्वश्रेष्ठ कार्यनिष्पादन करने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की बैंक शाखा घोषित किया गया। (फरवरी 2023) • धनम बिजनेस मैगज़ीन द्वारा आयोजित धनम बीएफ़एसआई सम्मेलन एवं पुरस्कार 2023 में बैंक ऑफ़ बड़ौदा को 'बेस्ट पीएसयू बैंक ऑफ़ द ईयर' का अवार्ड प्राप्त हुआ। (फरवरी 2023) • बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने #बॉब वर्ल्ड चैलेंज इंस्टाग्राम अभियान हेतु द इकोनॉमिक टाइम्स डिजी प्लस गोल्ड पुरस्कार प्राप्त किया। (फरवरी 2023) • बैंक ऑफ़ बड़ौदा को एक्सचेंज4मीडिया द्वारा इंडियन मार्केटिंग अवाड्र्स में कार ऋणों हेतु सर्च मार्केटिंग के सर्वोत्तम उपयोग के लिए रजत पुरस्कार प्राप्त हुआ। (फरवरी 2023) • श्री इयान डिसूजा को सीआईआई-सीएफओ एक्सीलेंस अवार्ड 2022 में सीएफओ ऑफ द ईयर-टर्नअराउंड अवार्ड प्राप्त हुआ। (मार्च 2023) • श्री अखिल हांडा, सीडीओ, बैंक ऑफ़ बड़ौदा को फिनटेक क्षेत्र में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए फाइनेंशियलएक्सप्रेस.कॉम द्वारा एफई विजनरी लीडर के रूप में सम्मानित किया गया। (मार्च 2023) • श्री इयान डिसूजा, सीएफओ, बैंक ऑफ़ बड़ौदा को एसोचैम वाइब्रेंट भारत सीएफओ सम्मेलन एवं पुरस्कार 2023 में बैंकिंग एवं बीमा श्रेणी में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ सीएफओ घोषित किया गया। (मार्च 2023) • सुश्री स्वप्ना बंदोपाध्याय, महाप्रबंधक-मानव संसाधन प्रबंधन, बैंक ऑफ़ बड़ौदा को एडवांटेज क्लब द्वारा एक्सेप्शनल वोमेन अवार्ड इन ह्यूमन रिसोर्सेस से सम्मानित किया गया। (मार्च 2023) • बैंक ऑफ़ बड़ौदा को बैंकिंग क्षेत्र में अपने नेतृत्व के लिए द इकॉनॉमिक टाइम्स बेस्ट बीएफएसआई ब्रांड्स 2023 में सम्मानित किया गया। (मार्च 2023) • बैंक ऑफ़ बड़ौदा को 'प्रौद्योगिकी के नवोन्मेषी उपयोग' की श्रेणी के तहत इसके 'बॉब वर्ल्ड चेलेंज' अभियान हेतु ईटी ब्रांडइक्विटी.कॉम-ट्रेडिज अवार्ड 2023 में कांस्य पुरस्कार प्राप्त हुआ। (मार्च 2023)

लाभांश वितरण नीति

बैंक ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए प्रति शेयर ₹5.50 के लाभांश की अनुशंसा की है। इस प्रकार लाभांश के रूप में कुल ₹2,844.25 करोड़ का व्यय होगा। इस लाभांश का भुगतान अपेक्षित अनुमोदनों के अधीन हैं। लाभांश वितरण नीति इस वार्षिक रिपोर्ट में दी गई है और बैंक की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

निदेशक मंडल (वर्ष के दौरान निदेशकों की नियुक्ति / उनके कार्यकाल की समाप्ति)

नियुक्तियां

श्री मुकेश कुमार बंसल को बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (बी) के तहत केंद्र सरकार द्वारा दिनांक 15 दिसंबर, 2022 से अगले आदेशों तक सरकार के नामित निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने हेतु नामित किया गया।

श्री ललित त्यागी को बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (ए) के तहत केंद्र सरकार द्वारा दिनांक 21 नवंबर, 2022 से -3- वर्षों की अवधि के लिए अर्थात 20 नवंबर 2025 तक कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।

कार्यकाल की समाप्ति:

श्री अमित अग्रवाल के स्थान पर श्री मुकेश कुमार बंसल की नियुक्ति के कारण सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में उनका कार्यकाल दिनांक 14 दिसंबर, 2022 से समाप्त हो गया।

श्री विक्रमादित्य सिंह खीची की अधिवर्षिता की आयु होने पर कार्यपालक निदेशक के रूप में उनका कार्यकाल दिनांक 31 जुलाई, 2022 से समाप्त हो गया।

बोर्ड का मूल्यांकन

बैंक, पीएसबी गवर्नेंस सुधार - गैर-सरकारी निदेशकों की बेहतर प्रभावशीलता के माध्यम से गवर्नेंस में वृद्धि हेतु भारत सरकार के दिशानिर्देश दिनांक 30 अगस्त, 2018 का पालन कर रहा है।

कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर लेखापरीक्षकों का अनुपालन प्रमाणपत्र

सेबी (सूचीबद्ध बाध्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 की अनुसूची V के 'भाग ई' के अनुसरण में इस रिपोर्ट के साथ वर्ष 2022-23 के लिए कॉर्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों के अनुपालन के संबंध में लेखापरीक्षकों का अनुपालन प्रमाणपत्र संलग्न है।

व्यावसायिक दायित्व और संवहनीयता रिपोर्ट (बीआरएसआर)

सेबी द्वारा आवश्यक, व्यावसायिक दायित्व और स्थिरता संबंधी रिपोर्ट (बीआरएसआर) बैंक की वेबसाइट (www.bankofbaroda.co.in) पर उपलब्ध है। यदि कोई सदस्य उसकी भौतिक प्रति चाहते हैं तो वे बैंक के कंपनी सचिव को लिख सकते हैं।

निदेशकों का दायित्व संबंधी अभिकथन

निदेशकगण, इस आशय की पुष्टि करते हैं कि 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु वार्षिक लेखों को तैयार करते समय:

ए) तथ्यात्मक विसंगतियां, यदि कोई हो, से संबंधित समुचित स्पष्टीकरण सहित लागू लेखा मानकों का पूर्णतः अनुपालन किया गया है;

बी) भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार तैयार की गई लेखांकन नीतियों का पालन किया गया तथा निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया था और उन्हें विवेकपूर्ण, तर्कसंगत एवं न्यायोचित बनाया गया ताकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर बैंक की सत्य एवं वास्तविक स्थिति तथा उस अवधि हेतु बैंक के लाभ और हानि की वास्तविक एवं सुस्पष्ट स्थिति प्रस्तुत हो सके;

सी) निदेशकों ने, बैंक की आस्तियों की सुरक्षा और विभिन्न प्रकार की जालसाजी तथा अन्य अनियमितताओं से बचने तथा उनका पता लगाने हेतु बैंक के लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप लेखा-अभिलेखों के रखरखाव में समुचित एवं पर्याप्त सावधानी बरती है;

डी) निदेशकों ने, लेखों को कार्यशील संस्था के आधार पर तैयार किया है; और

ई) निदेशकों द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि बैंक द्वारा अपनाया जा रहा आंतरिक वित्तीय नियंत्रण इस संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप है और ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं तथा प्रभावी ढंग से परिचालित हो रहे हैं। स्पष्टीकरण : इस खंड के उद्देश्यों के अनुरूप 'आंतरिक वित्तीय नियंत्रण' शब्दावली का अर्थ बैंक द्वारा अपने व्यवसाय का व्यवस्थित एवं कुशल संचालन सुनिश्चित करने के लिए अपनायी गई नीतियों और प्रक्रियाओं से है। इसमें बैंक की नीतियों का अनुपालन, इसकी आस्तियों को सुरक्षित रखना, धोखाधड़ी और त्रुटियों का पता लगाना तथा उन्हें रोकना, लेखा रिकार्डों की शुद्धता और संपूर्णता तथा समय पर विश्वसनीय वित्तीय सूचना तैयार करना शामिल है;

एफ़) निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु उचित प्रणालियां बनाई थी और ऐसी प्रणालियां पर्याप्त थीं तथा प्रभावी ढंग से परिचालित हो रही थीं।

आभार

निदेशक मंडल पूर्व कार्यपालक निदेशक श्री विक्रमादित्य सिंह खीची और सरकार द्वारा नामित पूर्व निदेशक श्री अमित अग्रवाल के योगदान की सराहना करता है।

निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, अन्य विनियामक प्राधिकरणों और विदेशी विनियामकों के प्रति उनके सहयोग, मार्गदर्शन और समर्थन के लिए सम्मानपूर्वक अपना आभार प्रकट करता है।

निदेशक मंडल अपने मूल्यवान ग्राहकों के प्रति बैंक के साथ उनके विश्वसनीय नियमित बैंकिंग संबंधों के लिए सम्मानपूर्वक अपना आभार प्रकट करता है।

निदेशक मंडल सभी शेयरधारकों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों, रेटिंग एजेंसियों, स्टॉक एक्सचेंजों और भारत तथा विदेश स्थित अपने हितैषियों के प्रति उनके द्वारा प्रदान किए गए सहयोग के लिए अपना आभार प्रकट करता है।

निदेशक मंडल बैंक के कर्मचारियों के कठिन परिश्रम और निष्ठापूर्ण योगदान के लिए उनके प्रति हार्दिक प्रशंसा व्यक्त करता है।

संजीव चड्ढा
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

DIRECTORS' REPORT

"Your Directors have pleasure in presenting the One Hundred and Fifteenth Annual Report of the Bank with the audited Balance Sheet, Profit & Loss Account and the Report on Business and Operations for the year ended March 31, 2023 (FY 2023)."

Business Performance & Key Financials

(₹ in crore)

Particulars		FY 2022	FY 2023
Global Deposits		**10,45,938.56**	**1203687.79**
of which - International Deposits		1,18,927.99	156312.58
Domestic Deposits		**9,27,010.57**	**1047375.21**
of which	Current Account Deposits	68,779.64	75110.67
	Savings Bank Deposits	3,41,343.27	367399.83
Domestic CASA Deposits		**4,10,122.92**	**442510.50**
Domestic CASA to Domestic Deposits (%)		**44.24**	**42.25**
Net Advances		**777155.18**	**940998.27**
of which	Domestic Advances	653381.55	776589.63
	International Advances	123773.63	164408.64
Global Gross Advance		**818120.39**	**969548.31**
Total Business (Global Deposit + Global Gross Advance)		**1864058.95**	**2173236.10**
Total Assets		**12,77,999.83**	**1458561.54**
Net Interest Income (NII)		**32621.34**	**41356.01**
Other Income		11483.95	10025.84
Of which Trading Gains		2728.76	1062.50
Operating Income (NII + Other Income)		**44105.29**	**51381.58**
Operating Expenses		21716.44	24518.31
Operating Profit		**22388.85**	**26863.54**
Provisions (Other than Tax)		13002.41	7136.90
of which-Provisions for NPAs and Bad debts written off		14640.12	4,350.52
Profit Before Tax		**9,386.44**	**19726.64**
Provision for Tax		2,114.16	5617.02
Net Profit		**7,272.28**	**14109.62**
Appropriations/Transfers			
Statutory Reserve		1,814.34	3,527.40
Capital Reserve		523.35	92.57

Particulars	FY 2022	FY 2023
Revenue and Other Reserves		
I) General Reserve	827.40	7274.12
II) Special Reserve u/s 36 (I) (viii) of the Income Tax Act 1961	250.00	300.00
III) Investment Reserve Account	0.00	0.00
IV) Investment Fluctuation Reserve	2,368.42	30.00
V) Statutory Reserve (Foreign)	14.93	41.28
Proposed Dividend	1473.84	2,844.25

कृते दस्सानी एण्ड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन : 009096C
(**अभिषेक महेश्वरी**)
साझेदार
एम. नं. : 402651

कृते व्यास एण्ड व्यास
सनदी लेखाकार
एफआरएन : 000590C
(**ओम प्रकाश व्यास**)
साझेदार
एम. नं. : 014081

कृते खंडेलवाल जैन एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआरएन : 105049W
(**पंकज जैन**)
साझेदार
एम. नं. : 048850

कृते एस. वेंकटराम एंड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआरएन : 004656S
(**एस सुंदररमन**)
साझेदार
एम. नं. : 201028

स्थान: मुंबई
दिनांक: 16 मई, 2023

तुलन-पत्र की अनुसूचियां
Schedules to Balance Sheet

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023		31 मार्च 2022 को As at 31st March 2022	
अनुसूची - 1 पूंजी	SCHEDULE - 1 CAPITAL				
प्राधिकृत पूंजी	**AUTHORISED CAPITAL**				
प्रति ₹ 2/- के 1500,00,00,000 शेयर	1500,00,00,000 Shares of ₹ 2/- each				
(पिछली अवधि प्रति शेयर ₹ 2/- के 1500,00,00,000/-)	(previous period 1500,00,00,000/- shares of ₹ 2/- each)		**3000,00,00**		3000,00,00
निर्गमित तथा अभिदत्त पूंजी	**ISSUED AND SUBSCRIBED CAPITAL**				
प्रति ₹ 2/- के 518,50,29,679 इक्विटी शेयर	518,50,29,679 Equity Shares of ₹ 2/- each				
(पिछली अवधि प्रति ₹ 2/- के 518,50,29,679 शेयर)	(previous period 518,50,29,679 shares of ₹ 2/- each)		**1037,00,59**		**1037,00,59**
मांगी गई पूंजी एवं प्रदत्त पूंजी	**CALLED-UP & PAID-UP CAPITAL**				
प्रति ₹ 2/- के 517,13,62,179 इक्विटी शेयर (पिछली अवधि 517,13,62,179) जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा धारित कुल ₹ 661.64 करोड़ राशि के 330,81,84,689 इक्विटी शेयर शामिल हैं	517,13,62,179 (previous period 517,13,62,179) Equity Shares of ₹ 2/- each including 330,81,84,689 Equity Shares amounting to ₹ 661.64 crores held by Central Government		**1034,27,24**		**1034,27,24**
(पिछली अवधि के कुल ₹ 661.64 करोड़ राशि के 330,81,84,689 इक्विटी शेयर)	(previous period 330,81,84,689 Equity Shares amounting to ₹ 661.64 crores)				
जोड़ें : जब्त किए गए शेयर 136,67,500	Add: Forfeited Shares 136,67,500		**1,26,12**		**1,26,12**
(पिछली अवधि 136,67,500)	(Previous Period 136,67,500)				
कुल	TOTAL		**1035,53,36**		**1035,53,36**

अनुसूची - 2	SCHEDULE - 2				
प्रारक्षित निधियां एवं अधिशेष	RESERVES & SURPLUS				
I **सांविधिक प्रारक्षित निधियां**	I **Statutory Reserves**				
प्रारंभिक शेष	Opening Balance	**15150,54,45**		**13336,20,75**	
अवधि के दौरान परिवर्धन	Additions during the period	**3527,40,42**	**18677,94,87**	**1814,33,70**	**15150,54,45**
II **प्रारक्षित पूंजी**	II **Capital Reserves**				
(₹ 5860.73 करोड़ की पुर्नमूल्यांकित प्रारक्षित निधि सहित (पिछली अवधि ₹ 7086.81 करोड़)	(including Revaluation Reserve of ₹ 5860.73 crore (previous period ₹ 7086.81 crore)				

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023		31 मार्च 2022 को As at 31st March 2022	
प्रारंभिक शेष	Opening Balance	**15116,27,31**		12657,42,57	
अवधि के दौरान परिवर्धन	Additions during the period	**92,57,14**		523,35,25	
अवधि के दौरान परिवर्धन / समायोजन	Additions/Adjustments during the period	**(2,46,12)**		2664,93,84	
		15206,38,33		15845,71,66	
कटौतियां :	Deductions:				
सामान्य प्रारक्षित निधियों में अंतरित पुर्नमूल्यांकित अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास	Depreciation on revalued fixed assets transferred to General Reserve	**1249,38,42**	**13956,99,91**	729,44,35	15116,27,31
III शेयर प्रीमियम	**III Share Premium**				
प्रारंभिक शेष	Opening Balance	**31312,15,13**		42360,56,79	
अवधि के दौरान परिवर्धन	Additions during the period	**-**	**31312,15,13**	(11048,41,66)	31312,15,13
IV राजस्व एवं अन्य प्रारक्षित निधियां	**IV Revenue and other Reserves**				
ए) सांविधिक प्रारक्षित निधि (विदेशी)	a) Statutory Reserve (Foreign)				
प्रारंभिक शेष	Opening Balance	**199,36,47**		184,43,12	
अवधि के दौरान परिवर्धन	Additions during the period	**41,28,17**		14,93,35	
		240,64,64		199,36,47	
बी) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36(1)(viii) के अंतर्गत विशेष प्रारक्षित निधियां	b) Special Reserve u/s 36(1)(viii) of Income Tax Act, 1961				
प्रारंभिक शेष	Opening Balance	**6644,01,77**		6394,01,77	
अवधि के दौरान परिवर्धन	Additions during the period	**300,00,00**		250,00,00	
		6944,01,77		6644,01,77	
सी) विदेशी मुद्रा रुपांतरित प्रारक्षित निधियां	c) Foreign Currency Translation Reserve				
प्रारंभिक शेष	Opening Balance	**3381,90,57**		3061,05,56	
अवधि के दौरान परिवर्धन/ समायोजन	Addition/Adjustments during the period	**811,99,35**		320,85,01	
		4193,89,92		3381,90,57	
डी) पूंजी हेज प्रारक्षित निधि	d) Capital Hedge Reserve	**160,89,25**		-	
ई) निवेश उतार चढ़ाव प्रारक्षित लेखा	e) Investment Fluctuation Reserve				
प्रारंभिक शेष	Opening Balance	**2390,00,00**		21,57,83	
अवधि के दौरान परिवर्धन	Additions during the period	**30,00,00**		2368,42,17	
		2420,00,00		2390,00,00	

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023		31 मार्च 2022 को As at 31st March 2022	
एफ) अन्य राजस्व प्रारक्षित निधि	f) Other Revenue Reserves				
प्रारंभिक शेष	Opening Balance	**10679,93,21**		9043,34,60	
अवधि के दौरान परिवर्धन/ समायोजन	Additions/Adjustments during the period	**8600,87,07**		1636,58,61	
		19280,80,28		10679,93,21	
कुल - IV (ए, बी, सी, डी, ई और एफ)	**TOTAL - IV (a, b, c, d, e & f)**		**33240,25,86**		23295,22,02
कुल (I से IV)	**TOTAL (I to IV)**		**97187,35,77**		84874,18,91
अनुसूची - 3 जमाराशियां	**SCHEDULE - 3 DEPOSITS**				
ए. I मांग जमाराशियां	A. I Demand Deposits				
i) बैंकों से	i) From Banks	**4059,72,21**		3685,39,98	
ii) अन्य से	ii) From Others	**99940,78,69**	**104000,50,90**	85175,80,71	88861,20,69
II बचत बैंक जमाराशियां	II Savings Bank Deposits		**371096,32,08**		344744,02,42
III मीयादी जमाराशियां	III Term Deposits				
i) बैंकों से	i) From Banks	**58001,22,38**		60015,80,37	
ii) अन्य से	ii) From Others	**670589,73,45**	**728590,95,83**	552317,52,52	612333,32,89
कुल (I से III)	**TOTAL (I to III)**		**1203687,78,81**		1045938,56,00
बी. I भारत में स्थित शाखाओं की जमाराशियां	B. I Deposits of branches in India	**1047375,20,81**		927010,57,17	
II भारत से बाहर स्थित शाखाओं की जमाराशियां	II Deposits of branches outside India	**156312,58,00**		118927,98,83	
कुल (I और II)	**TOTAL (I & II)**	**1203687,78,81**		1045938,56,00	

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023		31 मार्च 2022 को As at 31st March 2022	
अनुसूची - 7 **बैंकों के पास शेष राशि तथा मांग एवं अल्प सूचना पर देय राशि**	**SCHEDULE - 7** **BALANCES WITH BANKS AND MONEY AT CALL & SHORT NOTICE**				
I भारत में	**I In India**				
i) बैंकों के पास शेष राशि	i) Balances with Banks				
ए) चालू खातों में	a) in Current Accounts	**58,85,24**		104,82,41	
बी) अन्य जमा खातों में	b) in Other Deposit Accounts	**5525,81,28**	**5584,66,52**	5310,44,93	5415,27,34
ii) मांग एवं अल्प सूचना पर देय राशि	ii) Money at call and short notice with				
ए) बैंकों के पास	a) Banks	**-**		-	
बी) अन्य संस्थानों के पास	b) Other institutions	**-**	**-**	-	-
कुल (i और ii)	**TOTAL (i and ii)**		**5584,66,52**		5415,27,34
II भारत से बाहर	**II Outside India**				
i) चालू खातों में	i) in Current Accounts	**20367,42,03**		31539,75,55	
ii) अन्य जमा खातों में	ii) in Other Deposit Accounts	**6037,14,23**		5611,71,08	
iii) बैंकों के पास मांग एवं अल्प सूचना पर देय राशि	iii) Money at Call and Short Notice with Banks	**8831,37,97**		8903,85,08	
कुल (i, ii और iii)	**TOTAL (i, ii and iii)**		**35235,94,23**		46055,31,71
कुल (I और II)	**TOTAL (I and II)**		**40820,60,75**		51470,59,05
अनुसूची - 8 **निवेश**	**SCHEDULE - 8** **INVESTMENTS**				
I भारत में निवेश (सकल)	**I Investments in India (Gross)**	**352875,16,72**		304062,04,19	
घटायें: मूल्यह्रास के लिए प्रावधान	Less: Provision for Depreciation	**4300,63,10**		3950,07,44	
भारत में निवल निवेश	Net Investments in India		**348574,53,62**		300111,96,75
अलग - अलग विवरण	B R E A K - U P				
i) सरकारी प्रतिभूतियां	i) Government Securities	**314867,18,82**		273266,11,25	
ii) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	ii) Other Approved Securities	**1,41,40**		1,41,40	
iii) शेयर	iii) Shares	**2230,14,59**		2597,48,70	
iv) डिबेंचर और बांड	iv) Debentures and Bonds	**27135,80,93**		20950,48,82	
v) अनुषंगियां और / या संयुक्त उद्यम	v) Subsidiaries and/or Joint Ventures	**3474,08,57**		2352,50,59	
vi) अन्य निवेश (म्यूचुअल फंड, पास-थ्रू प्रमाणपत्र, वेंचर कॅपिटल फंड, सिक्यूरिटी रसीद आदि.)	vi) Other Investments (Mutual Funds, Pass Through Certificates, Venture Capital Fund, Security Receipts etc.)	**865,89,31**		943,95,99	
		348574,53,62		300111,96,75	

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023		31 मार्च 2022 को As at 31st March 2022	
II भारत के बाहर निवेश (सकल)	II **Investments Outside India (Gross)**	**15537,39,78**		16753,43,28	
घटायें : मूल्यह्रास के लिए प्रावधान	Less: Provision for Depreciation	**1626,56,98**		1070,01,30	
भारत के बाहर निवल निवेश	Net Investments Outside India		**13910,82,80**		15683,41,98
अलग - अलग विवरण	**BREAK - UP**				
i) सरकारी प्रतिभूतियां (स्थानीय प्राधिकरणों सहित)	i) Government Securities (Including Local Authorities)	**6028,61,31**		6108,21,94	
ii) विदेशों में अनुषंगियां और / या संयुक्त उद्यम	ii) Subsidiaries and/or joint ventures abroad	**2034,31,06**		2034,31,06	
iii) अन्य निवेश (डिबेंचर, बांड आदि.)	iii) Other Investments (Debentures, Bonds etc.)	**5847,90,43**		7540,88,98	
		13910,82,80		15683,41,98	
कुल (I और II)	**TOTAL (I and II)**		**362485,36,42**		315795,38,73
अनुसूची - 9 अग्रिम	**SCHEDULE - 9 ADVANCES**				
ए i) खरीदे और भुनाए गए बिल	A. i) Bills Purchased and Discounted	**33714,90,23**		23111,53,66	
ii) नकद ऋण, ओवरड्राफ्ट और मांग पर चुकौती योग्य ऋण	ii) Cash Credits, Overdrafts and Loans Repayable on Demand	**318447,52,65**		297981,97,16	
iii) मीयादी ऋण	iii) Term Loans	**588835,84,10**		456061,66,96	
कुल ए (i से iii)	**TOTAL A (i to iii)**		**940998,26,98**		777155,17,78
बी. i) मूर्त आस्तियों से प्रतिभूत (बही ऋण के सापेक्ष अग्रिमों सहित)	B. i) Secured by Tangible Assets (includes advances against Book Debts)	**657601,93,31**		574322,26,09	
ii) बैंक / सरकारी गारंटी से रक्षित	ii) Covered by Bank/ Government Guarantees	**87634,57,10**		68302,03,43	
iii) गैर - जमानती	iii) Unsecured	**195761,76,57**		134530,88,26	
कुल बी (i से iii)	**TOTAL B (i to iii)**		**940998,26,98**		777155,17,78
सी. I भारत में अग्रिम	C. I Advances in India				
i प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र	i. Priority Sector	**263806,94,55**		230865,33,09	
ii सार्वजनिक क्षेत्र	ii. Public Sector	**116633,87,08**		119463,80,60	
iii बैंक	iii. Banks	**1076,70,37**		2271,06,47	
iv अन्य	iv. Others	**395072,11,12**	**776589,63,12**	300781,34,33	653381,54,49
II भारत से बाहर अग्रिम	II Advances Outside India				
i बैंकों से देय	i Due from Banks	**52880,88,50**		34947,25,47	
ii अन्य से देय	ii Due from Others				

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023		31 मार्च 2022 को As at 31st March 2022	
ए) खरीदे और भुनाए गए बिल	a) Bills Purchased & Discounted	**6834,23,18**		3655,18,08	
बी) सिंडीकेट ऋण	b) Syndicated Loans	**79268,11,18**		57430,16,32	
सी) अन्य	c) Others	**25425,41,00**	**164408,63,86**	27741,03,42	123773,63,29
कुल सी (I एवं II)	**TOTAL C (I & II)**		**940998,26,98**		777155,17,78

अनुसूची - 10 / SCHEDULE - 10

अचल आस्तियां / FIXED ASSETS

I परिसर	**I Premises**				
पिछले वर्ष के 31 मार्च की लागत पर	At cost as on 31st March of the preceding year	**14370,83,11**		11706,58,35	
अवधि के दौरान परिवर्धन / समायोजन (पुनर्मूल्यांकित राशि सहित)	Additions/adjustments during the period (Includes revalued amount)	**58,36,84**		2677,92,93	
		14429,19,95		14384,51,28	
अवधि के दौरान कटौतियां / समायोजन	Deductions/adjustments during the period	**15,53,47**		13,68,17	
		14413,66,48		14370,83,11	
घटाएं:- आज की तारीख तक मूल्यह्रास / परिशोधन	Less:- Depreciation/ Amortisation to date	**7271,67,83**	**7141,98,65**	5962,54,61	8408,28,50
II अन्य अचल आस्तियां (फर्नीचर एवं फिक्सचर को मिलाकर)	**II Other Fixed Assets (including Furniture & Fixtures)**				
पिछले वर्ष के 31 मार्च की लागत पर	At cost as on 31st March of the preceding year	**8858,38,46**		8324,64,52	
अवधि के दौरान परिवर्धन / समायोजन	Additions/adjustments during the period	**844,77,58**		726,70,95	
		9703,16,04		9051,35,47	
अवधि के दौरान कटौती / समायोजन	Deductions/adjustments during the period	**260,58,91**		192,97,01	
		9442,57,13		8858,38,46	
घटाएं: आज की तारीख तक मूल्यह्रास	Less:- Depreciation to date	**7877,98,50**	**1564,58,63**	7344,77,15	1513,61,31
कुल (I से II)	**TOTAL (I to II)**		**8706,57,28**		9921,89,81

अनुसूची - 11 / SCHEDULE - 11

अन्य आस्तियां / OTHER ASSETS

I उपचित ब्याज	I Interest Accrued		**12786,51,46**		9571,70,77
II अग्रिम कर भुगतान / स्रोत पर कर कटौती (प्रावधानों का निवल)	II Tax paid in advance/tax deducted at source (net of provisions)		**7053,30,87**		7303,47,12
III लेखन सामग्री और स्टांप	III Stationery & Stamps		**8,01,49**		8,36,96
IV दावों के निपटान से अर्जित गैर-बैंकिंग परिसंपत्तियां	IV Non-banking assets acquired in satisfaction of claims		**-**		-
V अन्य	V Others		**30820,26,13**		35588,82,59
कुल (I से V)	**TOTAL (I to V)**		**50668,09,95**		52472,37,44

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023		31 मार्च 2022 को As at 31st March 2022	
अनुसूची - 12	**SCHEDULE - 12**				
आकस्मिक देयताएं	**CONTINGENT LIABILITIES**				
I बैंक के सापेक्ष दावे जिन्हें कर्ज नहीं माना गया	I Claims against the Bank not acknowledged as Debts		**32343,78,28**		22085,61,69
II आंशिक रुप से चुकता निवेशों के लिए देयता	II Liability for partly paid Investments		**15,28,00**		15,28,00
III बकाया वायदा विनियम संविदाओं के कारण देयता	III Liability on account of outstanding Forward Exchange Contracts		**325605,95,65**		164455,07,02
IV संघटकों की ओर से दी गई गारंटियां :	IV Guarantees given on behalf of Constituents :				
ए) भारत में	a) In India	**50941,32,98**		44000,27,80	
बी) भारत से बाहर	b) Outside India	**9591,14,67**	**60532,47,65**	7230,75,86	51231,03,66
V स्वीकृतियां, परांकन एवं अन्य दायित्व	V Acceptances, Endorsements and Other Obligations		**30935,13,54**		29175,65,05
VI अन्य मदें, जिनके लिए बैंक की आकस्मिक देयता हैं	VI Other items for which the Bank is Contingently liable		**128320,72,11**		132271,77,15
कुल (I से VI)	**TOTAL (I to VI)**		**577753,35,23**		399234,42,57

लाभ व हानि लेखा की अनुसूचियां
Schedules to Profit & Loss Account

		31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष For the Year Ended 31st March 2023	31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष For the Year Ended 31st March 2022
अनुसूची - 13	**SCHEDULE - 13**		
अर्जित ब्याज	**INTEREST EARNED**		
I अग्रिमों / बिलों पर ब्याज / डिस्काउंट	I Interest / Discount on Advances / Bills	**64073,48,91**	49278,52,74
II निवेशों पर आय	II Income on Investments	**22155,99,59**	17617,20,56
III भारतीय रिज़र्व बैंक के पास शेष राशियां और अन्य अंतर बैंक निधियों पर ब्याज	III Interest on Balances with Reserve Bank of India and other Inter-Bank Funds	**1437,41,38**	1015,17,44
IV अन्य	IV Others	**1921,64,19**	1969,87,29
कुल (I से IV)	**TOTAL (I to IV)**	**89588,54,07**	69880,78,03

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

			31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष For the Year Ended 31st March 2023		31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष For the Year Ended 31st March 2022	
अनुसूची - 14	**SCHEDULE - 14**					
अन्य आय	**OTHER INCOME**					
I कमीशन, विनिमय और ब्रोकरेज	I	Commission, Exchange and Brokerage		**2970,01,75**		2770,97,16
II निवेशों के विक्रय पर लाभ	II	Profit on sale of Investments	**1299,14,90**		2864,20,52	
घटाएं: निवेशों की बिक्री पर हानि		Less: Loss on sale of Investments	**236,64,66**	**1062,50,24**	135,44,84	2728,75,68
III निवेशों के पुनर्मूल्यांकन पर लाभ	III	Profit on Revaluation of Investments	**41,24,88**		2,12,49	
घटाएं: निवेशों के पुनर्मूल्यांकन पर हानि		Less: Loss on Revaluation of Investments	**1030,20,86**	**(988,95,98)**	957,40,84	(955,28,35)
IV भूमि, इमारतों और अन्य आस्तियों के विक्रय पर लाभ	IV	Profit on sale of Land, Buildings and Other Assets	**13,01,33**		8,72,21	
घटाएं: भूमि, इमारतों और अन्य आस्तियों के विक्रय पर हानि		Less: Loss on sale of Land, Buildings and Other Assets	**2,30,06**	**10,71,27**	4,65,78	4,06,43
V विनिमय लेन-देन पर लाभ	V	Profit on Exchange Transactions	**1099,55,30**		1154,29,97	
घटाएं: विनिमय लेन-देन पर हानि		Less: Loss on Exchange Transactions	**450,68,58**	**648,86,72**	1,62,24	1152,67,73
VI विदेशों / भारत में अनुषंगियों / कंपनियों और / या संयुक्त उद्यमों से लाभांश आदि के रुप में अर्जित आय	VI	Income Earned by way of Dividends etc. from Subsidiaries/Companies and/ or Joint Ventures abroad/ in India		**287,46,71**		189,24,52
VII विविध आय #	VII	Miscellaneous Income #		**6035,22,88**		5593,51,86
कुल (I से VII)		**TOTAL (I to VII)**		**10025,83,59**		11483,95,03

विविध आय में बट्टे खातों में की गई वसूली ₹ 3,276.98 करोड़ में शामिल हैं (पिछले वर्ष ₹ 2,510.12 करोड़)
Miscellaneous income includes recoveries made in write-off accounts ₹ 3,276.98 Crores (Previous year ₹ 2,510.12 Crores)

अनुसूची - 15	**SCHEDULE - 15**					
खर्च किया गया ब्याज	**INTEREST EXPENDED**					
I जमाराशियों पर ब्याज	I	Interest on Deposits		**41697,02,17**		33289,83,46
II भारतीय रिज़र्व बैंक / अंतर बैंक उधार राशियों पर ब्याज	II	Interest on Reserve Bank of India / Inter Bank Borrowings		**4395,29,38**		1727,10,40
III अन्य	III	Others		**2140,21,68**		2242,50,35
कुल (I से III)		**TOTAL (I to III)**		**48232,53,23**		37259,44,21

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

			31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष For the Year Ended 31st March 2023	31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष For the Year Ended 31st March 2022
अनुसूची - 16		**SCHEDULE - 16**		
परिचालन व्यय		**OPERATING EXPENSES**		
I	कर्मचारियों को भुगतान और तत्संबंधी प्रावधान	I Payments to and Provisions for Employees	**13352,65,59**	11978,84,28
II	किराया, कर और बिजली	II Rent, Taxes and Lighting	**1568,36,89**	1472,69,66
III	मुद्रण और लेखन सामग्री	III Printing and Stationery	**163,82,29**	121,63,30
IV	विज्ञापन एवं प्रचार	IV Advertisement and Publicity	**193,31,36**	175,47,46
V	बैंक की संपत्ति पर मूल्यह्रास	V Depreciation on Bank's Property	**1954,72,71**	1389,72,32
VI	निदेशकों की फीस, भत्ते और खर्च	VI Directors' Fees, Allowances and Expenses	**2,39,50**	1,60,97
VII	लेखापरीक्षकों की फीस और खर्चे (शाखा लेखापरीक्षकों की फीस एवं खर्चे सहित)	VII Auditors' Fees and Expenses (including Branch Auditors' Fees and Expenses)	**83,95,58**	82,00,60
VIII	विधि प्रभार	VIII Law Charges	**214,77,88**	191,00,74
IX	डाक, तार और टेलीफोन आदि	IX Postages, Telegrams, Telephones etc.	**174,92,63**	129,21,35
X	मरम्मत और रखरखाव	X Repairs and Maintenance	**1025,47,14**	992,89,16
XI	बीमा	XI Insurance	**1516,71,49**	1378,93,54
XII	अन्य खर्च	XII Other Expenditure	**4267,18,18**	3802,40,50
	कुल (I से XII)	**TOTAL (I to XII)**	**24518,31,24**	21716,43,88

अनुसूची 17

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष हेतु महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

1. तैयारी का आधार

वित्तीय विवरण, जब तक कि अन्यथा उल्लेख न हो, परम्परागत लागत आधार पर तैयार किए गये हैं। ये भारत में सामान्यतः मान्य लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) के अनुसार हैं जिनमें सांविधिक प्रावधान, विनियामक/भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देश, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखा मानक/ मार्गदर्शी नोट्स तथा भारत के बैंकिंग उद्योग में प्रचलित कार्यप्रणाली समाविष्ट है। विदेशी कार्यालयों के संदर्भ में संबंधित देशों के प्रचलित सांविधिक प्रावधानों और कार्यप्रणालियों का अनुपालन किया गया है।

2. आकलनों का उपयोग

वित्तीय विवरणों को तैयार करने में वित्तीय विवरणों की तारीख को रिपोर्ट की गयी आस्ति एवं देयताओं (आकस्मिक देयताओं सहित) तथा रिपोर्ट की गयी अवधि की आय एवं व्यय संबंधी राशि को रिपोर्ट करने हेतु प्रबंधन को अनुमानों और आकलनों की मदद लेनी पड़ती है। प्रबंधन का विश्वास है कि वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए प्रयुक्त आकलन विवेकपूर्ण और उचित हैं। वास्तविक परिणाम इन आकलनों से भिन्न हो सकते हैं। लेखा अनुमानों में कोई भी संशोधन वर्तमान एवं भविष्य की अवधि में उत्तरव्यापी प्रभाव से मान्य होगा जब तक कि अन्यथा उल्लेख न किया गया हो।

3. निवेश एवं डेरिवेटिव

बैंक निपटान की तारीख के आधार पर निवेशों के लिए लेखांकन की एक समान पद्धतियों का अनुसरण करता है। बैंक के निवेशों का वर्गीकरण एवं मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र सं. आरबीआई/ डीओआर/2021-22/81 डीओआर. एमआरजी. 42/21.04.141/ 2021-22 दिनांक 25 अगस्त, 2021 के अनुसार किया गया है।

3.1 वर्गीकरण

ए) वर्गीकरण का आधार

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुरूप बैंक के निवेश पोर्टफोलियों का वर्गीकरण निम्नानुसार किया गया है, जिसमें -

i) ''परिपक्वता तक धारित'' (एचटीएम) में वे निवेश शामिल हैं जिन्हें परिपक्वता तक रखने के उद्देश्य से प्राप्त किया गया है।

ii) ''परिपक्वता तक धारित'' (एचटीएम) में वे निवेश शामिल हैं, जिन्हें व्यापार के उद्देश्य से प्राप्त किया गया है। ऐसी प्रतिभूतियां, जिन्हें सैद्धांतिक रूप से खरीद की तारीख से 90 दिनों के अंदर पुनः बिक्री हेतु रखा गया है, उन्हें एचएफटी श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है।

iii) ''व्यापार हेतु धारित'' (एचएफटी) में वे निवेश शामिल हैं, जो उपर्युक्त (ए) तथा (बी) में शामिल नहीं हैं, अर्थात् जो न तो व्यापार के उद्देश्य से प्राप्त किए गए हैं और न ही परिपक्वता तक धारित करने के उद्देश्य से प्राप्त किए गए हैं।

तुलन पत्र में प्रकटीकरण के उद्देश्य से निवेशों को अनुसूची 8 ('निवेश') में प्रकटीकृत के रूप में 6 समूहों में वर्गीकृत किया जाता है (ए) सरकारी प्रतिभूतियां (बी) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां (सी) शेयर (डी) बॉण्ड और डिबेंचर (ई) अनुषंगियां और संयुक्त उद्यम (एफ) अन्य।

बी) अधिग्रहण लागत

अधिग्रहण के समय प्रदत्त लागत, निवेश संबंधी ब्रोकरेज और आंशिक अवधि के लिए ब्याज जैसी लागत भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार लाभ एवं हानि खाते में डाली जाती है।

सी) वर्गों के बीच अंतरण

एक वर्ग से दूसरे वर्ग का पुनःवर्गीकरण निवेश, यदि किया गया हो तो, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरुप है। एएफएस/एचएफटी वर्ग से एचटीएम वर्ग में स्क्रिप्ट का अंतरण बही मूल्य या बाजार मूल्य में से जो कम हो, उस पर किया जाता है। एचटीएम से एएफएस/एचएफटी वर्ग में अंतरित प्रतिभूतियों के अंतरण के मामले डिस्काउंट पर एचटीएम के अंतर्गत धारित निवेशों को अधिग्रहण दर पर एएफएस/एचएफटी वर्ग में अंतरित किया जाता है और एचटीएम वर्ग में प्रीमियम पर धारित निवेशों को एमौरटाइज्ड लागत पर एएफएस/एचएफटी में अंतरित किया जाता है।

एएफएस से एचएफटी के बीच आपस में निवेशों का अंतरण बही मूल्य पर किया जाता है। ऐसे निवेशों पर मूल्यह्रास, यदि हो तो, को भी एक वर्ग से दूसरे वर्ग में अंतरित किया जाएगा।

इन वर्गों के बीच प्रतिभूतियों का अंतरण अधिग्रहण लागत/ बही मूल्य/ बाजार मूल्य पर, जो भी कम हो, अंतरण की तारीख को लेखाकृत किया जाएगा और यदि अंतरण पर मूल्यह्रास हो तो उसके लिए पूरा प्रावधान किया जाता है।

3.2 मूल्यांकन

''परिपक्वता तक धारित'' के रुप में वर्गीकृत निवेशों को भारित औसत अधिग्रहण लागत पर लिया गया है जबतक कि वह अंकित मूल्य से अधिक हो। इस स्थिति में प्रीमियम को परिपक्वता की शेष अवधि तक एमौरटाइज्ड किया गया है। एचटीएम वर्ग के निवेशों पर प्रीमियम के एमौरटाइजेशन व्यय को भारतीय रिज़र्व बैंक के दिनांक 25 अगस्त, 2021 के परिपत्र सं. आरबीआई/डीओआर/2021-22/81 डीओआर.एमआरजी. 42/21.04.141/2021-22 के अनुरुप ब्याज आय में से घटाया जाता है।

''परिपक्वता तक धारित'' के रूप में वर्गीकृत निवेशों में डिबेंचर/बॉण्ड, जिन्हें स्वरूप / प्रकृति की दृष्टि से अग्रिम माना जाता है, शामिल हैं (जिनके लिए आस्ति वर्गीकरण संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंड तथा अग्रिमों पर लागू प्रावधान के अनुसार प्रावधान किए जाते हैं)।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, ट्रेजरी बिलों, कॉमर्शियल पेपर्स और जमा प्रमाणपत्र पर किए गए निवेश शामिल हैं और जिनके मूल्य का निर्धारण रखाव लागत पर किया गया है।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की अपेक्षाओं के लिए खरीदे गए पास थ्रू प्रमाणपत्रों का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बही मूल्य पर किया जाता है।

अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों और सहयोगी कंपनियों में (भारत तथा विदेश दोनों में) अस्थायी प्रकार के निवेशों को छोड़कर, निवेशों का मूल्यांकन, मूल्यह्रास मूल्य को घटाकर अधिग्रहण लागत पर किया जाता है।

जोखिम पूंजी निधि (वीसीएफ) इकाइयों में दिनांक 23 अगस्त 2006 के बाद किए गए बैंक निवेशों को प्रारंभिक तीन वर्ष की अवधि के लिए परिपक्वता तक धारित संवर्ग में वर्गीकृत किया जाता है और लागत पर मूल्यांकित किया जाता है। संवितरण के तीन वर्ष पश्चात इसे ब्रिक्री के लिए उपलब्ध में अंतरित कर दिया जाता है। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार वित्तीय विवरणों में वीसीएफ द्वारा दर्शाए गए निवल आस्ति मूल्य या घोषित एनएवी पर मूल्यांकन किया जाता है। यदि एनएवी/लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण 18 महीनों से अधिक समय से उपलब्ध न हो तो प्रति वीसीएफ रु 1/- पर मूल्यांकन किया जाएगा।

एएफएस और एचएफटी श्रेणियों के अंतर्गत वर्गीकृत निवेश, भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित दिशानिर्देशों के अनुसार समय-समय पर मार्कड-टू-मार्केट (एमटीएम) होते हैं। अनुसूची 8 (निवेश) में उल्लिखित वर्गीकरण के अंतर्गत वर्ग में निवल मूल्यह्रास, यदि हो तो, लाभ और हानि खाते में मान्यता दी जाती है। प्रत्येक वर्गीकरण के अंतर्गत श्रेणी में निवल मूल्य वृद्धि, यदि हो तो, उसे पहले प्रावधान किए गए मूल्यह्रास की राशि को छोड़कर शेष को अनदेखा कर दिया जाता है। निवेश के आवधिक मूल्यांकन के परिणामस्वरूप एकल प्रतिभूतियों का बही मूल्य बदला नहीं जाता।

पुनर्गठित अग्रिम योजना के बदले में प्राप्त निवेशों का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है। इन निवेशों के मूल्य में आई कमी के लिए प्रावधान किया जाता है और इसका उपयोग उस श्रेणी में अन्य निष्पादक प्रतिभूतियों में मूल्य वृद्धि के साथ समायोजित नहीं किया जाता। बैंक द्वारा पुनर्गठन योजना के अंतर्गत अर्जित इक्विटी शेयरों पर मूल्यह्रास भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार उपलब्ध कराया जाता है।

प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि की समाप्ति पर आस्ति पुनर्संरचना कंपनियों द्वारा जारी प्रतिभूति रसीद का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा ऐसे लिखतों के लिए समय-समय पर प्रस्तावित लागू दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है। तदनुसार, ऐसे मामलों में जहां आस्ति पुनर्संरचना कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीद से नकदी प्रवाह को संबंधित योजना के तहत लिखत को समनुदेशित वित्तीय आस्तियों के वास्तविक प्राप्य राशियों तक सीमित किया जाता है तो बैंक प्रत्येक रिपोर्टिंग की तारीख को इस तरह के लिखतों के मूल्यांकन के लिए आस्ति पुनर्संरचना कंपनी से समय -समय पर प्राप्त निवल आस्ति मूल्य की गणना करेगा। 01 अप्रैल 2017 को या इसके बाद प्रतिभूति रसीद में किए गए निवेश जो बैंक द्वारा 50% से ज्यादा बेची गई दबावग्रस्त आस्तियों द्वारा समर्थित हो, मूल्य में अवमूल्यन के लिए प्रावधान आस्ति पुनर्संरचना कंपनी (आरसी) और प्रतिभूतिकरण कंपनी (एससी) द्वारा घोषित निवल आस्ति मूल्य के मानदंडों के अनुसार अपेक्षित प्रावधान दर से अधिक होगी या मूल ऋण के लिए लागू मौजूदा आस्ति वर्गीकरण एवं प्रावधान मानदंड के अनुसार होगी और ऐसा माना जाएगा कि बैंक की बही में ऋण अनुमानत: जारी रहेगा। प्रतिभूति रसीद में अन्य दूसरे निवेश का मूल्यांकन जारीकर्ता आरसी/एससी से प्राप्त एनएवी के अनुसार होगा।

बैंक के पोर्टफोलियो में श्रेणी I और II एआईएफ के कोटेड इक्विटी शेयरों/बांडों/यूनिटों को वरीयत: दैनिक आधार पर किन्तु कम से कम साप्ताहिक आधार पर मार्क्ड टू मार्केट किया जाना चाहिए।

वर्ष में एक बार लेखापरीक्षित परिणामों के आधार पर इकाइयों का मूल्यांकन किया जाता है। हालांकि, यदि लेखापरीक्षित तुलन-पत्र /वित्तीय विवरण में प्रदर्शित होने वाले आंकड़े मूल्यांकन तारीख को लगातार 18 माह से अधिक समय के लिए उपलब्ध नहीं हैं तो निवेशों का मूल्यांकन 1 रुपये प्रति श्रेणी I और II एआईएफ किया जाता है।

प्राथमिक डीलर के रूप में बैंक द्वारा एचएफटी श्रेणी के अंतर्गत ट्रेजरी बिलों में किए गए निवेश का मूल्यांकन रखाव लागत पर किया जा रहा है।

बैंक केंद्र सरकार की पुरानी प्रतिभूतियों में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अल्प बिक्री लेनदेन करता है। शॉर्ट सेल पोजीशन, सिक्यूरिटीज शॉर्ट सोल्ड (एसएसएस) खाते में परिलक्षित होती है जोकि विशेष रूप से इसी उद्देश्य के लिए सृजित किया गया है। शॉर्ट पोजीशन को बाजार और हानि के लिए चिन्हित किया जाता है और उसे लाभ और हानि खाते में डाला जाता है जबकि उससे लाभ हो, तो उसे छोड़ दिया जाता है। शॉर्ट पोजीशन के निपटान से हुई लाभ/हानि को लाभ और हानि खाते में दर्शाया जाता है।

विशेष बांड जैसे कि तेल बांड, उर्वरक बांड, यूडीएवाय बांड आदि जो सीधे भारत सरकार द्वारा जारी किए जाते हैं, का मूल्यांकन एफआईबीएल मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है।

''क्रय-विक्रय के लिए धारित'' और ''बिक्री के लिए उपलब्ध'' श्रेणियों में कोटेड निवेश के मूल्यांकन के लिए दरें, स्टॉक एक्सचेंजों पर बाजार दरों / उद्धरण, वित्तीय बेंचमार्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एफबीआईएल) द्वारा घोषित दरों की तर्ज पर ली जाती हैं।

जिन निवेशों के लिए दरें/ कोट उपलब्ध न हों, उनके लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार दरें ली जाती हैं, जो निम्नानुसार हैं:

ए	सरकारी/स्वीकृत प्रतिभूतियां	-	परिपक्वता पर यील्ड के आधार पर
बी	इक्विटी शेयर, पीएसयू और ट्रस्टी शेयर	-	ब्रेक अप मूल्य पर (पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षित निधि, यदि है पर विचार किए बिना) नवीनतम तुलन-पत्र (तारीख को नवीनतम तुलन-पत्र तैयार करने की तारीख मूल्यांकन की तारीख से पहले 18 महीने से अधिक नहीं होगी) के अनुसार ब्रेक अप मूल्य अन्यथा ₹ 1 प्रति कंपनी
सी	अधिमानी शेयर एवं पास थ्रू प्रमाणपत्र (प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को छोड़कर)	-	उपयुक्त क्रेडिट स्प्रेड मार्क-अप सहित परिपक्वता पर यील्ड के आधार पर
डी	पीएसयू बॉन्ड्स	-	उपयुक्त क्रेडिट स्प्रेड मार्क-अप सहित परिपक्वता पर यील्ड के आधार पर
ई	म्यूचुअल फंड की यूनिट	-	प्रत्येक योजना के संबंध में निधि द्वारा घोषित नवीनतम पुनर्खरीद मूल्य/ एनएवी पर

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के आधार पर अनर्जक निवेश निर्धारित किए जाते हैं और इसमें मूल्यह्रास/ प्रावधान किए जाते हैं। क्षति के प्रबंधन मूल्यांकन के आधार पर, बैंक, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अलावा भी अतिरिक्त प्रावधान करता है। अन्य अर्जक प्रतिभूतियों के संबंध में ऐसे अनर्जक निवेशों पर मूल्यह्रास / प्रावधान, मूल्यवृद्धि के एवज में सेट ऑफ नही हैं। जब तक लाभ और हानि खाते में ब्याज प्राप्त नहीं हो जाता, अनर्जक निवेशों पर ब्याज नहीं माना जाता है।

विदेशी शाखाओं में निवेशों के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के या उन मेजबान देशों के दिशानिर्देशों, में से जो भी सख्त हो, उनका पालन किया जाता है। उन शाखाओं के मामले में जो ऐसे देशों में मौजूद हैं जहां कोई विनिर्दिष्ट दिशानिर्देश नहीं हैं, वहां भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों का पालन किया जाता है।

3.3 निवेशों का निस्तारण

एचटीएम के रुप में वर्गीकृत किए गए निवेशों की बिक्री पर होने वाले लाभ/हानि को, निवेश से संबंधित भारित औसत लागत/बही मूल्य के आधार पर लाभ एवं हानि लेखा में लिया जाता है तथा 'परिपक्वता तक धारित' वर्गीकरण में निवेश की बिक्री पर समतुल्य लाभ के समान राशि पूंजीगत आरक्षित खाते में समायोजित की गयी है।

एएफएस/एचएफटी श्रेणी में निवेशों की बिक्री से होने वाले लाभ/हानि को लाभ एवं हानि खाते में प्रभारित किया जाता है।

3. 4 रेपो/ रिवर्स रेपो के लिए लेखांकन

बैंक ने मार्केट रेपो तथा रिवर्स रेपो लेनदेनों [भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र सं. आरबीआई / 2016-17/ एफ एमओडी.एमएओ जी.नं./01.01.001/2016-17 दिनांक 15 सितम्बर, 2016 और पुनर्खरीद संव्यवहार (रेपों) (रिज़र्व बैंक) निदेश, 2018 से संबंधी परिपत्र संख्या आरबीआई/2019-20/107 एफएमआरडी.डीआईआर डी.21/14.03.038/2019-20 दिनांक 28 नवंबर, 2019 द्वारा भा.रि.बैं. चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) सहित] के लेखांकन हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित की गयी समान लेखा प्रणाली को अपनाया है। सहमत शर्तों पर पुनर्खरीद के करार के साथ रेपो / रिवर्स रेपो संव्यवहारों को संपार्श्विक उधार/ ऋण परिचालन के अंतर्गत माना जाता है। रेपो के अंतर्गत बिक्री की प्रतिभूतियों को निवेश के अंतर्गत दर्शाया जाता है और रिवर्स रेपो के अंतर्गत खरीद की प्रतिभूतियों को निवेश में शामिल नहीं किया जाता है। लागत एवं राजस्व का लेखांकन ब्याज व्यय/ आय जैसा भी मामला हो, के लिए किया जाता है।

3.5 निवेश उतार-चढ़ाव प्रारक्षित निधि

यील्ड में बढ़ोतरी के पेटे संरक्षण हेतु पर्याप्त प्रारक्षित निधि तैयार करने के उद्देश्य से, भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने परिपत्र सं. आरबीआई/2017-18/147 डीबीआर नं. बीपी.बीसी.102/21.04.048/2017-18 दिनांक 2 अप्रैल, 2018 के माध्यम से सभी बैंकों को वित्तीय वर्ष 2018-19 से आईएफ़आर बनाने की सूचना दी है।

आईएफ़आर में अंतरित राशि निम्नलिखित से कम होगी: (i) वर्ष के दौरान निवेशों की बिक्री पर निवल लाभ (ii) वर्ष के निवल लाभ में से अनिवार्य विनियोजन घटाया जाए, जब तक आईएफआर की राशि निरंतर आधार पर एचएफटी एवं एएफएस पोर्टफोलियो का कम से कम 2% तक नहीं रहती।

3.6 डेरिवेटिव्स

बैंक वर्तमान में ब्याज दरों तथा मुद्रा डेरिवेटिव्स में डील करता है। बैंक द्वारा व्यवहारित ब्याज दर डेरिवेटिव्स में रुपया ब्याज दर स्वैप, विदेशी मुद्रा ब्याज-दर स्वैप, विनिमय ट्रेड रुपए ब्याज दर फ्यूचर्स तथा वायदा दर करार शामिल हैं। बैंक द्वारा व्यवहार में लाये जाने वाले मुद्रा डेरिवेटिव्स में ऑप्शन तथा मुद्रा स्वैप और विनिमय ट्रेडेड मुद्रा फ्यूचर हैं। बैंक तुलन-पत्र की आस्तियों एवं देयताओं की मार्केट मेकिंग/ ट्रेडिंग एवं हेजिंग के लिए डेरिवेटिव लेनदेन करता है। बैंक, हेजिंग संव्यवहार के प्रारंभ में ही हेज्ड आइटम (आस्ति अथवा देयता) का निर्धारण करता है। हेजिंग की शुरुआत के समय और उसके बाद प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख को हेजिंग की प्रभावशीलता का पता लगाया जाता है।

3.7 डेरिवेटिव्स का मूल्यांकन

बैंक डेरिवेटिव्स को निम्नानुसार महत्व देता है:

हेज/ नॉन हेज संव्यवहार अलग - अलग रिकॉर्ड किए जाते है। हेजिंग के रूप में नामित संव्यवहारों के संदर्भ में निम्नलिखित व्यवस्था का पालन किया जाता है।

- उचित मूल्य के हेज के मामले में, हेजिंग लिखतों तथा हेज किए गए आइटम के उचित मूल्य में परिवर्तन को लाभ हानि खाते में दर्ज किया जाता है।
- नकदी प्रवाह हेजिंग के मामले में, प्रभावी हिस्से के उचित मूल्य में परिवर्तन को 'नकदी प्रवाह हेज प्रारक्षित' के तहत प्रारक्षित और अधिशेष में निर्धारित किया जाता है तथा प्रभावी हेजिंग के संदर्भ, यदि कोई हो, के अप्रभावी हिस्से को लाभ और हानि खाते में दर्ज किया जाता है। प्रभावी हेजिंग के संदर्भ में नकदी प्रवाह हेज प्रारक्षित में संचित शेष राशि को उसी समय जब हेज किए गए आइटम के प्रभाव को लाभ और हानि खाते में दर्ज किया जाता है, लाभ और हानि खाते में रीसाइकल किया जाता है।

डेरिवेटिव्स पोजीशन, जब तक कि हेजिंग के रूप में निर्धारित न हो, मार्क्ड-टू-मार्केट के रूप में चिन्हित किए जाते हैं और परिणामी हानि, यदि कोई हो, को लाभ-हानि खाते में दर्ज किया जाता है तथा लाभ, यदि कोई हो, को अनदेखा किया जाता है। ब्याज दर स्वैप से संबंधित आय और व्यय दैनिक आधार पर उपचित किए जाते हैं। ट्रेडिंग स्वैप की समाप्ति पर लाभ/हानि को समाप्ति की तिथि पर तत्काल आय/ व्यय के रूप में दर्ज किया जाता है।

मूल्यांकन के उद्देश्य से कुल स्वैप के वास्तविक मूल्य की गणना तुलन-पत्र की तिथि को स्वैप करारों के कारोबार समाप्ति पर प्राप्य या देय राशि के आधार पर की जाती है, संबंधित हानियों, यदि कोई हो, के लिए पूर्णतः प्रावधान किया गया है, जबकि लाभों को छोड़ दिया गया है।

बैंक फेडाई द्वारा निर्धारित ऑप्शन प्रीमियम लेखांकन सिद्धांत का पालन करता है। ऑप्शन ट्रांजेक्शन पर प्रीमियम को ट्रांजेक्शन की समाप्ति या समय पूर्व समाप्ति पर आय/व्यय के रूप में स्वीकार किया जाता है।

ऑप्शन कॉन्ट्रैक्ट के रद्द होने पर प्राप्त/ प्रदत्त राशि को ऑप्शन पर वसूली गई प्राप्तियों/ हानियों के रुप में माना जाता है। विदेशी मुद्रा वायदा संविदा और स्वैप्स के रद्द होने/ समाप्ति पर प्राप्य/ देय प्रभारों को रद्द होने/ समाप्ति की तारीख को आय/व्यय के रुप में स्वीकृत किया जाता है।

ब्याज दर फ्यूचर्स (आईआरएफ) का मूल्यांकन एक्सचेंज द्वारा उपलब्ध कराई गई प्रत्येक निविदा के दैनिक समझौता मूल्य के आधार पर किया जाएगा।

तुलन-पत्र की तिथि को 'फेडाई' द्वारा अधिसूचित विनिमय दर के बंद भाव पर विदेशी मुद्रा में डेरिवेटिव संविदाओं को आकस्मिक देयताओं के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है।

4. अग्रिम

4.1 भारत में अग्रिमों को मानक, अवमानक, संदिग्ध या हानि आस्तियों के रुप में वर्गीकृत किया जाता है तथा इसके लिए पैरा 4.3 में दर्शाये प्रावधानों को छोडकर भारतीय रिज़र्व बैंक के विवेकपूर्ण मानक निर्देशों के अनुसार किया जाता है। विदेशी शाखाओं द्वारा दिए गए अग्रिमों के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के विवेकपूर्ण मानक निर्देशों के अनुसार अथवा उस देश, जिसमें अग्रिम दिए गए हैं, में विद्यमान मानदंडों में से जो भी कड़े मानदंड हो, के अनुरूप वर्गीकृत किया जाता है।

4.2 अग्रिम, विनिर्दिष्ट ऋणों पर हानि के प्रावधानों, उचंत ब्याज, वादग्रस्त विविध जमा एवं प्राप्त दावा राशि का निवल हैं।

4.3 सतत व्यवहार के रुप में बैंक ने निम्नलिखित प्रावधानों का समावेश किया है।

- जमानती सब-स्टैंडर्ड अग्रिमों के लिए 15% की नियामक आवश्यकता की जगह पर 20% का प्रावधान.
- एनपीए ऋणधारकों की गैर निधि आधारित सुविधाओं पर 50% क्रेडिट कनवर्जन फैक्टर (सीसीएफ़) का प्रावधान किया गया। प्रावधान ऋणकर्ता की निधि आधारित सुविधाओं की आस्तियों की श्रेणी पर आधारित है।
- बैंक ने उन मौजूदा एनपीए खातों के लिए 100% प्रावधान भी किए हैं जो 6 माह से अधिक पुराने थे और संपार्श्विक मुक्त हैं जैसे कि ऑटो ऋण, शिक्षा ऋण, व्यक्तिगत ऋण।
- संपत्ति गिरवी रख कर लिए गए ऋण जो प्रत्याभूत हैं (संपार्श्विक) तथा 2 वर्ष से अधिक समय से अनर्जक हैं, के लिए बैंक ने 100% प्रावधान किए हैं।
- मौजूदा अनर्जक खाते जैसे ट्रैक्टर्स/ टिलर/ पावर टिलर जो 6 माह पुराने हैं, के लिए भी बैंक ने 100% प्रावधान किए हैं।

4.4 पुनर्निर्धारित/ पुनर्गठित खातों के संबंध में जहां बैंक को देय कुल राशि रु. 1 करोड़ एवं अधिक है। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार पुनर्गठित अग्रिमों के उचित मूल्य में कमी के लिए प्रावधान विद्यमान मूल्य शर्तों पर आकलन करते हुए किया जाता है। अन्य खातों के संबंध में उचित मूल्य में कमी हेतु प्रावधान की गणना भारतीय रिज़र्व बैक के दिशानिर्देशों के अनुसार अनुमानतः कुल एक्सपोजर के 5% के रुप में की जाती है।

4.5 आस्ति पुनर्गठन कंपनी (एआरसी)/ प्रतिभूतिकरण (सिक्योरिटाइजेशन) कंपनी (एससी) को बेची गयी वित्तीय आस्तियों के मामले में बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन कर रहा है । वर्तमान में बैंक द्वारा अनुपालन किए जा रहे दिशानिर्देशों के अनुसार यदि बिक्री निवल बही मूल्य से कम मूल्य (एनबीवी) पर की गयी हो (अर्थात् बही मूल्य में से प्रावधान घटा कर) तो हानि (कमी) को उस वर्ष के लाभ एवं हानि खाते में नामे किया जाता है । यदि बिक्री मूल्य एनबीवी से ज्यादा है तो जिस वर्ष के दौरान राशि प्राप्त होती है, अधिक्य प्रावधान राशि लाभ एवं हानि खाते में रिवर्स कर दी जाती है ।

बैंकों को वित्तीय आस्तियों की बिक्री के मामले में और यह बिक्री निवल बही मूल्य से कम मूल्य (एनबीवी), (अर्थात् बही मूल्य में से प्रावधान हटा कर) पर हो तो हानि को उस वर्ष के लाभ एवं हानि खाते में नामे किया जाता है । यदि बिक्री मूल्य एनबीवी से ज्यादा है तो आधिक्य प्रावधान राशि रिवर्स नहीं की जाएगी बल्कि अन्य अनर्जक वित्तीय आस्तियों की बिक्री के कारण हुई हानि/ कमी को पूरा करने लिए उसका उपयोग किया जाएगा ।

5. अस्थायी प्रावधान

बैंक के पास अग्रिमों, निवेशों एवं अन्य सामान्य प्रयोजनों के लिए अस्थायी प्रावधानों की एक पॉलिसी है । किए जाने वाले अस्थायी प्रावधानों की मात्रा का मूल्यांकन प्रति वर्ष किया जाता है । इन अस्थायी प्रावधानों का उपयोग भारतीय रिज़र्व बैंक की पूर्वानुमति से केवल पॉलिसी में दर्शाई गई असाधारण परिस्थितियों के अंतर्गत आकस्मिकताओं के लिए ही किया जाता है ।

6. अचल आस्तियां

6.1 परिसर व अन्य अचल आस्तियां परंपरागत मूल्य (या पुनर्मूल्यांकित राशियों, जैसा भी मामला हो) में से संचित मूल्यह्रास और अक्षत हानियों, यदि कोई हो, को घटा कर दर्शाया गया है । लागत में खरीद मूल्य तथा आस्ति को उसके अभीष्ट उपयोग के लिए चालू स्थिति में लाने हेतु की गई कोई खरीद लागत समाविष्ट है । जब ऐसी आस्ति का/से भविष्य में लाभ/ कार्यशील दक्षता बढ़ती है तो आस्तियों पर किए गए बाद के व्यय को पूंजीगत किया जाता है । अचल संपत्तियों की बिक्री से प्राप्त लाभ बैंक के लाभ एवं हानि खाते का भाग होता है ।

6.2 अचल आस्तियों का पुनर्मूल्यांकन

चालू बाजार मूल्यांकन दर्शाने हेतु अचल संपत्तियों के पोर्टफोलियो का पुनर्मूल्यांकन स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ता द्वारा आवधिक आधार पर किया जाता है । बैंक के स्वामित्व वाले और शाखाओं, प्रशासनिक कार्यालयों, स्टाफ के आवासों आदि के रूप में उपयोग की गई सभी भूमि और बिल्डिंग को बैंक के अपने परिसरों को अचल आस्तियों की श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है । नवीनतम मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार मूल्यांकन, यदि कोई हो, पुनर्मूल्यांकन पर प्रारक्षित निधि के तहत पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व में जमा किया जाता है । पुनर्मूल्यांकित आस्ति पर अतिरिक्त मूल्यह्रास को लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया जाता है तथा पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षित निधि से अन्य राजस्व प्रारक्षित निधि में विनियोजित किया जाता है ।

6.3 परिसरों में भूमि एवं निर्माणाधीन परिसरों को शामिल किया गया है ।

7. प्रारक्षित निधियां एवं अधिशेष

राजस्व एवं अन्य प्रारक्षित निधियों में सम्बद्ध देशों के प्रचलित स्थानीय कानूनों के अनुसार विदेशी शाखाओं/ अनुषंगियों द्वारा सृजित सांविधिक प्रारक्षित निधियों को शामिल किया गया है ।

8. राजस्व का निर्धारण

8.1 आय (पैराग्राफ 8.2 में दी गई मदों को छोड़कर)/ व्यय की गणना सामान्यतः उपचय आधार पर की गयी है। आयकर विभाग से रिफंड आदेश/सूचना प्राप्त होने पर आयकर रिफंड पर ब्याज बुक किया जाता है । विदेशी कार्यालयों के मामले में आय/ व्यय की गणना उस देश के कानून के अनुसार की गयी है, जहां पर विदेशी कार्यालय स्थित है ।

8.2 गारंटियों, साख पत्रों, विनिमय, दलाली आदि पर कमीशन, अग्रिम बिलों पर ब्याज, शुल्क आय, सभी प्रकार के कमीशन (सरकारी कारोबार और तृतीय पक्ष उत्पादों की बिक्री से प्राप्त कमीशन के अलावा) के माध्यम से आय को वसूली आधार पर हिसाब में लिया जाता है । अनुषंगियों, संयुक्त उपक्रमों तथा सहयोगी कंपनियों के शेयरों पर लाभांश वास्तविक प्राप्ति के आधार पर हिसाब में लिए जाते हैं ।

8.3 अनर्जक आस्तियों/ निवेशों पर आय के संग्रह की अनिश्चितता की दृष्टि से, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ऐसी आय सिर्फ वसूल होने पर ही लेखांकित होती है ।

8.4 जहां स्वामित्व का जोखिम एवं लाभ पट्टेदार अपने पास रखता है उस लीज को लेखा मानक 19 (लीज) के अनुसार परिचालन लीज के रुप में वर्गीकृत किया गया है । ऐसे लीज पर लीज भुगतानों को लेखा मानक 19 (लीज) के अनुसार लीज शर्त पर स्ट्रेट लाइन आधार पर लाभ और हानि खाते में स्वीकार किया जाता है ।

8.5 एनपीए खातों में वसूली का समायोजनः

खातों में समय-समय पर हुई वसूलियों (जन-धन वसूली अधिनियम के तहत वसूली सहित) को निम्नानुसार समायोजित किया जाना चाहिए:

- बैंक द्वारा सभी लागतों, कमीशन, प्रभारों एवं प्रदत्त या अदत्त व्ययों के सापेक्ष
- बैंक पर बकाया ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, आगामी ब्याज, दंडात्मक ब्याज के सापेक्ष
- मूलधन के भुगतान के लिए

दावा-दायर/ डिक्री खातों में वसूली को विनियोजित किया जाना चाहिए:

- संबंधित अदालत के निदेशों के अनुसार ।
- अदालत के विनिर्दिष्ट निदेशों के अभाव में, गैर वाद-दायर खातों पर यथा लागू ।

कॉम्प्रोमाइज / एनसीएलटी समाधान के माध्यम से समझौता द्वारा वसूली ।

एनसीएलटी या कॉम्प्रोमाइज मंजूर खाते के माध्यम से संकल्प/ समझौते के मामले में, वसूली को कॉम्प्रोमाइज मंजूरी/ समाधान समझौते की शर्तों के अनुसार समायोजित किया जाना चाहिए ।

8.6 मानक खातों में वसूलियों का विनियोजन

मानक खातों में वसूली का विनियोजन दर्ज मांग की तारीख के अनुसार किया जाता है और जल्द से जल्द मांग को निम्नलिखित क्रम में पूरा किया जा रहा है ।

- बैंक द्वारा प्रदत्त या वहन किए गए सभी लागत, कमीशन, प्रभार और व्यय के सापेक्ष
- बैंक पर देय ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, अन्य ब्याज, दंडात्मक ब्याज के सापेक्ष
- मूलधन के भुगतान के सापेक्ष

9. कर्मचारियों को लाभ

9.1 भविष्य निधि

बैंक ऑफ़ बड़ौदा पीएफ नियमों के अनुसार भविष्य निधि अंशदान योजना एक सांविधिक दायित्व है और बैंक पूर्व निर्धारित दरों पर निश्चित अंशदान का भुगतान करता है । बैंक का दायित्व निश्चित अंशदान तक सीमित है। अंशदान को लाभ एवं हानि खाते में प्रभारित किया जाता है । निधियों का प्रबंधन बैंक ऑफ़ बड़ौदा भविष्य निधि न्यास द्वारा किया जाता है ।

9.2 उपदान

बैंक ऑफ़ बड़ौदा उपदान निधि नियमों एवं विनियमों तथा उपदान भुगतान अधिनियम 1972 के अनुसार उपदान देयता एक सांविधिक दायित्व है । यह वित्तीय वर्ष के अंत में संचित मूल्य आधार पर प्रावधान किया जाता है । बैंक द्वारा उपदान देयता के लिए राशि उपलब्ध करवायी जाती है और बैंक ऑफ़ बडौदा उपदान निधि न्यास इसका प्रबंधन करता है ।

9.3 पेंशन

बैंक ऑफ़ बड़ौदा कर्मचारी पेंशन विनिमय, 1995 के अंतर्गत पेंशन देयता बाध्यता के रुप में व्याख्या की गयी है और वर्ष के अंत में संचित मूल्य आधार पर इसका प्रावधान किया जाता है । यह उन कर्मचारियों के लिए है जिन्होंने 31.03.2010 तक बैंक सेवा ग्रहण की और पेंशन का विकल्प लिया है । बैंक ऑफ़ बड़ौदा (कर्मचारी) पेंशन फंड न्यास द्वारा इस योजना के लिए राशि उपलब्ध करवायी जाती है ।

जिन कर्मचारियों ने बैंक सेवा 01 अप्रैल, 2010 को या उसके बाद ग्रहण की है उनके लिए नई पेंशन योजना परिभाषित अंशदान आधार पर लागू है । बैंक द्वारा पूर्व निर्धारित निश्चित अंशदान का भुगतान किया जाता है । बैंक का दायित्व ऐसे पूर्व निर्धारित अंशदान तक ही सीमित है । अंशदान लाभ एवं हानि खाते से प्रभारित किया जाता है ।

9.4 प्रतिपूरित अनुपस्थिति

संचित प्रतिपूरित अनुपस्थितियां यथा उपार्जित अवकाश (पीएल) और शेष चिकित्सा अवकाश के लिए प्रावधान संचित मूल्य के आधार पर किया जाता है ।

9.5 अन्य कर्मचारी लाभ

अन्य कर्मचारी लाभ यथा छुट्टी नकदीकरण, छुट्टी यात्रा रियायत, अतिरिक्त सेवांत लाभ के लिए सेवानिवृत्ति पर संचित मूल्य के आधार पर प्रावधान किया जाता है ।

विदेशी शाखाओं/ कार्यालयों के संदर्भ में प्रतिनियुक्ति पर कर्मचारियों को छोड़कर अन्य कर्मचारियों के लिए संबंधित देश में विद्यमान नियमों के अनुसार लाभों का आकलन किया जाता है ।

10. मूल्यह्रास

10.1 भारत में अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास के लिए प्रावधान ढपैराग्राफ 10.3 व 10.4 में जिनका उल्लेख किया गया है, के अलावाज निम्नलिखित तालिका के अनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अनुसार प्रावधान किया जाता है, सिवाय पुनर्मूल्यांकित आस्तियों के, जिनके लिए अनुमानित उपयोग अवधि के आधार पर मूल्यह्रास प्रावधान किया जाता है ।

क्र. सं.	श्रेणी	मूल्यह्रास के प्रभावी दर	मूल्यह्रास प्रक्रिया
1.	फर्नीचर एवं फिटिंग्स		
ए.	फर्नीचर एवं फिटिंग्स	25.89%	अवलिखित मूल्य
बी.	वातानुकूलक प्लांट, अन्य प्लांट आदि.	18.1%	अवलिखित मूल्य
सी.	सुरक्षित जमा वॉल्ट उपकरण	18.1%	अवलिखित मूल्य
डी.	कैश वैन, जीप, स्कूटर एवं अन्य वाहन		
	- दो पहिया वाहन	25.89%	अवलिखित मूल्य
	- चार पहिया वाहन	31.23%	अवलिखित मूल्य
ई.	कार्यालय के उपकरण	45.07%	अवलिखित मूल्य
2.	बैंक का अपना परिसर		
	- आरसीसी फ्रेम संरचना	4.87%	अवलिखित मूल्य
	- आरसीसी फ्रेम संरचना के बिना	9.50%	अवलिखित मूल्य

10.2 भारत से बाहर अचल आस्तियों पर, (नीचे पैरा 10.3 में वर्णित को छोड़कर) मूल्यह्रास स्थानीय कानूनों या संबंधित देश में प्रचलित प्रक्रिया के अनुसार किया जाता है ।

10.3 भारत और भारत के बाहर कंप्यूटरों व सॉफ्टवेयरों जो कि कंप्यूटर हार्डवेयर के अभिन्न अंग है, पर मूल्यह्रास भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार स्ट्रेट लाइन विधि से 33.33% प्रतिवर्ष की दर से प्रदान किया गया है ।

वर्ष से अधिक अनुमानित लाइफ और रु.50,000/- की मूल लागत से अधिक के हार्डवेयर के अभिन्न अंग नहीं होने वाले कंप्यूटर सॉफ़्टवेयर को अमूर्त आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और 3 वर्षों की अवधि में परिशोधित किया जाता है । कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जो कि हार्डवेयर का अनिवार्य अंग नहीं है, को सीधे ही लाभ एवं हानि खाते में प्रभारित किया जाता है ।

10.4 एटीएम पर मूल्यह्रास का प्रावधान स्ट्रेट लाइन पद्धति से 20% प्रतिवर्ष की दर से किया जाता है ।

10.5 परिवर्द्धनों पर मूल्यह्रास खरीद / उपयोग की तारीख से अनुपातिक आधार पर लिया जाता है ।

10.6 पट्टे पर धारित जमीन और पट्टे पर धारित जमीन पर किए गए विकास की लागत पट्टा अवधि में चुकता (एमोर्टाईज) की जाती है ।

10.7 नवीनतम उपलब्ध पुनर्मूल्यांकन के कारण आस्ति के निवल बही मूल्य में वृद्धि को लाभ और हानि खाते के माध्यम से रूट किए बिना पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व खाते में जमा किया जाता है । पुनर्मूल्यांकन आस्ति पर अतिरिक्त मूल्यह्रास लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया जाता है और पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व से अन्य राजस्व रिज़र्व में विनियोजित किया जाता है ।

10.8 पुनर्मूल्यांकन के समय मूल्यांकन के अनुसार पुनर्मूल्यांकन आस्ति का मूल्यह्रास परिसंपत्ति के शेष उपयोगी जीवन पर आधारित होता है ।

11. आस्तियों का मूल्यह्रास

अचल आस्तियों (पुनर्मूल्यांकित आस्तियों सहित) पर मूल्यह्रास हानियों (यदि कोई हो) को आस्तियों के मूल्यह्रास के संबंध में भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखा मानक 28 (आस्तियों का मूल्यह्रास) के अनुसार किया जाता है तथा इसे लाभ एवं हानि खाते से प्रभारित किया जाता है ।

यदि आंतरिक/ बाहरी कारकों के आधार पर मूल्यह्रास का कोई लक्षण दिखाई देता है तो आस्तियों की वहन लागत राशि की प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को समीक्षा की जाती है । मूल्यह्रास हानि की पहचान वहां की जाती है जहां आस्तियों की वहन लागत राशि वसूली की राशि से अधिक हो जाती है । वसूली योग्य राशि आस्तियों की निवल बिक्री राशि और उपयोग में लायी जा रही आस्ति के मूल्य से अधिक होती है । उपयोग में लायी जा रही आस्ति के मूल्य का निर्धारण करते समय अनुमानित नकदी प्रवाह को उनके वर्तमान मूल्य में से बट्टा काट कर किया जाता है । इसके लिए पूर्व-कर बट्टा दर का उपयोग किया जाता है जो राशि के समय आधारित मूल्य और आस्ति से संबंधित विशेष जोखिम के वर्तमान बाज़ार मूल्यांकन को प्रदर्शित करता है । मूल्यह्रास के बाद आस्तियों की शेष बची हुई उपयोग अवधि के ऊपर अवमूल्यन उपलब्ध कराया जाता है ।

12. विदेशी मुद्रा संव्यवहार

12.1 विदेशी मुद्रा विनिमय से संबंधित संव्यवहारों का लेखांकन भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखामानक (एएस) 11 लेखांकन "विदेशी मुद्रा विनिमय दरों के परिवर्तन" के अनुरुप किया गया है ।

12.2 लेखा मानक - एएस-11 के अनुसार बैंक के विदेशी मुद्रा परिचालनों को ए) एकीकृत परिचालनों एवं बी) गैर-एकीकृत परिचालनों के रुप में वर्गीकृत किया गया है । सभी विदेशी शाखाओं, ऑफशोर बैंकिंग इकाइयों, विदेशी अनुषंगियों को गैर-एकीकृत परिचालन एवं विदेशी मुद्रा में घरेलू परिचालनों एवं प्रतिनिधि कार्यालयों को एकीकृत परिचालन के रुप में माना जाता है ।

12.3 बैंक विदेशी शाखाओं और ऑफशोर बैंकिंग इकाइयों में वायदा विनिमय कॉन्ट्रेक्ट के उपयोग के माध्यम से अपने निवेश को हेज करता है । विदेशी शाखाओं और ऑफशोर बैंकिंग इकाइयों में अपने निवेश को हेज करने के लिए उपयोग किए जाने वाले वायदा विनिमय कॉन्ट्रेक्ट को आईसीएआई द्वारा जारी किए गए डेरिवेटिव कॉन्ट्रेक्ट से संबंधित लेखांकन पर गाइडेंस नोट के अनुसार हिसाब में लिया जाता है जिसमें हेजिंग इंस्ट्रूमेंट्स के रूप में उपयोग किए जाने वाले विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव्स से संबंधित लाभ और हानि उस सीमा तक सीधे इक्विटी में मान्य होते हैं जिस सीमा तक हेज को प्रभावी माना जाता है और हेजिंग इंस्ट्रूमेंट्स पर लाभ और हानि के अप्रभावी हिस्से (और हेजिंग के संबंध में निर्दिष्ट नहीं किए गए किसी अनुपात) को लाभ और हानि खाते में

तत्काल मान्यता दी जाती है। किसी भी निवल आस्थगित विदेशी मुद्रा लाभ और हानि अर्थात् निवल निवेश और हेजिंग इंस्ट्रूमेंट्स दोनों से उत्पन्न को विदेशी परिचालन के निपटान के समय लाभ और हानि खाते में जमा किया जाता है।

12.4 एकीकृत परिचालनों के संबंध में अंतरण:

ए) संव्यवहारों को प्राथमिक तौर पर फेडाई द्वारा सूचित की गयी साप्ताहिक औसत दरों पर रिकॉर्ड किया जाता है।

बी) विदेशी मुद्रा विनिमय से संबंधित आस्ति एवं देयताओं (आकस्मिक देयताओं सहित) को फेडाई द्वारा प्रत्येक तिमाही के अंत में अधिसूचित क्लोजिंग स्पॉट दरों पर अंतरित किया जाता है।

सी) परिणामी विनिमय अंतरों की गणना आय अथवा व्यय के रुप में की गयी है तथा इन्हें तदनुसार लाभ-हानि खाते में लेखांकित किया गया है। विदेशी मुद्रा आस्ति एवं देयताओं से संबंधित किसी भी रिवर्सल/ भुगतान फेडाई के दिशानिर्देशों के अनुसार दर पर किया गया है तथा बकाया राशि एवं उस राशि जिसके लिए रिवर्सल/ भुगतान किया गया है, के बीच के अंतर को लाभ एवं हानि खाते में दर्शाया गया है ।

डी) व्यापार हेतु धारित बकाया विदेशी मुद्रा हाजिर एवं वायदा संविदाओं के तुलन-पत्र की तिथि को फेडाई द्वारा अधिसूचित बंद हाजिर एवं वायदा बाजार संविदा दरों एवं अंतरिम परिपक्वता संविदाओं को 'इंटरपॉलेटेड' दरों पर बाजार को चिन्हित किया जाता है । इस प्रकार एमटीएम के मौजूदा मूल्य पर प्राप्त किए गए एमटीएम मूल्य को भुनाया जाता है । इस एमटीएम का पीवी आधार पर हाजिर एवं वायदा संव्यवहारों के पुनर्मूल्यांकन हेतु उपयोग किया जाता है । इसके फलस्वरूप वायदा मूल्यांकन लाभ अथवा हानि को लाभ एवं हानि खाते में शामिल किया जाता है ।

12.5 गैर-एकीकृत परिचालनों के संबंध में अंतरण:

ए) आस्ति एवं देयताओं को फेडाई द्वारा प्रत्येक तिमाही के अंत में अधिसूचित बंद हाजिर दरों पर अंतरित किया जाता है ।

बी) तुलन पत्र की तारीख को बकाया विदेशी मुद्रा हाजिर और वायदा आकस्मिक देयताओं को क्रमशः बंद हाजिर और वायदा दरों पर फेडाई द्वारा अधिसूचित और अंतरिम परिपक्वता के कॉन्ट्रेक्ट के लिए इंटरपॉलेटेड दरों पर अंतरित किया जाता है ।

सी) आय और व्यय का अंतरण फेडाई द्वारा प्रत्येक तिमाही के अंत में अधिसूचित तिमाही औसत दर पर किया जाता है ।

डी) परिणामी विनिमय अंतरों को उस अवधि के लिए आय या व्यय के रूप में मान्यता नहीं दी जाती है लेकिन निवल निवेश के निपटान तक एक अलग ''विदेशी मुद्रा ट्रांसलेशन रिज़र्व'' खाते में जमा किया जाता है ।

13. आय पर कर

इसमें भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के लेखांकन मानदंड 22 (आय पर करों का लेखांकन) के अनुसार निर्धारित (सम्बद्ध अवधि के लिए लेखा आय तथा कर योग्य आय के बीच भिन्नता से करों के प्रभाव को दर्शाते हुए) आयकर के लिए प्रावधान, आस्थगित कर अथवा क्रेडिट शामिल हैं। आस्थगित कर का आकलन आमदनी एवं खर्च की उन मदों के संबंध में, जो किसी एक अवधि में निर्धारित होती है और जो एक अथवा अधिक परवर्ती अवधियों में प्रत्यावर्तन योग्य हैं, को ध्यान में रखकर किया जाता है। आस्थगित कर आस्तियों एवं देयताओं पर कर की गणना अधिनियमित कर दरों पर उन वर्षों की अपेक्षित दरों पर की जाती है जिन वर्षों में इनकी प्राप्ति, रिवर्सल अथवा निस्तारण की संभावना होती है। आस्थगित कर देयताओं एवं आस्तियों पर कर की दरों में परिवर्तन के प्रभाव को उस अवधि की आय विवरणी जिसमें ऐसे परिवर्तन को अधिनियमित किया गया हो, में हिसाब में लिया जाता है।

14. प्रति शेयर अर्जन

C-11 **In accordance with RBI** Circular No. DBR.No.BP. BC.18/21.04.048/2018-19 dated 01.01.2019, RBI circular No DOR. No. BP. BC. 34/21.04.048/2019-20 dated 11.02.2020 & RBI circular No DOR. No. BP. BC/4/21.04.048/2020-21 dated 06.08.2020 (as amended from time to time) on 'Restructuring of Advances - Micro, Small and Medium Enterprises (MSME) Sector' (One Time Restructuring), the details of MSME restructured borrowers as on March 31, 2023 are as under:

(राशि ₹ करोड़ में) (Amount in ₹ Cr)

खातों की संख्या No of Borrowers	राशि Amount
77592	5,560.56

सी- 12 समाधान फ्रेमवर्क - 2.0: सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के कोविड -19 संबंधी दबाब का समाधान" विषय पर भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र सं DOR.STR.REC.12/ 21.04.048/2021-22 दिनांक 05.05.2021 और DOR.STR.REC.21/ 21.04.048/2021-22 दिनांक 04.06.2021 (समय-समय पर यथासंशोधित) के अनुसार 31 मार्च, 2023 तक रिस्ट्रक्चर किए गए खातों का ब्यौरा निम्नानुसार

C-12- In accordance with RBI circular No DOR.STR. REC.12/21.04.048/2021-22 dated 05.05.2021 & RBI circular No DOR.STR.REC.21/21.04.048/2021-22 dated 04.06.2021 (as amended from time to time) on Resolution Framework 2.0 – Resolution of Covid-19 related stress of Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs), the details of accounts restructured as on March 31, 2023 are as under.

(राशि ₹ करोड़ में) (Amount in ₹ Cr)

खातों की संख्या No of Borrowers	राशि Amount	प्रावधान Provision
12276	1,425.25	235.92

सी- 13 "**समाधान फ्रेमवर्क** - 2.0: वैयक्तिकों और छोटे व्यवसायियों के कोविड -19 संबंधी दबाब का समाधान" विषय पर भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र सं. DOR.STR.REC.11/ 21.04.048/2021-22 दिनांक 05.05.2021 के अनुसार ऐसे उधारकर्ता खातों की संख्या जहां संशोधन की मंजूरी प्रदान कर क्रियान्वित किया गया और 31 मार्च, 2023 तक ऐसे उधारकर्ताओं को दिया गया कुल एक्सपोजर निम्नानुसार हैं: -

C-13 **In accordance with the RBI** Cir.No.DOR.STR. REC.11/21.04.048/2021-22 dated 05.05.2021 on "Resolution Framework -2.0 : Resolution of COVID-19 related stress of individual and small business" ,the number of borrower accounts where modification were sanctioned and implemented and the aggregate exposure to such borrowers as on 31.03.2023 is as under:-

(राशि ₹ करोड़ में) (Amount in ₹ Cr)

खातों की संख्या No of Borrowers	31.03.2023 तक राशि Amount as on 31.03.2023
5775	545.72

(भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र सं. डीओआर. नं. बीपी. बीसी/3/21.04.048/2020-21 दिनांक 6 अगस्त, 2020 के अनुसार व्यक्ति केवल व्यक्तिगत ऋण वर्ग को कवर करता है और अब भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र सं. डीओआर. एसटीआर. आरईसी. 11/21.04.048/201-22 दिनांक 5 मई, 2021 के पैरा 5 (ए) में शामिल है।

लघु व्यवसाय (रिटेल व्यापार और थोक व्यापार सहित) को वैयक्तिकों के लिए विस्तारित किया गया है जो कि भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र सं. डीओआर. सं. बीपी. बीसी./4/21.048/2020-21 दिनांक 6 अगस्त, 2020 के अनुसार एमएसएमई के अंतर्गत शामिल थे और अब भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र सं. डीओआर. एसटीआर. आरईसी. 11/21.04.048/2021-22 दिनांक 5 मई, 2021 के पैरा 5 (बी) में शामिल हैं।

(Individual covers only personal loan segment as per RBI circular No. DOR.No.BP. BC/3/21.04.048/2020-21 dated August 6, 2020 and now covered in para 5 (a) of RBI circular No.DOR.STR.REC.11/21.04.048/201-22 dated May 5, 2021.

Small Business (including retail trade and wholesale trade) extended to individual which were covered under MSME as per RBI circular No DOR.No. BP.BC/4/21.04.048/2020-21 dated August 6, 2020 and now covered in to para 5(b) of RBI circular No DOR. STR.REC.11/21.04.048/2021-22 dated May 5, 2021).

सी-14 बैंक ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही / वर्ष के लिए वित्तीय परिणाम तैयार करने में उन्हीं लेखांकन नीतियों और प्रथाओं का अनुपालन करना जारी रखा है, जिनका अनुपालन 31 मार्च, 2022 को समाप्त पिछले वित्तीय वर्ष में किया गया था। बैंक के अंतरराष्ट्रीय टेरीटरीज द्वारा किए गए विदेशी निवेशों के संबंध में डेरिवेटिव अनुबंधों के लिए और भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (जीएन) द्वारा जारी डेरिवेटिव अनुबंधों के लिए लेखांकन पर जारी मार्गदर्शी नोट के अनुसार विदेशी शाखाओं में निवल निवेश के लिए बकाया पूंजी हेजिंग सौदों के संबंध में बैंक ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान डेरिवेटिव अनुबंधों के लिए हेज लेखांकन को लागू किया है। अभी तक अर्थात् वित्त वर्ष 2021-22 तक ऐसे अनुबंधों का लेखांकन आईसीएआई द्वारा जारी लेखांकन मानक -11 "विदेशी विनिमय दरों में प्रभारों का प्रभाव" के अनुसार किया जा रहा था।

इस परिवर्तन के परिणामस्वरूप वर्ष के लिए लाभ ₹ 60.26 करोड़ बढ़ा।

सी-15 चालू वर्ष की पुष्टि के लिए आवश्यकतानुसार पिछले वर्ष के आंकड़ों को पुनः समूहीकृत किया गया है।

C-14 The Bank has continued to follow the same accounting policies and practices in preparation of financial results for the quarter / year ended March 31, 2023 as followed in the previous financial year ended March 31, 2022. The Bank had, during the current financial year implemented the Hedge accounting for derivative contracts in respect of overseas investments made by International territories of the Bank and in respect of outstanding capital hedging deals towards net investments in overseas branches in accordance with the Guidance Note on Accounting for derivative contracts issued by Institute of Chartered Accountants of India (GN). Hitherto, i.e. up to financial year 2021-22, the accounting for such contracts was being done as per Accounting Standard- 11. “The effects of charges in foreign exchange rates” issued by ICAI.

Consequent to this change, the profit for the year is higher by ₹ 60.26 Crore.

C-15 Previous year’s figures have been regrouped where necessary to conform to current year classification.

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए स्टैन्डअलोन नकदी प्रवाह विवरण-पत्र
Statement of Standalone Cash Flow for the year ended 31st March, 2023

(₹ लाख में) (₹ in Lakhs)

			31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष Year ended 31st March 2023	31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष Year ended 31st March 2022
ए.	परिचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह:	A. Cash flow from operating activities:		
	कर पूर्व निवल लाभ	**Net Profit before taxes**	**19,72,664**	**9,38,644**
	निम्नलिखित के लिए समायोजन:	**Adjustments for:**		
	अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास	Depreciation on fixed assets	1,95,473	1,38,972
	निवेशों पर मूल्यह्रास (परिपक्व डिबेंचरों सहित)	Depreciation on investments (including on Matured debentures)	1,70,403	55,898
	बट्टे खाते डाले गए अशोध्य ऋण/ अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान	Bad debts written-off/Provision in respect of non-performing assets	4,35,052	14,81,598
	मानक आस्तियों के लिए प्रावधान	Provision for Standard Assets	52,750	(2,67,226)
	अन्य मदों के लिए प्रावधान (निवल)	Provision for Other items (Net)	55,485	29,971
	अचल आस्तियों की बिक्री से (लाभ)/हानि (निवल)	(Profit)/loss on sale of fixed assets (Net)	(1,071)	(406)
	बॉन्ड पर ब्याज हेतु भुगतान/ प्रावधान	Payment/provision for interest on bonds	1,93,520	1,95,799
	अनुषंगियों/ अन्य से प्राप्त लाभांश	Dividend received from subsidiaries/others	(28,747)	(18,924)
	उप योग	**Sub total**	**30,45,529**	**25,54,326**
	निम्नलिखित के लिए समायोजन:	Adjustments for:		
	निवेशों में (वृद्धि) / कमी	(Increase)/Decrease in investments	(47,27,243)	(54,26,918)
	अग्रिमों में (वृद्धि) / कमी	(Increase)/Decrease in advances	(1,68,19,361)	(85,67,064)
	अन्य आस्तियों में (वृद्धि) / कमी	(Increase)/Decrease in other assets	1,55,411	5,57,071
	उधार-राशियों में वृद्धि / (कमी)	Increase/(Decrease)in borrowings	33,550	36,41,276
	जमाराशियों में वृद्धि / (कमी)	Increase/(Decrease) in deposits	1,57,74,923	78,94,163
	अन्य देयताओं तथा प्रावधानों में वृद्धि / (कमी)	Increase/(Decrease) in other liabilities and provisions	11,07,502	1,74,231
	प्रदत्त प्रत्यक्ष कर (रिफंड का निवल)	Direct taxes paid (Net of Refund)	(5,36,686)	(74,231)
	परिचालन गतिविधियों (ए) (में प्रयुक्त)/ से निवल नकदी प्रवाह	**Net cash flow from/(used in) operating activities (A)**	**(19,66,375)**	**7,52,854**

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

प्रति,

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सदस्यगण

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा पर रिपोर्ट

राय

1. हमने **बैंक ऑफ़ बड़ौदा** (बैंक) के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च, 2023 का तुलन पत्र, लाभ और हानि खाता, समाप्त वर्ष हेतु नकदी प्रवाह विवरण और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और अन्य विवरणात्मक जानकारी सहित स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों संबंधी नोट का समावेश है जिसमें हमारे द्वारा लेखा परीक्षित प्रधान कार्यालय, 18 अंचल कार्यालयों, 20 शाखाओं और 1 विशेषीकृत एकीकृत ट्रेजरी शाखा, संबंधित सांविधिक शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित 2369 घरेलू शाखाओं (अन्य लेखा इकाइयों और केंद्रीकृत प्रोसेसिंग केंद्रों को शामिल करते हुए) और संबंधित स्थानीय लेखा परीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित 30 विदेशी शाखाओं के रिटर्न शामिल हैं। हमारे द्वारा लेखा परीक्षित शाखाओं और अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित शाखाओं का चयन बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक ('आरबीआई') द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप किया है।

   तुलन-पत्र में लाभ एवं हानि खाते एवं नकदी प्रवाह विवरण संबंधी 6057 घरेलू शाखाओं (अन्य लेखा इकाइयों एवं केंद्रीकृत प्रोसेसिंग केंद्रों को शामिल करते हुए) के रिटर्न भी शामिल हैं जो लेखा परीक्षा के अध्यधीन नहीं हैं। इन गैर लेखा-परीक्षित शाखाओं में कुल अग्रिम का 18% और कुल जमाराशियों का 39%, ब्याज आय का 14% और ब्याज व्यय का 31% शामिल है।

   हमारी राय एवं हमारी सर्वोत्तम जानकारी में और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार उपर्युक्त स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 ("अधिनियम") के अनुरुप वांछित जानकारी देते हैं, जिससे कि वे बैंक स्तर पर और भारत में सामान्यतः स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांत के समनुरूप हों और इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

ए) नोट के साथ पठित तुलन-पत्र पूर्ण और सही है जिसमें सभी आवश्यक विवरण दिए गए हैं और इसे समुचित तरीके से बनाया गया है ताकि 31 मार्च, 2023 को बैंक के कार्यकलापों की सही और वास्तविक स्थिति प्रदर्शित की जा सके।

बी) लाभ एवं हानि खाता, जो उसमें दिए गए नोट के साथ पठित है, लाभ संबंधी वास्तविक शेष को दर्शाता है; और

सी) नकदी प्रवाह विवरण संबंधित तारीख को समाप्त वर्ष हेतु सही और उचित नकदी प्रवाह दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है।

राय हेतु आधार

2. हमने अपनी लेखापरीक्षा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (''द आईसीएआई'') द्वारा जारी लेखापरीक्षा पर जारी मानकों (''एसए'') के अनुसार की है। उन लेखापरीक्षा मानकों के अंतर्गत हमारे उत्तरदायित्व हमारी रिपोर्ट के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा हेतु लेखा परीक्षकों के उत्तरदायित्व अनुभाग में विस्तृत रूप से वर्णित है। हम भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी नैतिक आचरण संहिता के अनुसार बैंक से स्वतंत्र हैं, साथ ही नैतिक आवश्यकताओं जोकि स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के लिए प्रासंगिक हैं और भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार तैयार किए गए हैं, जो लागू लेखा मानक और बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधानों तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गए परिपत्रों एवं दिशानिर्देशों के अनुसार हैं, हमने इन आवश्यकताओं और नैतिक आचरण संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को पूरा किया है। हमारा विश्वास है कि जो लेखापरीक्षा साक्ष्य हमने प्रस्तुत किया है वे हमारी राय को आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

विषय वस्तु का प्रभाव

3. हम आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करते हैं:

ए) ₹1454.41 करोड़ की पारिवारिक पेंशन की कुल राशि में संशोधन के कारण अतिरिक्त देयता के परिशोधन के संबंध में अनुसूची 18 की नोट सं. ए-13(एच)। बैंक ने दिनांक 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लाभ एवं हानि खाते में ₹290.88 करोड़ की राशि प्रभारित की है और ₹872.65 करोड़ के अपरिशोधित शेष व्यय को भारतीय रिज़र्व बैंक की परिपत्र सं. आरबीआई/2021-22/105डीओआर.एसीसी. आरईसी.57/21.04.018/2021-22 दिनांक 4 अक्तूबर 2021 अनुसार शामिल किया है।

बी) अनुसूची 18 की नोट सं. ए-4 (जी) जो 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के दौरान पहचान किए गए कुछ धोखाधड़ी खातों से संबंधित ₹13.59 करोड़ के प्रावधानों के आस्थगन से संबंधित है और भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र डीबीआर नं.बीपी.बीसी.92/21.04.048/2015-16 दिनांक 18 अप्रैल, 2016 के संबंध में अगली तिमाहियों में लाभ एवं हानि खाते में प्रभारित किए जाने हैं।

इन मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई संशोधन नहीं है।

लेखा परीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दे

4. हमारे पेशेवर निर्णय के अनुसार लेखापरीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दे वे मुद्दे हैं जो चालू अवधि के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे। इन मुद्दों को स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में और इसमें हमारी राय बनाने में पूर्ण उल्लेख किया गया था तथा हम इन मुद्दों में अलग से राय नहीं देते हैं। हमने अपनी रिपोर्ट में सूचित किए जाने वाले बैंक के प्रमुख लेखा परीक्षा मामलों के रूप में निम्नलिखित मामलों को निर्धारित किया है:

I. अग्रिमों का वर्गीकरण, आय की गणना, गैर-निष्पादक अग्रिमों की पहचान और उनके लिए प्रावधान (वित्तीय विवरणों की अनुसूची 17 के नोट 4 के साथ पठित अनुसूची 9 का संदर्भ लें)

बैंक के निवल अग्रिम कुल आस्तियों का 64.51 प्रतिशत हैं, जो वित्तीय विवरणों का एक महत्त्वपूर्ण भाग है। ये अन्य बातों के साथ-साथ आय की गणना, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधान (आईआरएसीपी) मानदंडों तथा आरबीआई द्वारा समय-समय पर जारी अन्य परिपत्रों और निदेशों द्वारा शासित होते हैं, जो विदेशी कार्यालयों को छोड़कर, इनके मामलों में अग्रिमों के निष्पादक और गैर-निष्पादक अग्रिमों (एनपीए) में वर्गीकरण से संबंधित दिशानिर्देश प्रदान करते हैं। विदेशों में अग्रिमों का वर्गीकरण और उनके लिए प्रावधान स्थानीय विनियमों या भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों, जो भी अधिक सख्त हों, के अनुसार किया जाता है। बैंक इन अग्रिमों का वर्गीकरण अपनी लेखांकन नीति के अनुसार आईआरएसीपी मानदंडों के आधार पर करता है।

निष्पादक और गैर-निष्पादक अग्रिमों की पहचान की प्रक्रिया में उचित पद्धति स्थापित करना शामिल है। बैंक अपनी सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली (आईटी सिस्टम) अर्थात् कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) में अग्रिमों से संबंधित सभी लेनदेनों का रख- रखाव करता है जो इस बात की भी पहचान करता है कि अग्रिम निष्पादक है या गैर-निष्पादक।

भारतीय रिज़र्व बैंक "आरबीआई" द्वारा जारी अग्रिमों से संबंधित आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधान संबंधी विवेकपूर्ण मानदंडों का पालन करने के अलावा, बैंक के पास अनर्जक आस्तियों पर प्रावधान करने के लिए भी कुछ नीतियां हैं।

व्यक्तिगत या समेकित रूप से आईआरएसीपी मानदंडों का उचित रूप से अनुपालन न किए जाने पर इन अग्रिमों के वहन मूल्य (प्रावधानों का निवल) की अधिक गलत बयानी हो सकती है।

इसके अतिरिक्त, बैंक कुछ क्षेत्रों में अग्रिमों और निर्धारित अग्रिमों अथवा समूह अग्रिमों सहित ऐसे एक्सपोजर पर प्रावधान करता है जिन्हें एनपीए के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है।

लेनदेन के स्वरूप, विनियामक आवश्यकताओं, मौजूदा व्यावसायिक परिदृश्यों, प्रतिभूतियों के मूल्यांकन में शामिल आकलन/ निर्णय और प्रावधानों की गणना को ध्यान में रखते हुए यह स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के अभीष्ट उपयोगकर्ताओं के लिए अत्यधिक महत्त्वपूर्ण विषय है।

साथ ही, आहरण शक्ति की गणना, प्रतिभूति मूल्यांकन के लिए अन्य पक्ष, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी विभिन्न दिशानिर्देशों के अनुसार प्रावधानों की गणना, पुनर्संरचित अग्रिमों के लिए मूल्य में कमी की गणना और ब्याज आय के निर्धारण के कारण अनर्जक अग्रिमों के लिए ऋणकर्ताओं और अग्रणी बैंक द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों पर निर्भरता के कारण हमने प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के रूप में उपर्युक्त क्षेत्र को निर्धारित किया है।

लेखापरीक्षकों की प्रतिक्रियाएं

प्रमुख लेखापरीक्षा प्रक्रिया

हमने अनर्जक आस्तियों की पहचान करने और उनके लिए प्रावधान हेतु बैंक की प्रणाली का मूल्यांकन किया। हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में आंतरिक नियंत्रणों की डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण और मूल परीक्षण निम्नानुसार शामिल थे:

ए) हमने अनर्जक आस्तियों की पहचान, प्रावधान के निर्धारण के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों और इससे संबंधित बैंक की नीतियों के अनुपालन में सम्मिलित प्रणाली में स्थापित नियंत्रणों, चेक और बैलेंस, मूलभूत प्रक्रियाओं के स्वरूप, निर्धारित समय-सीमा के बारे में बैंक से जानकारी हासिल की और तदनुसार हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं की योजना बनाई।

बी) हमें आबंटित शीर्ष 20 शाखाओं के संबंध में आईआरएसीपी मानदंड के अनुसार आय की पहचान, निष्पादक और अनर्जक अग्रिमों में वर्गीकरण और प्रावधान के लिए सिस्टम में डेटा इनपुट की सटीकता की हमने जांच की। हमें आबंटित शाखाओं में मूलभूत प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए हमने बड़ी राशि वाले अग्रिमों/ दबावग्रस्त अग्रिमों की जांच की है, जबकि अन्य अग्रिमों की नमूना के आधार पर जांच की गई है, जिसमें बैंक प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराए गए स्वतंत्र मूल्यांककों की मूल्यांकन रिपोर्टों की समीक्षा भी शामिल है।

सी) बैंक की नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार आंतरिक लेखा परीक्षा, सिस्टम लेखापरीक्षा, ऋण लेखापरीक्षा और समवर्ती लेखा परीक्षा जैसे निगरानी तंत्र की मौजूदगी और प्रभावशीलता की जांच की गई।

डी) लेखापरीक्षा के अध्यधीन नहीं आने वाली शाखाओं द्वारा प्रस्तुत रिटर्न पर विश्वास किया गया है और इस संबंध में हमें उपलब्ध कराए गए नमूने संबंधी आंकड़ों की सत्यता को प्रमाणित करने के लिए बैंक की आंतरिक निगरानी प्रणाली/ प्रक्रियाओं की समीक्षा की गई तथा बैंक द्वारा हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं के दौरान पाए गए अपवादों/ विचलनों/ त्रुटियों पर पर्याप्त रूप से विचार किया गया।

ई) समय-समय पर जारी भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अनर्जक आस्तियों की पहचान और प्रावधान तथा आय का तदनुरूपी रिवर्सल की जांच की गई।

एफ) एनपीए की पहचान और आरबीआई के विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार आवश्यक प्रावधान की पर्याप्तता के उद्देश्य से प्रबंधन के अनुमानों और निर्णयों का मूल्यांकन और परीक्षण किया गया।

जी) भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुसार वर्ष के दौरान बैंक द्वारा क्रियान्वित आस्ति वर्गीकरण की स्वचालित आईटी आधारित प्रणाली की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया।

एच) हमने बैंक द्वारा चयनित अन्य घरेलू और विदेशी शाखाओं के लिए शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा किए गए कार्यों पर भी भरोसा किया है।

आई) हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के दौरान पाए गए अपवादों में विधिवत सुधार करना सुनिश्चित किया गया।

II सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और वित्तीय रिपोर्टिंग को प्रभावित करने वाले नियंत्रण

बैंक की वित्तीय लेखांकन और रिपोर्टिंग प्रणाली कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) और सीबीएस से लिंक अन्य आईटी प्रणालियों के प्रभावी कार्य करने पर या स्वतंत्र रूप से काम करने पर अत्यधिक निर्भर हैं।

हमारा ध्यान सिस्टम में फीड करने, माइग्रेट किए गए डेटा की सत्यता, डेटा की शुद्धता और विश्वसनीयता, एक्सेस प्रबंधन और ड्यूटी के विभाजन के तर्क पर केन्द्रित रहा है। ये अंतर्निहित सिद्धांत महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि वे सुनिश्चित करते हैं कि एप्लिकेशन और डेटा में परिवर्तन उचित, अधिकृत, स्पष्ट और निगरानी में हैं, ताकि सिस्टम सटीक और विश्वसनीय रिपोर्ट/ रिटर्न और अन्य वित्तीय और गैर-वित्तीय जानकारी तैयार कर सके जो वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति के लिए उपयोग में लायी जाती है।

वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली का प्रयोग किया जाता है। दैनिक आधार पर बैंक की परिचालन और वित्तीय प्रक्रियाएं अत्यंत व्यापक होती हैं तथा विविध एवं जटिल लेनदेन की प्रक्रिया संपादित करती हैं जो आईटी सिस्टम पर अत्यधिक निर्भर हैं। एक ऐसा जोखिम हो सकता है कि स्वचालित लेखांकन प्रक्रियाओं और संबंधित आंतरिक नियंत्रणों को सटीक रूप से डिजाइन और प्रभावी ढंग से परिचालित नहीं किया गया हो। अतः इसे एक प्रमुख लेखापरीक्षा मामला माना जाता है।

लेखापरीक्षकों की प्रतिक्रियाएं

प्रमुख लेखापरीक्षा प्रक्रिया

हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में प्रमुख आईटी एप्लिकेशनों का मूल्यांकन और पहचान शामिल है और टेस्ट परीक्षण के आधार पर सिस्टम से जनरेट की गई रिपोर्ट/ रिटर्न तथा अन्य वित्तीय और गैर-वित्तीय जानकारी के आधार पर आईटी सिस्टम की डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता की पुष्टि, परीक्षण और समीक्षा करना शामिल है। हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल हैं:

ए) लेखापरीक्षा अवधि के दौरान बैंक के आईटी नियंत्रण व्यवस्था और महत्त्वपूर्ण परिवर्तनों को समझा जो कि लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक हो सकते हैं।

बी) बैंक के आईटी नियंत्रणों की डिजाइन, कार्यान्वयन और परिचालन प्रभावशीलता की समीक्षा की, जिसमें एप्लिकेशन, एक्सेस नियंत्रण शामिल हैं जो परीक्षण जांच आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए महत्त्वपूर्ण हैं।

सी) जहां हमने अतिरिक्त प्रक्रियाओं को करने का निर्णय लिया, वहां हम मैन्युअल वैकल्पिक नियंत्रणों पर निर्भर रहे जैसे कि प्रणालियों और सूचना के अन्य स्त्रोतों के बीच सामंजस्य या अतिरिक्त जांच करना; पर्याप्त और उपयुक्त लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए हमने नमूने के आकार को विस्तार दिया है।

डी) सांविधिक शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा किए गए कार्य और शाखा लेखापरीक्षा के आधार पर पारित सुधार प्रविष्टियां (एमओसी) पर भरोसा किया गया।

ई) बाह्य वेंडरों की निरीक्षण रिपोर्ट पर भरोसा जहां कहीं भी उपलब्ध कराया गया है।

एफ) आईएस लेखापरीक्षा रिपोर्टों की समीक्षा की और प्रमुख आईटी नियंत्रणों के अनुपालन पर आईटी विभाग के साथ चर्चा की।

III निवेशों का वर्गीकरण और मूल्यांकन, गैर-निष्पादक निवेशों की पहचान और उनके लिए प्रावधान (वित्तीय विवरणों की अनसूची 17 के नोट 3 के साथ पठित अनुसूची 8)

इस निवेश में विभिन्न सरकारी प्रतिभूतियों, बांडों, डिबेंचरों, शेयरों, प्रतिभूति रसीदों तथा अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में बैंक द्वारा किए गए निवेश शामिल हैं।

निवेश बैंक की कुल आस्तियों का 24.85% है। ये भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रों और निर्देशों द्वारा नियंत्रित होते हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक के इन निर्देश में अन्य बातों के साथ-साथ निवेशों का मूल्यांकन, निवेशों का वर्गीकरण, गैर-निष्पादक निवेशों की पहचान, आय की तदनुरूप अमान्यता और इसके प्रति प्रावधान शामिल हैं।

गैर-उद्धृत निवेशों और कमजोर कारोबार वाले निवेश का मूल्यांकन बाजार में उतार-चढ़ाव, बेहतर कीमतों की अनुपलब्धता और व्यापक आर्थिक अनिश्चितता के कारण अंतर्निहित जोखिम का क्षेत्र है।

तदनुसार, हमारी लेखा परीक्षा निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण, गैर-निष्पादक निवेशों की पहचान और निवेशों से संबंधित प्रावधानों पर केंद्रित रही।

उपरोक्त प्रतिभूतियों की प्रत्येक श्रेणी (प्रकार) का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए परिपत्रों और निर्देशों में निर्धारित पद्धति के अनुसार किया जाता है, जिसमें विभिन्न स्त्रोतों जैसे एफआईबीआईएल दरें, बीएसई/ एनएसई द्वारा उद्धृत दरें, असूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय विवरण आदि से डेटा / सूचना का संग्रहण शामिल है।

मूल्यांकन, लेनदेनों की मात्रा, धारित निवेश और विनियामक संकेन्द्रण की गंभीरता में शामिल निर्णय सीमा और जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए इसे एक प्रमुख लेखा परीक्षा मुद्दे के रूप में निर्धारित किया गया है।

लेखापरीक्षकों की प्रतिक्रियाएं

प्रमुख लेखापरीक्षा प्रक्रिया

भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रों/ निर्देशों के संदर्भ में निवेश के प्रति हमारे लेखापरीक्षा संबंधी दृष्टिकोण में मूल्यांकन, वर्गीकरण, गैर-निष्पादक निवेशों (एनपीआई) की पहचान, निवेशों से संबंधित प्रावधान/ मूल्यह्रास के संबंध में आंतरिक नियंत्रण और मूल लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को शामिल किया गया है।

ट्रेजरी की लेखा परीक्षा के संबंध में हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रिया निम्नलिखित पर केंद्रित है ;

ए) हमने मूल्यांकन, वर्गीकरण, एनपीआई की पहचान, निवेश से संबंधित प्रावधान/ मूल्यहास के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित दिशानिर्देशों का अनुपालन करने के लिए बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का मूल्यांकन किया है और उसे समझा है;

बी) धारित निवेश के चयनित नमूने के लिए हमने भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर परिपत्रों और प्रतिभूति की प्रत्येक श्रेणी के लिए पुनः कार्यनिष्पादन के संबंध में मूल्यांकन संबंधी दिशानिर्देश के साथ इनकी सटीकता और अनुपालन की जांच की है। नमूनों का चयन यह सुनिश्चित करने के बाद किया गया कि निवेश की सभी श्रेणियां (प्रतिभूति के स्वरूप के आधार पर) नमूनों में शामिल हैं;

सी) 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों के आधार पर अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अन्य निर्धारित प्रक्रियाओं के आधार पर गैर-उद्धृत निवेशों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन परीक्षण किया गया है।

डी) हमने एनपीआई की पहचान और आय के सापेक्ष रिवर्सल एवं प्रावधानों के सृजन का आकलन और मूल्यांकन किया है;

ई) हमने भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रों और निर्देशों के अनुसार प्रदान किए जाने वाले प्रावधान को बनाए रखने और मूल्यहास की फिर से गणना करने के लिए महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को अपनाया है। तदनुसार, हमने प्रत्येक श्रेणी के निवेश से नमूनों का चयन किया और भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीआई संबंधित परीक्षण किया और एनपीआई के उन चयनित नमूनों को भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र के अनुसार बनाए रखने के प्रावधानों की पुन: गणना की है;

IV. कुछ मुकदमों के संबंध में प्रावधानों और आकस्मिक देयताओं का मूल्यांकन, अन्य पक्षों द्वारा दायर किए गए विभिन्न दावों को कर्ज के रूप में स्वीकार नहीं किया गया (वित्तीय विवरणों की अनुसूची 17 के नोट 15 के साथ पठित अनुसूची 12):

बैंक ने उक्त संबंध में दायर दावों पर प्रश्न उठाए हैं जिनमें कर और गैर कर मामलों में विभिन्न स्तरों पर लंबित मामले शामिल हैं जो विभिन्न न्यायालयों में/ मंचों पर लंबित हैं और न्यायिक प्रक्रिया के विभिन्न चरणों पर हैं। प्रबंधन ने ऐसे मामलों में संभावित आउटफ़्लो का मूल्यांकन करने में महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया है।

प्रावधान के स्तर का अनुमान लगाने में उच्च स्तर के निर्णय की आवश्यकता होती है। बैंक का आकलन मामले के तथ्यों, उनके अपने निर्णय, पिछले अनुभव और विधिक और स्वतंत्र कर सलाहकारों की परामर्श, जहाँ भी आवश्यक हो, से समर्थित है। तदनुसार, अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणाम बैंक द्वारा रिपोर्ट किए गए लाभ और तुलन-पत्र में प्रस्तुत मामलों की स्थिति को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

हमने इन मामलों के परिणाम से संबंधित अनिश्चितता को देखते हुए उपर्युक्त क्षेत्र को प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया है, जिसके लिए कानून की व्याख्या में निर्णय के आवेदन की आवश्यकता होती है। तदनुसार, हमारी लेखा परीक्षा विचाराधीन विषय-वस्तु के तथ्यों का विश्लेषण करने और संबद्ध निर्णय/ विधिक व्याख्या पर केंद्रित थी।

लेखा परीक्षक की प्रतिक्रियाएं

मुख्य लेखा परीक्षा प्रक्रिया

ए) हमने डिजाइन की उपयुक्तता का मूल्यांकन किया है और कर संबंधी मुकदमे के मामलों के संदर्भ में प्रबंधन के नियंत्रणों की प्रभावशीलता की जांच की है।

बी) हमने विवादों के संभावित आउटफ्लो और संभावित निष्कर्षों के अनुमान के लिए प्रबंधन की अंतर्निहित धारणा की समीक्षा की है। इन अनिश्चित कर/ कर से इतर स्थितियों पर प्रबंधन की स्थिति का मूल्यांकन करते समय विधिक अधिमानों और अन्य नियमों पर विचार किया गया है।

सी) इसके अलावा, संभावित आउटफ्लो के लिए प्रबंधन के निर्णयों, औद्योगिक स्तर की विवेचना और अनुमानों तथा ऐसी विवादित कर स्थितियों के संबंध में बैंक के आंतरिक विशेषज्ञों के मतों को हमने आधार बनाया है।

डी) कर से इतर मुख्य विवादित मामलों के लिए प्रबंधन द्वारा चयनित किए गए मुख्य संप्रेषणों, आंतरिक/ बाह्य विधिक मतों/ परामर्शों को पढ़ा और विश्लेषित किया है।

ई) बैंक/ अन्य कॉर्पोरेट के ऐसे समान मामलों में जहां कहीं भी विधिक निर्णय उपलब्ध थे उन्हें समीक्षित और सत्यापित किया गया है।

एफ) उपयुक्त वरिष्ठ प्रबंधन से चर्चा की और प्रावधानों के अनुमान में प्रबंधन के अंतर्निहित मुख्य धारणाओं का मूल्यांकन किया है।

जी) कर से इतर विवादित मामलों में संभावित निष्कर्ष के बारे में प्रबंधन के अनुमान का आकलन किया है और ऐसे मामलों में प्रबंधन के निर्णय को आधार बनाया है।

एच) सांविधिक शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा किए गए कार्य तथा शाखा लेखा परीक्षा/ अतिरिक्त सूचना के आधार पर प्रधान कार्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी संशोधित प्रविष्टियों पर भरोसा किया गया।

5. अन्य मामले

ए) हमने 2369 घरेलू शाखाओं और 30 विदेशी शाखाओं के वित्तीय विवरणों/ वित्तीय सूचनाओं की लेखापरीक्षा नहीं की, जिनके वित्तीय विवरण उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए ₹ 5,45,776 करोड़ की कुल आस्तियां और ₹ 33,642 करोड़ के कुल राजस्व को दर्शाते हैं, जैसा कि स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण में निर्धारित किया गया है। ये शाखाएं 31 मार्च, 2023 तक कुल अग्रिमों का 47%, कुल जमा का 57% और गैर-निष्पादित आस्तियों का 58% तथा 31 मार्च, 2023 को

समाप्त वर्ष के लिए राजस्व का 32% कवर करते हैं। इन शाखाओं के वित्तीय विवरणों/ सूचनाओं की बैंक के सांविधिक शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षा की गई है, जिनकी रिपोर्ट हमें प्रस्तुत की गई है और हमारी राय में जहां तक यह शाखाओं के संबंध में शामिल राशि और प्रकटीकरण से संबंधित है, वह ऐसे शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर पूरी तरह से आधारित है।

बी) 31 मार्च, 2022 को समाप्त पिछले वर्ष के लिए बैंक के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा संयुक्त केंद्रीय सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा की गई, जिनमें से दो पूर्ववर्ती लेखा परीक्षा फर्म हैं और उन्होंने अपनी 31 मई, 2022 की रिपोर्ट के माध्यम से ऐसे वित्तीय विवरणों पर असंशोधित राय व्यक्त की है।

इन मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई संशोधन नहीं है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण से इतर अन्य जानकारियां और उस पर लेखा परीक्षक रिपोर्ट

6. बैंक का निदेशक मण्डल अन्य जानकारी उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी है। अन्य जानकारी में कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट (लेकिन इसमें स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों और लेखा परीक्षक रिपोर्ट शामिल नहीं है) शामिल है जो हमें लेखापरीक्षक रिपोर्ट, निदेशक मंडल की रिपोर्ट, मुख्य वित्तीय सूचक और शेयरधारकों की जानकारी जारी होने के समय प्राप्त होती है तथा जिसे इस रिपोर्ट की तारीख के बाद हमें उपलब्ध कराए जाने की उम्मीद है।

वित्तीय विवरणों पर हमारी राय में अन्य जानकारियां और बेसेल III के तहत पिलर 3 प्रकटीकरण शामिल नहीं है और हम इस पर किसी तरह का आश्वासन नहीं देंगे।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी उपरोक्त निर्धारित अन्य जानकारी का अध्ययन करना और ऐसा करते समय यह विचार करना है कि क्या स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के साथ अन्य जानकारी वस्तुत: असंगत है या हमारे द्वारा लेखा परीक्षा के समय या अन्यथा प्राप्त जानकारी वस्तुतः गलत प्रतीत होती है।

यदि अन्य जानकारी जो कि लेखा परीक्षा की तारीख से पहले प्राप्त हो चुकी थी और हमारे द्वारा उस पर निष्पादित कार्य के आधार पर हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि अन्य जानकारियों में वस्तुनिष्ठ अशुद्धियां शामिल हैं, तो हमें तथ्यों को रिपोर्ट में शामिल करने की आवश्यकता होगी। इस संबंध में हमें कोई रिपोर्ट नहीं करना है।

जब हम निदेशक मंडल की रिपोर्ट, मुख्य वित्तीय सूचक और शेयर धारकों की जानकारी को पढ़ते हैं और हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि उसमें कुछ वस्तुनिष्ठ अशुद्धियां हैं, तो हमें इस मामले को उन्हें अवगत कराने की आवश्यकता होती है जिन्हें गवर्नेंस का प्रभार दिया गया है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन एवं गवर्नेंस के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों की जवाबदेही

7. बैंक का प्रबंधन और निदेशक मण्डल, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 29 और समय-समय पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी परिपत्रों एवं दिशानिर्देशों तथा भारत में सामान्यतः स्वीकार्य लागू लेखांकन मानकों के अनुरूप तैयार किए गए इन स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए जवाबदेह है, जो बैंक की वित्तीय स्थिति, वित्तीय प्रदर्शन और नकदी प्रवाह का सही एवं निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। इस जवाबदेही में बैंक की आस्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ियों और अन्य विसंगतियों की पहचान एवं उनके निवारण के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्डों के साथ-साथ उचित लेखांकन नीतियों का चयन एवं उनके उपयोग, निर्णय लेने और यह अनुमान लगाने कि ये व्यावहारिक और विवेकपूर्ण हों तथा वित्तीय विवरणों को तैयार करने और उनकी प्रस्तुति से संबंधित लेखांकन रिकॉर्डों की त्रुटिहीनता और पूर्णता के लिए प्रभावी रूप से परिचालित आंतरिक नियंत्रणों की डिजाइन, कार्यान्वयन एवं रखरखाव भी समाहित है जो सत्य और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करते हैं और धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण भौतिक मिथ्याकथन से मुक्त हैं।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों को तैयार करने में बैंक का प्रबंधन और निदेशक मण्डल कार्यशील संस्था के रूप में बने रहने की बैंक की योग्यता का मूल्यांकन करने, कार्यशील संस्था से संबंधित विषयों के यथालागू प्रकटीकरण करने, लेखांकन के लिए कार्यशील संस्था आधार का उपयोग करने के लिए जवाबदेह है जबतक कि प्रबंधन का इरादा बैंक को लिक्विडेट करने या परिचालन समाप्त करने की न हो या ऐसा न करने के लिए कोई उचित विकल्प न हो। बैंक का निदेशक मण्डल बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया के निरीक्षण के लिए भी जवाबदेह है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा-परीक्षा के लिए लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारी

8. हमारा उद्देश्य इस आशय का पर्याप्त भरोसा प्राप्त करना है कि स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में धोखाधड़ी और त्रुटि के कारण कोई मिथ्या कथन नहीं है और ऐसी लेखापरीक्षा रिपोर्ट जारी करना है जिसमें हमारी राय शामिल है, उचित भरोसा एक उच्च स्तर का भरोसा होता है लेकिन यह कोई गारंटी नहीं है कि लेखांकन मानकों के अनुरूप की गई लेखा परीक्षा में पहले से मौजूद भौतिक मिथ्या कथन की हमेशा पहचान हो जाए। धोखाधड़ी और त्रुटि के कारण मिथ्या कथन दृष्टिगोचर होता है और इसे महत्वपूर्ण तब माना जाएगा जब यह संभावना हो कि यह अकेले या समग्र रूप से इन स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए आर्थिक निर्णयों को प्रभावित कर सकता है।

लेखांकन मानकों के अनुरूप लेखापरीक्षा के एक भाग के रूप में हम पेशेवर निर्णय लेते हैं और पूरी लेखापरीक्षा के दौरान पेशेवर संशयवाद को बनाए रखते हैं। हम:

- स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणियों में धोखाधड़ी और त्रुटि के कारण उत्पन्न हुए महत्वपूर्ण मिथ्याकथन की पहचान और मूल्यांकन, उन जोखिमों के लिए उत्तरदायी प्रक्रियाओं की डिजाइन और कार्यनिष्पादन तथा हमारी राय को उचित आधार प्रदान करने के लिए लेखापरीक्षा साक्ष्य भी प्राप्त

करते हैं। धोखाधड़ी के कारण उत्पन्न हुए महत्वपूर्ण मिथ्या कथनों को न पहचानने का जोखिम त्रुटि के कारण उत्पन्न हुए जोखिम से ज्यादा बड़ा है, क्योंकि धोखाधड़ी में सांठ-गांठ, जानबूझकर छोड़ी गयी त्रुटियाँ, गलत बयानी या आंतरिक नियंत्रणों का उल्लंघन शामिल हो सकता है।

- लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रणों पर विचार भी करते हैं ताकि लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को इस तरह से डिजाइन किया जा सके जो परिस्थितियों के हिसाब से उचित हो।
- प्रबंधन द्वारा उपयोग में लाई गई लेखांकन नीतियों की सटीकता और लेखांकन अनुमानों एवं उससे संबंधित प्रकटीकरणों का मूल्यांकन करते हैं।
- प्रबंधन के कार्यशील संस्था के रूप में बने रहने संबंधी लेखांकन आधार को उपयोग करने के औचित्य का निपटान और प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्यों के आधार पर इसका पता लगाने का काम भी करते हैं कि क्या उन घटनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण अनिश्चितता मौजूद है या वैसी परिस्थितियाँ बनी हैं जिनमें कार्यशील संस्था के रूप में बने रहने की बैंक की योग्यता पर अधिक संदेह व्यक्त किया जा सके। यदि हम निष्कर्ष निकालें कि भौतिक अनिश्चितता की संभावना है तो हमें अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों से संबंधित इस तरह के प्रकटीकरणों की ओर ध्यान आकर्षित करने की आवश्यकता है अथवा क्या इस तरह के प्रकटीकरण हमारी राय को बदलने के लिए पर्याप्त नहीं है। हमारा निष्कर्ष लेखापरीक्षा की तारीख तक प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्यों पर आधारित है। तथापि, भविष्य की घटनाएं या परिस्थितियां बैंक के कार्यशील संस्था के रूप में परिचालन को बंद करने का कारण बन सकती हैं।
- प्रकटीकरण सहित वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना एवं विषयवस्तु का तथा इस बात का मूल्यांकन करना कि वित्तीय विवरणों में बुनियादी लेनदेन और घटनाओं की निष्पक्ष प्रस्तुति की जा सके।

वस्तुनिष्ठता, स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में मिथ्या कथन का वह प्रभाव है, जो व्यक्तिगत या समग्र रूप से यह संभव बनाता है कि स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के तर्कसंगत जानकार यूजर के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित किया जा सकता है। हम (i) अपने लेखापरीक्षा कार्य के दायरे की योजना बनाने और अपने कार्य के परिणामों का मूल्यांकन करने; तथा (ii) स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में किन्हीं भी निर्धारित मिथ्या कथनों के प्रभाव का मूल्यांकन करने में परिमाणात्मक वस्तुनिष्ठता और गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं।

हम अन्य मामलों के साथ-साथ लेखापरीक्षा की योजनाबद्ध विस्तार एवं उसके समय का निर्धारण जिसमें आंतरिक नियंत्रण में महत्वपूर्ण कोई कमियां सहित महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षो, जिसकी लेखापरीक्षा के दौरान हमने पहचान की है, के संबंध में गवर्नेंस के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों के बारे में सूचित करते हैं।

हम गवर्नेंस के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों को यह बताते हैं कि हमने स्वतंत्रता से संबंधित नैतिक आवश्यकताओं और इनके साथ हमारी स्वतंत्रता, और जहां भी लागू हो, सावधानियों से संबंधित विषयों और अन्य मामलों, जो तार्किक रूप से विचार में लाये जा सकते हैं, का अनुपालन किया है।

गवर्नेंस के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों को संसूचित विषयों में से हम उन विषयों का निर्धारण करते हैं जो वर्तमान अवधि के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और जो महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा विषय हैं। हम अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में उन विषयों का वर्णन करते हैं जब तक कि कानून या विनियमन उनके सार्वजनिक प्रकटीकरण पर रोक न लगाते हों या जब हम यह निर्णय लेते हैं कि यह विषय हमारी रिपोर्ट में नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि ऐसा करने का विपरीत परिणाम होगा और इस तरह की सूचना से सार्वजनिक हित के प्रभावित होने की संभावना होती है।

अन्य कानूनी एवं नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

9. तुलन पत्र और लाभ-हानि खाता बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधानों द्वारा जारी लेखांकन मानकों के अनुसार दर्शाए गए हैं।

10. उपर्युक्त पैरा 5, 7 से 8 में उल्लिखित लेखापरीक्षा की सीमाओं और बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 की अपेक्षाओं के अधीन तथा उसमें निहित अपेक्षित प्रकटीकरण की सीमाओं के अधीन भी हम रिपोर्ट करते हैं कि;

ए) हमने उन सभी सूचनाओं एवं व्याख्याओं को अपनी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास में प्राप्त किया है जो कि हमारी लेखापरीक्षा के लिए आवश्यक थे और हमने उन्हें संतोषजनक पाया है;

बी) हमारी जानकारी में आए बैंक के संव्यवहार बैंक की शक्तियों के तहत हैं, और

सी) बैंक के कार्यालयों और शाखाओं से प्राप्त रिटर्न लेखापरीक्षा के उद्देश्य से पर्याप्त पाए गए हैं।

11. हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि:

ए) हमारी राय में बैंक के पास कानून के अनुसार अपेक्षित उचित लेखाबहियां हैं और उन बहियों की हमारी जांच से यह पता चलता है कि उन शाखाओं जिनका दौरा हमने नहीं किया है, से प्राप्त की गई हैं जो हमारी लेखापरीक्षा के उद्देश्य से पर्याप्त हैं;

बी) इस रिपोर्ट में उल्लिखित तुलन पत्र, लाभ एवं हानि खाता और नकदी प्रवाह विवरण लेखांकन बहियों तथा उन शाखाओं जिनका दौरा हमने नहीं किया है, से प्राप्त रिटर्न के अनुसार हैं;

सी) बैंकिंग विनियमनन अधिनियम 1949 की धारा 29 के अंतर्गत बैंक के शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा हमें लेखापरीक्षित शाखा कार्यालय के लेखांकन पर रिपोर्ट भेजी गई है और यह रिपोर्ट तैयार करने के लिए हमने उसका उचित अध्ययन किया है; और

डी) हमारी राय में, तुलन पत्र और लाभ-हानि खाता तथा नकदी प्रवाह के विवरणों का लागू लेखांकन मानकों के अनुसार अनुपालन किया जाता है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के अनुसार असंगत नहीं है।

12. "सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षकों (एससीए) की नियुक्ति- 2019-20 से एससीए के रिपोर्टिंग दायित्व" पर भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा तदुपरान्त जारी 19 मई 2020 के पत्र के साथ पठित भारतीय रिज़र्व बैंक के पत्र डीओएस.एआरजी. सं.6270/08.91.001/2019-20 दिनांक 17 मार्च 2020 की अपेक्षा अनुसार, हम उपर्युक्त पत्र के पैरा 2 में विनिर्दिष्ट मामलों पर निम्नानुसार यह भी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं:

ए) हमारी राय में, उपर्युक्त स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में लागू लेखांकन मानकों के अनुसार अनुपालन किया जाता है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के अनुसार असंगत नहीं है;

बी) बैंक के वित्तीय लेनदेन या मामले जो बैंक के कार्यकलापों पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं, उन पर हमारी कोई टिप्पणी या राय नहीं है।

सी) जैसा कि बैंक कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत नहीं है, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 की उप-धारा (2) के तहत बैंक के निदेशक होने की अयोग्यता बैंक पर लागू नहीं होती है।

डी) खातों के रख-रखाव और उसके साथ जुड़े अन्य मामलों के संबंध में कोई क्वालिफिकेशन प्रतिबंध, संदेह या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

ई) वित्तीय विवरणों के संदर्भ में बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और परिचालनगत प्रभाव पर हमारी लेखा-परीक्षा रिपोर्ट, इस रिपोर्ट के साथ **अनुलग्नक 'ए'** के रूप में संलग्न है। हमारी रिपोर्ट में यथा 31 मार्च, 2023 को वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के बैंक के परिचालनगत प्रभाव पर अपरिवर्तित राय व्यक्त किया गया है।

कृते आर. देवेंद्र कुमार एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 114207W

(**नीरज गोलस**)
साझेदार
एम नं.: 074392
यूडीआईएन: 23074392BGXJOO6991

कृते दस्सानी एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन:009096C

(**अभिषेक महेश्वरी**)
साझेदार
एम नं.: 402561
यूडीआईएन: 23402561BGXKOB9653

कृते व्यास एंड व्यास
सनदी लेखाकार
एफआरएन:000590C

(**ओम प्रकाश व्यास**)
साझेदार
एम नं.: 014081
यूडीआईएन: 23014081BGSAQR8200

कृते खंडेलवाल जैन एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 105049W

(**पंकज जैन**)
साझेदार
एम नं.: 048850
यूडीआईएन: 23048850BGSZNX9288

कृते एस वेंकटराम एंड कं. एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 004656S/S200095

(**एस सुंदररमण**)
साझेदार
एम नं.: 201028
यूडीआईएन: 23201028BGVYPV2283

दिनांक: 16 मई, 2023
स्थान: मुंबई

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक - ए

(हमारी सम दिनांक की रिपोर्ट के "अन्य विधिक और विनियामक आवश्यकताओं पर रिर्पोट" के तहत पैराग्राफ 12 ई में संदर्भित)

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के पत्र सं डीओएस. एआरजी.सं.6270/08.91.001/2019-20 दिनांक 17 मार्च 2020 (यथा संशोधित) ("आरबीआई का पत्र") के अनुसार अपेक्षित, वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर रिपोर्ट

हमने **बैंक ऑफ बड़ौदा** (बैंक) के दिनांक 31 मार्च, 2023 के वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा की है जोकि वर्ष की समाप्ति के लिए उस तारीख को बैंक के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के लेखापरीक्षा के अनुक्रम में है, जिनमें बैंक की शाखाओं के वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण भी शामिल हैं।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए प्रबंधन की ज़िम्मेदारी

बैंक का प्रबंधन "भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा के संबंध में मार्गदर्शन नोट में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए बैंक द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण मानदंडों" के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है। इन जिम्मेदारियों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव शामिल है जो बैंक की नीतियों का पालन, इसकी परिसंपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और पता लगाने सहित अपने व्यवसाय के व्यवस्थित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने और लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता तथा विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की समय पर तैयारी के लिए प्रभावी ढंग से कार्यरत थे, जैसा कि बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी परिपत्रों और दिशानिर्देशों के तहत आवश्यक है।

लेखा परीक्षकों की ज़िम्मेदारी

हमारी ज़िम्मेदारी हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर वित्तीय विवरणों के संदर्भ में बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर राय व्यक्त करना है। हमने भारत के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान "आईसीएआई" द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग "मार्गदर्शन नोट" पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन नोट और जारी किए गए ऑडिटिंग (एसए) संबंधी मानकों के अनुसार अपनी लेखा परीक्षा की है जोकि आईसीएआई द्वारा, आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा के अनुसार है। उन मानकों और मार्गदर्शन नोट के अनुसार यह आवश्यक है कि हम नैतिक आवश्यकताओं का पालन करें और इसके बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए योजना बनाएं और लेखा परीक्षा करें कि क्या वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और बनाए रखा गया था और क्या ऐसे नियंत्रण सभी भौतिक मामलों में प्रभावी ढंग से संचालित होते हैं।

हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और उनकी परिचालन प्रभावशीलता के बारे में लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए कार्यनिष्पादन प्रक्रियाएं शामिल हैं। वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की जानकारी प्राप्त करना, जोखिम का आकलन करना कि कोई महत्वपूर्ण कमी तो नहीं है और आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के डिजाइन और संचालन प्रभावशीलता का परीक्षण और मूल्यांकन शामिल है। चयनित प्रक्रियाएं लेखा परीक्षक के निर्णय पर निर्भर करती हैं, जिसमें वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण मिथ्या कथन के जोखिमों का आकलन शामिल है, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो।

हम मानते हैं कि हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं और शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा नीचे दिए गए अन्य मामले से संबंधित पैराग्राफ में संदर्भित रिपोर्ट के अनुरूप जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए गए हैं, वे वित्तीय विवरणों के संदर्भ में बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर हमारी लेखा परीक्षा राय के लिए एक पर्याप्त और उपयुक्त आधार प्रदान करते हैं।

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में बैंक का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करने और बाह्य उद्देश्यों के लिए वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार तैयार किया गया है। वित्तीय विवरणों के संदर्भ में बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं जो (1) उन रिकॉर्डों के रखरखाव से संबंधित हैं, जो उचित विवरणों, बैंक की आस्तियों के लेनदेन और प्रबंधन को सटीक और निष्पक्ष रूप से दर्शाते हैं; (2) तर्कसंगत आश्वासन प्रदान करें कि लेनदेन को सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार करने की अनुमति देने के लिए आवश्यकतानुरूप दर्ज किया गया है, और बैंक की आय और व्यय केवल बैंक के प्रबंधन और निदेशकों के प्राधिकरण के अनुसार किए जा रहे हैं; तथा (3) बैंक की आस्तियों के अनाधिकृत अधिग्रहण, उपयोग या निपटान के निवारण या समय पर पहचान के संबंध में तर्कसंगत आश्वासन प्रदान करे, जिसका वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकता है।

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाएं

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं के कारण, जिसमें मिलीभगत या नियंत्रणों के अनुचित प्रबंधन ओवरराइड की संभावना शामिल है, और त्रुटि या धोखाधड़ी के कारण इसमें भौतिक मिथ्या कथन विवरण हो सकते हैं और उनका पता नहीं लगाया जा सकता है। साथ ही, भविष्य की अवधि के लिए वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के किसी भी मूल्यांकन के अनुमान इस जोखिम के अधीन हैं कि वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण शर्तों में परिवर्तन के कारण अपर्याप्त हो सकते हैं या नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन की गंभीरता कमजोर हो सकती हैं।

राय

हमारी राय में, और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार और नीचे दिए गए अन्य मामलों के पैराग्राफ में संदर्भित शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्टो पर विचार के आधार पर, बैंक के पास सभी महत्वपूर्ण मामलों में वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण है और वित्तीय विवरणों के संदर्भ में 31 मार्च, 2023 को ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए लेखापरीक्षा मार्गदर्शन नोट में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए बैंक द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों के आधार पर" प्रभावी ढंग से कार्यरत हैं।

अन्य मामले

हमारी उक्त रिपोर्ट में 2399 शाखाओं के वित्तीय विवरणों के संदर्भ के साथ आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की परिचालनगत प्रभावशीलता उन शाखाओं के संबंधित शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

इस मामले के संबंध में हमारी राय में कोई संशोधन नहीं है।

कृते आर. देवेंद्र कुमार एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 114207W

(**नीरज गोलस**)
साझेदार
एम नं.: 074392
यूडीआईएन: 23074392BGXJOO6991

कृते दस्सानी एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन:009096C

(**अभिषेक महेश्वरी**)
साझेदार
एम नं.: 402561
यूडीआईएन: 23402561BGXKOB9653

कृते व्यास एंड व्यास
सनदी लेखाकार
एफआरएन:000590C

(**ओम प्रकाश व्यास**)
साझेदार
एम नं.: 014081
यूडीआईएन: 23014081BGSAQR8200

कृते खंडेलवाल जैन एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 105049W

(**पंकज जैन**)
साझेदार
एम नं.: 048850
यूडीआईएन: 23048850BGSZNX9288

कृते एस वेंकटराम एंड कं. एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 004656S/S200095

(**एस सुंदररमण**)
साझेदार
एम नं.: 201028
यूडीआईएन: 23201028BGVYPV2283

दिनांक: 16 मई, 2023
स्थान: मुंबई

INDEPENDENT AUDITORS' REPORT

To
The Members of
Bank of Baroda

Report on the Audit of the Standalone Financial Statements

Opinion

1. We have audited the accompanying Standalone Financial Statements of **Bank of Baroda** (the Bank"), which comprise the Balance Sheet as at 31st March, 2023, the Profit and Loss Account, Cash Flow Statement for the year then ended, and Notes to the Standalone Financial Statements including Significant Accounting Policies and other explanatory information, in which are included the returns for the year ended on that date of the Head office, 18 Zonal offices, 20 branches and 1 Specialized Integrated Treasury Branch audited by us, 2369 domestic branches audited by the respective Statutory Branch Auditors and 30 foreign branches audited by the respective Local Auditors. The branches audited by us and those audited by other auditors have been selected by the Bank in accordance with the guidelines issued to the Bank by the Reserve Bank of India (**'RBI'**).

   Also incorporated in the Balance Sheet, the Profit and Loss Account and the Cash Flow Statement are the returns from 6057 domestic branches (including other accounting units and Centralized Processing Centres) which have not been subjected to audit. These unaudited branches account for 18 % of advances, 39 % of deposits, 14% of interest income and 31 % of interest expenses.

   In our opinion and to the best of our information and according to explanations given to us, the aforesaid Standalone Financial Statements give the information required by the Banking Regulation Act 1949 (**the "Act"**), in the manner so required for the Bank and are in conformity with the accounting principles generally accepted in India and :

a) the Balance Sheet, read with the notes thereon is a full and fair Balance Sheet containing all the necessary particulars, is properly drawn up so as to exhibit a true and fair view of the state of affairs of the Bank as at 31st March, 2023;

b) the Profit and Loss Account, read with the notes thereon shows a true balance of profit ; and

c) the Cash Flow statement gives a true and fair view of the cash flows for the year ended on that date.

Basis for Opinion

2. We conducted our audit in accordance with the Standards of Auditing ("SAs") issued by the Institute of Chartered Accountants of India ("the ICAI"). Our responsibility under those standards are further described in the Auditors' Responsibilities for the Audit of the Standalone Financial Statements section of our report. We are independent of the Bank in accordance with the Code of Ethics issued by the ICAI together with the ethical requirements that are relevant to our audit of the Standalone Financial Statements, prepared in accordance with the accounting principles generally accepted in India, including the applicable Accounting Standard , and provisions of section 29 of Banking Regulation Act, 1949 and circulars and guidelines issued by the RBI from time to time and we have fulfilled our other ethical responsibilities in accordance with these requirements and the Code of Ethics. We believe that the audit evidence we have obtained is sufficient and appropriate to provide a basis for our opinion.

Emphasis of Matter

3. We invite attention to the following:

a) Note No. A-13 (h) of Schedule 18 regarding amortization of additional liability on account of revision in family pension amounting to ₹ 1454.41 Crores. The Bank has charged an amount of ₹ 290.88 Crores to the Profit and Loss Account for the financial year ended 31st March, 2023 and the balance unamortized expense of ₹ 872.65 Crores has been carried forward in terms of RBI Circular no. RBI/2021-22/105 DOR.ACC.REC.57/21.04.018/2021-22 dated October 4, 2021.

b) Note No. A-4 (g) of Schedule 18 relating to deferment of provision of ₹13.59 Crores pertaining to certain fraud accounts identified during the year ended March 31, 2023 and to be charged to the Profit & Loss Account in the subsequent quarters, in terms of RBI Circular DBR No. BP.BC.92/21.04.048/2015-16 dated April 18, 2016.

Our opinion is not modified in respect of these matters.

Key Audit Matters

4. Key audit matters are those matters that, in our professional judgment, were of most significance in our audit of the standalone financial statements of current period. These matters were addressed in the context of our audit of the standalone financial statements as a whole, and in forming our opinion thereon, and we do not provide a separate opinion on these matters. We have determined the matters described below to be the Key Audit Matters of the Bank to be communicated in our report:

I. Classification of Advances, Income Recognition, Identification of and provisioning for non-performing Advances (Refer Schedule 9 read with Note 4 of Schedule 17 to the financial statements)

The net advances of the Bank constitute 64.51 percent of the total assets, which is the significant part of the financial statements. They are, inter-alia, governed by income recognition, asset classification and provisioning (IRACP) norms and other circulars and directives issued by the RBI from time to time which provides guidelines related to classification of Advances into performing and non-performing Advances (NPA) except in case of foreign offices in which case the classification of

ए. i) खरीदे और भुनाए गए बिल	A. i) Bills Purchased and Discounted		**33728,52,74**		23126,06,78
ii) नकद ऋण, ओवरड्राफ्ट और मांग पर चुकौती योग्य ऋण	ii) Cash Credits, Overdrafts and Loans Repayable on Demand		**327805,34,95**		305164,95,20
iii) मीयादी ऋण	iii) Term Loans		**602117,95,70**		468989,91,75
कुल (i से iii)	**Total (i to iii)**		**963651,83,39**		797280,93,73

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

			31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023		31 मार्च 2022 को As at 31st March 2022	
बी i)	मूर्त आस्तियों से प्रतिभूत (बही ऋणों के पेटे अग्रिम शामिल)	B. i) Secured by Tangible Assets(Includes advances against book debts)	**676632,93,07**		591849,38,82	
ii)	बैंक/सरकारी गारंटी से रक्षित	ii) Covered by Bank/ Government Guarantees	**88351,63,99**		69114,41,74	
iii)	गैर जमानती	iii) Unsecured	**198667,26,33**		136317,13,17	
	कुल (i से iii)	**Total (i to iii)**		**963651,83,39**		797280,93,73
सी. I	भारत में अग्रिम	C. I Advances in India				
	i) प्राथमिकता क्षेत्र	i. Priority Sector	**265748,28,84**		232728,91,56	
	ii) सार्वजनिक क्षेत्र	ii. Public Sector	**115533,99,23**		119119,00,00	
	iii) बैंक	iii. Banks	**1076,70,37**		2271,06,47	
	iv) अन्य	iv. Others	**405327,89,67**	**787686,88,11**	308600,97,90	662719,95,93
II	भारत से बाहर अग्रिम	II Advances Outside India				
i	बैंकों से देय	i Due from Banks	**53200,84,25**		34947,25,47	
ii	अन्य से देय	ii Due from Others				
	ए) खरीदे एवं भुनाए गए बिल	a) Bills Purchased & Discounted	**6845,17,13**		3669,27,30	
	बी) सिंडीकेट ऋण	b) Syndicated Loans	**80064,73,06**		58592,12,27	
	सी) अन्य	c) Others	**35854,20,84**	**175964,95,28**	37352,32,76	134560,97,80
	कुल (सी.I + सी.II)	**TOTAL (C.I +C.II)**		**963651,83,39**		797280,93,73

अनुसूची - 10
अचल आस्तियां

SCHEDULE - 10
FIXED ASSETS

I	**परिसर**	I	**Premises**			
	पिछले वर्ष के 31 मार्च की लागत पर		At cost as on 31st March of the preceding year	**12359,79,97**		10190,75,20	
	वर्ष के दौरान परिवर्धन/समायोजन		Additions/Adjustments during the year	**115,59,40**		2244,37,18	
				12475,39,37		12435,12,38	
	वर्ष के दौरान कटौतियां/समायोजन (पुनर्मूल्यांकन राशि सहित)		Deductions/adjustments during the year (Includes revalued amount)	**19,22,17**		44,28,89	
				12456,17,20		12390,83,49	
	आज की तारीख तक मूल्यह्रास		Depreciation to date	**7040,15,47**	**5416,01,73**	5778,12,58	6612,70,91
	निर्माणाधीन परिसर	I A	Premises under construction		**77,88,46**		130,79,66

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

			31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2022	
II	**अन्य अचल आस्तियां (फर्नीचर एवं फिक्सचर सहित)**	II **Other Fixed Assets (including Furniture & Fixtures) :**				
	पिछली अवधि के दौरान 31 मार्च की लागत पर	At cost as on 31st March of the preceding period	**9443,26,03**		8698,80,05	
	अवधि के दौरान परिवर्धन/समायोजन	Additions/Adjustments during the period	**914,80,34**		922,16,40	
			10358,06,37		9620,96,46	
	अवधि के दौरान कटौतियां	Deductions during the year	**374,14,68**		210,33,24	
			9983,91,68		9410,63,21	
	आज की तारीख में मूल्यह्रास	Depreciation to date	**8254,20,08**	**1729,71,61**	7736,07,90	1674,55,31
II ए	**पट्टे पर दी गई आस्तियां**	II A **Leased Assets**				
	पिछली अवधि के दौरान 31 मार्च की लागत पर	At cost as on 31st March of the preceding period	**2009,16,98**		1523,31,21	
	अवधि के दौरान परिवर्धन/समायोजन	Additions/Adjustments during the period	**3,15,74**		-	
			2012,32,72		1523,31,21	
	वर्ष के दौरान प्रावधान सहित कटौतियां	Deductions during the year incl. Provisions	**-**		(487,45,05)	
			2012,32,72		2010,76,26	
	आज की तारीख में मूल्यह्रास	Depreciation to date	**282,02,55**	**1730,30,17**	241,32,24	1769,44,02
	कुल (I, IA, II और IIA)	**TOTAL (I, IA, II AND IIA)**		**8953,91,97**		10187,49,90
III -	पूंजीगत-कार्य-प्रगति में (पट्टे पर आस्तियों सहित) प्रावधानों के निवल	III - Capital-Work-in progress (Including Leased Assets) net of Provisions		**2,87,49**		56,42
	कुल(I, IA, II, IIA और III)	**TOTAL (I, IA, II,IIA AND III)**		**8956,79,46**		10188,06,32

	अनुसूची - 11 अन्य आस्तियां	SCHEDULE - 11 OTHER ASSETS			
I	उपचित ब्याज	I Interest Accrued		**13310,32,27**	9668,92,15
II	अग्रिम कर भुगतान/स्रोत पर कर कटौती (प्रावधानों का निवल)	II Tax paid in advance/tax deducted at source(net of Provisions)		**7286,94,84**	7545,66,33
III	लेखन सामग्री एवं स्टांप	III Stationery and Stamps		**8,04,61**	8,45,34
IV	दावों की संतुष्टि पर अर्जित गैर-बैंकिंग आस्तियां	IV Non-Banking assets acquired in satisfaction of claims		**-**	-
V	आस्थगित कर आस्तियां	V Deferred Tax assets		**6672,77,02**	9408,29,59
VI	अन्य	VI Others		**25220,85,55**	27310,28,16
	कुल (I से VI)	**TOTAL (I to VI)**		**52498,94,29**	53941,61,57

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023		31 मार्च 2022 को As at 31st March 2022	
अनुसूची - 12 आकस्मिक देयताएं	**SCHEDULE - 12 CONTINGENT LIABILITIES**				
I दावे जिन्हें कर्ज नहीं माना गया	I Claims not acknowledged as debts		**32367,80,03**		22099,25,62
II आंशिक रूप से चुकता निवेशों के लिए देयता	II Liability for partly paid Investments		**15,28,00**		15,28,00
III बकाया वायदा विनिमय संविदाओं के कारण देयताएं	III Liability on account of outstanding forward exchange contracts		**327199,36,69**		169213,20,76
IV संघटकों की ओर से दी गई गारंटियां	IV Guarantees given on behalf of constituents :				
ए) भारत में	a) In India	**51004,37,43**		44087,96,62	
बी) भारत से बाहर	b) Outside India	**10395,35,39**	**61399,72,82**	7704,40,89	51792,37,51
V स्वीकृतियां, परांकन एवं अन्य दायित्व	V Acceptances, Endorsements and Other Obligations		**31239,14,40**		29524,30,80
VI आकस्मिक देयताएं की अन्य मदें	VI Other items of contingent liability		**129346,73,42**		133147,70,76
कुल (I से VI)	**TOTAL (I to VI)**		**581568,05,36**		405792,13,45

समेकित लाभ व हानि लेखा की अनुसूचियां
Schedules to Consolidated Profit & Loss Account

अनुसूची 13 अर्जित ब्याज और लाभांश	**SCHEDULE - 13 INTEREST AND DIVIDENDS EARNED**		
I अग्रिमों/बिलों पर ब्याज/ डिस्काउंट	I Interest/Discount on Advances/ Bills	**65776,50,86**	50750,66,44
II निवेशों पर आय	II Income on Investments	**24801,05,59**	19536,06,91
III भारतीय रिज़र्व बैंक के पास शेष राशियों और अन्य अंतर बैंक निधियों पर ब्याज	III Interest on Balances with Reserve Bank of India and other Inter-Bank Funds	**1613,70,19**	1138,28,54
IV अन्य	IV Others	**1947,34,20**	1960,43,71
कुल (I से IV)	**TOTAL (I to IV)**	**94138,60,84**	73385,45,60

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

				31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023		31 मार्च 2022 को As at 31st March 2022	
अनुसूची 14 अन्य आय		**SCHEDULE - 14 OTHER INCOME**					
I	कमीशन, विनिमय और ब्रोकरेज	I	Commission, Exchange and Brokerage		**3099,70,79**		2897,15,51
II	निवेशों की बिक्री पर लाभ	II	Profit on sale of Investments	**2042,23,98**		3246,95,27	
	घटाएं: निवेशों की बिक्री पर हानि		Less: Loss on sale of Investments	**506,27,47**	**1535,96,51**	191,31,53	3055,63,74
III	निवेशों के पुनर्मूल्यांकन पर लाभ	III	Profit on Revaluation of Investments	**52,45,52**		(8,92,32)	
	घटाएं: निवेशों के पुनर्मूल्यांकन पर हानि		Less: Loss on revaluation of Investments	**1531,07,86**	**(1478,62,34)**	1036,20,43	(1045,12,75)
IV	भूमि, इमारतों, और अन्य आस्तियों के बिक्रय पर लाभ	IV	Profit on sale of Land, Buildings and Other Assets	**16,77,56**		8,90,68	
	घटाएं: भूमि, इमारतों एवं अन्य आस्तियों की बिक्री पर हानि		Less: Loss on sale of Land, Buildings and Other Assets	**2,44,49**	**14,33,07**	4,67,23	4,23,45
V	विनिमय लेनदेन पर लाभ	V	Profit on Exchange Transactions	**1143,10,04**		1187,66,69	
	घटाएं: विनिमय लेनदेनों पर हानि		Less: Loss on Exchange Transactions	**452,75,12**	**690,34,92**	1,75,57	1185,91,12
VI	अर्जित प्रीमियम	VI	Premium earned		**5972,32,34**		2193,49,03
VII	ए) लीज वित्तपोषण आय	VII	a) Lease Finance Income	**-**		-	
	बी) लीज प्रबंधन शुल्क		b) Lease Management Fee	**-**		-	
	सी) अतिदेय प्रभार		c) Overdue Charges	**-**		-	
	डी) लीज किराए प्राप्तियों पर ब्याज		d) Interest on lease rent receivables	**7**	**7**	92,60	92,60
VIII	विविध आय	VIII	Miscellaneous Income#		**6805,31,49**		6102,50,42
	कुल (I से VIII)		**TOTAL (I to VIII)**		**16639,36,85**		14394,73,12

विविध आय में बट्टे खाते डाले गए ऋणों में हुई वसूली ₹ 3312.23 करोड़ शामिल है (पिछले वर्ष ₹ 2510.13 करोड़)

Miscellaneous income includes Recoveries made in write off accounts of ₹ 3312.23 crore (Previous year ₹ 2510.13 crore)

अनुसूची - 15 खर्च किया गया ब्याज		**SCHEDULE - 15 INTEREST EXPENDED**					
I	जमाराशियों पर ब्याज	I	Interest on Deposits		**42888,16,17**		34413,94,88
II	भारतीय रिज़र्व बैंक/अंतर बैंक उधार राशियों पर ब्याज	II	Interest on Reserve Bank of India/Inter-Bank Borrowings		**4418,23,13**		1738,95,99
III	अन्य	III	Others		**2635,77,59**		2662,56,44
	अन्य (I से III)		**TOTAL (I to III)**		**49942,16,89**		38815,47,31

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

			31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023		31 मार्च 2022 को As at 31st March 2022	
अनुसूची - 16 परिचालन व्यय	**SCHEDULE - 16 OPERATING EXPENSES**					
I	कर्मचारियों को भुगतान व तत्संबंधी प्रावधान	I Payments to and Provisions for Employees		**14342,72,85**		12643,83,09
II	किराया, कर और बिजली	II Rent, Taxes and Lighting		**1674,91,43**		1552,61,59
III	प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी	III Printing and Stationery		**173,95,29**		129,37,17
IV	विज्ञापन एवं प्रचार	IV Advertisement and Publicity		**532,93,87**		314,31,66
V	ए) लीज की गई आस्तियों को छोड़कर बैंक की संपत्ति पर मूल्यह्रास	V a) Depreciation on Bank's Property other than Leased Assets	**1981,20,45**		1400,48,61	
	बी) लीज की गई आस्तियों पर मूल्यह्रास	b) Depreciation on Leased Assets	**50,65,23**	**2031,85,68**	37,75,40	1438,24,01
VI	निदेशकों की फीस एवं व्यय	VI Directors' Fees, Allowances and Expenses		**7,55,07**		5,62,34
VII	लेखा परीक्षकों की फीस एवं व्यय (शाखा लेखापरीक्षकों की फीस एवं खर्च सहित)	VII Auditors' Fees and Expenses (including Branch Auditors' Fees and Expenses)		**91,94,18**		90,62,94
VIII	विधि प्रभार	VIII Law Charges		**241,71,56**		203,47,11
IX	डाक, तार और टेलीफोन आदि	IX Postages, Telegrams, Telephones etc.		**205,06,12**		151,20,13
X	मरम्मत एवं रखरखाव	X Repairs and Maintenance		**1051,55,58**		1012,31,94
XI	बीमा	XI Insurance		**1542,03,83**		1400,36,80
XII	सुनाम का परिशोधन	XII Amortisation of Goodwill		**8,12,34**		-
XIII	अन्य खर्च	XIII Other Expenditure#		**8740,08,55**		5896,80,45
	कुल (I से XIII)	**TOTAL (I to XIII)**		**30644,46,35**		24838,79,23

अन्य खर्चों में पॉलिसी शेयरधारकों को प्रदत्त लाभ ₹ 3730.54 करोड़ शामिल है (पिछले वर्ष ₹1763.86 करोड़)

Other Expenditure includes Benefits Paid to Insurance Policy Holders of ₹ 3730.54 crore (Previous year ₹ 1763.86 crore)

अनुसूची - 17 सहयोगियों से अर्जित आय का हिस्सा	**SCHEDULE - 17 SHARE OF EARNINGS IN ASSOCIATES**					
I	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	I RRB's		**271,19,55**		207,92,29
II	अन्य	II Others		**46,14,24**		24,82,83
	कुल (I और II)	**TOTAL (I & II)**		**317,33,79**		232,75,12

अनुसूची 18 - 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष हेतु महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

1. तैयारी का आधार

वित्तीय विवरण, जब तक कि अन्यथा उल्लेख न हो, परम्परागत लागत आधार पर तैयार किए गये हैं। ये भारत में सामान्यतः मान्य लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) के अनुसार हैं जिनमें सांविधिक प्रावधान, विनियामक/भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देश, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखा मानक/ मार्गदर्शी नोट्स तथा भारत के बैंकिंग उद्योग में प्रचलित कार्यप्रणाली समाविष्ट है। विदेशी कार्यालयों के संदर्भ में संबंधित देशों के प्रचलित सांविधिक प्रावधानों और कार्यप्रणालियों का अनुपालन किया गया है।

i. समेकित वित्तीय विवरणों में बैंक और इसकी अनुषंगी कंपनियों के वित्तीय विवरण शामिल हैं जिन्हें एक साथ (''समूह''), संयुक्त उद्यम और सहयोगी के रूप में और 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए संदर्भित किया गया है। समेकित वित्तीय विवरण निम्नलिखित के आधार पर तैयार किए गए हैं:

ए. बैंक ऑफ़ बड़ौदा (मूल संस्था) के लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण

बी. मूल संस्था की संबंधित मदों के साथ अनुषंगियों की आस्ति/देयता/ आय/ व्यय की प्रत्येक मद के क्रमवार समेकन और सभी महत्वपूर्ण अंतः समूह शेष / लेन- देन, अप्राप्त लाभ/ हानि को घटाने तथा आईसीएआई द्वारा जारी एएस 21 "समेकित वित्तीय विवरणों'' के अनुसार असमान लेखांकन नीतियों हेतु यथा अपेक्षित आवश्यक समायोजन करने के बाद।

सी. संयुक्त उद्यमों का समेकन - आईसीएआई द्वारा जारी एएस 27 'संयुक्त उद्यमों में वित्तीय हितों की रिपोर्टिंग" के अनुसार 'अनुपातिक समेकन' डीआईसीएआई द्वारा जारी एएस 23 'समेकित वित्तीय विवरणों में एसोसिएट्स में निवेशों के लिए लेखांकन' के अनुसार 'इक्विटी प्रक्रिया' के अंतर्गत 'एसोसिएट्स' में निवेश के लिए लेखांकन।

ii. अनुषंगी संस्थाओं में अपने निवेश पर समूह की लागत और अनुषंगियों की शेयर पूंजी एवं प्रीमियम में समूह के हिस्से के बीच अंतर की गणना वित्तीय विवरणों में साख/ पूंजीगत प्रारक्षित निधि के रूप में की गई है। विदेशी अनुषंगियों तथा संयुक्त उद्यमों (जेवी) के मामले में ऐसे अंतर को विनिमय प्रारक्षित निधियों के अंतर्गत लेखांकित किया जाता है।

iii. समेकित अनुषंगियों की निवल अस्तियों में माइनॉरिटी ब्याज में निम्नलिखित शामिल हैं:

ए. अनुषंगी में निवेश की तारीख को माइनॉरिटी के लिए आरोप्य इक्विटी की राशि, और

बी. मूल - अनुषंगी के बीच संबंधों की शुरूआत की तारीख से राजस्व प्रारक्षित निधियों/ हानि (इक्किटी) में संचलन का कुछ7□[illegible] 1 □□[illegible]94297□/F8 1 □□1.3113 0 2.□.3293□□571S2 □s□□57F50 □□[illegible]

एएफएस से एचएफटी में या एचएफटी से एएफएस में निवेशों का अंतरण बही मूल्य पर किया जाता है। इस तरह के निवेशों पर लागू किसी मूल्यह्रास, यदि कोई हो, को भी एक श्रेणी से दूसरी श्रेणी में अंतरित किया जाता है।

इन श्रेणियों के बीच प्रतिभूतियों के अंतरण की गणना, अंतरण की तारीख को उसकी अधिग्रहण लागत/ बही मूल्य/ बाजार मूल्य में से जो भी कम हो, पर की गई है और ऐसे अंतरण के फलस्वरूप मूल्यह्रास, यदि कोई है, के लिए पूर्णत: प्रावधान किया गया है।

3.2 मूल्यांकन

'परिपक्वता तक धारित' के रूप में वर्गीकृत निवेशों को भारित औसत अधिग्रहण लागत पर लिया गया है, जब तक कि वह अंकित मूल्य से अधिक नहीं है, इस स्थिति में प्रीमियम को परिपक्वता की शेष अवधि तक परिशोधित किया गया है। एचटीएम श्रेणी में निवेशों पर प्रीमियम के परिशोधीकरण संबंधी खर्च को भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र डीबी आर.नं.बीपी.बीसी.6/21.04.141/2015-16 दिनांक 01 जुलाई, 2015 के अनुसार ब्याज आय से घटाया गया है।

'परिपक्वता तक धारित' के रूप में वर्गीकृत निवेशों में ऐसे डिबेंचर/ बॉन्ड शामिल हैं जिन्हें स्वरूप/ प्रकृति की दृष्टि से अग्रिम माना जाता है (जिनके लिए अग्रिमों पर लागू आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंड लागू करते हुए प्रावधान किया गया है।)

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, ट्रेजरी बिलों, कॉमर्शियल पेपर्स और जमा प्रमाणपत्रों में किए गए निवेशों का रख-रखाव की लागत के आधार पर मूल्यांकन किया गया है।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की ऋण आवश्यकताओं हेतु खरीदे गए पास थ्रू सर्टिफिकेटों को भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बही मूल्य पर मूल्यांकित किया गया है।

अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों तथा सहयोगियों में (भारत तथा विदेश दोनों में) अस्थायी प्रकार के निवेशों को छोड़कर निवेशों का मूल्यांकन, मूल्यह्रास मूल्य को घटाकर अधिग्रहण लागत पर किया जाता है।

दिनांक 23.08.2006 के पश्चात् बैंक द्वारा वेंचर कैपिटल फंड (वीसीएफ) की इकाइयों में किए गए निवेश को आरम्भिक तीन वर्षों के लिए परिपक्वता तक धारित के तहत, श्रेणी में वर्गीकृत किया जाता है तथा कीमत के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। संवितरण के तीन वर्षों के पश्चात् इन्हें एएफएस श्रेणी में अंतरित किया जाएगा। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार ये वित्तीय विवरणियों के अनुसार वीसीएफ द्वारा दर्शाए गए निवल आस्ति मूल्य या घोषित एनएवी का प्रयोग कर मूल्यांकित किए गए हैं। यदि लगातार 18 माह से अधिक के एनएवी लेखापरीक्षित वित्तीय आंकड़े उपलब्ध न हों तो ₹1/- प्रति वीसीएफ।

एएफएस और एचएफटी श्रेणियों के अंतर्गत वर्गीकृत निवेश भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार आवधिक आधार पर मार्क्ड-टू-मार्केट (एमटीएम) हैं। अनुसूची 8 (निवेश) में उल्लिखित वर्गीकरण के अंतर्गत श्रेणी में यदि कोई निवल मूल्यह्रास है तो, उसे लाभ-हानि खाते में अंकित किया गया है। पहले प्रदान किए गए मूल्यह्रास की सीमा को छोड़कर, निवल विनियोजन, प्रत्येक वर्गीकरण के अंतर्गत श्रेणी में यदि कोई हो, को अनदेखा किया जाता है। अलग- अलग प्रतिभूतियों का बही मूल्य निवेशों के आवधिक मूल्यांकन के कारण नहीं बदलता है।

पुर्नसंरचित अग्रिम योजना के बदले में प्राप्त निवेश का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप किया जाता है। इन निवेशों के मूल्यों में किसी तरह की कमी को उपलब्ध कराया जाएगा और इसे इसी श्रेणी के तहत अन्य निष्पादक प्रतिभूतियों के संबंध में विनियोजन के सापेक्ष निर्धारित नहीं किया जाएगा। पुर्नसंरचित योजना के तहत बैंक द्वारा अधिग्रहित और धारित इक्विटि शेयर पर मूल्यह्रास भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार उपलब्ध कराया जाएगा।

प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि की समाप्ति पर आस्ति पुनर्संरचना कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीद का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित, ऐसे लिखतों के लिए लागू दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाएगा। तदनुसार, ऐसे मामलों में जहां आस्ति पुनर्संरचना कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीद से नकदी प्रवाह को संबंधित योजना के तहत लिखत को समनुदेशित वित्तीय आस्तियों के वास्तविक प्राप्य राशियों तक सीमित किया जाता है तो बैंक प्रत्येक रिपोर्टिंग की तारीख को इस तरह के निवेशों के मूल्यांकन के लिए आस्ति पुनर्संरचन कंपनी से समय-समय पर प्राप्त निवल आस्ति मूल्यों की गणना करेगा। 01 अप्रैल, 2017 को या इसके बाद प्रतिभूति रसीद में किए गए निवेश जो बैंक द्वारा 50% से ज्यादा बेची गई दबावग्रस्त आस्तियों द्वारा समर्थित हो, के मूल्य में अवमूल्यन के लिए प्रावधान पुनर्संरचना कंपनी (आरसी)/ प्रतिभूतिकरण कंपनी (एससी) द्वारा घोषित निवल आस्ति मूल्य के मानदंडों के अनुसार अपेक्षित प्रावधान दर से अधिक होगा या मूल ऋण के लिए लागू मौजूदा आस्ति वर्गीकरण एवं प्रावधान मानदंड के अनुसार होगा और ऐसा माना जाएगा कि बैंक की बही में ऋण अनुमानत: जारी रहेगा। प्रतिभूति रसीद में अन्य सभी निवेशों का मूल्यांकन जारीकर्ता आरसी/एससी से प्राप्त एनएवी के अनुसार किया जाता है।

बैंक के पोर्टफोलियो में श्रेणी I और II एआईएफ के कोटेड इक्विटी शेयरों/बांडों/यूनिटों को वरीयत: दैनिक आधार पर किन्तु कम से कम साप्ताहिक आधार पर मार्क्ड टू मार्केट किया जाना चाहिए।

वर्ष में एक बार लेखापरीक्षित परिणामों के आधार पर इकाइयों का मूल्यांकन किया जाता है। हालांकि, यदि लेखापरीक्षित तुलन-पत्र /वित्तीय विवरण में प्रदर्शित होने वाले आंकड़े मूल्यांकन तारीख को लगातार 18 माह से अधिक समय के लिए उपलब्ध नहीं हैं तो निवेशों के मूल्य ₹1 प्रति श्रेणी I और II एआईएफ हैं।

प्राथमिक डीलर के रूप में बैंक द्वारा एचएफटी श्रेणी के अंतर्गत ट्रेजरी बिलों में किए गए निवेश का मूल्यांकन रख-रखाव की लागत पर किया जा रहा है।

बैंक केंद्र सरकार की पुरानी प्रतिभूतियों में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अल्प बिक्री लेनदेन करता है। अल्प बिक्री की स्थिति सिक्योरिटीज शॉर्ट सेल्ड (एसएसएस) खाते में जिसे विशेष रूप से इस उद्देश्य के लिए खोला गया है, परिलक्षित होती है। शॉर्ट पोजीशन को बाजार मार्क्ड टू मार्केट और हानि, यदि कोई हो, उसे लाभ और हानि खाते में डाला जाता है जब कि लाभ यदि कोई हो, तो उसे छोड़ दिया जाता है। शॉर्ट पोजीशन के निपटान से हुए लाभ/हानि को लाभ और हानि खाते में दर्शाया जाता है।

विशेष बॉन्ड जैसे कि तेल बॉन्ड, उर्वरक बॉन्ड, यूडीएवाय बॉन्ड आदि जो सीधे भारत सरकार द्वारा जारी किए जाते हैं, का मूल्यांकन एफआईबीएल मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है।

'व्यापार के लिए धारित' तथा 'बिक्री के लिए उपलब्ध' श्रेणी के कोटेड

निवेशों के मूल्यांकन के उद्देश्य से स्टॉक एक्सचेंज पर बाज़ार दरों हेतु फाईनेंसियल बेंचमार्क इंडिया प्रा. लिमिटेड (एफबीआईएल) द्वारा घोषित दरों का उपयोग किया गया है।

जिन निवेशों के लिए ऐसी दरें / कोटेड दरें उपलब्ध नहीं हैं, उनका मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार किया गया है जो निम्नानुसार हैं :-

ए	सरकारी / अनुमोदित प्रतिभूतियां	-	परिपक्वता आधारित आय पर.
बी	इक्विटी शेयर, पीएसयू एवं ट्रस्टी शेयर	-	नवीनतम तुलन-पत्र (तारीख को नवीनतम तुलन-पत्र तैयार करने की गई वह मूल्यांकन की तारीख से पहले के 18 महीने से अधिक नहीं होगी) के अनुसार ब्रेक अप मूल्य (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि, यदि कोई हो पर विचार किए बिना) अन्यथा ₹1 प्रति कंपनी
सी	अधिमानी शेयर और पास थ्रू. सर्टिफिकेट (प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को छोड़कर)	-	समुचित क्रेडिट स्प्रेड मार्क-अप के साथ परिपक्वता आधारित आय पर
डी	पीएसयू बॉन्ड	-	समुचित क्रेडिट स्प्रेड मार्क-अप के साथ परिपक्वता आधारित आय पर
ई	म्यूचुअल फंड की यूनिट	-	फंड द्वारा प्रत्येक योजना के संबंध में घोषित नवीनतम पुर्नखरीद मूल्य/ एनएवी पर

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अनर्जक निवेश की पहचान और उसके ऊपर मूल्यह्रास/ प्रावधान किया जाता है। मूल्यह्रास के प्रबंधन मूल्यांकन के आधार पर बैंक भारतीय रिज़र्व, बैंक के दिशानिर्देशों में दी गई सीमा से ऊपर और अधिक अतिरिक्त रूप से प्रावधान सृजित करते हैं। इस तरह के अनर्जक निवेशों पर मूल्यह्रास प्रावधान को अन्य अर्जक प्रतिभूतियों के संबंध में विनियोजन के मुक़ाबले निर्धारित नहीं किया जा सकता। अनर्जक निवेशों पर ब्याज को लाभ और हानि खातों में तब तक दर्ज नहीं किया जाता जब तक उनकी वास्तविक प्राप्ति नहीं हो जाती है।

विदेशी शाखाओं में निवेशों के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक अथवा मेजबान देश में से जिसके दिशानिर्देश अधिक सख्त हों, वे लागू होंगे। उन शाखाओं के मामलों में, जो ऐसे देशों में स्थित हैं जहां ऐसे कोई दिशानिर्देश निर्दिष्ट न हो, वहां भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देश लागू होंगे।

जीवन बीमा व्यवसाय:

बीमा अधिनियम 1938, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (निवेश) विनियमन, 2000, बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (बीमा कंपनियों के वित्तीय विवरण और लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट तैयार करना) विनियमन, 2002 तथा इस संदर्भ में समय-समय पर आईआरडीएआई द्वारा जारी किए गए विभिन्न अन्य परिपत्रों/ अधिसूचनाओं के अनुसार निवेश किए जाते हैं और उनका लेखांकन किया जाता है।

निवेशों को खरीद की तारीख को लागत पर निवेशों को दर्ज किया जाता है जिसमें ब्रोकरेज और स्टांप ड्यूटी, कर आदि, यदि कोई हों, शामिल हैं, लेकिन खरीद पर उपचित पूर्व-अधिग्रहण ब्याज (अर्थात् पिछली कूपन तारीख से लेनदेन निपटान की तारीख तक), यदि कोई हो, को शामिल नहीं किया जाता है।

बोनस पात्रता को 'एक्स-बोनस तारीख" पर निवेश माना जाता है। राइट पात्रता को टएक्स-राइट डेटट पर निवेश माना जाता है। निवेश पर किसी भी प्रकार की अग्रिम छूट को निवेश की लागत से घटा दिया जाता है।

तुलन पत्र की तारीख पर निवेशों के मूल्य में कमी, अस्थायी के अलावा, को राजस्व/ लाभ एवं हानि खाते में व्यय माना जाता है।

प्रदत/ प्राप्त किए गए खंडित अवधि के ब्याज को ब्याज प्राप्य खाते में डेबिट / क्रेडिट किया जाता है और इसे खरीद/ बिक्री मूल्य की लागत में शामिल नहीं किया जाता है।

ए. पॉलिसीधारकों की गैर-लिंक निधियों और शेयरधारकों के निवेश की कर्ज प्रतिभूतियां, मुद्रा बाजार लिखत और अतिरिक्त टियर - 1 बॉन्ड (एटी1 बॉन्ड):

ए. पॉलिसीधारकों की गैर-लिंक निधियों और शेयरधारकों के निवेश के तहत धारित सभी कर्ज प्रतिभूतियों, जिसमें सरकारी प्रतिभूतियां और मुद्रा बाजार लिखतें शामिल हैं को 'परिपक्वता तक धारित' माना जाता है तथा परिशोधन के अधीन हिस्टोरिकल लागत के रूप में उल्लेख किया जाता है।

बी. छूट या प्रीमियम जो निश्चित आय प्रतिभूतियों और मुद्रा बाजार लिखतों के खरीद मूल्य और मोचन राशि के बीच का अंतर है, इन प्रतिभूतियों की परिपक्वता में शेष अवधि पर राजस्व खाते या लाभ एवं हानि खाते में स्ट्रेट लाइन के आधार पर परिशोधित और निर्धारित किया जाता है।

सी. पॉलिसीधारक की गैर-लिंक निधियों के तहत एटी1 बॉन्ड का मूल्यांकन क्रिसिल बॉन्ड वैल्यूअर का उपयोग करके किया गया है.

डी. ऋण प्रतिभूतियों पर प्राप्त लाभ या हानि, कंपनी की बही में निवल बिक्री प्रतिफल और परिशोधित लागत के बीच अंतर है।

बी. पॉलिसीधारकों के लिंक निधि की ऋण प्रतिभूतियां, मुद्राबाजार लिखत और अतिरिक्त टियर-1 बॉन्ड (एटी1 बॉन्ड):

ए. पॉलिसीधारकों के लिंक निधियों के तहत सरकारी प्रतिभूतियों सहित सभी ऋण प्रतिभूतियों और एटी1

बॉन्ड को मूल्यांकन यथालागू क्रिसिल बॉन्ड वैल्यूअर/क्रिसिल गिल्ट मूल्यों, का उपयोग करके किया जाता है।

बी. नियत आय प्रतिभूतियों / मुद्रा बाजार लिखतों पर छूट या प्रीमियम, जो खरीद मूल्य और शोधन राशि के बीच का अंतर होता है, को और इन प्रतिभूतियों की परिपक्कता के लिए शेष अवधि में स्ट्रेट लाइन आधार पर

राजस्व खाते में परिशोधित और निर्धारित किया जाता है।

सी. सरकारी प्रतिभूतियों सहित ऋण प्रतिभूतियों के मूल्यांकन पर उत्पन्न होने वाले अप्राप्त लाभ या हानि का लेखांकन राजस्व खाते में किया जाता है।

डी. लिंक कारोबार के लिए धारित ऋण प्रतिभूतियों और लिंक कारोबार के साथ-साथ उससे इतर कारोबार के लिए एटी1 बॉन्ड पर प्राप्त लाभ या हानि, निवल बिक्री प्रतिफल और भारित औसत लागत के बीच का अंतर है.

सी. लिंक और गैर लिंक दोनों के लिए:

ए. तुलन-पत्र की तारीख को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर अंतिम कोटेड समापन मूल्यों का उपयोग करके सूचीबद्ध इक्रिटी शेयरों और इक्किटी ईटीएफ का उचित मूल्य पर मूल्यांकन किया जाता है। यदि एनएसई पर इक्किटी शेयरों और इक्विटी ईटीएफ का व्यापार नहीं होता है तो फिर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के समापन मूल्य पर विचार किया जाता है।

बी. असूचीबद्ध इक्किटी शेयर का उल्लेख हिस्टॉरिकल लागत पर किया जाता है। इन शेयरों के मूल्य में ह्रास, यदि कोई हो, के लिए उस सीमा तक प्रावधान किया जाता है कि यह ह्रास अस्थायी के अतिरिक्त है।

सी. प्राइमरी बाजारों के माध्यम से अधिगृहीत इक्विटी शेयर जिनकी लिस्टिंग अभी तक नहीं हुई है उनका मूल्यांकन अपने निर्गम मूल्य पर किया जाता है।

डी. म्यूचुअल फंड इकाइयों का मूल्यांकन पिछले दिन के निवल आस्ति मूल्य पर किया जाता है। एआईएफ इकाइयों का मूल्यांकन संबंधित निधि के नवीनतम उपलब्ध निवल आस्ति मूल्य पर किया जाता है।

ई. प्राप्त लाभ/हानि, निवल बिक्री प्रतिफल और भारित औसत लागत के बीच का अंतर है। लिंक निधि के मामले में, अप्राप्त लाभ/हानि को संबंधित निधि के राजस्व खाते में उचित मूल्य परिवर्तन के रूप में निर्धारित किया जाता है लिंक कारोबार के अतिरिक्त कारोबार के लिए, सूचीबद्ध इक्रिटी शेयरों और म्यूचुअल फंडों के उचित मूल्य में परिवर्तन पर अप्राप्त लाभ/ हानि को उचित मूल्य परिवर्तन खाते में लिया जाता है और तुलन-पत्र में भी शामिल किया जाता है।

एफ. कॉल ऑप्शन वाली प्रतिभूतियों का मूल्यांकन अंतिम परिपक्वता तारीख या कॉल ऑप्शन तारीख तक प्रतिभूति का मूल्यांकन कर प्राप्त कम मूल्य पर किया जाता है. यदि कई कॉल ऑप्शन हैं, तो प्रतिभूति का मूल्यांकन विभिन्न कॉल तारीखों पर या अंतिम परिपक्वता तारीख तक प्रतिभूति का मूल्यांकन कर प्राप्त कम मूल्य पर किया जाता है।

जी. पुट ऑप्शन वाली प्रतिभूतियों का मूल्यांकन अंतिम परिपक्वता तारीख या पुट ऑप्शन तारीख तक प्रतिभूति का मूल्यांकन कर प्राप्त उच्च मूल्य पर किया जाता है। यदि कई पुट ऑप्शन हैं, तो प्रतिभूति का मूल्यांकन विभिन्न पुट तारीखों पर या अंतिम परिपक्कता तारीख तक प्रतिभूति का मूल्यांकन कर प्राप्त कम मूल्य पर किया जाता है।

एच. एक ही दिन पुट और कॉल दोनों विकल्पों के साथ प्रतिभूतियों को पुट/ कॉल तारीख पर परिपक्व माना जाएगा और उनका मूल्यांकन क्रिसिल द्वारा जारी मैट्रिक्स के आधार पर बेंचमार्क दर पर स्प्रेड का उपयोग करके परिपक्कता के आधार पर प्रतिफल पर किया जाएगा।

आई. 'रिर्वस रेपो' आधार पर खरीदे गए लिखतों का मूल्यांकन लागत और रिवर्स रेपो दर पर उपचित ब्याज पर किया जाता है।

जे. तुलन-पत्र की तारीख से बारह महीनों के भीतर परिपक्क होने वाले सभी निवेशों को अल्पकालिक निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. अन्य सभी निवेशों को दीर्घकालिक निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

के. पॉलिसीधारकों के खाते में घाटे को पूरा करने के लिए शेयरधारकों की निधियों से पॉलिसीधारकों की निधियों में निवेश का अंतरण मुद्रा बाजार लिखतों सहित सभी ऋण प्रतिभूतियों के संबंध में परिशोधित लागत/ बुक लागत या बाजार मूल्य से कम पर किया जाता है और अन्य प्रतिभूतियों के मामले में बाजार मूल्य पर किया जाता है।

एल. लिंक निधि के मामले में पॉलिसीधारकों की निधियों से संबंधित ऋण प्रतिभूतियों का अंतर-निधि अंतरण मौजूदा बाजार मूल्य पर किया जाता है। इक्विटी, अधिमानी शेयर, ईटीएफ और सरकारी प्रतिभूतियों का अंतर निधि अंतरण नवीनतम ट्रेड के बाजार मूल्य पर बाजार के कार्य-अवधि के दौरान किया जाता है।

एम. गैर-लिंक पॉलिसीधारकों की निधियों के बीच निवेश का कोई अंतरण नहीं किया जाता है।

एन. यूनिट लिंक निधियों के बीच इक्किटी, अधिमानी शेयरों, ईटीएफ, आईएनवीआईटी और सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री की गणना, निवेश की खरीद या बिक्री की तारीख को प्रचलित बाजार मूल्य पर किया जाता है, यदि निवेश के अंतरण की तारीख पर किसी प्रतिभूति का प्रचलित बाजार मूल्य उपलब्ध नहीं है तो उसे अंतिम उपलब्ध मूल्य पर निर्धारित किया जाता है। सरकारी प्रतिभूतियों के अलावा अन्य ऋण प्रतिभूतियों के मामले में, निवेश के अंतरण को प्रचलित प्रतिफल पर लेखांकित किया जाता है।

ओ. यदि आंतरिक/ बाहरी कारकों के आधार पर मूल्यह्रास का कोई लक्षण दिखाई देता है तो निवेशों की रख-रखाव लागत राशि की प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को समीक्षा की जाती है। मूल्यह्रास हानि की पहचान व्यय के रूप में की जाती है और इसे राजस्व/ लाभ या हानि खाते में 'निवेश (निवल) के मूल्य में कमी के लिए प्रावधान' शीर्ष के तहत पुनर्निर्धारित उचित मूल्य और राजस्व/ लाभ और हानि खाते में व्यय के रूप में निर्धारित किसी पूर्व ह्रास हानि द्वारा घटाई गई अधिग्रहण लागत के बीच अंतर की सीमा तक प्रकट किया जाता है। ह्रास हानि का कोई भी रिवर्सल जिसे पहले राजस्व/ लाभ और हानि खाते में निर्धारित किया गया था, को क्रमशः राजस्व/ लाभ और हानि खाते में निर्धारित किया जाएगा।

पी. आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण, प्रावधानीकरण और ऋण पोर्टफोलियो के संबंध में अन्य संबंधित मामलों के लिए विवेकपूर्ण मानदंडड पर विनियम के अनुसार, सभी एनपीए से संबंधित बकाया राशि को कवर करने के लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। सभी आस्तियां जहां तुलन-पत्र की तारीख को ब्याज और/ या मूलधन चुकौती की किस्त 90 दिनों से अधिक के लिए अतिदेय होती है, उन्हें एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

क्यू. InvIT के लिए, सभी ट्रेड किए गए InvIT का मूल्यांकन, मूल्यांकन दिवस पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर अंतिम कोटेड समापन मूल्य के आधार पर किया जाएगा। यदि किसी विशेष मूल्यांकन दिवस पर एनएसई पर स्क्रिप का व्यापार नहीं होता है तो वह मूल्य जिस

पर बीएसई पर इसका व्यापार हुआ, पर विचार किया जाएगा। यदि किसी भी एक्सचेंज पर इसका व्यापार नहीं होता है तो पिछले दिन के शुरुआती मूल्य पर एनएसई/बीएसई के समापन मूल्य का इस्तेमाल किया जाएगा, बशर्ते कि ऐसा पिछला दिन, मूल्यांकन दिवस से पहले तीस दिन से अधिक न हो।

3.3 निवेशों का निस्तारण

परिपक्वता तक धारित (एचटीएम) श्रेणी के रूप में वर्गीकृत निवेशों की बिक्री पर लाभ/ हानि को संबंधित निवेशों की भारित औसत लागत/ बही मूल्य के आधार पर लाभ एवं हानि खाते में अंकित किया गया है तथा 'परिपक्वता तक धारित' वर्गीकरण में संबंधित निवेशों के बही मूल्य के समतुल्य लाभ को प्रारक्षित पूंजी खाते में विनियोजित किया गया है।

एएफएस/ एचएफटी श्रेणी के निवेशों की बिक्री पर हुए लाभ/हानि को लाभ एवं हानि खाते में लिया गया है।

3.4 रेपो / रिवर्स रेपो हेतु लेखांकन

बैंक ने पुनःखरीद तथा प्रत्यावर्तित पुन: खरीद लेनदेनों को लेखांकित करने हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित एक समान लेखा प्रणाली को अपनाया है [परिपत्र सं. आरबीआई / 2016-17/ एफ एमओडी. एमएओजी.नं./01.01.001 /2016-17 दिनांक 15 सितम्बर, 2016 और पुनर्खरीद संव्यवहार (रेपो) (रिज़र्व बैंक) निदेश, 2018 से संबंधी परिपत्र संख्या आरबीआई/2019-20/107 एफएमआरडी.डीआईआर डी.21/14.03.038/2019-20 दिनांक 28 नवंबर, 2019 द्वारा भा.रि.बैं. के पास चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) सहित] रेपो एवं रिवर्स रेपो लेनदेनों को, सहमत शर्तों पर पुनर्खरीद करने के समझौते के साथ सांपार्श्विक उधार/ऋण के रूप में लिया गया है। रेपो के अन्तर्गत बेची गई प्रतिभूतियों को रिवर्स रेपो के तहत निवेश व खरीदी गई प्रतिभूतियों के रूप में दर्शाया गया है तथा उन्हें निवेशों में शामिल नहीं किया गया है। लागत तथा राजस्व की गणना, ब्याज व्यय/आय जैसा भी मामला हो, के रूप में की गयी है।

3.5 निवेश उतार-चढ़ाव प्रारक्षित

आय में वृद्धि के सापेक्ष संरक्षण हेतु पर्याप्त प्रारक्षित निधि तैयार करने के उद्देश्य से भारतीय रिज़र्व बैंक ने परिपत्र सं.आरबीआई/2017-18/147 डीबीआर.नं.बीपी.बीसी.1 02/ 21.04.048/2017-18 दिनांक 02 अप्रैल, 2018 के माध्यम से सभी बैंकों को वित्त वर्ष 2018-19 से आईएफआर सृजित करने के लिए सूचित किया है।

आईएफआर में अंतरण निम्नलिखित (i) वर्ष के दौरान निवेशों की बिक्री पर शुद्ध लाभ या (ii) वर्ष के शुद्ध लाभ में से अनिवार्य विनियोजन को घटाकर, का न्यून होगा, जब तक कि आईएफआर की राशि सतत आधार पर एचएफटी और एएफएस पोर्टफोलियो का कम से कम 2 प्रतिशत नहीं होती है।

3.6 डेरिवेटिव्स

बैंक वर्तमान में ब्याज दरों तथा मुद्रा डेरिवेटिव्स में डील करता है। बैंक द्वारा व्यवहारित ब्याज दर डेरिवेटिव्स में रुपया ब्याज दर स्वैप, विदेशी मुद्रा ब्याज-दर स्वैप, विनिमय ट्रेड रुपए ब्याज दर फ्यूचर्स तथा वायदा दर करार शामिल हैं। बैंक द्वारा व्यवहार में लाये जाने वाले मुद्रा डेरिवेटिव्स में ऑप्शन तथा मुद्रा स्वैप और विनिमय ट्रेडेड मुद्रा फ्यूचर हैं। बैंक तुलन-पत्र की आस्तियों एवं देयताओं मार्केट मेकिंग/ ट्रेडिंग एवं हेजिंग के लिए डेरिवेटिव लेनदेन करता है। बैंक हेजिंग लेनदेन की शुरूआत में ही हेज किए गये मदों - (आस्ति या देयताएं) का निर्धारण करता है। हेज की प्रभावशीलता हेज की शुरूआत तथा और उसके बाद रिर्पोटींग की तारीख को सुनिश्चित किया जाता है।

3.7 डेरिवेटिव्स का मूल्यांकन

बैंक डेरिवेटिव्स को निम्नानुसार महत्व देता है:

हेज/ नॉन हेज संव्यवहार अलग - अलग रिकॉर्ड किए जाते है। हेज के रूप में नामित संव्यवहारों के संदर्भ में निम्नलिखित व्यवस्था का पालन किया जाता है -

- उचित मूल्य के हेज के मामले में, हेजिंग लिखतों तथा हेज किए गए आइटम के उचित मूल्य में परिवर्तन को लाभ हानि खाते में दर्ज किया जाता है।
- नकदी प्रवाह हेज के मामले में, प्रभावी हिस्से के उचित मूल्य में परिवर्तन को 'नकदी प्रवाह हेज प्रारक्षित' के तहत प्रारक्षित और अधिशेष में निर्धारित किया जाता है तथा प्रभावी हेजिंग के संदर्भ, यदि कोई हो, के अप्रभावी हिस्से को लाभ और हानि खाते में दर्ज किया जाता है। प्रभावी हेजिंग के संदर्भ में नकदी प्रवाह हेज प्रारक्षित में संचित शेष राशि को उसी समय जब हेज किए गए आइटम के प्रभाव को लाभ और हानि खाते में दर्ज किया जाता है, लाभ और हानि खाते में रीसाइकल किया जाता है।

डेरिवेटिव पोजीशनों को, जब तक हेज के रूप में निर्धारित नहीं किया जाता है, बाजार के लिए चिह्नित किया जाता है और परिणामस्वरूप नुकसान, यदि कोई हो, लाभ और हानि खाते में निर्धारित की जाता है और लाभ, यदि कोई हो, को नजरअंदाज कर दिया जाता है। ब्याज दर अदला-बदली से संबंधित आय और व्यय दैनिक आधार पर अर्जित होते हैं। ट्रेडिंग स्वैप की समाप्ति पर लाभ/हानि समाप्ति तिथि पर आय/व्यय के रूप में तत्काल दर्ज किए जाते हैं।

मूल्यांकन के उद्देश्य से कुल स्वैप के वास्तविक मूल्य की गणना तुलन-पत्र की तिथि को स्वैप करारों के कारोबार समाप्ति पर प्राप्य या देय राशि के आधार पर की जाती है, संबंधित हानियों, यदि कोई हो, के लिए पूर्णतः प्रावधान किया गया है, जबकि लाभों को छोड़ दिया गया है।

बैंक एफईडीएआई द्वारा निर्धारित ऑप्शन प्रीमियम लेखांकन सिद्धांत का पालन करता है। ऑप्शन ट्रांजेक्शन पर प्रीमियम को ट्रांजेक्शन की समाप्ति या समय पूर्व समाप्ति पर आय/व्यय के रूप में स्वीकार किया जाता है।

ऑप्शन कॉन्ट्रैक्ट के रद्द होने पर प्राप्त/ प्रदत्त राशि को ऑप्शन पर वसूली गई प्राप्तियों/ हानियों के रुप में माना जाता है। विदेशी मुद्रा वायदा संविदा और स्वैप्स के रद्द होने/ समाप्ति पर प्राप्य/ देय प्रभारों को रद्द होने/ समाप्ति की तारीख को आय/व्यय के रुप में स्वीकृत किया जाता है।

ब्याज दर फ्यूचर्स (आईआरएफ) का मूल्यांकन एक्सचेंज द्वारा उपलब्ध कराई गई प्रत्येक निविदा के दैनिक समझौता मूल्य के आधार पर किया जाएगा।

तुलन-पत्र की तिथि को 'एफईडीएआई' द्वारा अधिसूचित विनिमय दर के बंद भाव पर विदेशी मुद्रा में डेरिवेटिव संविदाओं को आकस्मिक देयताओं के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है।

4. अग्रिम

4.1 भारत में अग्रिमों को मानक, अवमानक, संदिग्ध या हानि आस्तियों के रुप में वर्गीकृत किया जाता है तथा इसके लिए पैरा 4.3 में दर्शाये प्रावधानों को छोड़कर भारतीय रिजर्व बैंक के विवेकपूर्ण मानक निर्देशों के अनुसार किया जाता है। विदेशी शाखाओं द्वारा दिए गए अग्रिमों के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के विवेकपूर्ण मानक निर्देशों के अनुसार अथवा उस देश, जिसमें अग्रिम दिया गया है, द्वारा निर्धारित किए गए मानदंडों में से जो भी अधिक कठोर हो, के अनुरूप किया गया है।

4.2 अग्रिम, विनिर्दिष्ट ऋणों पर हानि के प्रावधानों, उचंत ब्याज, वाद- दायर विविध जमाओं में प्राप्त एवं धारित राशि एवं प्राप्त दावा राशि का निवल हैं।

4.3 सतत व्यवहार के रुप में बैंक ने निम्नलिखित प्रावधानों का समावेश किया है:

- जमानती सब-स्टैंडर्ड अग्रिमों के लिए 15% की नियामक आवश्यकता की जगह पर 20% का प्रावधान।
- एनपीए ऋणधारकों की गैर निधि आधारित सुविधाओं पर 50% क्रेडिट कनवर्जन फैक्टर (सीसीएफ़) का प्रावधान किया गया। प्रावधान ऋणकर्ता की निधि आधारित सुविधाओं की आस्तियों की श्रेणी पर आधारित हैं।
- बैंक ने उन मौजूदा एनपीए खातों के लिए 100% प्रावधान भी किए हैं जो 6 माह से अधिक पुराने थे और संपार्श्विक मुक्त हैं जैसे कि ऑटो ऋण, शिक्षा ऋण, व्यक्तिगत ऋण।
- संपत्ति गिरवी रख कर लिए गए ऋण जो प्रतिभूत (संपार्श्विक) हैं तथा 2 वर्ष से अधिक समय से अनर्जक हैं, के लिए बैंक ने 100% प्रावधान किए हैं।
- मौजूदा अनर्जक खाते जैसे ट्रैक्टर्स/ टिलर/ पावर टिलर हेतु ऋण जो 6 माह पुराने हैं, के लिए भी बैंक ने 100% प्रावधान किए हैं।

4.4 पुनर्संरचित खातों के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार पुनर्संरचित अग्रिमों के लिए निवल मौजूदा मूल्य शर्तों पर आकलन करते हुए प्रावधान किया गया है। जहां बैंक को कुल बकाया रुपए एक करोड़ और उससे अधिक है। अन्य खातों के लिए, उचित मूल्य में कमी के प्रावधान की गणना भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार 5% पर की जाती है।

4.5 आस्ति पुनर्गठन कंपनी (एआरसी) / प्रतिभूतिकरण कंपनी (एससी) को बेची गई वित्तीय आस्तियों के मामले में बैंक, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों का पालन कर रहा है। वर्तमान में बैंक द्वारा अनुसरण किए जा रहे दिशानिर्देश ये हैं कि यदि बिक्री निवल बही मूल्य (एनबीवी) (अर्थात् बही मूल्य घटाकर किया गया प्रावधान) से कम मूल्य पर हुई है तो कमी को उसी वर्ष कीमत लागत अंतर की अवधि में लाभ एवं हानि खाते में नामे किया जाए। यदि बिक्री मूल्य, निवल बही मूल्य की अपेक्षा अधिक है तो जिस वर्ष में अधिक राशि प्राप्त हुई है उस राशि को लाभ एवं हानि खाते में रिवर्स कर दिया जाता है।

बैंकों को बेची गई वित्तीय आस्तियों तथा निवल बही मूल्य (अर्थात बही मूल्य - किए गए प्रावधान) से कम मूल्य पर बिक्री के मामले मे कमी को उसी वर्ष में लाभ एवं हानि खाते में नामे किया जाएगा। यदि बिक्री मूल्य एनबीवी से अधिक है तो अतिरिक्त प्रावधानों को रिवर्स नहीं किया जाएगा, लेकिन अन्य अनर्जक आस्तियों की बिक्री के कारण कमी / हानि को पूरा करने के लिए प्रयोग में लिया जाएगा।

5 अस्थायी प्रावधान

बैंक के पास अग्रिमों, निवेशों एवं सामान्य प्रयोजनों के लिए अलग से अस्थायी प्रावधान बनाने की एक पॉलिसी है। प्रति वर्ष किए जाने वाले प्रावधानों की मात्रा का आकलन किया जाता है। भारतीय रिज़र्व बैंक की पोर्व अनुमति से नीति में निर्दिष्ट विशिष्ट परिस्थितियों के अंतर्गत आने वाले आकस्मिक व्यय के लिए अस्थायी प्रावधान का उपयोग किया जाता है।

6. अचल आस्तियां

6.1 परिसर और अन्य अचल आस्तियां परंपरागत (या पुनर्मूल्यांकित राशि, जैसा भी मामला हो), कम संचित मूल्यह्रास और ह्रास से नुकसान, यदि कोई हो, को घटाकर पर दर्शाई गई हैं। लागत में खरीद मूल्य और आस्तियों को उसके अभीष्ट उपयोग के लिए चालू स्थिति में लाने संबंधी लागत शामिल है। उपयोग करने के लिए आस्तियों पर बाद में उपचित व्यय को केवल तभी पूंजीकृत किया जाता है जब यह ऐसी आस्तियों के/ से भविष्य के लाभ/ कार्य क्षमता को बढ़ाता है। अचल संपत्तियों की बिक्री पर लाभ बैंक के लाभ और हानि खाते का हिस्सा हैं।

6.2 अचल आस्तियों का पुनर्मूल्यांकन

मौजूदा बाजार मूल्यांकन को दर्शाने के लिए अचल संपत्तियों के पोर्टफोलियो का समय-समय पर पुनर्मूल्यांकन किया जाता है। बैंक के स्वामित्व वाली और शाखाओं, प्रशासनिक कार्यालयों, कर्मचारियों के क्वार्टर आदि के रूप में उपयोग की जाने वाली सभी भूमि और भवन बैंक की अचल संपत्तियों की श्रेणी में स्वयं के परिसर के अंतर्गत वर्गीकृत हैं। पुनर्मूल्यांकन पर मूल्यवृद्धि की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, यदि कोई हो, को प्रारक्षित पूंजी के तहत पुनर्मूल्यांकन रिजर्व में जमा किया जाता है। पुनर्मूल्यांकित आस्तियों पर अतिरिक्त मूल्यह्रास को लाभ और हानि खाते से प्रभारित किया जाता है तथा पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व से अन्य राजस्व रिजर्व में विनियोजित किया जाता है।

6.3 परिसर में भूमि तथा निर्माणाधीन भवन का समावेश है।

7. प्रारक्षित निधियां एवं अधिशेष

राजस्व एवं अन्य आरक्षित निधियों में सम्बद्ध देशों के प्रचलित स्थानीय कानूनों के अनुसार विदेशी शाखाओं/ अनुषंगियों द्वारा सृजित सांविधिक प्रारक्षित निधियों को शामिल किया गया है।

8. राजस्व का निर्धारण

8.1 आय (पैराग्राफ 8.2 में उल्लिखित मदों को छोड़कर) / व्यय का निर्धारण सामान्यतः उपचय आधार पर किया गया है। आयकर विभाग से रिफंड आदेश/सूचना प्राप्त होने पर आयकर रिफंड पर ब्याज बुक किया जाता है। विदेशी कार्यालयों के मामले में, उस देश के जहां संबंधित विदेशी कार्यालय स्थित है, स्थानीय नियमों के तहत आय/ व्यय का निर्धारण किया गया है।

8.2 शुल्क के माध्यम से प्राप्त आय, सभी कमीशन (सरकारी कारोबार और अन्य पक्ष उत्पादों की बिक्री से प्राप्त कमीशन को छोड़कर), गारंटी पर कमीशन, साख पत्र, विनिमय, दलाली तथा अग्रिम बिलों पर ब्याज को वास्तविक वसूली आधार पर लेखांकित गया है। अनुषंगियों, संयुक्त

उद्यमों तथा सहयोगी इकाइयों में शेयरों के लाभांश को वसूली आधार पर लेखांकित गया है।

8.3 अनर्जक आस्तियों/ निवेशों के मामलों में आय की वसूली की अनिश्चितता के कारण ऐसी आय भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार केवल वसूल होने पर ही लेखांकित की गयी है।

8.4 ऐसे पट्टे जहां स्वामित्व का जोखिम एवं लाभ पट्टादाता के पास रहता है उसे एएस 19 (पट्टा देना) के अनुसार परिचालन पट्टा के रुप में वर्गीकृत किया जाता है। इस तरह के पट्टे के भुगतान का रिकॉर्ड एएस 19 के अनुसार पट्टा मानदंड के ऊपर लाभ-हानि खाते में स्ट्रेट लाइन आधार पर किया जाता है।

8.5 एनपीए खातों में वसूली का विनियोजन:

समय-समय पर खातों में प्रभावी वसूली (जनधन वसूली अधिनियम के तहत वसूली सहित) निम्नलिखित □ ऽ न्तह्र ा□ ब

किसी भी अन्य संशोधन (विनियम) अथवा संबन्धित योजनाओं के ऑफ़र दस्तावेज़ द्वारा निर्धारित व्यय सीमा से अधिक न हो।

बी. निवेश परामर्श एवं रिसर्च शुल्क :

निवेश परामर्श एवं रिसर्च शुल्क को काउंटर पक्षों के साथ करार की संबंधित शर्तों के अनुरूप निर्धारित किया जाता है।

सी. अन्य आय

ब्याज आय को उपचित आधार पर लेखांकित किया जाता है।

निवेश की खरीद और बिक्री को ट्रेड की तारीख पर रिकॉर्ड किया जाता है। निवेश पर लाभ/हानि को लाभ और हानि विवरणों में ट्रेड की तारीख पर निर्धारित किया जाता है। निवेश की बिक्री पर लाभ या हानि का निर्धारण सामान्य औसत लागत प्रणाली से किया जाता है।

क्रेडिट कार्ड परिचालन :

ए. सेवाओं से प्राप्त राजस्व को उपचित आधार पर निर्धारित किया जाता है, अन्यथा कि अन्य रूप से उल्लिखित हो.

बी. शुल्क आय को तब लेखांकित किया जाता है जब इसे ग्राहक को प्रभारित (बिल) किया जाता है.

सी. अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के मामले में आय की उगाही की अनिश्चितता को देखते हुए ऐसी आय का लेखांकन केवल इनके प्राप्त होने के आधार पर किया जाता है.

डी. बट्टे खाते में डाले गए अशोध्य ऋणों से वसूली को ग्राहक से वास्तविक उगाही के आधार पर आय के रूप में निर्धारित किया जाता है।

ई. निधियों के नियोजन पर आय को उपचित आधार पर निर्धारित किया जाता है।

एफ. ऐसे उपचित आय जिन्हें वर्ष के अंत तक बिल नहीं किया गया है, उन्हें जीएसटी जैसे लागू अप्रत्यक्ष करों पर विचार किए बिना अनुमानित आधार पर लेखांकित किया जाता है। ऐसी आय पर लागू अप्रत्यक्ष करों को वास्तविक बिलिंग के वर्ष में लेखांकित किया जाता है।

जीवन बीमा:

ए. गैर-लिंक पॉलिसियों के लिए प्रीमियम को पॉलिसीधारकों से देय होने पर आय के रूप में निर्धारित किया जाता है। यूनिट लिंक व्यवसाय के लिए प्रीमियम आय को तब निर्धारित किया जाता है जब संबद्ध यूनिट सृजित हो जाते हैं।

बी. गैर-लिंक परिवर्तनीय बीमा व्यवसाय के लिए, प्रीमियम को प्राप्ति की तारीख पर आय के रूप में निर्धारित किया जाता है।

सी. व्यपगत पॉलिसियों पर प्रीमियम को आय के रूप में निर्धारित किया जाता है जब ऐसी पॉलिसियों को पुनः शुरू किया जाए।

डी. प्रीमियम में शुल्क पर लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) शामिल हैं।

ई. यूनिट लिंक व्यवसाय के मामले में, पॉलिसीधारकों द्वारा भुगतान किए गए टॉप-अप प्रीमियम को एकल प्रीमियम माना जाता है और संबद्ध यूनिट के सृजन पर इसे आय के रूप में निर्धारित किया जाता है।

एफ. यूनिट लिंक पॉलिसियों से आय, जिसमें आस्ति प्रबंधन शुल्क और अन्य प्रभार शामिल हैं, यदि कोई हो, तो इसे यूनिट लिंक फंड से पॉलिसी के नियम एवं शर्तों के अनुसार वसूल किया जाता है और देय होने पर निर्धारित किया जाता है।

जी. सत्तांतरित पुनर्बीमा प्रीमियम को पुनर्बीमाकर्ताओं के साथ संबंधित करार के नियम एवं शर्तों के अनुसार प्रीमियम आय के निर्धारण के समय लेखांकित किया जाता है। प्रीमियम में बाद के संशोधनों या निरस्त करने के कारण प्रभाव को उस वर्ष में निर्धारित किया जाता है, जिस वर्ष में वे होते हैं।

एच. निवेश से होने वाली आय को उपचित आधार पर निर्धारित किया जाता है। निवेश पर ब्याज आय को उपचित आधार पर निर्धारित किया जाता है।

आई. ऋण प्रतिभूतियों से संबंधित प्रीमियम में छूट और परिशोधन में वृद्धि को होल्डिंग/ परिपक्वकता अवधि पर स्ट्रेट-लाइन आधार पर निर्धारित किया जाता है।

जे. लिंक व्यवसाय के अलावा अन्य के संबंध में लाभांश आय और लिंक व्यवसाय के संबंध में लाभांश आय को 'पूर्व-लाभांश तारीख' पर निर्धारित किया जाता है।

के. लिंक व्यवसाय के अलावा अन्य ऋण प्रतिभूतियों पर प्राप्त लाभ/ हानि, बिक्री की तारीख को व्यय को घटाकर बिक्री प्रतिफल और भारित औसत परिशोधन लागत के बीच का अंतर है। लिंक व्यवसाय के लिए ऋण प्रतिभूतियों पर प्राप्त लाभ/ हानि बिक्री की तारीख को व्यय को घटाकर बिक्री प्रतिफल और भारित औसत बही लागत के बीच का अंतर है।

एल. इक्विटी शेयरों/ म्युचुअल फंड यूनिटों की बिक्री पर लाभ या हानि, व्यय को घटाकर बिक्री प्रतिफल और भारित औसत बही लागत के बीच का अंतर है। यूनिट लिंक व्यवसाय के अलावा लाभ या हानि में ''राजस्व और अन्य आरक्षित पूंजी (अनुसूची 2)'' और ''बीमा व्यवसाय में पॉलिसीधारकों से संबंधित देयताओं (अनुसूची 5)'' के रूप में तुलन पत्र में पूर्व में शामिल उचित मूल्य के संचयी प्रभार शामिल है।

एम. मृत्यु और राइडर के दावों को सूचना मिलने पर लेखांकित किया जाता है। भुगतान किए गए लाभों में पॉलिसी लाभ राशि और दावा निपटान लागत, जहां लाग हो, शामिल हैं।

एन. गैर-लिंक व्यवसाय के लिए वार्षिकी लाभ, मनी बैक पेमेंट्स, सर्वाइवल बेनिफिट और परिपक्वता दावा को देय होने पर लेखांकित किया जाता है। सरेंडर और आहरण का लेखांकन अनुरोध प्राप्त होने पर किया जाता है।

ओ. लिंक किए गए व्यवसाय के लिए, संबंधित यूनिटों को रद्द किए जाने पर परिपक्कता दावों को नियत आधार पर लेखांकित किया जाता है। सरेंडर और निकासी का लेखांकन तब किया जाता है जब संबंधित यूनिटों को रद्द कर दिया जाता है।

पी. उस पर वसूली योग्य पुनर्बीमा को संबंधित दावे की समान अवधि के लिए लेखांकित किया जाता है। न्यायिक प्राधिकारियों के समक्ष विवादित अस्वीकृत दावों को ऐसे दावों के संबंध में उपलब्ध तथ्यों और साक्ष्यों पर विचार करते हुए प्रबंधन के विवेक के आधार पर उपलब्ध कराया जाता है।

क्यू. अधिग्रहण लागत उसके क्रियान्वित होने की अवधि में व्यय हुई लागत है.

अधिग्रहण लागत में मुख्य रूप से बीमा मध्यस्थों

10.7 नवीनतम उपलब्ध पुनर्मूल्यांकन के कारण आस्ति के निवल बही मूल्य में वृद्धि को लाभ और हानि खाते के माध्यम से रूट किए बिना पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व खाते में जमा किया जाता है। पुनर्मूल्यांकन अस्ति पर अतिरिक्त मूल्यह्रास, लाभ और हानि खाते में लगाया जाता है और इसे पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व से अन्य राजस्व रिज़र्व में विनियोजित किया जाता है।

10.8 पुनर्मूल्यांकन के समय मूल्यांकन के अनुसार पुनर्मूल्यांकन की गई आस्ति का मूल्यह्रास आस्ति की शेष उपयोगी अवधि पर किया जाता है।

11. आस्तियों का मूल्यह्रास

अचल आस्तियों (पुनर्मूल्यांकित आस्तियों सहित) पर मूल्यह्रास हानियों (यदि कोई हो) को, आस्तियों के मूल्यह्रास के संबंध में भारतीय सनदी लेखाकार द्वारा जारी लेखा मानक 28 ('आस्तियों का मूल्यह्रास') के अनुसार किया जाता है तथा इसे लाभ एवं हानि खाते से प्रभारित किया जाता है।

यदि आंतरिक /बाहरी कारकों के आधार पर मूल्यह्रास का कोई लक्षण दिखाई देता है तो आस्तियों की वहन लागत राशि की प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को समीक्षा की जाती है। मूल्यह्रास हानि की पहचान वहां की जाती है जहां आस्तियों की वहन लागत राशि वसूली की राशि से अधिक हो जाती है। वसूली योग्य राशि आस्तियों की निवल बिक्री राशि और उपयोग में लायी जा रही आस्ति के मूल्य से अधिक होती है। उपयोग में लायी जा रही आस्ति के मूल्य का निर्धारण करते समय अनुमानित नकदी प्रवाह को उनके वर्तमान मूल्य में से बट्टा काट कर किया जाता है। इसके लिए पूर्व-कर बट्टा दर का उपयोग किया जाता है जो राशि के समय आधारित मूल्य और आस्ति से संबंधित विशेष जोखिम के वर्तमान बाज़ार मूल्यांकन को प्रदर्शित करता है। मूल्यह्रास के बाद आस्तियों के शेष बची हुई उपयोग अवधि के ऊपर अवमूल्यन उपलब्ध कराया जाता है।

12. विदेशी मुद्रा संव्यवहार:

12.1 विदेशी मुद्रा विनिमय से संबंधित संव्यवहारों का, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा मानक (एएस) 11 लेखांकन 'विदेशी मुद्रा विनिमय दरों के परिवर्तन का प्रभाव' के अनुरुप किया गया है।

12.2 लेखा मानक - एएस-11 के अनुसार बैंक के विदेशी मुद्रा परिचालनों को ए) एकीकृत परिचालनों एवं बी) गैर-एकीकृत परिचालनों के रुप में वर्गीकृत किया गया है। सभी विदेशी शाखाओं, ऑफ़शोर बैंकिंग इकाइयों, विदेशी अनुषंगियों को गैर-एकीकृत परिचालन एवं विदेशी मुद्रा में घरेलू परिचालनों एवं प्रतिनिधि कार्यालयों को एकीकृत परिचालन के रुप में माना जाता है।

12.3.बैंक विदेशी शाखाओं और ऑफशोर बैंकिंग इकाइयों में वायदा विनिमय अनुबंधों के उपयोग के माध्यम से अपने निवेश को हेज करता है । विदेशी शाखाओं और ऑफशोर बैंकिंग इकाइयों में अपने निवेश को हेज करने के लिए उपयोग किए जाने वाले वायदा विनिमय अनुबंधों को आईसीएआई द्वारा जारी किए गए डेरिवेटिव अनुबंधों से संबंधित लेखांकन पर गाइडेंस नोट के अनुसार हिसाब लगाया जाता है जिसमें हेजिंग इंस्ट्रूमेंट्स के रूप में उपयोग किए जाने वाले विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव्स से संबंधित लाभ और हानि उस सीमा तक सीधे इक्विटी में पहचाने जाते हैं जिस सीमा तक हेज को प्रभावी माना जाता है और हेजिंग इंस्ट्रूमेंट्स पर लाभ और हानि के अप्रभावी हिस्से (और हेजिंग संबंध में निर्दिष्ट किसी अनुपात) को लाभ और हानि खाते में तत्काल मान्यता दी जाती है । किसी भी निवल आस्थगित विदेशी मुद्रा लाभ और हानि अर्थात् निवल निवेश और हेजिंग इंस्ट्रूमेंट्स दोनों से उत्पन्न को विदेशी परिचालन के निपटान के समय लाभ और हानि खाते में जमा किया जाता है ।

12.4 एकीकृत परिचालनों के संबंध में अंतरण:

ए) संव्यवहार को प्राथमिक तौर पर फेडाई के दिशानिर्देशों के अनुसार सूचित दरों पर रिकॉर्ड किया जाता है।

बी) विदेशी मुद्रा विनिमय से संबंधित आस्ति एवं देयताओं (आकस्मिक देयताओं सहित) को फेडाई द्वारा प्रत्येक तिमाही के अंत में सूचित की गयी क्लोजिंग स्पॉट दरों पर अंतरित किया जाता है।

सी) परिणामी विनिमय अंतरों की गणना आय अथवा व्यय के रुप में की गयी है तथा इन्हें तदनुसार लाभ- हानि खाते में लेखांकित किया गया है। विदेशी मुद्रा आस्ति एवं देयताओं से संबंधित किसी भी रिवर्सल/ भुगतान को फेडाई के दिशानिर्देशों के अनुसार दर पर किया गया है तथा बकाया राशि एवं उस राशि जिसके लिए रिवर्सल/ भुगतान किया गया है, के बीच के अंतर को लाभ एवं हानि खाते में दर्शाया गया है।

डी) व्यापार हेतु धारित बकाया विदेशी मुद्रा हाजिर एवं वायदा संविदाओं के तुलन-पत्र की तिथि को 'फेडाई' द्वारा अधिसूचित बंद हाजिर एवं वायदा बाजार संविदा दरों एंव अन्तरिम परिपक्वता संविदाओं को 'इनेटरपोलेटिड' दरों पर बाजार को चिन्हित किया जाता है। इस प्रकार प्राप्त किए गए एमटीएम मूल्य को, एमटीएम के मौजूदा मूल्य पर भुनाया जाता है। इस एमटीएम का पीवी आधार पर हाजिर एवं वायदा संव्यवहारों के पुनमूर्ल्यांकन हेतु उपयोग किया जाता है। इसके फलस्वरूप वायदा मूल्यांकन लाभ अथवा हानि को लाभ एवं हानि खाते में शामिल किया जाता है।

12.5 गैर-एकीकृत परिचालनों के संबंध में अंतरण:

ए) आस्ति एवं देयताओं को फेडाई द्वारा प्रत्येक तिमाही के अंत में अधिसूचित बंद हाजिर दरों पर अंतरित किया जाता है ।

बी) तुलन पत्र की तारीख को बकाया विदेशी मुद्रा हाजिर और वायदा आकस्मिक देयताओं को क्रमशः बंद हाजिर और वायदा दरों पर फेडाई द्वारा अधिसूचित और अंतरिम परिपक्वता के अनुबंधों के लिए इंटरपॉलेटेड दरों पर अंतरित किया जाता है ।

सी) फेडाई द्वारा प्रत्येक तिमाही के अंत में अधिसूचित तिमाही औसत दर पर आय और व्यय का अंतरण किया जाता है ।

डी) परिणामी विनिमय अंतरों को उस अवधि के लिए आय या व्यय के रूप में मान्यता नहीं दी जाती है लेकिन निवल निवेश के निपटान तक एक अलग ''फॉरेन करेंसी ट्रांसलेशन रिज़र्व'' खाते में जमा किया जाता है ।

13. आय पर कर

इसमें भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के लेखांकन मानक 22 (आय पर करों का लेखांकन) के अनुसार यथानिर्धारित (संबद्ध अवधि के लिए लेखा आय तथा कर योग्य आय के बीच भिन्नता से करों के प्रभाव को दर्शाते हुए) आयकर के लिए प्रावधान, आस्थगित

कर अथवा क्रेडिट शामिल हैं। आस्थगित कर का आकलन आय एवं व्यय की उन मदों के संबंध में, जो किसी एक अवधि में निर्धारित होती है और जो एक अथवा अधिक परवर्ती अवधियों में प्रत्यावर्तन योग्य हैं, को ध्यान में रखकर किया जाता है। आस्थगित कर आस्तियों एवं देयताओं पर कर की गणना अधिनियमित कर दरों पर उन वर्षों की अपेक्षित दरों पर की जाती है जिन वर्षों में इनकी प्राप्ति, रिवर्सल अथवा निस्तारण की संभावना होती है। आस्थगित कर देयताओं एवं आस्तियों पर कर की दरों में परिवर्तन के प्रभाव को उस अवधि की आय विवरणी, जिसमें ऐसे परिवर्तन को अधिनियमित किया गया हो, में हिसाब में लिया जाता है।

14. प्रति शेयर अर्जन

रिपोर्ट किए गए लेखा परीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दों के साथ-साथ प्रिंसिपल लेखापरीक्षकों द्वारा निर्धारित किए गए लेखा परीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दों के संदर्भ में हमारी रिपोर्ट में संप्रेषित किए जाने वाले लेखा परीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दों के रूप में निर्धारित किया है, जो हमारी राय में महत्वपूर्ण हैं ।

I. अग्रिमों का वर्गीकरण, आय की गणना, गैर-निष्पादक अग्रिमों की पहचान और उनके लिए प्रावधान करना (वित्तीय विवरणों की अनुसूची 18 के नोट 4 के साथ पठित अनुसूची 9 का संदर्भ लें)

बैंक का निवल अग्रिम कुल आस्तियों का 63.15% है जो वित्तीय विवरणों का एक महत्वपूर्ण भाग है । ये अन्य बातों के साथ-साथ आय की गणना, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण (आईआरएसीपी) संबंधी मानदंडों तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी अन्य परिपत्रों और निदेशों द्वारा शासित होते हैं, जो विदेशी कार्यालयों को छोड़कर, निष्पादक अग्रिमों और गैर-निष्पादक अग्रिमों (एनपीए) के वर्गीकरण से संबंधित दिशानिर्देश प्रदान करते हैं । विदेशों में अग्रिमों का वर्गीकरण और इनके लिए प्रावधान स्थानीय विनियमों या भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों, जो भी अधिक सख्त हों, के अनुसार किया जाता है । बैंक इन अग्रिमों का वर्गीकरण अपनी लागू लेखांकन नीति के अनुसार आईआरएसीपी मानदंडों के आधार पर करता है।

निष्पादक और गैर-निष्पादक अग्रिमों की पहचान में उचित पद्धति स्थापित करना शामिल है । बैंक अपनी सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली (आईटी सिस्टम) अर्थात् कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) में अग्रिमों से संबंधित सभी लेनदेनों का रख- रखाव करता है जो इस बात की भी पहचान करता है कि अग्रिम निष्पादक है या गैर-निष्पादक ।

भारतीय रिज़र्व बैंक ("आरबीआई") द्वारा जारी अग्रिमों से संबंधित आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण से संबंधित विवेकपूर्ण मानदंडों का पालन करने के अलावा बैंक के पास अनर्जक आस्तियों पर प्रावधान करने के लिए भी कुछ नीतियां हैं ।

व्यक्तिगत या समेकित रूप से आईआरएसीपी मानदंडों का उचित रूप से अनुपालन न किए जाने पर इन अग्रिमों के वहन मूल्य (प्रावधानों का निवल) की अधिक गलत बयानी हो सकती है ।

साथ ही, बैंक ऐसे एक्सपोजर से संबंधित प्रावधान करता है जो कुछ सेक्टरों के लिए अग्रिमों और निर्धारित अग्रिमों या समूह अग्रिमों सहित एनपीए के रूप में निर्धारित नहीं की जाती हैं ।

लेन-देन के स्वरूप, विनियामक अपेक्षाओं, मौजूदा व्यावसायिक परिवेश, प्रतिभूतियों के आकलन में शामिल अनुमान/ निर्णय और प्रावधानों की गणना पर विचार करते हुए यह स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के अभिप्रेत उपयोगकर्ताओं के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण मुद्दा हो जाता है ।

इसके अलावा, आहरण शक्ति की गणना, प्रतिभूति मूल्यांकन के लिए थर्ड पार्टी, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी विभिन्न दिशानिर्देशों के अनुसार प्रावधानों की गणना, पुनर्संरचित अग्रिमों के लिए मूल्य में कमी की गणना और गैर-निष्पादक अग्रिमों सहित ब्याज आय के निर्धारण के लिए उधारकर्ताओं और अग्रणी बैंक द्वारा प्रस्तुत डेटा पर निर्भरता के कारण हमने उपर्युक्त क्षेत्र को प्रमुख लेखा परीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया है ।

लेखापरीक्षकों की प्रतिक्रियाएँ

प्रमुख लेखा परीक्षा प्रक्रिया

हमने अनर्जक आस्तियों की पहचान करने और इनके लिए प्रावधान करने हेतु बैंक की प्रणाली का मूल्यांकन किया । हमारे लेखा परीक्षा दृष्टिकोण में आंतरिक नियंत्रणों की डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण तथा मूल परीक्षण निम्नानुसार शामिल थे:

ए) हमने अनर्जक आस्तियों के निर्धारण, मूल प्रक्रिया के स्वरूप, समय और सीमा के निर्धारण संबंधी प्रावधान से संबंधित भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों और इससे संबंधित बैंक की नीतियों के अनुपालन में सम्मिलित प्रणाली में स्थापित नियंत्रणों, जांच बिन्दु और बैलेंस के बारे में बैंक से जानकारी हासिल की और तदनुसार अपनी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं की योजना बनाई ।

बी) हमने हमें आबंटित शीर्ष 20 शाखाओं के संबंध में आईआरएसीपी मानदंडों के अनुसार आय की पहचान, निष्पादक और गैर-निष्पादक अग्रिमों में वर्गीकरण और प्रावधान करने के लिए सिस्टम में डेटा इनपुट की सटीकता की जांच की है । हमें आबंटित शाखाओं में मूल प्रक्रिया करने के दौरान हमने बड़े अग्रिमों/ दबावग्रस्त अग्रिमों की जांच की है और बैंक प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराए गए स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं की मूल्यांकन रिपोर्टों की समीक्षा सहित अन्य अग्रिमों की जांच नमूना आधार पर की गई है ।

सी) बैंक की नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार आंतरिक लेखा परीक्षा, सिस्टम लेखा परीक्षा, ऋण लेखा परीक्षा और समवर्ती लेखा परीक्षा जैसे निगरानी तंत्र की मौजूदगी और प्रभावशीलता की जांच की गई ।

डी) शाखाओं से प्राप्त विवरणियों जो लेखा परीक्षा के अधीन नहीं है, को आधार बनाया गया है और इस संबंध में हमें उपलब्ध कराए गए नमूना डेटा की सटीकता को सुनिश्चित करने के लिए बैंक के आंतरिक निगरानी तंत्र/ प्रणाली की समीक्षा की गई और अपनी लेखा परीक्षा प्रक्रिया के दौरान पाए गए उन अपवादों/ विचलनों/त्रुटियों जिन पर बैंक द्वारा पर्याप्त रूप से विचार किया गया था, को सुनिश्चित किया गया ।

ई) समय-समय पर जारी भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अनर्जक आस्तियों की पहचान और प्रावधानीकरण और आय के सापेक्ष रिवर्सल की जांच की गई.

एफ) एनपीए की पहचान और भारतीय रिज़र्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार आवश्यक प्रावधान की पर्याप्तता के उद्देश्य से प्रबंधन के अनुमानों और निर्णयों का मूल्यांकन और परीक्षण किया गया ।

जी) भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुसार बैंक द्वारा क्रियान्वित आस्ति वर्गीकरण की स्वचालित आईटी आधारित प्रणाली की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया ।

एच) हमने बैंक द्वारा चयनित अन्य घरेलू और विदेशी शाखाओं के लिए शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा किए गए कार्य को भी आधार बनाया है ।

आई) हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं के दौरान पाए गए अपवादों का विधिवत सुधार करना सुनिश्चित किया गया ।

II. सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और वित्तीय रिपोर्टिंग को प्रभावित करने वाले नियंत्रण

बैंक की वित्तीय लेखांकन और रिपोर्टिंग प्रणाली कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) और सीबीएस से जुड़ी या स्वतंत्र रूप से संचालित अन्य आईटी प्रणालियों के प्रभावी कार्य करने पर अत्यधिक निर्भर हैं। हमारा ध्यान सिस्टम में फीड करने, डेटा की शुद्धता और विश्वसनीयता, एक्सेस प्रबंधन और ड्यूटी के विभाजन के तर्क पर केन्द्रित रहा है। ये अंतर्निहित सिद्धांत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे सुनिश्चित करते हैं कि ऐप्लिकेशन और डेटा में परिवर्तन उचित, प्राधिकृत, स्पष्ट और निगरानी में हैं, ताकि सिस्टम सटीक और विश्वसनीय रिपोर्ट/ रिटर्न और अन्य वित्तीय और गैर-वित्तीय जानकारी तैयार कर सके जो वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति के लिए उपयोग में लायी जाती हैं ।

वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली का उपयोग किया जाता है । बैंक की परिचालन और वित्तीय प्रक्रियाएं दैनिक आधार पर व्यापक मात्रा जनरेट करती हैं और विविध एवं जटिल लेनदेन की प्रक्रिया संपादित करती हैं जो आईटी सिस्टम पर अत्यधिक निर्भर हैं । यह एक ऐसा जोखिम हो सकता है जिसे स्वचालित लेखांकन प्रक्रियाओं और संबंधित आंतरिक नियंत्रणों को सटीक रूप से डिजाइन और प्रभावी ढंग से परिचालित न किया गया हो । अतः इसे एक प्रमुख लेखा परीक्षा मामला माना जाता है ।

लेखापरीक्षकों की प्रतिक्रियाएँ

प्रमुख लेखा परीक्षा प्रक्रिया

हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं में प्रमुख आईटी ऐप्लिकेशनों का मूल्यांकन और पहचान शामिल है और टेस्ट परीक्षण के आधार पर सिस्टम से जनरेट की गई रिपोर्ट/ रिटर्न और अन्य वित्तीय एवं गैर-वित्तीय जानकारी के आधार पर आईटी सिस्टम की डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता का सत्यापन, परीक्षण और समीक्षा करना शामिल है । हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल हैं:

ए) लेखा परीक्षा अवधि के दौरान बैंक के आईटी नियंत्रित वातावरण और प्रमुख बदलावों जो लेखा परीक्षा के लिए उपयुक्त हो सकते हैं, को समझा है ।

बी) टेस्ट परीक्षण के आधार पर ऐसे ऐप्लिकेशन, एक्सेस नियंत्रणों सहित बैंक के आईटी नियंत्रणों जो वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए महत्वपूर्ण हैं, की डिजाइन, क्रियान्वयन और परिचालन प्रभावशीलता की समीक्षा की गई।

सी) जहां हमने अतिरिक्त प्रक्रियाओं को करने का निर्णय लिया, वहां हम मैन्युअल वैकल्पिक नियंत्रणों पर निर्भर रहे जैसे कि प्रणालियों और सूचना के अन्य स्रोतों के बीच रिकंसिलेशन या अतिरिक्त जांच करना; पर्याप्त और उपयुक्त लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए हमने नमूने के आकार को विस्तार दिया है ।

डी) सांविधिक शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा किए गए कार्य और शाखा लेखा परीक्षा के आधार पर पास की गई सुधार प्रविष्टियों (एमओसी) को आधार बनाया गया ।

ई) बाह्य वेंडरों की निरीक्षण रिपोर्ट जहां कहीं भी उपलब्ध कराया गया है, को आधार बनाया गया ।

एफ) आईएस लेखा परीक्षा रिपोर्टों की समीक्षा की गई और प्रमुख आईटी नियंत्रणों सहित अनुपालन के संबंध में आईटी विभाग के साथ चर्चा कि गई।

III निवेशों का वर्गीकरण और मूल्यांकन, गैर-निष्पादक निवेशों की पहचान और उनके लिए प्रावधान (वित्तीय विवरणों की अनसूची 18 के नोट 3 के साथ पठित अनुसूची 8)

इस निवेश में विभिन्न सरकारी प्रतिभूतियों, बांडों, डिबेंचरों, शेयरों, प्रतिभूति रसीदों तथा अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में बैंक द्वारा किए गए निवेश शामिल हैं ।

निवेश बैंक की कुल संपत्ति का 26.05% है. ये भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रों और निर्देशों द्वारा नियंत्रित होते हैं । भारतीय रिज़र्व बैंक के इन निर्देश में अन्य बातों के साथ-साथ निवेशों का मूल्यांकन, निवेशों का वर्गीकरण, गैर-निष्पादक निवेशों की पहचान, आय की तदनुरूपी अमान्यता और इसके प्रति प्रावधान शामिल हैं ।

गैर-उद्धृत निवेशों और कमजोर कारोबार वाले निवेश का मूल्यांकन बाजार में उतार-चढ़ाव, बेहतर कीमतों की अनुपलब्धता और व्यापक आर्थिक अनिश्चितता के कारण अंतर्निहित जोखिम का क्षेत्र है ।

तदनुसार, हमारी लेखा परीक्षा निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण, गैर-निष्पादक निवेशों की पहचान और निवेशों से संबंधित प्रावधानों पर केंद्रित रही ।

उपर्युक्त प्रतिभूतियों की प्रत्येक श्रेणी (प्रकार) का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए परिपत्रों और निदेशों में निर्धारित पद्धति के अनुसार किया जाता है जिसमें विभिन्न स्रोतों जैसे एफआईबीआईएल दरें, बीएसई/ एनएसई द्वारा उद्धृत दरें, असूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय विवरण आदि से डेटा/ सूचना का संग्रहण शामिल है ।

मूल्यांकन, लेनदेनों की मात्रा, धारित निवेश और विनियामक फोकस की गंभीरता में शामिल निर्णय की जटिलताओं और सीमा को ध्यान में रखते हुए इसे एक प्रमुख लेखा परीक्षा मुद्दे के रूप में निर्धारित किया गया है ।

लेखापरीक्षकों की प्रतिक्रियाएँ

प्रमुख लेखा परीक्षा प्रक्रिया

भारतीय रिज़र्व बैंक (भारतीय रिज़र्व बैंक) के परिपत्रों/ निदेशों के संदर्भ में निवेश के प्रति हमारे लेखा परीक्षा संबंधी दृष्टिकोण में मूल्यांकन, वर्गीकरण, गैर-निष्पादक निवेशों (एनपीआई) की पहचान, निवेशों से संबंधित प्रावधान/ मूल्यह्रास के संबंध में आंतरिक नियंत्रण और मूल लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को शामिल किया गया है।

ट्रेजरी की लेखा परीक्षा के संबंध में हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रिया निम्नलिखित पर केंद्रित है -

ए) हमने मूल्यांकन, वर्गीकरण, एनपीआई की पहचान, निवेश से संबंधित प्रावधान/ मूल्यह्रास के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित दिशानिर्देशों का अनुपालन करने के लिए बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का मूल्यांकन किया है और उसे समझा है।

बी) धारित निवेश के चयनित नमूने के लिए हमने भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर परिपत्रों और प्रतिभूति की प्रत्येक श्रेणी के लिए पुनः कार्यनिष्पादन कर मूल्यांकन संबंधी निदेशों के साथ इनकी सटीकता और अनुपालन की जांच की है । नमूनों का चयन यह सुनिश्चित करने के बाद किया गया कि निवेश की सभी श्रेणियां (प्रतिभूति के स्वरूप के आधार पर) नमूनों में शामिल हैं;

सी) भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों के आधार पर अथवा अन्य निर्धारित प्रक्रियाओं के आधार पर गैर-उद्धृत निवेशों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन परीक्षण किया गया है ।

डी) हमने एनपीआई की पहचान की प्रक्रिया और आय के सापेक्ष रिवर्सल एवं प्रावधानों के सृजन का आकलन और मूल्यांकन किया है;

ई) हमने स्वतंत्र रूप से भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रों और निदेशों के अनुसार प्रदान किए जाने वाले प्रावधान को बनाए रखने और मूल्यह्रास की फिर से गणना करने के लिए महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को अपनाया है । तदनुसार, हमने प्रत्येक श्रेणी के निवेश से नमूनों का चयन किया और भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीआई संबंधी परीक्षण किया और एनपीआई के उन चयनित नमूनों को भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र के अनुसार बनाए रखने के प्रावधानों की पुनः गणना की है;

IV. कुछ मुकदमों के संबंध में प्रावधानों और आकस्मिक देयताओं का मूल्यांकन, अन्य पक्षों द्वारा दायर किए गए विभिन्न दावों को कर्ज के रूप में स्वीकार नहीं किया गया (वित्तीय विवरणों की अनुसूची 17 के नोट 15 के साथ पठित अनुसूची 12):

बैंक ने उक्त संबंध में दायर दावों पर प्रश्न उठाए हैं जिनमें कर और गैर-कर मामलों में विभिन्न स्तरों पर लंबित मामले शामिल हैं जो विभिन्न न्यायालयों में/ मंचों पर लंबित हैं और न्यायिक प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में हैं। प्रबंधन ने ऐसे मामलों में संभावित आउट फ्लो का मूल्यांकन करने में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है ।

प्रावधान के स्तर का अनुमान लगाने में उच्च स्तर के निर्णय की आवश्यकता होती है । बैंक का मूल्यांकन मामले के तथ्यों, उनके अपने निर्णय, पिछले अनुभव और विधिक तथा स्वतंत्र कर सलाहकारों के परामर्श, जहाँ भी आवश्यक हो, से समर्थित है । तदनुसार, अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणाम बैंक द्वारा रिपोर्ट किए गए लाभ और तुलन-पत्र में प्रस्तुत मामलों की स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं ।

हमने इन मामलों के परिणाम से संबंधित अनिश्चितता को देखते हुए उपर्युक्त क्षेत्र को प्रमुख लेखा परीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया है जिसके लिए कानून की व्याख्या में निर्णय के अनुपालन की आवश्यकता होती है। तदनुसार, हमारी लेखा परीक्षा विचाराधीन विषय-वस्तु के तथ्यों का विश्लेषण करने और संबद्ध निर्णय/ विधिक व्याख्या पर केंद्रित थी ।

लेखा परीक्षक की प्रतिक्रियाएं

मुख्य लेखा परीक्षा प्रक्रिया

ए) हमने डिजाइन की उपयुक्तता का मूल्यांकन किया है और कर संबंधी मुकदमे के मामलों के संदर्भ में प्रबंधन के नियंत्रणों की प्रभावशीलता की जांच की है ।

बी) हमने विवादों के संभावित आउट फ्लो और संभावित निष्कर्षों के अनुमान के लिए प्रबंधन की अंतर्निहित धारणा की समीक्षा की है । इन अनिश्चित कर/ कर से इतर स्थितियों पर प्रबंधन की स्थिति का मूल्यांकन करते समय विधिक अधिमानों और अन्य नियमों पर विचार किया गया है ।

सी) इसके अलावा, संभावित आउट फ्लो के लिए प्रबंधन के निर्णयों, औद्योगिक स्तर की विवेचना और अनुमानों तथा ऐसी विवादित कर स्थितियों के संबंध में कंपनी के आंतरिक विशेषज्ञों के मतों को हमने आधार बनाया है ।

डी) कर से इतर महत्वपूर्ण विवादित मामलों के लिए प्रबंधन द्वारा किए गए चयनित मुख्य संप्रेषणों, आंतरिक/बाह्य विधिक मतों/ परामर्शों को पढ़ा और विश्लेषित किया है ।

इ) बैंक/ अन्य कॉर्पोरेट के ऐसे समान मामलों में जहां कहीं भी विधिक निर्णय उपलब्ध थे उन्हें समीक्षित और सत्यापित किया गया है ।

एफ) उपयुक्त वरिष्ठ प्रबंधन से चर्चा की और प्रावधानों के अनुमान में प्रबंधन के अंतर्निहित मुख्य धारणाओं का मूल्यांकन किया है ।

जी) कर से इतर विवादित मामलों में संभावित निष्कर्ष के प्रबंधन के अनुमान का आकलन किया है और ऐसे मामलों में प्रबंधन के निर्णय को आधार बनाया है।

एच) सांविधिक शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा किए गए कार्य और शाखा लेखापरीक्षा के आधार पर पारित सुधार प्रविष्टियां / प्रधान कार्यालय में उपलब्ध अतिरिक्त जानकारी पर निर्भरता ।

5. अन्य मामले

ए) हमने 11 अनुषंगियों और 01 संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरणों/ सूचनाओं की लेखापरीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरण/ वित्तीय जानकारी दिनांक 31 मार्च, 2023 तक ₹63256.79 करोड़ की कुल आस्ति, ₹11714.73 करोड़ के कुल राजस्व और 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए ₹297.50 करोड़ का निवल नकदी इनफ्लो को दर्शाते हैं, जैसा कि समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है। समेकित वित्तीय विवरणों में दिनांक 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के

लिए समूह का ₹256.93 करोड़ के निवल लाभ का हिस्सा भी शामिल है, जैसा कि 2 सहयोगियों के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है, जिनके वित्तीय विवरणों की हमारे द्वारा लेखापरीक्षा नहीं की गई है। इन वित्तीय विवरणों/ वित्तीय सूचनाओं की लेखापरीक्षा अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा की गई है, जिनकी रिपोर्ट प्रबंधन द्वारा हमें प्रस्तुत की गई है और समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय, जहां तक यह इन अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों और सहयोगियों के संबंध में शामिल राशियों और प्रकटीकरणों से संबंधित है, पूरी तरह से ऐसे लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

विदेशी अनुषंगियों के मामले में, वित्तीय सूचना उनके संबंधित देशों में सामान्यत: स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार तैयार की गई है और उनके संबंधित देशों में लागू सामान्यत: स्वीकृत लेखा परीक्षा मानकों के तहत अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित की गई है। कंपनी के प्रबंधन ने ऐसी अनुषंगियों की वित्तीय सूचना को उनके संबंधित देशों में सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों से भारत में सामन्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों में रूपांतरित किया है और इन रूपांतरण समायोजनों की अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षा की गई है। जहां तक भारत के बाहर स्थित ऐसी अनुषंगियों के बकाया शेष का संबंध है, हमारी राय अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और कंपनी के प्रबंधन द्वारा तैयार किए गए और अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित रूपांतरण समायोजन पर आधारित है।

बी) हमने 4 अनुषंगियों और 01 संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरणों/ सूचनाओं की लेखापरीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरण/ वित्तीय जानकारी दिनांक 31 मार्च, 2023 तक ₹11252.43 करोड़ की कुल आस्ति, ₹425.69 करोड़ के कुल राजस्व और दिनांक 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए ₹336.09 करोड़ के निवल नकदी आउटफ्लो को दर्शाते हैं, जैसा कि समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है। समेकित वित्तीय विवरणों में दिनांक 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए समूह का ₹60.41 करोड़ के निवल लाभ/ (हानि) का हिस्सा भी शामिल है, जैसा कि 2 सहयोगियों के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है, जिनके वित्तीय विवरणों की हमारे द्वारा लेखापरीक्षा नहीं की गई है। ये समेकित वित्तीय विवरण अलेखापरीक्षित हैं और हमें प्रबंधन द्वारा प्रदान किए गए हैं और समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय, जहां तक इन अनुषंगियों, सहयोगियों और संयुक्त उद्यमों के संबंध में शामिल राशि और प्रकटीकरण का संबंध है, पूरी तरह से ऐसे अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों/ वित्तीय सूचनाओं पर आधारित है। हमारी राय में तथा प्रबंधन द्वारा हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, ये वित्तीय विवरण/ वित्तीय सूचना समूह के लिए प्रासंगिक नहीं है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय और नीचे दी गई अन्य विधिक और विनियामक आवश्यकताओं पर हमारी रिपोर्ट, उपरोक्त मामलों के संबंध में किए गए कार्यों और अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और प्रबंधन द्वारा प्रमाणित वित्तीय विवरणों पर हमारी निर्भरता के संबंध में संशोधित नहीं है।

सी) इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, अनुषंगी कंपनी, के स्वतंत्र लेखापरीक्षकों ने दिनांक 09 मई, 2023 की अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में एक अपरिवर्तित राय व्यक्त की है और 'अन्य मामले' खंड में रिपोर्ट किया है कि मौजूदा चालू जीवन बीमा पॉलिसी और पॉलिसी जहां प्रीमियम बंद कर दिया गया है, के लिए बीमांकिक मूल्यांकन की देयताएँ कंपनी के नियुक्त एक्चुअरी ("अपॉइंटेड एक्चुअरी") की जिम्मेदारी है। चालू लाइफ़ पॉलिसियों और उन पॉलिसियों जिनके संबंध में प्रीमियम बंद कर दिया गया है, लेकिन देयता 31 मार्च, 2023 तक मौजूद है, के लिए इन देयताओं के बीमांकिक मूल्यांकन को नियुक्त बीमांकक द्वारा विधिवत प्रमाणित किया गया है, और उनकी राय में ऐसे मूल्यांकन के लिए अनुमान प्राधिकरण की सहमति से भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण ('आईआरडीएआई'/प्राधिकरण) और भारतीय बीमांकक संस्थान द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और मानदंडों के अनुसार हैं। हमने इस संबंध में नियुक्त बीमांकिक के प्रमाण पत्र पर भरोसा किया है ताकि मौजूदा जारी जीवन बीमा पॉलिसी के लिए और उन पॉलिसियों के लिए देयताओं के मूल्यांकन, जिनके संबंध में प्रीमियम बंद कर दिया गया है लेकिन देयता कंपनी के वित्तीय विवरणों में शामिल है, पर हमारी राय बनाई जा सके।

डी) 31 मार्च, 2022 को समाप्त पिछले वर्ष के लिए बैंक के समेकित वित्तीय विवरणों का लेखा-परीक्षा संयुक्त केंद्रीय सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया था, जिनमें से दो पूर्ववर्ती लेखापरीक्षा फर्म हैं और उन्होंने 31 मई, 2022 की अपनी रिपोर्ट के माध्यम से ऐसे वित्तीय विवरणों पर अपरिवर्तित राय व्यक्त की है।

उपर्युक्त मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई संशोधन नहीं है।

समेकित वित्तीय विवरण और उस पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट से इतर अन्य जानकारियां

6. बैंक का निदेशक मण्डल अन्य जानकारी उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी है। अन्य जानकारी में कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट (लेकिन इसमें समेकित वित्तीय विवरणों और लेखा परीक्षक रिपोर्ट शामिल नहीं है) शामिल है, जो हमें लेखापरीक्षक रिपोर्ट, निदेशक मंडल की रिपोर्ट, मुख्य वित्तीय सूचक और शेयरधारकों की जानकारी जारी होने के समय प्राप्त होती है तथा जिसे इस रिपोर्ट की तारीख के बाद हमें उपलब्ध कराए जाने की उम्मीद है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य जानकारी और बासेल III के तहत पिलर 3 प्रकटीकरण को कवर नहीं करती है और हम उस पर किसी भी प्रकार का आश्वासन नहीं देंगे।

समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी उपरोक्त निर्धारित अन्य जानकारी का अध्ययन करना और ऐसा करते समय यह विचार करना है कि क्या वित्तीय विवरणों के साथ अन्य जानकारी वस्तुत: असंगत है या हमारे द्वारा लेखा परीक्षा के समय या अन्यथा प्राप्त जानकारी वस्तुतः गलत प्रतीत होती है।

यदि अन्य जानकारी जो कि लेखा परीक्षा की तारीख से पहले प्राप्त हो

चुकी थी और हमारे द्वारा उस पर निष्पादित कार्य के आधार पर हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि अन्य जानकारियों में वस्तुनिष्ठ अशुद्धियां शामिल हैं, तो हमें तथ्यों को रिपोर्ट में शामिल करने की आवश्यकता होगी। इस संबंध में हमें कोई रिपोर्ट नहीं करना है।

जब हम निदेशक मंडल की रिपोर्ट, मुख्य वित्तीय सूचक और शेयर धारकों की जानकारी को पढ़ते हैं और हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि उसमें कुछ वस्तुनिष्ठ अशुद्धियां हैं, तो हमें इस मामले को उन्हें अवगत कराने की आवश्यकता होती है जिन्हें गवर्नेंस का प्रभार दिया गया है।

समेकित वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन एवं गवर्नेंस के प्रभारी व्यक्तियों की जवाबदेही

7. बैंक का निदेशक मण्डल, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 29 और समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी परिपत्रों एवं दिशानिर्देशों तथा भारत में सामान्यतः स्वीकार्य लेखांकन मानकों सहित विनिर्दिष्ट लेखांकन मानकों के अनुरूप इन समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करने और प्रस्तुत करने के लिए जवाबदेह है, जो समेकित वित्तीय स्थिति, समेकित वित्तीय कार्यनिष्पादन और समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों के कैश फ्लो का सही एवं निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों में सम्मिलित संस्थाओं के संबंधित निदेशक मंडल समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों की आस्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ियों और अन्य विसंगतियों की पहचान एवं उनके निवारण के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्डों के साथ-साथ उचित लेखांकन नीतियों का चयन एवं उनके उपयोग, निर्णय लेने और यह अनुमान लगाने कि ये व्यावहारिक और विवेकपूर्ण हो तथा वित्तीय विवरणों को तैयार करने और उनकी प्रस्तुति से संबंधित लेखांकन रिकॉर्डों की त्रुटिहीनता और पूर्णता के लिए प्रभावी रूप से परिचालित आंतरिक नियंत्रणों की डिजाइन, कार्यान्वयन एवं रखरखाव भी समाहित है, जो सत्य और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करते हैं और धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण भौतिक मिथ्याकथन से मुक्त हैं, जिसे उपरोक्तानुसार बैंक के निदेशकों द्वारा समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करने के उद्देश्य से प्रयोग किया है, के लिए जवाबदेह हैं।

समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करने में समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों में शामिल संस्थान के संबंधित निदेशक मण्डल कार्यशील संस्था के रूप में बने रहने की समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों के संस्थान की योग्यता का मूल्यांकन करने, कार्यशील संस्था से संबंधित विषयों के यथालागू प्रकटीकरण करने, लेखांकन के लिए कार्यशील संस्था आधार का उपयोग करने के लिए जवाबदेह है जबतक कि प्रबंधन का इरादा समूह के संस्थान को लिक्विडेट करने या परिचालन समाप्त करने का न हो या ऐसा न करने के लिए कोई वास्तविक विकल्प न हो।

समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों में शामिल संस्थानों के संबंधित निदेशक मण्डल समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों की वित्तीय रिपोर्टिंग की प्रक्रिया का निगरानी करने के लिए भी जवाबदेह हैं।

समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी

8. हमारा उद्देश्य यह भरोसा दिलाना है कि समेकित वित्तीय विवरणों में धोखाधड़ी और त्रुटि के कारण कोई मिथ्या कथन न हो और ऐसी लेखा परीक्षा रिपोर्ट जारी हो जिसमें हमारी राय शामिल हो। उचित भरोसा एक उच्च स्तर का भरोसा होता है लेकिन यह कोई गारंटी नहीं है कि लेखांकन मानकों के अनुरूप की गई लेखा परीक्षा में पहले से मौजूद भौतिक मिथ्या कथन की हमेशा पहचान हो जाए। धोखाधड़ी और त्रुटि के कारण मिथ्या कथन दृष्टिगोचर होता है और इसे महत्वपूर्ण तब माना जाएगा जब यह संभावना हो कि यह अकेले या समग्र रूप से इन समेकित वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए आर्थिक निर्णयों को प्रभावित कर सकता है।

लेखांकन मानकों के अनुरूप लेखापरीक्षा के एक भाग के रूप में हम पेशेवर निर्णय लेते हैं और पूरी लेखापरीक्षा के दौरान पेशेवर संशयवाद को बनाए रखते हैं। हम :

- समेकित वित्तीय विवरणियों में धोखाधड़ी और त्रुटि के कारण उत्पन्न हुए महत्वपूर्ण मिथ्या कथन की पहचान और मूल्यांकन, उन जोखिमों के लिए उत्तरदायी प्रक्रियाओं की डिजाइन और कार्यनिष्पादन तथा हमारी राय को उचित आधार प्रदान करने के लिए लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करते हैं। धोखाधड़ी के कारण उत्पन्न हुए महत्वपूर्ण मिथ्या कथनों को न पहचानने का जोखिम त्रुटि के कारण उत्पन्न हुए जोखिम से ज्यादा बड़ा है, क्योंकि धोखाधड़ी में सांठ-गांठ, जानबूझकर छोड़ी गयी त्रुटियाँ, गलत बयानी या आंतरिक नियंत्रणों का उल्लंघन शामिल हो सकता है।
- लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रणों पर विचार भी करते हैं ताकि लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को इस तरह से डिजाइन किया जा सके जो परिस्थितियों के हिसाब से उचित हो।
- प्रबंधन द्वारा उपयोग में लाई गई लेखांकन नीतियों की सटीकता और लेखांकन अनुमानों एवं उससे संबंधित प्रकटीकरणों का मूल्यांकन करते हैं।
- प्रबंधन के कार्यशील संस्था के रूप में बने रहने संबंधी लेखांकन आधार को उपयोग करने के औचित्य का निपटान और प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्यों के आधार पर इसका पता लगाने का काम भी करते हैं कि क्या घटनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण अनिश्चितता मौजूद है या वैसी परिस्थितियाँ बनी हैं जिनमें कार्यशील संस्था के रूप में बने रहने की समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों के संस्थान की योग्यता पर सार्थक संदेह व्यक्त किया जा सके। यदि हम निष्कर्ष निकालें कि भौतिक अनिश्चितता की संभावना है तो हमें अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में समेकित वित्तीय विवरणों से संबंधित इस तरह के प्रकटीकरणों की ओर ध्यान आकर्षित कराने की आवश्यकता है अथवा क्या इस तरह के प्रकटीकरण हमारी राय को बदलने के लिए पर्याप्त नहीं है। हमारा निष्कर्ष लेखापरीक्षा की

तारीख तक प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्यों पर आधारित है। तथापि, भविष्य की घटनाएं या परिस्थितियां समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों के संस्थान के कार्यशील संस्था के रूप में परिचालन को बंद करने का कारण बन सकती हैं।

- प्रकटीकरण सहित समेकित वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना एवं विषयवस्तु का तथा इस बात का मूल्यांकन करना कि समेकित वित्तीय विवरणों में बुनियादी लेनदेन और घटनाओं की निष्पक्ष प्रस्तुति की जा सके।

- समेकित वित्तीय विवरणों पर एक राय व्यक्त करने के लिए समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों के भीतर ऐसी संस्थाओं या व्यवसाय की गतिविधियों की वित्तीय सूचना पर पर्याप्त और उपयुक्त लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करना। हम समेकित वित्तीय विवरण में शामिल ऐसी संस्थाओं की वित्तीय सूचना की लेखा परीक्षा की दिशा, पर्यवेक्षण और निष्पादन के लिए उत्तरदायी हैं, जिनके लिए हम स्वतंत्र लेखा परीक्षक हैं। समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल अन्य संस्थानों के लिए, जिन्हें अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा जांचा गया है, उनकी दिशा, पर्यवेक्षण और निष्पादन के लिए वैसे अन्य लेखा परीक्षक ही जवाबदेह होंगे। हम केवल अपनी लेखापरीक्षा राय के लिए ही उत्तरदायी हैं।

  वस्तुनिष्ठता, समेकित वित्तीय विवरणों में मिथ्या कथन का वह प्रभाव है, जो व्यक्तिगत या समग्र रूप से यह संभावित करता है कि समेकित वित्तीय विवरणों के तर्कसंगत जानकार यूजर के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित किया जा सकता है। हम (i) अपने लेखापरीक्षा कार्य के दायरे की योजना बनाने और अपने कार्य के परिणामों का मूल्यांकन करने; तथा (ii) समेकित वित्तीय विवरणों में किन्हीं भी निर्धारित मिथ्या कथनों के प्रभाव का मूल्यांकन करने में परिमाणात्मक वस्तुनिष्ठता और गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं।

  हम अन्य बातों के साथ-साथ लेखापरीक्षा की योजनाबद्ध विस्तार एवं उसके समय का निर्धारण जिसमें आंतरिक नियंत्रण में महत्वपूर्ण कोई कमियों सहित महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षो, जिसकी लेखापरीक्षा के दौरान हमने पहचान की है, के संबंध में गवर्नेंस के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों को सूचित करते हैं।

  हम गवर्नेंस के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों को यह बताते हैं कि हमने स्वतंत्रता से संबंधित नैतिक आवश्यकताओं और इनके साथ हमारी स्वतंत्रता और जहां भी लागू हो, सावधानियों से संबंधित विषयों और अन्य मामलों, जो तार्किक रूप से विचार में लाये जा सकते हैं, का अनुपालन किया है।

  गवर्नेंस के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों को सूचित विषयों में से हम उन विषयों का निर्धारण करते हैं जो वर्तमान अवधि के समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और जो महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा विषय हैं। हम अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में उन विषयों का वर्णन करते हैं जब तक कि कानून या विनियमन उनके सार्वजनिक प्रकटीकरण पर रोक न लगाते हों या जब हम यह निर्णय लेते हैं कि यह विषय हमारी रिपोर्ट में नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि ऐसा करने का विपरीत परिणाम होगा और इस तरह की सूचना से सार्वजनिक हित के प्रभावित होने की संभावना होती है।

अन्य कानूनी एवं नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

9. बैंक का समेकित तुलनपत्र एवं समेकित लाभ-हानि खाता बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के खंड 29 के प्रावधानों के अनुसार तैयार किया गया है।

10. उपर्युक्त पैरा 5, 7 से 8 में उल्लिखित लेखापरीक्षा की सीमाओं और बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 की अपेक्षाओं के अधीन तथा उसमें निहित अपेक्षित प्रकटीकरण की सीमाओं के अधीन, हमारी लेखापरीक्षा और अलग वित्तीय विवरणों पर अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित तथा अनुषंगियों, सहयोगियों और संयुक्त उद्यमों की अन्य वित्तीय जानकारी, जिसे 'अन्य मामलों' पैराग्राफ में नोट किया गया है, के यथालागू अनुसार हम रिपोर्ट करते हैं कि;

ए) हमने सभी सूचनाओं एवं व्याख्याओं को अपनी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास में प्राप्त किया है जो कि हमारी लेखापरीक्षा के लिए आवश्यक थे और हमने उन्हें संतोषजनक पाया है;

बी) हमारी जानकारी में आए बैंक के संव्यवहार बैंक की शक्तियों के तहत हैं, और

सी) बैंक के कार्यालयों और शाखाओं से प्राप्त रिटर्न लेखा परीक्षा के उद्देश्य से पर्याप्त पाए गए हैं।

11. हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि:

ए) हमारी राय में बैंक के पास कानून के अनुसार अपेक्षित उचित लेखाबहियां हैं और उन बहियों की हमारी जांच से यह पता चलता है कि उन शाखाओं जिनका दौरा हमने नहीं किया है, से प्राप्त की गई हैं जो हमारी लेखापरीक्षा के उद्देश्य से पर्याप्त हैं;

बी) इस रिपोर्ट में उल्लिखित समेकित तुलन पत्र, समेकित लाभ एवं हानि खाता और समेकित नकदी प्रवाह विवरण लेखांकन एवं बहियों तथा उन शाखाओं जिनका दौरा हमने नहीं किया है, से प्राप्त की गई रिटर्न के अनुसार हैं ;

सी) बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 29 के अंतर्गत बैंक के शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा हमें लेखापरीक्षित शाखा कार्यालय के लेखांकन पर रिपोर्ट भेजी गई है और यह रिपोर्ट तैयार करने के लिए हमने उसका उचित अध्ययन किया है; और

डी) हमारी राय में, समेकित तुलन पत्र और समेकित लाभ-हानि खाता और समेकित नकदी प्रवाह के विवरणों का लागू लेखांकन मानकों के अनुसार अनुपालन किया जाता है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के अनुरूप हैं।

12. "सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सांविधिक केंद्रीय लेखापरीक्षकों (एससीए)

की नियुक्ति - 2019-20 से एससीए के रिपोर्टिंग दायित्व" पर भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा तदुपरान्त जारी 19 मई 2020 के पत्र के साथ पठित भारतीय रिज़र्व बैंक के पत्र डीओएस.एआरजी. सं.6270/08.91.001/2019-20 दिनांक 17 मार्च 2020 की अपेक्षा अनुसार, हम उपर्युक्त पत्र के पैरा 2 में विनिर्दिष्ट मामलों पर निम्नानुसार यह भी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं:

ए) हमारी राय में उपर्युक्त समेकित वित्तीय विवरण लागू लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं, जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के अनुरूप हैं;

बी) वित्तीय लेनदेनों या मामलों पर ऐसे कोई अवलोकन या टिप्पणियाँ नहीं है जिनका बैंक के कामकाज पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

सी) जैसा कि बैंक कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत नहीं है, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 की उप-धारा (2) के तहत बैंक के निदेशक होने की अयोग्यता बैंक पर लागू नहीं होती है।

भारत में गठित सरकारी कंपनी के अतिरिक्त अनुषंगियां, सहायक एवं संयुक्त उद्यम के सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर, भारत में निगमित अनुषंगी, सहायक एवं संयुक्त उद्यमों के कोई भी निदेशक जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 की उप-धारा (2) के तहत बैंक के निदेशक नियुक्त हुए हैं, 31 मार्च 2013 तक के अनुसार अयोग्य नहीं है।

डी) खातों के रखरखाव और उनसे जुड़े अन्य मामलों के संबंध में कोई क्वालिफिकेशन प्रतिबंध, संदेह या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

ई) आईसीएआई द्वारा जारी "सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मामले में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा संबंधी तकनीकी दिशानिर्देश" के पैरा 1.14 के अनुसार आंतरिक वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा शुरू की गई रिपोर्टिंग आवश्यकता सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर लागू होगी। तदनुसार, समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में वित्तीय रिपोर्टिंग पर समूह के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्टिंग नहीं की जाती है।

कृते आर. देवेंद्र कुमार एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 114207W

(**नीरज गोलस**)
साझेदार
एम नं.: 074392
यूडीआईएन: 23074392BGXJOP4072

कृते दस्सानी एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन:009096C

(**अभिषेक महेश्वरी**)
साझेदार
एम नं.: 402561
यूडीआईएन: 23402561BGXKOC4768

कृते व्यास एंड व्यास
सनदी लेखाकार
एफआरएन:000590C

(**ओम प्रकाश व्यास**)
साझेदार
एम नं.: 014081
यूडीआईएन: 23014081BGSAQS6724

कृते खंडेलवाल जैन एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 105049W

(**पंकज जैन**)
साझेदार
एम नं.: 048850
यूडीआईएन: 23048850BGSZNY3565

कृते एस वेंकटराम एंड कं. एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआरएन: 004656S/S200095

(**एस सुंदररमण**)
साझेदार
एम नं.: 201028
यूडीआईएन: 23201028BGVYPW7190

दिनांक: 16 मई, 2023
स्थान: मुंबई

INDEPENDENT AUDITORS' REPORT

To
The Members of
Bank of Baroda

Report on the Audit of Consolidated Financial Statements

Opinion

1. We have audited the accompanying Consolidated Financial Statements of **Bank of Baroda** ("the Parent"/ "the Bank") and its subsidiaries (the Parent and its subsidiaries together referred to as "the Group"), its associates and joint ventures, which comprise the Consolidated Balance Sheet as at 31st March, 2023, the Consolidated Profit and Loss Account and the Consolidated Cash Flow Statement for the year then ended, and notes to the Consolidated Financial Statements including Significant Accounting Policies and other explanatory information (hereinafter referred to as "**the Consolidated financial statements**") which includes:

a) Audited Standalone Financial Statements of the Bank;

b) Audited Financial Statements of 7 Domestic Subsidiaries, 4 Foreign Subsidiaries, 1 Domestic Joint Ventures, 2 Domestic Associates and

c) Unaudited financial statements / financial information of 1 Domestic Subsidiary, 3 Foreign Subsidiaries, 1 Foreign Joint Venture, 1 Domestic Associate and 1 Foreign Associate.

In our opinion and to the best of our information and according to explanations given to us and based on the consideration of the reports of the other auditors on separate financial statements of the subsidiaries, Joint Ventures and associates, the unaudited financial statements and other financial information of the subsidiaries and associates as furnished by the management, the aforesaid Consolidated Financial Statements give the information required by the Banking Regulation Act, 1949, the circulars, guidelines and directions issued by the Reserve Bank of India ("RBI") from time to time ("RBI Guidelines") and the applicable Accounting Standards in the manner so required for the Group and its associates & joint ventures and are in conformity with the accounting principles generally accepted in India and give :

a) true and fair view in case of the Consolidated Balance sheet, of the state of affairs of the Group and its associates and joint ventures as at 31st March, 2023;

b) true balance of Profit of the Group and its associates & joint ventures, in case of Consolidated Profit and Loss Account for the year ended on that date; and

c) true and fair view of the cash flows of the Group and its associates & joint ventures, in case of Consolidated Cash Flow Statement for the year ended on that date.

Basis for Opinion

2. We conducted our audit in accordance with the Standards of Auditing ("SAs") issued by the Institute of Chartered Accountants of India ("the ICAI"). Our responsibilities under those standards are further described in the Auditors' Responsibilities for the Audit of the Consolidated Financial Statements section of our report. We are independent of the Group and its associates & joint ventures in accordance with the "Code of Ethics" issued by the ICAI together with the ethical requirements that are relevant to our audit of the Consolidated Financial Statements, prepared in accordance with the accounting principles generally accepted in India, including the applicable Accounting Standard, and provisions of section 29 of Banking Regulation Act, 1949 and circulars and guidelines issued by Reserve Bank of India from time to time, and we have fulfilled our other ethical responsibilities in accordance with these requirements. We believe that the audit evidence we have obtained is sufficient and appropriate to provide a basis for our opinion.

Emphasis of Matter

3. We invite attention to following:

a) Note No. 14.9 of Schedule 19 regarding amortization of additional liability on account of revision in family pension amounting to ₹ 1454.41 Crores. The Bank has charged an amount of ₹ 290.88 Crores to the Profit and Loss Account for the financial year ended March 31, 2023 and the balance unamortized expense of ₹ 872.65 Crores has been carried forward in terms of RBI Circular no. RBI/2021-22/105 DOR.ACC. REC.57/21.04.018/2021-22 dated 4th October, 2021.

b) Note No. 14.11 of Schedule 19 relating to deferment of provision of ₹ 13.59 Crores pertaining to certain fraud accounts identified during the year ended March 31, 2023 and to be charged to the Profit & Loss Account in the subsequent quarters, in terms of RBI Circular DBR No. BP.BC.92/21.04.048/2015-16 dated 18th April, 2016.

Our opinion is not modified in respect of these matters.

4. **Key Audit Matters**

Key audit matters are those matters that, in our professional judgment, were of most significance in our audit of the consolidated financial statements of the current period. These matters were addressed in the context of our audit of the consolidated financial statements as a whole, and in forming our opinion thereon, and we do not provide a separate opinion on these matters. We have determined the matters described below to be the key audit matters to be communicated in our report with reference to the Key Audit Matters identified by the Principal Auditors along with the Key Audit Matters reported by the respective component auditors which, in our opinion, are material.

I. **Classification of Advances, Income Recognition, Identification of and provisioning for non-performing Advances (Refer Schedule 9 read with Note 4 of Schedule 18 to the financial statements)**

The net advances of the Bank constitute 63.15 percent of the total assets, which is the significant part of the financial statements. They are, inter-alia, governed by income recognition, asset classification and provisioning (IRACP) norms and other circulars and directives issued by the RBI from time to time which provides guidelines related to classification of Advances into performing and non-performing Advances (NPA) except in case of foreign offices in which case the classification of advances and provisioning thereof is made as per local regulations or RBI guidelines, whichever is more stringent. The Bank classifies these Advances based on IRACP norms as per its accounting policy followed.

Identification of performing and non-performing Advances involves establishment of proper mechanism. The Bank accounts for all the transactions related to Advances in its Information Technology System (IT System) viz. Core Banking Solution (CBS) which also identifies whether the advances are performing or non-performing.

Besides following the prudential norms on Income Recognition, Asset Classification and Provisioning relating to Advances issued by the Reserve Bank of India ("RBI"), the Bank also has certain policies for provisioning on non- performing assets.

The carrying value of these advances (net of provisions) may be materially misstated if, either individually or in aggregate, the IRACP norms are not properly followed.

Additionally, the Bank makes provisions on exposures that are not classified as NPA including advances to certain sectors and identified advances or group advances.

Considering the nature of the transactions, regulatory requirements, existing business environment, estimation/ judgement involved in valuation of securities and calculation of provisions, it is a matter of high importance for the intended users of the Standalone Financial Statements.

Further due to reliance placed on data submitted by the borrowers & lead bank for Drawing Power calculations, third party for security valuation, computation of provisions as per various guidelines issued by the RBI, computation of diminution in value for restructured advances and recognition of interest income including in non-performing advances, we determined the above area as a Key Audit Matter.

Auditors' Responses

Principal Audit Procedures

We assessed the Bank's system in place to identify and provide for non-performing assets. Our audit approach consisted testing of the design and operating effectiveness of the internal controls and substantive testing including the following :

a) We had obtained understanding from the Bank about the controls built in the system, checks and balances incorporated with respect to adherence to the RBI guidelines and related Bank's Policies for identification of non-performing assets, provisioning to determine the nature, timing and extent of the substantive procedures and had accordingly planned our audit procedures.

b) The accuracy of the data input in the system for income recognition, classification into performing and non performing Advances and provisioning in accordance with the IRACP norms in respect of the top 20 branches allotted to us. In carrying out substantive procedures at the branches allotted to us, we have examined large advances/ stressed advances while other advances have been examined on a sample basis including review of valuation reports of independent valuers as provided by the Bank's management.

c) Existence and effectiveness of monitoring mechanisms such as Internal Audit, Systems Audit, Credit Audit and Concurrent Audit as per the policies and procedures of the Bank.

d) Relied on the returns received from the branches not subject to audit and in that regard reviewed the internal monitoring mechanisms/systems of the Bank to satisfy the correctness of the sample data made available to us and ensured exceptions/deviations/errors noticed during our audit procedures were adequately considered by the Bank.

e) Test checked the identification and provisioning of non-performing assets and corresponding reversal of income, in accordance with RBI Guidelines issued from time to time.

f) Evaluated and tested the management estimates and judgements for the purpose of identification of NPA and adequacy of provision required as per RBI's Prudential norms.

g) Evaluated the effectiveness of automated IT based system of asset classification implemented by the Bank in accordance with the directives of RBI.

h) We have also relied on the work done by the branch auditors for other domestic and foreign branches selected by the Bank.

i) Ensured exceptions noticed during our audit procedures are duly corrected.

II. **Information Technology (IT)and controls impacting financial Reporting**

The Bank's financial accounting and reporting systems are highly dependent on the effective working of the Core Banking Solution (CBS) and other IT systems linked to the CBS or working independently.

Our areas of focus relate to the logic that is fed into the system, sanctity and reliability of the data, access management and segregation of duties. These underlying principles are important because they ensure that changes to applications and data are appropriate, authorized, cleansed and monitored, so that the system generates accurate and reliable reports/ returns and other financial and non-financial information that is used for the preparation and presentation of the financial statements.

Technology (IT) systems are used in financial reporting process. The Bank's operational and financial processes generate extensive volume on daily basis and process varied and complex transactions which are highly dependent on IT systems. There is a risk that automated accounting procedures and related internal controls may not be accurately designed and operating effectively, hence considered as a key audit matter.

Auditors' Responses

Principal Audit Procedures

Our audit procedures include assessment and identification of key IT applications, and further verifying, testing and reviewing the design and operating effectiveness of the IT system on the basis of reports /returns and other financial and non-financial information generated from the system on a test check basis. Our audit procedures included:

a) Obtained an understanding of the Bank's IT control environment and key changes during the audit period that may be relevant to the audit.

b) Reviewed the design, implementation and operating effectiveness of the Bank's IT controls including application, access controls that are critical to financial reporting on test check basis.

c) Where we identified the need to perform additional procedures, we placed reliance on manual compensating controls; such as reconciliations between systems and other information sources or performing additional testing; extended our sample sizes, to obtain adequate and appropriate audit evidence.

d) Reliance on the work performed by the statutory branch auditors and the rectification entries (MOCs) passed based on branch audits.

e) Reliance on external vendor inspection reports wherever made available.

f) Reviewed the IS Audit Reports and discussed with IT Department on compliance with key IT controls.

III. **Classification and Valuation of Investments, Identification of and provisioning for Non-Performing Investments (Schedule 8 read with Note 3 of Schedule 18 to the financial Statements)**

Investments include investments made by the Bank in various Government Securities, Bonds, Debentures, Shares, Security receipts and other approved securities.

Investments constitute 26.05 per cent of the Bank's total assets. These are governed by the circulars and directives of the RBI. These directions of RBI, inter-alia, cover valuation of investments, classification of investments, identification of non-performing investments, the corresponding non-recognition of income and provision there against.

The valuation of unquoted investments and thinly traded investments is an area of inherent risk because of market volatility, unavailability of reliable prices and macroeconomic uncertainty.

Accordingly, our audit was focused on valuation of investments, classification, identification of non-performing investments and provisioning related to investments.

The valuation of each category (type) of the aforesaid securities is to be done as per the method prescribed in circulars and directives issued by the RBI which involves collection of data/information from various sources such as FIBIL rates, rates quoted on BSE/ NSE, financial statements of unlisted companies etc.

Considering the complexities and extent of judgment involved in the valuation, volume of transactions, investments on hand and degree of regulatory focus, we determined the above area as a Key Audit Matter.

Auditors' Responses

Principal Audit Procedures

Our audit approach towards Investments with reference to the RBI Circulars/directives included the understanding of internal controls and substantive audit procedures in relation to valuation, classification, identification of non-performing investments (NPIs), provisioning/depreciation related to Investments.

Our audit procedures with respect to audit of Treasury, focused on -

a) We evaluated and understood the Bank's internal control system to comply with relevant RBI guidelines regarding valuation, classification, identification of NPIs, provisioning/depreciation related to investments.

b) For the selected sample of investments in hand, we

tested accuracy and compliance with the RBI Master Circulars and directions by re-performing valuation for each category of the security. Samples were selected after ensuring that all the categories of investments (based on nature of security) were covered in the sample.

c) Independently test-checked valuation of unquoted investments, based on the financial statements for the year ended 31st March, 2023 or on the basis of other prescribed procedures in terms of the RBI guidelines.

d) We assessed and evaluated the process of identification of NPIs and corresponding reversal of income and creation of provision.

e) We carried out substantive audit procedures to re-compute independently the provision to be maintained and depreciation to be provided in accordance with the circulars and directives of the RBI. Accordingly, we selected samples from the investments of each category and tested for NPIs as per the RBI guidelines and recomputed the provision to be maintained in accordance with the RBI Circular for those selected sample of NPIs.

IV. **Assessment of Provisions and Contingent liabilities including in respect of certain litigations, various claims filed by other parties not acknowledged as debt (Schedule 12 read with Note 15 of Schedule 18 to the financial statements):**

The Bank has disputed claims against it including matters pending at various levels in Tax and non-tax matters which are pending at various courts/forums and are at various stages in the judicial process. The management has exercised significant judgement in assessing the possible outflow in such matters.

There is high level of judgement required in estimating the level of provisioning. The Bank's assessment is supported by the facts of matter, their own judgment, past experience, and advice from legal and independent tax consultants wherever considered necessary. Accordingly, unexpected adverse outcomes may significantly impact the Bank's reported profit and state of affairs presented in the Balance Sheet.

We determined the above area as a Key Audit Matter in view of associated uncertainty relating to the outcome of these matters which requires application of judgment in interpretation of law. Accordingly, our audit was focused on analysing the facts of subject matter under consideration and judgments/ interpretation of law involved.

Auditors' Responses

(c) The financial statements pertaining to the financial year for which the bank is declaring a dividend should be free of any qualifications by the statutory auditors, which have an adverse bearing on the profit during that year. In case of any qualification to that effect, the net profit should be suitably adjusted while computing the dividend payout ratio.

A2. Government of India Guidelines

The Ministry of Finance, Govt. of India vide letter dated 18th January, 2013 has advised Bank to pay a minimum of 20% of paid up capital or 20% of Net Profit (whichever is higher) as dividend.

In case, Bank decides to pay Interim dividend, the total dividend to be paid by the bank based on the annual results shall be as per the above guidelines. Further, any relaxation from the provisions of these instructions requires specific prior permission of the Ministry of Finance, Govt. of India.

The Ministry of Finance, Govt. of India vide letter dated 04th June, 2021 has clarified that the payment of minimum dividend is subject to regulatory guidelines

issued by RBI and, therefore, specific prior permission shall be sought only if the dividend proposed to be paid is less than the minimum required under the guidelines as well as that permissible under regulatory guidelines/ instructions.

B. Interim Dividend

Bank may declare Interim Dividend based on profitability. In such case it will be adjusted while declaring final dividend and the total dividend to be paid by the Bank including interim dividend shall be subject to the limit (Maximum/Minimum) and other conditions as stipulated herein in this policy/RBI guidelines.

C. Internal and External Factors:

The dividend payout decision of the Bank will also depend on certain external factors such as the state of the economy of the country, statutory and regulatory provisions, tax regulations, as may be applicable at the time of declaration of the dividend. Apart from the aforesaid external factors, Board will also take into account various internal factors, such as business growth plans, future capital requirements, replacement of capital assets, interim dividend paid, auditor's qualifications pertaining to statement of accounts & annual financial inspection findings of the RBI with regard to divergence in identification of NPAs, shortfall in provisioning etc. The MD &CEO shall recommend the dividend payout to Board. The decision of the Board regarding proposal of dividend shall be final.

Circumstances under which the shareholders may or may not expect dividend

The distribution of dividend is subject to compliance of the following conditions, as applicable;

i) Profit in the year under consideration,

ii) CRAR>=11.50% (including CET 1 >=5.50%) (Minimum total capital ratio plus capital conservation buffer {9%+2.50%=11.50%} as per RBI Master Circular vide RBI/2022-23/12 DOR.CAP.REC3/21.06.201/2022-23 dated April 1, 2022)

iii) Net NPA less than 7% (5% for Category D as per RBI Payout Matrix)

iv) BASEL III Compliance

v) Tier 1 Leverage Coverage Ratio >3.50%

Utilization of Retained Earnings

The retailed earnings will be used for the Bank's long term growth plans, capital requirements or as per the decision of the bank's board, for the benefit of the bank and its stakeholders or for the compliance of instructions/guidelines received from RBI/ Government of India.

Dividend for Various class of Shares

At present, the bank has only one class of shares i.e. equity shares. In absence of varied class of shares, a single set of parameters has been prescribed for declaring/ distribution of dividend.

Manner of Payment of dividend:

As per Regulation 12 of SEBI (LODR) Regulations, the Bank shall use any of the electronic mode of payment facility approved by the Reserve Bank of India for the payment of the dividends.

Where it is not possible to use electronic mode of payment, 'payable-at-par' warrants or Demand drafts will be issued to the eligible shareholders. If the amount payable as dividend exceeds one thousand and five hundred rupees, the 'payable-at-par' warrants or cheques shall be sent by speed post.

The Company Secretary Department in coordination with Corporate Accounts Department shall ensure the compliance of procedural aspects of distribution of Dividend.

Dividend shall be paid within 30 days from the date of declaration.

Validity:

This policy shall remain valid for three years from the date of approval. Guidelines received from RBI / SEBI/ Government of India and any other statutory bodies during the validity period of the policy will become part of the bank's existing guidelines and will be incorporated in the policy document at the time of its renewal.

The M.D.& CEO may allow continuation of the Policy for a maximum period of six months after the due date of review in case the Policy cannot be reviewed on or before the due date

Annexure – 'Chapter on Compliance'

Following are the brief guidelines/requirements of the regulators/authorities for Dividend Distribution Policy:

Sl No	Circular/Communication No	Subject
1	RBI Circular on 'Declaration of dividends by Banks'- Circular No.: DBOD. NO.BP.BC.88/21.02.067/2004-05 dated 04.05.2005 read with RBI Master Circular – Basel III Capital Regulations (Circular No.: DBR.No.BP. BC.1/21.06.201/2015-16 dated 01.07.2015 as amended by Circular No.: DBR.BP.BC.No.20/21.06.201/2018-19 dated 10.01.2019, Circular No.: RBI / 2020- 21/42 DOR.BP.BC.No15/21.06.201/2020-21 dated 29.09.2020 and Circular No.: RBI/2020-21/93 DOR. CAP. BC. No. 34/21.06.201/2020-21 dated 05.02.2021.)	Declaration of Dividends by Banks
2	DOS.CO.PPG.SEC.No.4/11.01.005/2021-22 dated November 02, 2021	Prompt Corrective Action (PCA) framework for scheduled commercial banks
3	RBI circular RBI/DOR/2021-22/83 DOR.ACC.REC.No.45/21.04.018/2021- 22 dated August 30, 2021(updated as on 11.10.2022), as amended	Master Direction on Financial Statements - Presentation and Disclosures
4	Banking Regulation Act, 1949 [Section 15 (1) & (2) and Section 17]	Restriction as to payment of dividend and Mandatory appropriation of Reserve Fund.
5	Regulation 43A Regulations, 2015 of the SEBI (LODR)	Dividend Distribution Policy
6	GOI Letter F. No. 10/3/2010-BOA dated 18th January, 2013 and GOI Letter F. No. 10/4/2021-BOA dated 4th June, 2021 and GOI Letter F. No. 7/7/2022-BOA1 dated 20th May, 2022	Declaration of dividend by Public Sector Banks
7	Other relevant guidelines issued by RBI, SEBI and Government of India from time to time.	

27वीं वार्षिक आम बैठक हेतु नोटिस

बैंक ऑफ़ बड़ौदा

प्रधान कार्यालय : अलकापुरी, बड़ौदा - 390007
कॉर्पोरेट कार्यालय : बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर, सी-26, ''जी'' ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051.
(वेबसाइट:www.bankofbaroda.in)

एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित कार्यवाही के लिए बैंक ऑफ़ बड़ौदा के शेयरधारकों की 27वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/ अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) से शुक्रवार, दिनांक 07 जुलाई, 2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे** किया जाएगा:

सामान्य कार्यवाही:

मद संख्या 1:

बैंक के 31 मार्च, 2023 के तुलनपत्र, 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लाभ-हानि लेखा, लेखों में समाहित अवधि के लिए बैंक के कार्यनिष्पादन तथा कार्यकलापों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट और तुलन-पत्र एवं लेखों पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार करना, अनुमोदन प्रदान करना व इन्हें स्वीकार करना।

मद सं. 2:

वित्त वर्ष 2022-23 के लिए लाभांश को अनुमोदित और घोषित करना।

विशेष कार्यवाही:

मद संख्या 3:

एक साधारण संकल्प के रूप में निम्नलिखित पर विचार करना और इसे पारित करना

"यह संकल्प पारित किया जाता है कि सेबी (सूचीयन बाध्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015, समय-समय पर यथा संशोधित, के विनियम 17 (1 सी) के अनुसरण में बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (ए) के तहत भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संदर्भ. ईएफ. नं. 4/4/2021-बीओ.आई दिनांक 16 जनवरी, 2023 के माध्यम से दिनांक 20 जनवरी 2023 से उनकी अधिवर्षिता की तारीख अर्थात् 30 जून, 2023 तक या अगले आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो, बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में श्री संजीव चड्ढा की पुनः नियुक्ति को एतद्द्वारा अनुमोदित किया जाता है।"

मद संख्या 4:

एक साधारण संकल्प के रूप में निम्नलिखित पर विचार करना और इसे पारित करना

"यह संकल्प पारित किया जाता है कि सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015, समय-समय पर यथा संशोधित, के विनियम 17 (1सी) के अनुसरण में बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (ए) के तहत भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना ईएफ. नं. 4/6/2021-बीओ.आई दिनांक 21 नवंबर, 2022 के माध्यम से 21 नवंबर, 2022 से 20 नवंबर, 2025 तक या अगले आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री ललित त्यागी की नियुक्ति को एतद्द्वारा अनुमोदित किया जाता है।"

मद संख्या 5:

एक साधारण संकल्प के रूप में निम्नलिखित पर विचार करना और इसे पारित करना

''यह संकल्प पारित किया जाता है कि सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015, समय-समय पर यथा संशोधित, के विनियम 17 (1सी) के अनुसरण में, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (बी) के तहत भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना ईएफ. नं. 6/2/2022-बीओ. आई दिनांक 15 दिसंबर, 2022 के माध्यम से 15 दिसंबर, 2022 से अगले आदेशों तक गैर कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री मुकेश कुमार बंसल की नियुक्ति को एतद्द्वारा अनुमोदित किया जाता है।''

मद संख्या 6:

एक साधारण संकल्प के रूप में निम्नलिखित पर विचार करना और इसे पारित करना

"यह संकल्प पारित किया जाता है कि सेबी (सूचीयन बाध्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015, समय-समय पर यथा संशोधित, के विनियम 17 (1सी) के अनुसरण में बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (ए) के तहत भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 29 अप्रैल, 2023 के माध्यम से 01 जुलाई 2023 को कार्य ग्रहण करने की तारीख या उसके बाद या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, श्री संजीव चड्ढा के स्थान पर प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में श्री देबदत्त चाँद की नियुक्ति को एतद्द्वारा अनुमोदित किया जाता है।"

कृते बैंक ऑफ़ बड़ौदा

संजीव चड्ढा
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

स्थान : मुंबई
दिनांक : 29 मई 2023

नोट:

1. **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/ अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से वार्षिक आम बैठक**

- एमसीए (कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय) ने मई 2020 से जारी विभिन्न परिपत्रों और दिनांक 05 मई, 2022 को जारी सामान्य परिपत्र संख्या 02/2022 तथा परिपत्र संख्या 10/2022 दिनांक 28 दिसंबर, 2022 के माध्यम से कंपनियों को वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से दिनांक 30 सितंबर, 2023 तक अपनी वार्षिक आम बैठक आयोजित करने की अनुमति दी है। एमसीए द्वारा जारी उपर्युक्त परिपत्रों के अनुरूप सेबी

ने भी अपने परिपत्र दिनांक 05 जनवरी, 2023 के माध्यम से सूचीबद्ध संस्थाओं को छूट प्रदान की है।

- उपर्युक्त प्रावधानों के अनुपालन में, बैंक की वार्षिक आम बैठक का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/ अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से किया जा रहा है। **27 वीं एजीएम के आयोजन का स्थान बैंक का प्रधान कार्यालय, वडोदरा माना जाएगा।**

2. प्रॉक्सी और प्राधिकृत प्रतिनिधि(यों) की नियुक्ति:

चूंकि बैठक वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जा रही है, अतः इस एजीएम में शेयरधारकों के लिए बैठक में सहभागिता करने तथा वोट देने के लिए प्रॉक्सी को नियुक्त करने की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

हालांकि, कोई भी व्यक्ति किसी कंपनी/ संस्था के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में बैठक में उपस्थित रहने या वोट देने के लिए हकदार नहीं होगा, जब तक कि उसे विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने सबंधी संकल्प की एक प्रति, संबंधित बैठक जिसमें इसे पारित किया गया है, के अध्यक्ष द्वारा मूल प्रति के रूप में सत्यापित कर यह v-raju.sv@kfintech.com;/companysecretary.bcc@bankofbaroda.com पर बैठक की तारीख से 4 दिन पूर्व अर्थात् 02 जुलाई, 2023 को सायं 4.00 बजे अथवा इससे पहले नहीं भेज दी जाती है।

3. एजीएम प्रतिभागिता

बैंक ने कैफिन टक्नॉलॉजी लिमिटेड (KFIN), रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट्स (आरटीए) को वार्षिक आम बैठक के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा उपलब्ध कराने तथा एजीएम के आयोजन के लिए एटेंडेंट इनेब्लर्स हेतु नियुक्त किया है।

वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से एजीएम के परिपत्रों के प्रावधानों के अनुसार:

ए) शेयरधारक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कनेक्ट करने के लिए उन्हें उपलब्ध कराई गई लॉगिन क्रेडेंशियल के जरिए बैठक में भाग ले सकते हैं। बैठक स्थल पर शेयरधारकों की भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता नहीं है।

बी) शेयरधारक की ओर से उपस्थित होने और वोट देने के लिए प्रॉक्सी की नियुक्ति संबंधी सुविधा उपलब्ध नहीं है।

सी) निकाय कॉर्पोरट्स वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित रहने के लिए प्राधिकृत प्रतिनिधियों को नियुक्त करने और भाग लेने तथा ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट देने के लिए पात्र हैं।

- शेयरधारक नोटिस में उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करते हुए बैठक शुरू होने के 15 मिनट पहले एजीएम में शामिल हो सकते हैं। एजीएम में फीफो (FIFO) आधार पर 1000 तक शेयरधारक भाग ले सकते हैं।
- बड़े शेयरधारकों (2% या उससे अधिक की शेयरधारिता वाले शेयरधारकों), प्रवर्तकों, संस्थागत निवेशकों, निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों, लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्षों, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति और हितधारक संबंधी समिति, लेखापरीक्षकों आदि के संबंध में एजीएम में फीफो आधार पर प्रवेश के कारण कोई प्रतिबंध नहीं होगा।
- एजीएम में भाग लेने वाले शेयरधारकों (शेयरधारकों के लॉगिन) की गिनती बैंक ऑफ़ बड़ौदा आम (शेयर और बैठक) विनियमन, 1998 के तहत कोरम की गणना के उद्देश्य से की जाएगी।
- एजीएम आयोजन संबंधी नोटिस को बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर अपलोड किया गया है। नोटिस को स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों, बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com पर भी एक्सेस किया जा सकता है और यह ई-वोटिंग एजेंसी केएफएन (KFin) की वेबसाइट https://evoting.kfintech.com/ पर भी उपलब्ध है।

4. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एजीएम में भाग लेने हेतु शेयरधारकों के लिए निर्देश:

- शेयरधारक को कैफ़िन (KFin) द्वारा उपलब्ध कराए गए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से एजीएम में भाग लेने की सुविधा प्रदान की जाएगी। शेयरधारक इसे https://emeetings.kfintech.com/ पर रिमोट ईवोटिंग क्रेडेंशियल्स का प्रयोग करते हुए "AGM-Video Conference & Streaming" के आइकॉन पर क्लिक कर एक्सेस कर सकते हैं। लॉगिन करने के बाद, शेयरधारकों को संबंधित कार्यक्रम और बैंक का नाम चुनना होगा। कृपया ध्यान दें कि जिन शेयरधारकों के पास ई-वोटिंग के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड नहीं है या यूजर आईडी और पासवर्ड भूल गए हैं वे नोटिस में उल्लिखित रिमोट ई-वोटिंग निर्देशों का पालन करके इसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं।
- शेयरधारकों को बेहतर अनुभव के लिए गूगल क्रोम/ फायरफॉक्स के साथ लैपटॉप /स्मार्ट फोन के माध्यम से बैठक में शामिल होने के लिए आग्रह किया जाता है।
- साथ ही, ऐसे शेयरधारक जो बैठक में बोलना चाहते हैं उन्हें कैमरा को ऑन (ऑन रखने की अनुमति) रखना होगा और अच्छी स्पीड वाली इंटरनेट सेवा का उपयोग करना होगा ताकि बैठक के दौरान किसी तरह के व्यवधान से बचा जा सके। शेयरधारक पहले भी उसी पोर्टल में 'स्पीकर रजिस्ट्रेशन' के तहत उपलब्ध कराये गए विकल्प के माध्यम से अपने वीडियो को रिकॉर्ड और अपलोड कर सकते हैं।
- कृपया नोट करें कि मोबाइल डिवाइस या टैबलेट या मोबाइल हॉटस्पॉट से जुड़े लैपटॉप के माध्यम से शामिल सदस्यों को उनके अपने नेटवर्क में अप-डाउन के चलते ऑडियो/ वीडियो में खराबी (बंद/ रुक-रुक कर आने) की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। अतः उपर्युक्त समस्याओं से बचने के लिए स्टेबल वाई-फाई या लैन कनेक्शन का उपयोग करें।
- कृपया नोट करें कि शेयरधारकों की समस्या/ विचार/ प्रश्नों का जवाब केवल तभी दिया जाएगा जब शेयरधारक के पास कट ऑफ तारीख अर्थात् 30 जून, 2023 तक शेयर धारित हों। 'एजीएम प्रश्न संबंधी' विंडो 04 जुलाई, 2023 प्रातः 10:00 से 05 जुलाई, 2023 सायं 05:00 बजे तक खुली रहेगी।
- वार्षिक आम बैठक में बोलने और प्रश्न पूछने के इच्छुक शेयरधारकों को https://evoting.kfintech.com/ पर लॉग-इन करना होगा और **''स्पीकर रजिस्ट्रेशन''** पर क्लिक कर अपना डीमैट खाता संख्या/ फोलियो संख्या, शहर, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए प्रस्तुत करना होगा। स्क्रीन पर एक संदर्भ संख्या प्रदर्शित

होगी जिसे एजीएम में प्रश्न एवं उत्तर सत्र के दौरान रिकॉल करने के लिए रखा जाना चाहिए। **ऐसे शेयरधारकों, जिन्होंने 04 जुलाई, 2023 से 05 जुलाई, 2023 की अवधि के दौरान अपने आप को स्पीकर के रूप में पंजीकृत किया है, केवल उन्हें ही अपने विचार रखने /प्रश्न पूछने की अनुमति दी जाएगी।**

- ऐसे शेयरधारक जो **विडियो कॉन्फ्रेंस** के माध्यम से बैठक में भाग लेने में असमर्थ हैं वे एजीएम की कार्यवाही का लाइव वेबकास्ट अपने रिमोट ई-वोटिंग क्रेडेंशियल का उपयोग करते हुए केफिंटेक की ई-वोटिंग वेबसाइट https://emeetings.kfintech.com/ पर लॉगिन कर देख सकते हैं।

5. मतदान का अधिकार

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 3 की उपधारा (2ई) के अनुसार केंद्र सरकार से इतर प्रतिनिधि नये बैंक का कोई भी शेयरधारक स्वयंधारित शेयरों के संबंध में **बैंक के सभी शेयरधारकों के कुल मताधिकार के दस प्रतिशत** से अधिक मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पात्र नहीं होगा।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा आम (शेयरों एवं बैठकें) विनियमन,1998 के विनियम 10 के अनुसार, यदि कोई शेयर दो या उससे अधिक व्यक्तियों के नाम पर है तो मतदान के लिए रजिस्टर में अंकित प्रथम व्यक्ति को उन शेयरों का एकलधारक समझा जायेगा। अतः यदि शेयर संयुक्त धारकों के नाम पर हैं तो प्रथम अंकित व्यक्ति ही एजीएम बैठक में भाग लेने का पात्र है और केवल वह ही रिमोट ई-वोटिंग अथवा एजीएम बैठक में वोटिंग, यदि वोटिंग के अधिकार का प्रयोग रिमोट ई-वोटिंग के द्वारा नहीं किया जाता है, कार्यसूची पर मत देने का पात्र होगा।

6. एजीएम में रिमोट ई-वोटिंग और वोटिंग विनिर्दिष्ट तारीख़ - शेयरधारकों के रजिस्टर की बंदी:

सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियम 42 और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के साथ पठित बैंक ऑफ़ बड़ौदा आम (शेयर और बैठकें) संशोधन विनियमन, 2008 के विनियम 12 के अनुसरण में बैंक के शेयरधारकों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक शनिवार, 1 जुलाई, 2023 से शुक्रवार, 7 जुलाई, 2023 तक (दोनों दिन सहित) वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 27वीं वार्षिक आम बैठक और लाभांश के भुगतान के उद्देश्य से बंद रहेगा। तदनुसार, वे शेयरधारक जिनके पास शुक्रवार, 30 जून, 2023 (विनिर्दिष्ट तारीख) को बैंक के शेयर हैं, वे एजीएम में रिमोट ई-वोटिंग या वोटिंग के माध्यम से भाग लेने एवं बैठक की कार्यसूची पर मतदान करने में सक्षम होंगे तथा वित्त वर्ष 2022-23 के लिए लाभांश, यदि कोई हो, प्राप्त करने के लिए भी पात्र होंगे।

7. लाभांश का भुगतान

बैंक के निदेशक मंडल ने दिनांक 16 मई, 2023 को संपन्न अपनी बैठक में दिनांक 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए पूर्णतः प्रदत्त प्रति रु 2/- के इक्विटी शेयर पर रु. 5.50/- (पांच रुपये पचास पैसे मात्र) की दर से लाभांश की अनुशंसा की है। निदेशक मंडल द्वारा यथा अनुशंसित और 27 वीं वार्षिक आम बैठक में अनुमोदित लाभांश का भुगतान निम्नानुसार किया जाएगा:

ए) दिनांक 30 जून, 2023 को व्यावसायिक कार्यसमय की समाप्ति तक नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा यथा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में सभी लाभार्थी स्वामी को;

बी) दिनांक 30 जून, 2023 को व्यावसायिक कार्यसमय की समाप्ति पर या उससे पहले बैंक/ बैंक के आरटीए के पास दर्ज किए गए ट्रांसफर अनुरोधों के संबंध में वैध ट्रांसफर को प्रभावी करने के बाद भौतिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में सभी सदस्यों को;

सी) ये लाभांश 27वीं वार्षिक आम बैठक की तारीख से 30 दिनों के भीतर पात्र शेयरधारकों को वितरित किए जाएंगे।

डी) आयकर दिशानिर्देशों के अनुसार लाभांश भुगतान पर लागू कर की कटौती की जाएगी।

8. रिमोट ई-वोटिंग

सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियम 44 के अनुसरण में, आपके बैंक को, शेयरधारकों को बैठक के नोटिस में उल्लेखित मदों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान करते हुए प्रसन्नता हो रही है। इस विषय में शेयरधारकों को निम्नानुसार सूचित किया जाता है:

ए. बैंक ने ई-वोटिंग प्लेटफार्म उपलब्ध कराने हेतु **केफिन को रिमोट ई-वोटिंग एजेंसी** के रूप में नियुक्त किया है।

बी. **रिमोट ई-वोटिंग हेतु पोर्टल मंगलवार, 04 जुलाई, 2023 को सुबह 9.00 बजे से बृहस्पतिवार, 06 जुलाई, 2023 को शाम 5.00 बजे तक पूरे समय खुला रहेगा (दोनों दिन सहित)।**

सी. **रिमोट ई-वोटिंग वैकल्पिक है।**

इस **निर्दिष्ट तारीख अर्थात् शुक्रवार, 30 जून, 2023** को मूर्त या अमूर्त (डिमैटेरिलाइज्ड) रूप में बैंक का शेयर धारित करने वाले शेयरधारक इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट दे सकेंगे।

डी. **आरटीए पोर्टल के माध्यम से रिमोट ई-वोटिंग के अनुदेश (डीमैट और भौतिक शेयरधारकों के लिए)** निम्नानुसार हैं:-

i. जो शेयरधारक उपर्युक्त कट-ऑफ डेट को वोट देने हेतु पात्र हैं, ई-वोटिंग के लिए **04 जुलाई, 2023** को सुबह 9 बजे पोर्टल खुलने पर निम्नलिखित यूआरएल का उपयोग करें: https://evoting.kfintech.com

ii. लॉग-इन क्रेडेंसियल अर्थात् नोटिस के साथ संलग्न उपस्थिति पर्ची में उल्लिखित यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्रविष्ट करें।

iii. उपयुक्त रूप से ब्यौरा दर्ज करने के बाद लॉग-इन पर क्लिक करें।

iv. आप 'पासवर्ड बदले' मेनू में पहुंचेंगे, जहां आपको अनिवार्यतः अपना पासवर्ड बदलना होगा। नए पासवर्ड में एक अपर केस (A से Z), एक लोअर केस (a से z), एक अंक (0-9) तथा एक विशेष कैरेक्टर सहित न्यूनतम 8 कैरेक्टर होंगे। सिस्टम आपको पहली बार लॉगिन करते समय पासवर्ड बदलने तथा किसी भी संपर्क विवरण जैसे मोबाइल, ई- मेल आदि को अद्यतन करने हेतु कहेगा। आप यदि अपना पासवर्ड भूल गये हैं, तो उसे पुनः प्राप्त करने हेतु अपनी पसंद के गोपनीय प्रश्न और उत्तर की प्रविष्टि भी कर सकते हैं। **यह दृढतापूर्वक सिफारिश**

की जाती है कि अपना पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति से साझा न करें और इसे गोपनीय रखने हेतु अत्यंत सावधानी बरतें।

v. आपको नए क्रेडेंसियल से पुनः लॉग-इन करना होगा।

vi. सफलतापूर्वक लॉग-इन के बाद, सिस्टम आपको EVEN अर्थात् बैंक ऑफ़ बड़ौदा का चयन करने हेतु निर्देश देगा। वोटिंग पृष्ठ पर, निर्दिष्ट तारीख (30 जून, 2023) को शेयरधारक द्वारा यथा धारित शेयरों की संख्या प्रदर्शित होगी। ASSENT अथवा DISSENT पर क्लिक करके शेयरधारक (कों) के पास टॉप पर सभी विनियमन के लिए एक बार में ही वोट करने का विकल्प होगा। वैकल्पिक तौर पर आप प्रत्येक संकल्प के लिए ASSENT अथवा DISSENT पर क्लिक करके प्रत्येक संकल्प के लिए वैयक्तिक रूप से अलग-अलग वोट कर सकते हैं। पुष्टि करने हेतु"OK"पर क्लिक करें, अन्यथा परिवर्तन करने हेतु 'CANCEL' पर क्लिक करें। **एक बार पुष्टि करने के बाद आप वोट में परिवर्तन नहीं कर सकते। वोटिंग अवधि के दौरान, शेयरधारक संकल्प पर वोट देने के पूर्व कितनी भी बार लॉग-इन कर सकता है।**

vii. एक से अधिक फोलियो/ डीमैट खाता रखने वाले शेयर धारकों को प्रत्येक फोलियो/ डीमैट खाते के लिए अलग से वोटिंग प्रक्रिया का चयन करना होगा। **तथापि, शेयरधारक कृपया नोट करें कि बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3 (2ई) के अनुसार, भारत सरकार से इतर किसी भी शेयरधारक को, बैंक की कुल शेयरधारिता के 10% से अधिक के लिए वोट देने की अनुमति नहीं होगी।**

viii. उपर्युक्त अनुसार पोर्टल बंद हो जाएगा और बंद होने पर यह सुविधा तत्काल समाप्त हो जाएगी.

ix. बैंक ने मेसर्स एस.एन. अनंतसुब्रमणयन एंड कं., कंपनी सचिव को ई-वोटिंग प्रक्रिया को उचित एवं पारदर्शी तरीके से संचालित करने हेतु संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया है।

x. संस्थागत शेयरधारक (अर्थात् वैयक्तिक, एचयूएफ, एनआरआई आदि से इतर) जो वोट देने हेतु प्राधिकृत हों, उन्हें विधिवत् प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता(ओं) के अनुप्रमाणित नमूना हस्ताक्षर सहित संबंधित बोर्ड संकल्प/ प्राधिकार-पत्र की स्कैंड (पीडीएफ/ जेपीजी प्रारूप) प्रति scrutinizer@snaco.net पर ई- मेल के माध्यम से संवीक्षक को भेजना अपेक्षित है।

xi. ऐसे शेयरधारक, जो 27वीं एजीएम के लिए नोटिस/ वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 के प्रेषण हेतु कट-ऑफ-डेट एवं ई-वोटिंग हेतु कट-ऑफ-डेट के बीच शेयर अर्जित करते हैं तथा अपना ई-मेल आईडी अपने संबंधित डीपी के पास रजिस्टर किया है, उन्हें इस संबंध में आरटीए के माध्यम से सूचना दी जाएगी। ऐसे अन्य शेयरधारक विवरण प्राप्त करने हेतु बैंक की वेबसाइट देखें।

xii. इस संबंध में किसी भी प्रश्न की स्थिति में आप https://evoting.karvy.com पर डाउनलोड खंड में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ) तथा शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग यूजर मैन्यूअल का अवलोकन कर सकते हैं अथवा केफिन टेक्नोलॉजी लिमिटेड (यूनिट: बैंक ऑफ़ बड़ौदा), सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट नं. 31 एवं 32 गाचीबोवली, फाइनेंसियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रमगुड़ा, सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद- 500 032 के श्री एस वी राजू, डीवीपी/ श्री शैबल हरिपद रॉय-एवीपी से ईमेल v-raju.sv@kfintech.com/ shaibal.roy@kfintech.com एवं दूरभाष संख्या 1800 309 4001 (टोल फ्री) पर संपर्क कर सकते हैं।

ई-वोटिंग के लिए लॉगिन विधि:

- **केवल डीमैट में प्रतिभूति धारित करने वाले वैयक्तिक सदस्यों के लिए लागू**

  सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की गई ई-वोटिंग सुविधा पर सेबी के 9 दिसंबर, 2020 के परिपत्र के अनुसार डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले वैयक्तिक सदस्यों को डिपॉजिटरी और डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ संचालित अपने डीमैट खाते के माध्यम से वोट करने की अनुमति है। सदस्यों को सूचित किया जाता है कि ई-वोटिंग सुविधा को एक्सेस करने के लिए अपने डीमैट खातों में अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी अद्यतन करें।

  वैयक्तिक सदस्य (डीमैट मोड में प्रतिभूति धारित करने वाले) डिपॉजिटरी के माध्यम से लॉगिन करें

  डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले वैयक्तिक सदस्यों के लिए लॉगिन प्रक्रिया निम्नानुसार है:

एनएसडीएल	सीडीएसएल
1. आईडीएएस सुविधा के लिए पहले से पंजीकृत उपयोगकर्ता: I. यूआरएल: https://eservices.nsdl.com II. "आइडीईएएस" खंड के अंतर्गत ''Beneficial Owner'' आइकन पर क्लिक करें। III. नए पेज पर यूजर आईडी और पासवर्ड दर्ज करें। सफल प्रमाणीकरण के बाद "Access to e-Voting" पर क्लिक करें। IV. कंपनी के नाम या ई-वोटिंग सेवा प्रदाता पर क्लिक करें और रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान वोट देने के लिए आपको ई-वोटिंग सेवा प्रदाता वेबसाइट पर रि-डायरेक्ट किया जाएगा।	1. मौजूदा उपयोगकर्ता जिन्होंने Easi/ Easiest के विकल्प का चयन किया है I. यूआरएल: https://web.cdslindia.com/myeasi/home/login या यूआरएल: www.cdslindia.com II. न्यू सिस्टम मायसी पर क्लिक करें। III. यूजर आईडी और पासवर्ड से लॉग इन करें। IV. बिना किसी अन्य प्रमाणीकरण के ई-वोटिंग पेज पर पहुँचने का विकल्प भी उपलब्ध कराया जाएगा। V. अपना वोट देने के लिए ई-वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें।

एनएसडीएल	सीडीएसएल
2. ऐसे उपयोगकर्ता जो आईडीईएएस ई-सेवाओं के लिए पंजीकृत नहीं है I. पंजीकृत करने के लिए लिंक पर क्लिक करें: https://eservices.nsdl.com II. ''Register Online for IDeAS'' चुनें। III. अपेक्षित फ़ील्ड को पूरा करते हुए आगे बढ़ें। ऐसे उपयोगकर्ता जो आईडीईएएस ई-सेवाओं के लिए पंजीकृत नहीं है I. पंजीकृत करने के लिए लिंक पर क्लिक करें: https://eservices.nsdl.com/SecureWeb/IdeasDirectReg.jsp II. अपेक्षित फ़ील्ड को पूरा करते हुए आगे बढ़ें।	2. ऐसे उपयोगकर्ता जो Easi/ Easiest के लिए पंजीकृत नहीं है. I. पंजीकृत करने का विकल्प https://web.cdslindia.com/myeasi/Registration/EasiRegistration पर उपलब्ध है। II. अपेक्षित फील्ड को पूरा करते हुए आगे बढ़ें।
3. एनएसडीएल की ई-वोटिंग वेबसाइट देखें I. यूआरएल: https://www.evoting.nsdl.com/ II. "Shareholder/ Member" खंड के अंतर्गत उपलब्ध आइकन "login" पर क्लिक करें। III. स्क्रीन पर यथा प्रदर्शित उपयोगकर्ता आईडी (अर्थात् एनएसडीएल के पास धारित 16 अंकों का डीमैट खाता संख्या), पासवर्ड/ ओटीपी और एक सत्यापन कोड दर्ज करें। IV. सफल प्रमाणीकरण के बाद आपको एनएसडीएल डिपॉजिटरी साइट पर रि-डायरेक्ट कर दिया जाएगा, जहां आप ई-वोटिंग पेज देख सकते हैं। V. कंपनी के नाम या ई-वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें और रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान अपना वोट डालने के लिए आपको ई-वोटिंग सेवाप्रदाता की वेबसाइट पर रिडाइरेक्ट किया जाएगा।	3. सीडीएसएल की ई-वोटिंग वेबसाइट देखें I. यूआरएल: www.cdslindia.com II. डीमैट खाता संख्या और पैन नंबर दर्ज करें। III. सिस्टम पंजीकृत मोबाइल और ईमेल पर ओटीपी भेजकर उपयोगकर्ता को प्रमाणित करेगा जैसा कि डीमैट खाते में दर्ज है। IV. सफल प्रमाणीकरण के बाद उपयोगकर्ता को संबंधित ईएसपी के लिए लिंक उपलब्ध कराया जाएगा जहां ई-वोटिंग प्रक्रियाधीन है।

वैयक्तिक सदस्य (डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले) का अपने डिपॉजिटरी सहभागी के माध्यम से लॉगिन

आप ई-वोटिंग सुविधा के लिए एनएसडीएल/सीडीएसएल के साथ पंजीकृत अपने डिपॉजिटरी सहभागी के माध्यम से अपने डीमैट खाते के लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके भी लॉगिन कर सकते हैं। लॉगिन करने पर आप ई-वोटिंग विकल्प देख सकते हैं। ई-वोटिंग विकल्प पर क्लिक करें और सफल अधिप्रमाणन के बाद आपको एनएसडीएल/सीडीएसएल डिपॉजिटरी साइट पर रिडाइरेक्ट किया जाएगा। कंपनी के नाम या ई-वोटिंग सेवाप्रदाता के नाम पर क्लिक करें और रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान अपना वोट डालने के लिए आपको ई-वोटिंग सेवाप्रदाता की वेबसाइट पर रिडाइरेक्ट किया जाएगा।

महत्वपूर्ण नोट:

ऐसे सदस्य, जो अपना यूजर आईडी/पासवर्ड प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं, आपसे अनुरोध है कि ऊपर उल्लिखित वेबसाइट पर उपलब्ध यूजर आईडी भूल गए/पासवर्ड भूल गए के विकल्प का उपयोग करें।

किसी प्रकार की तकनीकी समस्या का सामना कर रहे सदस्य - एनएसडीएल	किसी प्रकार की तकनीकी समस्या का सामना कर रहे सदस्य - सीडीएसएल
लॉगिन के दौरान किसी प्रकार की तकनीकी समस्या का सामना कर रहे सदस्य एनएसडीएल हेल्पडेस्क evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर या 1800 1020 990 तथा 1800 22 44 30 पर कॉल कर संपर्क कर सकते हैं।	लॉगिन के दौरान किसी प्रकार की तकनीकी समस्या का सामना कर रहे सदस्य सीडीएसएल हेल्पडेस्क helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेज कर या 022-23058738 और 22-23058542-43 पर संपर्क कर सकते हैं।

- **गैर-वैयक्तिक सदस्यों और भौतिक रूप में शेयर धारित करने वाले सदस्यों के लिए लागू**

गैर-वैयक्तिक सदस्यों और भौतिक रूप में शेयर धारित करने वाले सदस्यों हेतु लॉगिन करने की विधि निम्नानुसार है:

रिमोट ई-वोटिंग के लिए प्रक्रिया और अनुदेश निम्नानुसार हैं:

ए. प्रारंभिक पासवर्ड ईमेल में दिया गया है।

बी. इंटरनेट ब्राउज़र खोलें और एड्रेस बार में URL:https://evoting.kfintech.com टाइप करें

सी. आपके ईमेल में उल्लिखित लॉगिन क्रेडेंशियल यानी यूजर आईडी और पासवर्ड दर्ज करें। आपका फोलियो नंबर/डीपी आईडी क्लाइंट आईडी आपकी यूजर आईडी होगी। हालांकि, यदि आप पहले से ही ई-वोटिंग के लिए केफिन के साथ पंजीकृत हैं, तो वोट डालने के लिए अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग करें।

डी. उचित रूप से विवरण दर्ज करने के बाद, लॉगिन पर क्लिक करें।

ई. आप पासवर्ड चेंज मेनू पर पहुंच जाएंगे जहां आपको अपना पासवर्ड अनिवार्य रूप से बदलना होगा। नए पासवर्ड में कम से कम एक अपर केस (A-Z), एक लोअर केस (A-Z), एक संख्यात्मक मान (0-9) और एक विशेष कैरेक्टर (@,#,$ आदि) के साथ न्यूनतम 8 कैरेक्टर होने चाहिए। यह दृढ़तापूर्वक से अनुशंसा की जाती है कि अपना पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा न करें और अपने पासवर्ड को गोपनीय रखने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतें।

एफ. आपको नए क्रेडेंशियल के साथ फिर से लॉगिन करना होगा।

जी. सफलतापूर्वक लॉगिन पर, सिस्टम आपको EVENT यानी बैंक ऑफ़ बड़ौदा का चयन करने के लिए कहेगा।

एच. वोटिंग पेज पर, विनिर्दिष्ट तारीख को आपके द्वारा धारित शेयरों की संख्या (जो वोटों की संख्या दर्शाएगी) दिखाई देगी। यदि आप संकल्प हेतु सहमति/ असहमति सभी के लिए वोट देना चाहते हैं तो सभी शेयर दर्ज करें और 'For'/'Against' जैसा भी मामला हो अथवा आंशिक रूप से 'For' और आंशिक रूप से 'Against' पर क्लिक करें, किन्तु 'For' और/या 'Against' को मिलाकर कुल संख्या विनिर्दिष्ट तारीख को आपकी कुल शेयरधारिता से अधिक नहीं होनी चाहिए। आप 'ABSTAIN' विकल्प भी चुन सकते हैं और इन धारित शेयरों की गणना किसी भी शीर्ष के अंतर्गत नहीं की जाएगी।

आई. कई फोलियो/ डीमैट खाते रखने वाले सदस्य प्रत्येक फोलियो/ डीमैट खाते के लिए अलग से वोटिंग प्रक्रिया का चयन करेंगे।

जे. किसी उपयुक्त विकल्प का चयन करके अपना वोट दें और 'SUBMIT' पर क्लिक करें। एक पुष्टि बॉक्स दिखाई देगा। पुष्टि करने के लिए 'Ok' पर क्लिक करें, अन्यथा संशोधित करने के लिए 'CANCEL' पर क्लिक करें। एक बार पुष्टि करने के बाद, आपको बाद में अपना वोट संशोधित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मतदान अवधि के दौरान, जब तक कि आपने यह पुष्टि नहीं की है कि आपने संकल्प के लिए मतदान किया है, आप कई बार लॉगिन कर सकते हैं।

के. कॉर्पोरेट/ संस्थागत सदस्यों (अर्थात् व्यक्तियों, एचयूएफ, एनआरआई, आदि से इतर) से यह अपेक्षित है कि वे विधिवत प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता(ओं) जो वोट देने के लिए प्राधिकृत हैं, के सत्यापित नमूना हस्ताक्षर सहित संबंधित बोर्ड के संकल्प/ प्राधिकार पत्र आदि की प्रमाणित मूल प्रति की स्कैन प्रति (पीडीएफ/ जेपीजी प्रारूप) संवीक्षक को ईमेल के माध्यम से scrutnizer@snaco.net पर प्रेषित करें और इसे अपने लॉगिन में ई-वोटिंग मॉड्यूल में भी अपलोड कर सकते हैं।

9. वार्षिक आम बैठक में मतदान प्रक्रिया

कार्यसूची की मदों पर वोटिंग, रिमोट ई-वोटिंग के साथ-साथ एजीएम में वोटिंग के माध्यम से होगी। जो रिमोट ई-वोटिंग के विकल्प का प्रयोग नहीं करते हैं वे बैठक की तारीख को एजीएम में आयोजित की जाने वाली वोटिंग में अपना वोट देने हेतु पात्र होंगे।

10. रिमोट ई-वोटिंग/ बैठक में वोटिंग के संवीक्षक

मेसर्स एस.एन. अनंतसुब्रमण्यन एंड कंपनी, कंपनी सचिव बैठक की कार्यसूची की सभी मदों के संबंध में रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग दोनों के लिए संवीक्षक के रूप में कार्य करेंगे।

11. रिमोट ई-वोटिंग और बैठक में वोटिंग के परिणाम

रिमोट ई-वोटिंग और एजीएम में वोटिंग के समेकित परिणामों की घोषणा दो कार्य दिवसों के भीतर या बैठक के अंत में की जाएगी तथा इसे बैंक, स्टॉक एक्सचेंज और केफिन की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा।

12. पते में परिवर्तन/ लाभांश अधिदेश

ए) बैंक नोटिस भेजने/ पत्राचार के लिए एनएसडीएल/ सीडीएसएल के साथ पंजीकृत और संबंधित डिपॉजिटरी से आरटीए द्वारा डाउनलोड किए गए पते के विवरणों का उपयोग करेगा। इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि डीमैट खाते में पंजीकृत उनका पता संबंधित डिपॉजिटरी सहभागी के पास अद्यतन किया जाना चाहिए ताकि उसे तत्काल अद्यतन किया जा सके। बैंक या उसके रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट पते में किसी भी बदलाव के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों से सीधे प्राप्त किसी भी अनुरोध पर कार्रवाई नहीं कर सकते हैं। इस प्रकार का कोई भी परिवर्तन केवल शेयरधारकों के डिपॉजिटरी सहभागी को सूचित किया जाना चाहिए।

बी) भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि यदि उनके पते में परिवर्तन हो तो इसकी सूचना वैध दस्तावेजी साक्ष्य और विधिवत हस्ताक्षरित औपचारिक अनुरोध आवेदन के साथ तत्काल बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, अर्थात् केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद को दी जानी चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों को अपने पते में किसी भी प्रकार के बदलाव को केवल **संबंधित डिपॉजिटरी सहभागी के पास रजिस्टर करना चाहिए न कि बैंक अथवा बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट के पास।**

सी) शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे बैंक अथवा बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट के साथ किसी भी प्रकार के पत्र-व्यवहार में अपने संबंधित फोलियो नंबर (उनके लिए, जिनके पास शेयर भौतिक रूप में हैं) और अपना संबंधित डीपी आईडी/ग्राहक आईडी नंबर (उनके लिए, जिनके पास शेयर इलेक्ट्रॉनिक रूप में हैं) का उल्लेख अवश्य करें।

13. भौतिक शेयरधारकों द्वारा पैन, नामांकन, संपर्क विवरण, बैंक खाते का विवरण और नमूना हस्ताक्षर प्रस्तुत किया जाना

सेबी ने अपने परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी-पीओडी-1/पी/सीआईआर/ 2023/37 दिनांक 16 मार्च, 2023 के माध्यम से निम्नलिखित सूचना दी है:

1. सूचीबद्ध कंपनियों में भौतिक प्रतिभूतियों के सभी धारकों के लिए यह अनिवार्य है कि अपने संबंधित फोलियो नंबरों के लिए पैन, नामांकन, संपर्क विवरण, बैंक खाता विवरण एवं नमूना हस्ताक्षर प्रस्तुत करें।

2. दिनांक 01 अक्तूबर, 2023 को या उसके बाद जिन फोलियो में उपर्युक्त में से कोई भी दस्तावेज/ विवरण उपलब्ध नहीं होगा, उसे आरटीए द्वारा फ्रीज कर दिया जाएगा।

3. जिन प्रतिभूति धारकों के फोलियो को फ्रीज कर दिया गया है, वे (1) उपर्युक्त पैरा 1 में उल्लिखित संपूर्ण दस्तावेज/ विवरण प्रस्तुत करने के बाद ही आरटीए से कोई सेवा अनुरोध प्राप्त करने या शिकायत दर्ज करने के लिए पात्र होंगे। (2) दिनांक 01 अप्रैल, 2024 से ऐसे फ्रीज किए गए फोलियो के संबंध में लाभांश, ब्याज या मोचन भुगतान सहित कोई भी भुगतान इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किया जाएगा।

4. फ्रीज किए हुए फोलियो, यदि वे दिनांक 31 दिसंबर, 2025 तक फ्रीज रहते हैं, को आरटीए/ बैंक द्वारा बेनामी संव्यवहार (प्रतिषेध) अधिनियम, 1988 एवं/ अथवा धन-शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत प्रशासनिक प्राधिकारी को संदर्भित किया जाएगा।

14. **शेयरधारकों के लिए संपर्क विवरण**

इस संप्रेषण के संबंध में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के शेयरों / लाभांश संबंधी किसी भी मामले या अन्य मुद्दों पर स्पष्टीकरण / सहायता के लिए आप निम्नलिखित पते पर हमसे / आरटीए से संपर्क कर सकते हैं (कृपया अपने संप्रेषण में अपने फोलियो नंबर / टेलीफोन नंबर / मोबाइल नं / ईमेल पते का उल्लेख करें)

केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, (यूनिट: बैंक ऑफ़ बड़ौदा), सेलेनियम बिल्डिंग, टॉवर बी, प्लॉट 31 एवं 32, फाइनांशियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रमगुड़ा, सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना, भारत - 500 032. ई-मेल: einward.ris@kfintech.com टोल फ्री/फोन नंबर: 1800-309-4001 व्हाट्सएप नंबर : (91) 9100094099 केप्रिज्म (मोबाइल एप्लिकेशन): https://kprism.kfintech.com/ केफिनटेक कॉर्पोरेट वेबसाइट: https://www.kfintech.com आरटीए वेबसाइट: https://ris.kfintech.com निवेशक सहायता केंद्र (डीआईवाई लिंक): https://ris.kfintech.com/clientservices/isc	**बैंक ऑफ़ बड़ौदा,** निवेशक सेवाएं विभाग, 7 वां तल, बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर, सी-26, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ईस्ट) मुंबई - 400 051. टेलीफोन : 022 - 66985731/ 5743, सामान्य नंबर : 022-6698 5000-04 (पीबीएक्स) ई-मेल: investorservices@bankofbaroda.com बैंक की वेबसाइट पर शेयरधारक का खंड https://www.bankofbaroda.in/shareholders-corner/

15. भौतिक शेयरों का अभौतिकीकरण - एक विशेष अनुरोध:

1. सेबी ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति संख्या 12/2019 दिनांक 27.03.2019 के माध्यम से यह निर्णय लिया है कि प्रतिभूतियों के ट्रांसमिशन या ट्रांसपोजिशन के मामले को छोड़कर 01.04.2019 से प्रतिभूतियों के अंतरण संबंधी अनुरोध तब तक प्रोसेस नहीं किए जाएंगे जब तक कि वे किसी डिपॉजिटरी के पास डिमैट रूप में न हों, अतः हम शेयरधारकों से अनुरोध करते हैं कि वे तुरंत अपने भौतिक शेयरों को डिमैट करवा लें।

2. सेबी (सूचीयन दायित्व तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 40(1) के अनुसार 1 अप्रैल, 2019 से भौतिक रूप में रखी गई प्रतिभूतियों के अंतरण को बंद कर दिया गया है। तदनुसार शेयरों का अंतरण तभी किया जा सकता है, जब शेयर डीमैट रूप में रखे गए हों।

3. इसके अलावा, सेबी ने परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी-आरटीएएमबी/पी/ सीआईआर/2022/8 दिनांक 25 जनवरी, 2022 के माध्यम से निर्णय लिया कि सूचीबद्ध कंपनियां डुप्लीकेट शेयर प्रमाण पत्र, ट्रांसमिशन, ट्रांसपोजिशन आदि जारी करने के अनुरोधों को प्रोसेस करते समय केवल डीमैट रूप में ही प्रतिभूतियां जारी करेंगी।

   उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, हम बैंक के उन सभी शेयरधारकों से अनुरोध करते हैं, जिन्होंने शेयरों को भौतिक रूप में रखा है, कृपया अपने शेयरों को भौतिक से अभौतिक रूप में परिवर्तन करा लें।

शेयरों को डीमैट रूप में रखने के मुख्य लाभ निम्नानुसार हैं:

i. भौतिक शेयर प्रमाण पत्र के गुम होने या क्षति की संभावना समाप्त हो जाती है;

ii. शेयर प्रमाणपत्रों के फटने या धोखाधड़ी या कटने-फटने की संभावना समाप्त हो जाती है;

iii. अभौतिकीकरण शेयरों की पेपरलेस ट्रेडिंग की सुगम और आसान सुविधा प्रदान करता है। एक बार डिपॉजिटरी भागीदार (डीपी) के पास डीमैट खाता खोलने के बाद शेयरधारक आसानी से इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर खरीद या बेच सकते हैं।

16. भौतिक रूप में शेयरों के अभौतिकीकरण की प्रक्रिया:

मौजूदा शेयर प्रमाणपत्र के विवरणों में कोई परिवर्तन न होने की स्थिति में अभौतिकीकरण की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी:

ए. उन शेयरधारकों के लिए जिनके पास डीमैट खाता नहीं है:

शेयरधारक(कों) को बैंक ऑफ़ बड़ौदा की नजदीकी शाखा या किसी अन्य डिपॉजिटरी भागीदार (डीपी) से संपर्क करना होगा एवं उसी नाम तथा स्वरूप में डीमैट खाता खोलना होगा, जिसमें शेयरधारक बैंक ऑफ़ बड़ौदा में शेयर धारित करता है।

डीमैट खाता खोलने के बाद शेयरधारक (कों) को डीपी को विधिवत भरे हुए और हस्ताक्षरित डीमैट अनुरोध फॉर्म (डीआरएफ) के साथ मूल शेयर प्रमाण पत्र (त्रों) प्रस्तुत करना होगा, जो उसे बैंक के आरटीए को अग्रेषित करेगा।

आरटीए डीआरएफ की जांच/ सत्यापन करेगा और सही पाये जाने पर शेयरधारक (कों) के डीमैट खाते में समान संख्या में शेयर जमा कर दिए जाएंगे।

बी. पहले से डीमैट खाता रखने वाले शेयरधारकों के लिए:

शेयरधारक (कों) जिनके पास पहले से ही डीमैट खाता है, उन्हें यह जांचने की आवश्यकता होगी कि क्या मौजूदा डीमैट खाता बैंक ऑफ़ बड़ौदा में शेयरधारिता के अनुरूप उसी नाम और स्वरूप में है। यदि हां, तो शेयरधारक (कों) को मूल शेयर प्रमाणपत्र के साथ विधिवत रूप से भरा हुआ और हस्ताक्षरित डीआरएफ, डीपी को प्रस्तुत करना होगा, जो इसे बैंक के आरटीए को अग्रेषित करेगा।

आरटीए डीआरएफ की जांच/ सत्यापन करेगा और, यदि सही पाया जाता है, तो शेयरधारक(कों) के डीमैट खाते में समान संख्या में शेयर जमा किए जाएंगे।

यदि मौजूदा डीमैट खाते में तदनुरूप नाम नहीं है, तो शेयरधारक (कों) को मार्गदर्शन के लिए अपने डीपी से संपर्क करना चाहिए।

मौजूदा शेयर प्रमाणपत्रों के विवरणों में परिवर्तन की स्थिति में, कृपया बिंदु संख्या 14 में उल्लिखित पते पर हमारे आरटीए अर्थात् केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड से संपर्क करें।

17. आईईपीएफ को अदावी लाभांश/ शेयरों का अंतरण

निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखापरीक्षा, अंतरण और धनवापसी) नियमावली, 2016 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124 के साथ पठित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 10बी और उसके अनुवर्ती संशोधन ("नियमावली") के अनुसार, सभी अदावी लाभांशों को बैंक द्वारा अदत्त लाभांश खाते में ट्रांसफर की तारीख से सात साल की समाप्ति के बाद केंद्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा संरक्षण कोष (आईईपीएफ) में ट्रांसफर करना आवश्यक है। इसके अलावा, वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन (ओएम) एफ सं.13/2/2015-बीओ.II दिनांक 29 अक्टूबर, 2021 के साथ पठित निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखापरीक्षा, अंतरण और धनवापसी) नियमावली, 2016 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 124 (6) के अनुसार ऐसे सभी शेयर, जिनके संबंध में लाभांश लगातार सात वर्षों या उससे अधिक के लिए अदत्त/ अदावी रहा है और आईईपीएफ को ट्रांसफर किया गया है, भी आईईपीएफ में ट्रांसफर के लिए पात्र हैं।

इसके अनुपालन में बैंक को ऐसे शेयरधारक (कों), जिन्होंने पिछले सात वर्षों या उससे अधिक समय से आईईपीएफ को लाभांश का दावा नहीं किया है, अदावी शेयरों को आईईपीएफ को ट्रांसफर करना होगा। बैंक पहले ही वित्त वर्ष 2013-14 तक के अदावी लाभांश को आईईपीएफ को ट्रांसफर कर चुका है।

शेयरधारकों के अदावी लाभांश के विवरण बैंक की वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in/shareholders-corner/unpaid-dividend और केफिन https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/default.aspx पर उपलब्ध हैं।

हम उन शेयरधारकों से अनुरोध करते हैं कि वे अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत करके अपने अदत्त लाभांश का दावा तत्काल करें। यदि बैंक को 31 जुलाई, 2023 तक कोई दावा प्राप्त नहीं होता है, तो इन शेयरों को बिना किसी सूचना के आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में ट्रांसफर कर दिया जाएगा।

कृपया ध्यान दें कि भविष्य में ऐसे शेयरों पर होने वाले सभी लाभ भी आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में ट्रांसफर किए जाएंगे।

कृपया ध्यान दें कि आईईपीएफ को ट्रांसफर की गई अदावी लाभांश राशि और शेयरों से संबधित किसी भी दावे के लिए बैंक जवाबदेह नहीं होगा।

18. आईईपीएफ को ट्रांसफर किए गए अदावी लाभांश/ शेयरों का दावा करना:

अदावी लाभांश के संबंध में जो पहले ही ट्रांसफर किए जा चुके हैं या ऐसे शेयर जिन्हें आईईपीएफ को ट्रांसफर किया जाना है, कृपया ध्यान दें कि आप आईईपीएफ की वेबसाइट www.iepf.gov.in पर उपलब्ध निर्धारित फॉर्म आईईपीएफ -5 में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करके और फॉर्म आईईपीएफ-5 में उल्लिखित अपेक्षित दस्तावेजों के साथ बैंक को विधिवत हस्ताक्षरित उसकी एक भौतिक प्रति भेजकर आईईपीएफ से लाभांश राशि या शेयरों का दावा करने के हकदार हैं।

19. पिछले वर्ष के अदावी/ अदत्त लाभांश, यदि कोई हो

शेयरधारकों से अनुरोध है कि यह ध्यानपूर्वक नोट कर लें कि बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) तथा वित्तीय संस्थान विधि (संशोधन) अधिनियम, 2006 के माध्यम से बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम,1970 में संशोधन के फलस्वरुप सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए यह अनिवार्य है कि वे उक्त अधिनियम लागू होने के फलस्वरुप भुगतान हेतु /दावा हेतु शेष लाभांश राशि तथा उक्त अधिनियम लागू होने के बाद घोषित लाभांश "अदत्त लाभांश खाते" में अंतरित करें।

उक्त "अदत्त लाभांश खाते" में अंतरित राशि और अंतरण की तारीख से सात वर्ष की अवधि में शेष अदावी/ अदत्त राशि को कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 205 (सी) (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 125) के अंतर्गत स्थापित निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (आईईपीएफ) में अंतरित किया जाना अपेक्षित है और उसके पश्चात इस संबंध में भुगतान के लिए कोई दावा बैंक को या कोष को प्रस्तुत नहीं किया जाए। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2014-15 तक घोषित किए गए अदत्त लाभांश को पहले ही आईईपीएफ को अंतरित कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2015-16 से आगे के अदत्त लाभांश के अंतरण हेतु भविष्य की नियत तारीख निम्नानुसार है:

क्र. सं.	वित्तीय वर्ष	आईईपीएफ को अंतरित करने की निर्दिष्ट तारीख/ आरटीए या बैंक को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख		
		बैंक ऑफ़ बड़ौदा	पूर्ववर्ती विजया बैंक	पूर्ववर्ती देना बैंक
1	2015-2016	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
2	2016-2017	06 अगस्त, 2024	29 जुलाई, 2024	लागू नहीं
3	2017-2018	लागू नहीं	04 अगस्त, 2025	लागू नहीं
4	2018-2019	लागू नहीं	**लागू नहीं**	लागू नहीं
5	2019-2020	लागू नहीं		
6	2020-2021	लागू नहीं		
7	2021-2022	27 **जुलाई, 2029**		

जिन शेयरधारकों ने पिछले वर्षों के लिए अर्थात् वित्त वर्ष 2015-16 से अपने लाभांश पत्रों का नकदीकरण नहीं कराया है उन्हें सूचित किया जाता है कि वे बैंक के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट अथवा बैंक के निवेशक सेवाएं विभाग, मुंबई से निम्नलिखित पते पर संपर्क करें:

केफिन टेक्नोलॉजीस लिमिटेड (**यूनिट - बैंक ऑफ़ बड़ौदा**) **सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट नं.** 31 **एवं** 32, **गाचीबोवली,** **फायनेंशियल डिस्ट्रिक्ट**, **नानाक्रमगुड़ा, सेरिलिंगमपल्ली मंडल,** **हैदराबाद - 500 032** **ई-मेल:** einward.ris@kfintech.com **वेबसाइट**: https://www.kfintech.com **टोल फ्री नं.** - 1-800-309-4001	निवेशक सेवाएं विभाग **बैंक ऑफ़ बड़ौदा**, 7 **वां तल**, **बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर,** **सी-**26, **जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,** **बांद्रा** (**पूर्व**) **मुंबई -** 400 051 **ई मेल** :- investorservices@bankofbaroda.com

20. ऐसे शेयरधारक, जिनके ई-मेल पते डिपोजीटरी के पास या भौतिक फोलियो आरटीए के पास पंजीकृत नहीं हैं उनके द्वारा वार्षिक रिपोर्ट, एजीएम नोटिस और ई-वोटिंग अनुदेश प्राप्त करने की प्रक्रिया:

एमसीए और सेबी के परिपत्रों के अनुसार बैंक ने वार्षिक रिपोर्ट, एजीएम की नोटिस और ई-वोटिंग संबंधी अनुदेश को शेयर धारकों के पंजीकृत ई-मेल पते पर इलेक्ट्रोनिक रूप में भेजा है। भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि निम्नलिखित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए अपने ई-मेल पते को पंजीकृत करें.

- ऐसे शेयरधारक जिन्होंने अपने ईमेल पता एवं बैंक के विवरण सहित मोबाइल नंबर को पंजीकृत किया /नहीं किया है वे ईलेक्ट्रोनिक रूप में शेयर धारित होने पर डिपोजीटरी साझेदार से और भौतिक रूप में शेयर धारित होने पर बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट केफिन टेक्नोलॉजी लिमिटेड से संपर्क करें और अपने विवरणों को वैध /अद्यतन कराएं।
- शेयरधारक अस्थायी रूप से अपने ईमेल पते और मोबाइल नंबर को बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट केफिन टेक्नोलॉजी लिमिटेड को उपलब्ध कराकर इस लिंक https://ris.kfintech.com/clientservices/mobilereg/mobileemailreg.aspx पर क्लिक कर इसे प्राप्त कर सकते हैं। शेयरधारकों से अनुरोध किया जाता है कि ईमेल पते और मोबाइल नंबर को दर्ज करने के लिए दी गई प्रक्रिया का पालन करें ताकि नोटिस और ई-वोटिंग संबंधी अनुदेशों की सॉफ्ट कॉपी के साथ-साथ यूजर आईडी और पासवर्ड भेजा जा सके। किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिए शेयरधारक einward.ris@kfintech.com पर संपर्क कर सकते हैं।
- शेयर धारकों से यह अनुरोध भी है कि वे वार्षिक रिपोर्ट और एजीएम की नोटिस को डाउनलोड करने के लिए बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in या रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट की वेबसाइट को विजिट करें।
- वैकल्पिक रूप से शेयरधारक वार्षिक रिपोर्ट, एजीएम की नोटिस और ई-वोटिंग अनुदेशों को प्राप्त करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक फोलियो के मामले में ईमेल पते, मोबाइल नंबर, स्व-सत्यापित पैन प्रति और क्लाईंट मास्टर प्रति के साथ हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैन प्रति तथा भौतिक फोलियो के मामले में शेयर प्रमाणपत्र की प्रति के साथ हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैन प्रति को ईमेल अनुरोध के माध्यम से einward.ris@kfintech.com पर भेज सकते हैं।

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते बैंक ऑफ़ बड़ौदा

संजीव चड्ढा
प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी

स्थान: मुंबई
दिनांक: 29 मई 2023

व्याख्यात्मक विवरण:

मद संख्या 3: श्री संजीव चड्ढा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी की पुन: नियुक्ति का अनुमोदन करना (डीआईएन: 08368448)

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियमन 17 (1सी) के अनुसरण में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी को निदेशक मंडल में किसी सदस्य की नियुक्ति अथवा पुन:नियुक्ति हेतु अगली आम बैठक में शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करना सुनिश्चित करना होता है। तदनुसार, बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रुप में श्री संजीव चड्ढा की पुन:नियुक्ति हेतु शेयरधारकों का अनुमोदन वार्षिक आम बैठक में लिया जाना अपेक्षित है।

राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970, के अनुच्छेद 8 के उप-अनुच्छेद (1) के साथ पठित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (ए) के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार ने अपनी अधिसूचना संख्या एफ. नं. 4/3/2019-बीओ.आई दिनांक 20.01.2020 के माध्यम से श्री संजीव चड्ढा (जन्म तिथि: 25.06.1963) को बैंक ऑफ़ बड़ौदा के निदेशक मंडल में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में 20 जनवरी 2020 से 19 जनवरी 2023 तक 03 वर्षों की अवधि के लिए नियुक्त किया है।

इसी क्रम में, केंद्र सरकार ने अपनी अधिसूचना ईएफ. नं. 4/4/2021-बीओ.I दिनांक 16.01.2023 के माध्यम से श्री संजीव चड्ढा का कार्यकाल उनकी वर्तमान अधिसूचित तीन वर्षों की नियुक्ति अवधि जो कि 19.01.2023 को समाप्त हो रही थी, को उनकी अधिवर्षिता की तारीख अर्थात् 30.06.2023 तक या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, बढ़ा दिया है।

संक्षिप्त प्रोफाइल:

श्री संजीव चड्ढा ने 20 जनवरी 2020 से बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का पद संभाला है, आपको बैंकिंग क्षेत्र में 35 वर्षों से अधिक का अनुभव है, आपने अपने कॅरियर की शुरुआत वर्ष 1987 में भारतीय स्टेट बैंक से की थी।

श्री चड्ढा बैंक ऑफ़ बड़ौदा (यूके) लिमिटेड, इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, बॉब कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड तथा बॉब फाइनेंशियल सोल्यूशंस लिमिटेड के निदेशक मंडल में भी अध्यक्ष हैं। आप नेशनल इन्श्योरेन्स कंपनी लिमिटेड के निदेशक मंडल में भी कार्यरत हैं और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बैंक मैनेजमेंट (एनआईबीएम) के शासी मंडल में भी हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा में कार्यदायित्व संभालने से पूर्व श्री चड्ढा एसबीआई की मर्चेंट और निवेश बैंकिंग इकाई एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ तथा एसबीआईकैप वेंचर्स लिमिटेड एवं एसबीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड के अध्यक्ष थे। श्री चड्ढा ने एसबीआई में 33 वर्षों तक कार्य किया है, जहां उन्होंने एसबीआई के यूके परिचालन में क्षेत्रीय प्रमुख, एसबीआई, लॉस एंजिलिस में सीईओ के साथ-साथ एसबीआई समूह के अध्यक्ष के कार्यपालक सचिव के रुप में विभिन्न भूमिकाओं का निर्वहन किया है।

श्री संजीव चड्ढा सेंट स्टीफंस कॉलेज, दिल्ली के पूर्व छात्र हैं।

श्री संजीव चड्ढा को देय पारिश्रमिक/प्रतिफल भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार है।

